www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 13 फरवरी 2025 | वर्ष – 66 | अंक –298 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23





पासपोर्ट देने से इनकार करना बनी आम बात : महबूबा पृष्ठ 2
■ मोदी के कंधों पर देश की साख
■ टैरिफ में बढ़ोतरी के ट्रंप के फैसले से भारत को घबराने की ... पृष्ठ 6
■ बंधक रिहा नहीं किए गए तो खत्म हो सकता है सीजफायर : नेतन्याहू
■ अंतरिक्ष में फंसे यात्रियों को वापस लाने की योजना बना रहा नासा पृष्ठ 7
गिल और रोहित नंबर 1 वनडे रैंकिंग के करीब पृष्ठ 8

# सुको ने मुफ्त वाली योजनाओं पर जताई नाराजगी

## केंद्र से कहा, ऐसा करके परजीवियों की जमात खड़ी कर रहे

**नई दिल्ली**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि लोगों को अगर राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे तो इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। याचिका में बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि मुफ्त वाली योजनाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है और उन्हें बिना कोई काम किए पैसे मिल रहे हैं। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने पीठ को बताया कि सरकार ने शहरी इलाकों में आश्रय स्थल की योजना को बीते कुछ वर्षों से फंड देना बंद कर दिया है। इसके चलते इन सर्दियों में 750 से ज्यादा बेघर लोग ठंड से मर गए। याचिकाकर्ता

- **फ्रीबीज के चलते लोग काम नहीं करना चाहते**
- **6 हफ्ते बाद दोबारा याचिका पर सुनवाई होगी**



ने कहा कि गरीब लोग सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं हैं और सिर्फ अमीरों की चिंता की जा रही है। इस टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि अदालत में राजनीतिक बयानबाजी की इजाजत नहीं दी जाएगी।

जस्टिस गवई ने कहा कि कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन क्या बेघर लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल नहीं किया जाना चाहिए, ताकि वे भी देश के विकास में योगदान दे सकें। क्या हम इस तरह से परजीवियों का एक वर्ग तैयार नहीं कर रहे हैं? मुफ्त की योजनाओं के चलते, लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें बिना कोई काम किए मुफ्त राशन मिल रहा है।

**बेघर लोगों को आश्रय देने का प्रावधान होगा**

केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में गरीबी को मिटाने के लिए प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है। जिसमें शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आश्रय देने का भी प्रावधान होगा। इस पर पीठ ने उन्हें केंद्र सरकार से पूछकर यह स्पष्ट करने को कहा कि कितने दिन में इस योजना को लागू किया जाएगा। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह हफ्ते के लिए टाल दी।

**चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाले नए कानून पर 19 को सुनवाई**

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में लाए गए कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बताया कि वे इस मामले पर 19 फरवरी को सुनवाई करेंगे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ की तरफ से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण को यह जानकारी दी। वकील प्रशांत भूषण ने अपील की कि याचिका पर जल्द सुनवाई होनी चाहिए क्योंकि जल्द ही नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति होनी है। कानून को चुनौती देने वाली याचिका एनजीओ एडीआर ने लगाई है।

**इंद्राणी को नहीं मिली विदेश जाने की इजाजत**

उच्चतम न्यायालय ने अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या की आरोपी पूर्व मीडिया एक्जीक्यूटिव इंद्राणी मुखर्जी की विदेश (स्पेन) जाने की अनुमति के लिए दायर याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वह (मुखर्जी) वहां से वापस आएंगी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने आरोपी को कोई राहत तो नहीं दी, लेकिन एक साल के भीतर सुनवाई पूरी करने का संबंधित अदालत को निर्देश दिया।

# राजिम कुंभ हमारी समृद्ध सांस्कृतिक व धार्मिक धरोहर का प्रतीक : राज्यपाल



**राजिम**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिवेणी संगम राजिम के पावन तट पर नवीन मेला मैदान राजिम-चौबेबांधा में आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेला के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलने वाले 15 दिवसीय राजिम कुंभ कल्प के

- **प्रयागराज में महाकुंभ और राजिम में कुंभ कल्प का भव्य आयोजन एक अनोखा संयोग**
- **साधु-संतों की मौजूदगी में राजिम कुंभ कल्प का भव्य शुभारंभ**

शुभारंभ अवसर पर मुख्य मंच में राज्यपाल श्री डेका एवं मौजूद अतिथियों और संतों ने भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। साथ ही प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शुभारंभ अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजिम की इस पावन भूमि पर जहां महानदी, पैरी और सोंढूर का संगम होता है, वहां ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## सार संक्षेप

### देश की सुरक्षा को खतरे में डाल रही मोदी सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार अपने चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक ऊर्जा परियोजना का काम देकर देश की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि राष्ट्रवाद की बात करने वाले अपने मित्र अरबपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### मणिपुर में नया मुख्यमंत्री चुनने में रस्साकसी

**इंफाल।** श्री बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिये जाने के बाद मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नये मुख्यमंत्री के चयन को लेकर रस्साकसी का दौर जारी है। गत रविवार को यहां पहुंचे भाजपा नेता संबित पात्रा ने पार्टी विधायकों में से नया नेता चुनने के लिए विभिन्न नेताओं से कई दौर की बातचीत की। वह बुधवार को राजभवन गए और राज्यपाल एबी भल्ला से बातचीत की। इस बीच भाजपा के विधायक के श्याम ने कहा कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह भाजपा नेताओं को तय करना है।

### कांग्रेस छोड़कर मैंने गलती की थी : अभिजीत मुखर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने 2026 के विधानसभा चुनाव में अकेले उतरने के संकेत दिए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में पार्टी इस रणनीति पर काम कर रही है, लेकिन इसी बीच टीएमसी को एक बड़ा झटका लगा है। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पुत्र अभिजीत मुखर्जी ने तृणमूल कांग्रेस छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। इसके बाद उन्होंने कहा कि तृणमूल में जाना उनके लिए एक गैर-राजनीतिक फैसला था और कांग्रेस छोड़कर उन्होंने गलती की थी।

### पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ बसपा ने निष्कासित

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की मुखिया मायावती ने दक्षिण राज्यों के प्रभारी रहे और पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ और मेरठ के नितिन सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी देते हुए लिखा कि बीएसपी की ओर से दक्षिणी राज्यों आदि के प्रभारी रहे डॉ. अशोक सिद्धार्थ, पूर्व सांसद और नितिन सिंह, जिला मेरठ को, चेतावनी के बावजूद भी गुटबाजी आदि पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी के हित में तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

# एजाज ढेबर को ईओडब्लू ने 6 घंटे पूछताछ के बाद छोड़ा

## परिवार से जुड़ी कंपनियों को लेकर तफ्तीश



**रायपुर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी के पूर्व महापौर एजाज़ ढेबर को ईओडब्लू ने बुधवार को शाम 7 बजे छोड़ दिया है। एजाज़ ढेबर से लगभग 6 घंटे तक एजेंसी के अफसरों ने बातचीत की है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी को रायपुर में प्रॉपर्टी की खरीदी करनेवाली कंपनियों के डिटेल मिले हैं। इन कंपनियों में से कई में ढेबर परिवार के लोग पार्टनर बताए गए हैं इसी की पुष्टि के लिए पूर्व मेयर एजाज़ को एजेंसी ने नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया था। सुत्रों के अनुसार फ़िलहाल एजाज़ ढेबर की ओर से सहयोग मिला है। फ़िलहाल तफ्तीश पूरी हो गई है, ज़रूरत पड़ने पर ही उन्हें फिर से बुलाया जा सकता है। हालांकि ढेबर पूर्व में ही कह चुके हैं कि उन्हें राजनैतिक विद्वेष का शिकार बनाया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब स्कैम की जांच ईडी के साथ साथ ईओडब्लू भी कर रही है। स्कैम के पैसे इन्वेस्ट करने के शक में लगभग 200 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच की जा चुकी है। ये प्रॉपर्टीज पिछले तीन-चार वर्षों में खरीदी गई थीं। अधिकांश प्रॉपर्टी कंपनियों के नाम पर ली गईं। एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि इन कंपनियों के पार्टनर कौन हैं और इनमे कहीं शराब स्कैम का पैसा तो नहीं लगा है? इसी की तफ्तीश के लिए एजेंसी संबंधित लोगों को नोटिस देकर बुलवा रही है। सूत्रों के अनुसार एजाज़ ढेबर को भी इसी सिलसिले बुलाया गया था।

# पत्नी की सहमति के बिना अननेचुरल सेक्स अपराध नहीं

**बिलासपुर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। पत्नी की सहमति के बिना उनके साथ अननेचुरल यौन संबध बनाना अपराध नहीं है। हाईकोर्ट ने एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि पति पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 के तहत बलात्कार या धारा 377 के तहत अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। भले ही वह अपनी वयस्क पत्नी की सहमति के बिना उसके साथ अप्राकृतिक यौन

- **पति को जेल से रिहा करने का दिया आदेश**



संबंध बनाता हो।


न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास की एकल पीठ ने ऐसे मामलों में पत्नी की सहमति को कानूनी रूप से महत्वहीन बताते हुए कहा कि यदि पत्नी 15 वर्ष से कम आयु की नहीं है तो पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ किए गए किसी भी यौन संबंध या यौन कृत्य को इन परिस्थितियों में बलात्कार नहीं कहा जा सकता है, इसलिए अपीलकर्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और 377 के तहत अपराध नहीं बनता है।

दरअसल, मृतक पीड़िता का पति 11 दिसंबर 2017 की रात को कथित तौर पर अपनी पत्नी की इच्छा के विरुद्ध उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। इसके बाद तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

# 108 एम्बुलेंस संचालित करने वाली कंपनी पर आईटी का छापा

**रायपुर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। आयकर विभाग ने आज फिर बड़ी कार्रवाई प्रदेश में की है। छत्तीसगढ़ में 108 एंबुलेंस सेवा संचालित करने वाली जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस के ठिकानों पर इनकम टैक्स की टीम ने छापा मारा है। कंपनी के अवंती विहार स्थित ऑफिस के अलावा घर समेत कई ठिकानों पर सुबह से पहुंची 8 से 10 अधिकारियों की टीम दस्तावेजों के साथ इलेक्ट्रानिक डिवाइस की जांच कर रही है। इस कार्रवाई में आयकर विभाग की एक विशेष टीम शामिल है, जिसमें 8 से 10 अधिकारी विभिन्न दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की गहन जांच कर रहे हैं। कंपनी और इसके संचालक से जुड़े अन्य ठिकानों पर भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, बड़े पैमाने पर जमीन की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ियों और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है। आयकर विभाग इस छापेमारी के दौरान सभी संदिग्ध लेन-देन और संपत्तियों की बारीकी से जांच कर रहा है।



**माघ पूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा**

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ के पावन अवसर पर गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर बुधवाल को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। शाम तक दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की परंपरा को जारी रखा।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी एपी त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत



**रायपुर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। शराब घोटाला मामले में आरोपी अरुणपति त्रिपाठी को एक दूसरे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। हालांकि, इसके बाद भी उन्हें जेल में ही रहना होगा।

बता दें कि भूपेश सरकार के कार्यकाल में आबकारी विभाग के एमडी रहे अरुणपति त्रिपाठी 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले के साथ-साथ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाए गए हैं। बीते एक साल से सलाखों में भीतर कैद अरुणपति बाहर निकलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पक्ष सुनने के बाद जमानत तो दे दी है, लेकिन शराब घोटाले में आरोपी होने की वजह से वे अभी कैद से बाहर नहीं निकल पाएंगे।

# छत्तीसगढ़ को नहीं मिली 39वें नेशनल गेम्स की मेजबानी

**रायपुर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। खेलों के राष्ट्रीय पटल पर नेशनल गेम्स की मेजबानी के जरिए अपनी पहचान छोड़ने के लिए आतुर छत्तीसगढ़ को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बड़ा झटका दिया है। आईओए ने 2027 में होने वाले 39वें नेशनल गेम्स की मेजबानी मेघालय को सौंप दी है।

मेघालय ओलंपिक एसोसिएशन ने नेशनल गेम्स के मेजबानी सौंपे जाने की जानकारी भारतीय ओलंपिक संघ की ओर से जारी पत्र को अपने ऑफिशल वेबसाइट पर पोस्ट कर दी है। छत्तीसगढ़ बीते 15 सालों से नेशनल गेम्स की मेजबानी का इंतजार कर रहा है। आयोजन




के लिए छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ ने 2010 में आईओए को 2.5 करोड रुपए रॉयल्टी मनी के तौर पर दिए थे।

इसके बावजूद गोवा, गुजरात और उत्तराखंड को मेजबानी दी गई। आईओए के इस कदम से प्रदेश के खेल प्रेमियों को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि खुद भारतीय ओलंपिक संघ का मानना है कि राष्ट्रीय खेल मेजबान राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास और खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। इसकी वजह से खिलाड़ियों को घरेलू दर्शक और प्रशंसकों के सामने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। पूरे खेल का एक इको सिस्टम विकसित होता है।

### मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन

**मार्सिले**, 12 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, मार्सिले में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मैंने इस जीवंत शहर में भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया, जो भारत-फ्रांस संबंधों में एक नया अध्याय है। यह वाणिज्य दूतावास एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में काम करेगा, जो हमारे सांस्कृतिक, आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करेगा।

### 1984 सिख दंगा मामले में सज्जन कुमार दोषी करार

**नई दिल्ली**, 12 फरवरी (एजेंसियां)। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक अहम मामले में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दोषी करार दिया है। यह मामला 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में दो सिख नागरिक जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से जुड़ा हुआ था। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार को इस हत्याकांड में दोषी ठहराया है। दोषी ठहराने के बाद अब उनकी सजा पर 18 फरवरी को बहस होने वाली है। 18 फरवरी को अदालत इस पर विचार करेगी कि सज्जन कुमार को कितनी सजा दी जाए। 1 नवम्बर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार क्षेत्र में जब हिंसा भड़की थी, तब जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह को मौत के घाट उतार दिया गया था।

### श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन



**लखनऊ**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। श्री रामजन्मभूमि मन्दिर के मुख्य पुजारी सत्येन्द्रदास का बुधवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह करीब 87 वर्ष के थे। आचार्य दास को पिछले दिनों ब्रेन हैम्ब्रेज के चलते एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह करीब सात बजे उन्होने अंतिम सांस ली।

### चोटिल बुमराह चैंपियंस ट्राफी के लिए टीम से बाहर

मुबंई, 12 फरवरी (एजेंसियां) टीम इंडिया के मुख्य गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्राफी से बाहर हो गये हैं वहीं अपने शानदार प्रदर्शन के बावजूद यशस्वी जायसवाल भी टीम इंडिया में में जगह बनाने में विफल रहे हैं। उनके स्थान पर कर्नाटक के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है।

**रिपोर्ट** ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने किया खुलासा

# भारत में भ्रष्टाचार बढ़ा, 96वें नंबर पर पहुंचा

**नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने अपनी 180 देशों की करप्शन रिपोर्ट जारी की। भारत की रैंकिंग में गिरावट आई है। वह 2024 की लिस्ट में 3 पायदान गिरकर 96वें नंबर पर आ गया है। 2023 में भारत 93वें नंबर पर था।**

*पड़ोसी देश चीन 76वें नंबर पर बरकरार है। उसकी रैंकिंग में 2 साल से बदलाव नहीं आया है। वहीं, पाकिस्तान में भी करप्शन बढ़ा है। वह 133 से 135वें नंबर पर आ गया है। श्रीलंका 121वें और बांग्लादेश 149वें नंबर पर है। डेनमार्क पहले नंबर पर बना हुआ है। वहां सबसे कम भ्रष्टाचार है। फिनलैंड दूसरे और सिंगापुर तीसरे नंबर पर है। जबकि साउथ सूडान (180) सबसे करप्ट देश है। जारी की गई रैंकिंग में 1 नंबर पर रहने वाले देश में कम भ्रष्टाचार है और 180वें नंबर पर रहने वाले देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है।*

*रिपोर्ट में भारत का स्कोर 38 निर्धारित किया गया है। 2023 में यह स्कोर 39 और 2022 में 40 था। सिर्फ एक नंबर के कम होने से भारत 3 पायदान खिसक गया है। वैश्विक औसत सालों से 43 बना हुआ है। जबकि दो-तिहाई से अधिक देशों ने 50 से नीचे स्कोर किया है।*

*इस इंडेक्स के लिए ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के विशेषज्ञ हर देश के पब्लिक सेक्टर में भ्रष्टाचार का आकलन करते हैं। इसके बाद हर देश को 0 से 100 के बीच स्कोर दिया जाता है। जिस देश में जितना ज्यादा भ्रष्टाचार, उसे उतना कम स्कोर दिया जाता है। इसी आधार पर इंडेक्स में रैंकिंग निर्धारित होती है।*

***मोदी के कार्यकाल में कम नहीं हुआ भ्रष्टाचार**-2005 से लेकर 2013 तक यूपीए की सरकार और मौजूदा एनडीए सरकार की तुलना की जाए तो स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। 2006-07 में करप्शन के मामले में जरूर रैंकिंग सुधरी है। उस दौरान भारत 70वें और 72वें स्थान पर था।*

# देश

**उवाच**

"बिहार को बदलने वाली जनांदोलन की सभी ताकतें दो मार्च को पटना के गांधी मैदान में जुटेंगी और एक ऐतिहासिक महा जुटान होगा। यह रैली बिहार के असली मुद्दों को सामने लाएगी और बिहार के भविष्य के लिए एक निर्णायक कदम साबित होगी।"

-धीरेंद्र झा, भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.0 | 10.0 |
| मुंबई | 22.0 | 21.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 22.0 |

# पूरे विश्व के लिए आकर्षण का केंद्र बने हमारे रक्षा उपकरण : राजनाथ

## एयरो इंडिया 2025 के समापन समारोह को किया संबाधित

**बेंगलूरू,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। एयरो इंडिया 2025 में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत परिवर्तन के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है और देश के लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैनिक जहाज न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं। एयरो इंडिया 2025 के समापन समारोह पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, एयरो इंडिया ने ऐसी ऊंचाइयों को छुआ है जो न केवल अद्वितीय हैं बल्कि ऐतिहासिक भी हैं।

उन्होंने कहा कि मैं पिछले तीन दिनों से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से मौजूद था और अगर मुझे अपने अनुभव को तीन शब्दों में व्यक्त करना है तो वह है ऊर्जा, ऊर्जा और ऊर्जा। उन्होंने कहा कि, यहां हम जो कुछ भी देख पाए, वह ऊर्जा का प्रकटीकरण है और यह ऊर्जा और उत्साह न केवल भारत के प्रतिभागियों में बल्कि दुनिया भर से आए लोगों में देखी जा सकती है। हमारे उद्यमियों, हमारे स्टार्टअप और इनोवेटर्स में जो उत्साह देखा गया, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज हम छोटे तोपखानों से लेकर ब्रह्मोस



हमारे उद्यमियों, हमारे स्टार्टअप और इनोवेटर्स में जो उत्साह देखा गया वह सराहनीय है : राजनाथ सिंह

और आकाश मिसाइल प्रणाली जैसे बड़े प्लेटफॉर्म तक, सब कुछ कई देशों को निर्यात कर रहे हैं। इससे न केवल हमारा रक्षा निर्यात बढ़ रहा है बल्कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के साथ हमारी नई साझेदारियां भी विकसित और मजबूत हो रही हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया 2025 से इतर जिम्बाब्वे की रक्षा मंत्री ओप्पा मुचिंगुरी काशिरी, यमन के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल मोहसेन मोहम्मद हुसैन अल डेरी, इथियोपिया की रक्षा मंत्री आइशा मोहम्मद , गाम्बिया के रक्षा मंत्री सेरिंग मोडौ न्जी और गैबॉन की राष्ट्रीय रक्षा मंत्री ब्रिगिट ओनकानोवा के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। जिम्बाब्वे की रक्षा मंत्री के साथ बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की और जिम्बाब्वे के सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण, सैन्य पाठ्यक्रमों और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और विश्वास व्यक्त किया कि इससे संबंधों में और गहराई आएगी। उन्होंने समझौता ज्ञापन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए रक्षा मंत्रियों के बीच नियमित संपर्क के महत्व पर बल दिया। दोनों देशों ने उत्पादन और रखरखाव के लिए रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को प्रगाढ करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा की गई। इथियोपिया की रक्षा मंत्री के साथ बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा संबंधों पर संतोष व्यक्त किया।

### बदलाव के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा देश : रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री ने कहा कि देश बदलाव के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि भारत ऐतिहासिक रूप से अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर रहा है। अगर मैं एक दशक पहले की बात करूं तो हमारे देश में 65 से 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। उन्होंने कहा, यदि हम आज की स्थिति को देखें तो आप इसे समाधान या चमत्कार कह सकते हैं, लेकिन आज देश में लगभग उतने ही प्रतिशत रक्षा उपकरणों का निर्माण हो रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैन्य पोत या ऐसे अनेक उपकरण और प्लेटफॉर्म न सिर्फ हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं।

## बम की अफवाह फैलाने वाला व्यक्ति गोवा से गिरफ्तार



**मुंबई,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। बांद्रा रेलवे पुलिस की एक टीम ने मुंबई के चेंबूर पुलिस स्टेशन को उड़ाने की धमकी देने के आरोप में गोवा से 40 वर्षीय एक मजदूर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार 9 फरवरी को बांद्रा रेलवे पुलिस स्टेशन के लैंडलाइन पर एक मोबाइल फोन से एक फर्जी कॉल आई, जिसमें धमकी दी गई कि चेंबूर स्टेशन को उड़ा दिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक कॉल करने वाले का नंबर गोवा का पाया गया। रेलवे पुलिस की एक टीम को गोवा भेजा गया और स्थानीय पुलिस की मदद से उन्होंने गोवा में मजदूर के रूप में काम करने वाले एक 40 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि जब आरोपी ने फोन किया तो वह शराब के नशे में था। वह कोल्हापुर के रहने वाले हैं और पिछले चार साल से अपने परिवार के साथ गोवा में रह रहा हैं। कॉल मिलने के बाद बम निरोधक दस्ते ने चेंबूर स्टेशन पर तलाशी अभियान चलाया लेकिन कुछ नहीं मिला।

## धार्मिक भेदभाव जैसी कार्रवाई पर लगाई जए अविलंब रोक : मायावती

### कुशीनगर मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई पर उठाए सवाल

**लखनऊ,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के कुशीनगर में मदनी मस्जिद पर बुलडोजर चलने के मामले में बसपा मुखिया मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिला प्रशासन की धार्मिक भेदभाव जैसी कार्रवाई पर अविलंब रोक लगाई जाए। बसपा मुखिया मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कुशीनगर जिला प्रशासन द्वारा हाटा नगर क्षेत्र में स्थित मदनी मस्जिद के कथित अवैध निर्माण को तोड़े जाने की खबर चर्चा में है, इसको लेकर लोगों में रोष एवं आक्रोश स्वाभाविक। यूपी सरकार मामले को अविलंब संज्ञान लेकर धार्मिक भेदभाव जैसी जिला प्रशासन की कार्रवाइयों पर रोक लगाए। ज्ञात हो कि नौ फरवरी को कुशीनगर की मदनी मस्जिद पर बुलडोजर चलाया गया था।



इस दौरान इसके अतिक्रमण वाले हिस्से को गिरा दिया गया था। इस मामले पर खूब हंगामा हुआ था और विपक्ष सरकार को घेरा था। सपा ने मौके पर अपना एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था। अखिलेश यादव के निर्देश पर गत मंगलवार को विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में सपा का 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल कुशीनगर की मदनी मस्जिद पहुंचा और और मस्जिद के पक्षकारों से मिलकर बातचीत की।

### बसपा पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ निष्कासित

बसपा प्रमुख मायावती ने दक्षिण राज्यों के प्रभारी रहे और पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ और मेरठ के नितिन सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी देते हुए लिखा कि बीएसपी की ओर से दक्षिणी राज्यों आदि के प्रभारी रहे डॉ. अशोक सिद्धार्थ, पूर्व सांसद और नितिन सिंह, जिला मेरठ को, चेतावनी के बावजूद भी गुटबाजी आदि पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी के हित में तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है। पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ की गिनती मायावती के भरोसेमंद नेताओं में होती थी। वह पर्दे के पीछे साधारण तरीके से पार्टी का कार्य कर रहे थे।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश की यात्रा पर जाएंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को मध्य प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे और भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ 14 फरवरी को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। धनखड़ भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### गबन के मामले में बैंक प्रबंधक समेत चार को सजा

**पटना।** बिहार में केंद्रीय जांच ब्यूरो की पटना स्थित अदालत ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी पूर्वक ऋण की राशि का गबन करने के मामले में बुधवार को एक राष्ट्रीयकृत बैंक के शाखा प्रबंधक समेत चार लोगों को तीन-तीन वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही दो लाख तक के जुर्माने की सजा सुनाई।

### उप्र के फतेहपुर में सड़क हादसे में चार की मौत

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में बुधवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी एक टेंपो ट्रैवलर, डंपर से टकरा गई जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने आज यहां बताया कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर बक्सर गांव के मोड पर श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी टूरिस्ट टेंपो ट्रैवलर गाड़ी डंपर से टकरा गई। टेंपो ट्रैवलर में 21 लोगो में से चार की मृत्यु हो गई 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवक ने फोन पर योगी आदित्यनाथ को दी धमकी

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के एक युवक ने डॉन बनने की चाहत में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर फोन करके उन्हें जान से मारने की धमकी दी। हालांकि बाद में युवक ने पुलिस के भय से यहां के सिविल लाइन थाने में पहुंचकर पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। धमकी भरे फोन के तत्काल बाद उत्तर प्रदेश पुलिस सक्रिय हो गई। उप्र एसटीएफ और साइबर टीम ने मोबाइल लोकेशन से उसका पता किया।

### हैदराबाद में शिव मंदिर में मांस मिलने से तनाव

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद के तप्पाचबूतरा इलाके में बुधवार को अज्ञात बदमाशों की ओर से हनुमान मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में मांस का एक टुकड़ा फेंकने के बाद तनाव फैल गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस इलाके में तनाव उस दौरान व्याप्त हुआ, जब सुबह दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस मंदिर में मांस का टुकड़ा देखा।

उन्होंने शोर मचाया, जिसके सुनते ही

## गुरु रविदास ने संसार को सुंदर बनाने पर दिया बल : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरु रविदास जयंती के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में बिरला ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। सामाजिक समरसता और बंधुत्व के संदेश के साथ उन्होंने संसार को और अधिक सुंदर बनाने पर बल दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि उनकी शिक्षाओं ने समानता, सद्भाव, न्याय और सौहार्द का प्रसार करते हुए कुरीतियों पर प्रहार किया। संत शिरोमणि का जीवन और उनके उपदेश युगों-युगों तक मानव मात्र का मार्गदर्शन करते रहेंगे। वहीं दूसरी ओर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी गुरु रविदास जयंती की सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। धनखड़ ने बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में कहा कि महान संत, कवि और समाज सुधारक गुरु रविदास जी ने जातिविहीन समाज की कल्पना की थी। उनके आदर्श सामाजिक एकता और समतामूलक राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा आइए, उनके दिखाए मार्ग को अपनाकर सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें।



लोस अध्यक्ष ने रविदास जयंती की दीं शुभकामनाएं

### महबूबा ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के फैसले का किया स्वागत

# पासपोर्ट देने से इनकार करना बनी आम बात

**श्रीनगर,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया जिसमें कहा गया है कि किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए पासपोर्ट देने से इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि परिवार का कोई सदस्य आतंकवाद में शामिल था। मुफ्ती ने 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर में यात्रा प्रतिबंधों को हथियार बनाने की कड़ी आलोचना करते हुए फैसले को 'सही दिशा में कदम' करार दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल एक आतंकवादी से संबंधित होने के कारण किसी व्यक्ति को पासपोर्ट देने से इनकार नहीं करने का उच्च न्यायालय का निर्णय निश्चित रूप से सही दिशा में एक कदम है। यह देखते हुए कि जम्मू-कश्मीर में 2019 के बाद से यात्रा के बुनियादी मौलिक अधिकार को भी बेरहमी से हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर में पासपोर्ट देने से इनकार करना एक आम



पीडीपी प्रमुख ने की यात्रा प्रतिबंधों को हथियार बनाने की कड़ी आलोचना

बात हो गई है, जिससे न केवल आतंकवादियों से जुड़े लोग बल्कि पत्रकार, छात्र और नौकरी चाहने वाले भी प्रभावित हो रहे हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अपने फैसले में यह स्पष्ट कर दिया कि किसी व्यक्ति को केवल उसके भाई-बहन के उग्रवाद में शामिल होने के कारण पासपोर्ट देने से इनकार नहीं किया जा सकता है। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि पासपोर्ट जारी करने का निर्णय आवेदक के रिश्तेदारों के बजाय उसके स्वयं के कार्यों पर आधारित होना चाहिए। उच्च न्यायालय का यह आदेश रामबन निवासी मोहम्मद अमीर मलिक द्वारा दायर याचिका पर आया, जिन्होंने 2021 में पासपोर्ट जारी करने के लिए आवेदन दायर किया था। हालांकि, प्रतिकूल पुलिस सत्यापन रिपोर्ट के कारण उनका आवेदन लंबित रखा गया था। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मलिक का दिवंगत भाई मोहम्मद अयाज मलिक आतंकवादी था और 2011 में एक मुठभेड़ में मारा गया था, जबकि उसके पिता एक सूचीबद्ध ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) थे। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में दावा किया कि उसके खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं थे और उसे अपने परिवार के अतीत के लिए गलत तरीके से दंडित किया जा रहा था। अदालत ने उनकी याचिका को बरकरार रखा और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी को मलिक के भाई के साथ-साथ उनके पिता के आचरण या गतिविधियों से प्रभावित हुए बिना चार सप्ताह के भीतर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी को रिपोर्ट दोबारा सौंपने का निर्देश दिया।

### पासपोर्ट कार्यालयों में हैं अनगिनत मामले लंबित

गौरतलब है कि पासपोर्ट कार्यालयों में अनगिनत मामले लंबित हैं जो आपराधिक जांच ब्यूरो (सीआईडी) विभाग से मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। न केवल ऐसे व्यक्तियों को बल्कि पत्रकारों, छात्रों और नौकरी चाहने वालों को भी पासपोर्ट देने से इनकार कर दिया जाता है, जो सरकारी पदों के लिए आवश्यक शर्तें पूरी करने के बावजूद केवल सीआईडी द्वारा दी गई नकारात्मक रिपोर्ट के कारण नौकरी से वंचित कर दिए जाते हैं।

## बेंगलुरु में कांग्रेस ने मेट्रो किराया वृद्धि के खिलाफ किया जारदार प्रदर्शन

### केंद्र पर लगाया अवैज्ञानिक तरीके से किराया बढ़ाने का आरोप



**बेंगलुरु,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। बेंगलुरु में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कई मेट्रो स्टेशनों पर विरोध प्रदर्शन किया जिसमें हाल ही में किराया बढ़ाने के खिलाफ आवाज उठाई गई और कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र सरकार पर अवैज्ञानिक तरीके से मेट्रो किराया बढ़ाने का आरोप लगाया। विरोध प्रदर्शन में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया और उन्होंने यात्रियों को गुलाब के फूल बांटे, जो कि शांतिपूर्ण विरोध का प्रतीक है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि किराया संशोधन एक केंद्रीय सरकार की ओर से नियुक्त समिति की सिफारिशों के आधार पर किया गया था, लेकिन कर्नाटक में भाजपा नेताओं द्वारा इस जिम्मेदारी को राज्य सरकार पर डालने की कोशिश की जा रही थी। इसका जवाब देने के लिए, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रमुख मेट्रो स्टेशनों पर प्रदर्शन किए। इस बीच, भाजपा ने कांग्रेस पार्टी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किराया वृद्धि का निर्णय आवश्यक था और विपक्षी पार्टी जनता को राजनीतिक फायदे के लिए गुमराह कर रही है।

### मोदी के चेहरे वाले मास्क पहने थे प्रदर्शनकारी

बेंगलुरु केंद्रीय, उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम जिला कांग्रेस समितियों की ओर से सुबह 10 बजे से प्रदर्शन शुरू किया गया। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे वाले मास्क पहने थे और किराया वृद्धि को वापस लेने की मांग वाले हुए प्लेकार्ड लिए हुए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक अन्य समूह मेट्रो ट्रेन में सवारी करते हुए प्रदर्शन किया।

## मुंबई में जीबीएस वायरस से संक्रमित का एक और मामला

**मुंबई,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। मुंबई में 13 साल की एक लड़की में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) होने की पुष्टि के बाद अब तक इससे पीड़ित मरीजों की संख्या तीन हो गयी है। बॉम्बे नगर निगम की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह ने बताया कि पीड़ित लड़की मुंबई की सबसे कम उम्र की जीबीएस वायरस रोगी बताई जा रही है और उसे बीएमसी संचालित नायर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज का इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर है तथा उसे शाम तक छुट्टी मिल सकती है। इससे पहले, मुंबई में पहला जीबीएस मामला सामने आया था जब एक 64 वर्षीय महिला में इस सिंड्रोम का पता चला था। इस बीच, मुंबई में 10 फरवरी को इस बिमारी से पहली मौत दर्ज की गई। मृतक की पहचान सुभाष डेटे के रूप में हुई, जिनका नायर अस्पताल में निधन हो गया।

## राष्ट्रपति, वित्तमंत्री पर टिप्पणी संविधान का अपमान : सम्राट

**पटना,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राष्ट्रपति, वित्तमंत्री पर गांधी परिवार की टिप्पणी संविधान का अपमान है। चौधरी ने बुधवार को देश की पहली महिला वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के कटाक्ष की निंदा करते हुए कहा कि पिछले दस साल से केंद्रीय सत्ता से बाहर रहने के बाद भी गांधी परिवार लोकतंत्र की सच्चाई को स्वीकार नहीं कर पाया है, उनकी रस्सी जल गई पर ऐंठन बाकी है। चौधरी ने कहा कि पहले सोनिया गांधी ने आदिवासी समुदाय की महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बेचारी महिला (पूअर लेडी) कह कर उनका अपमान किया, राहुल गांधी ने उनके अभिभाषण को बोरिंग बताया और अब पहली बार की सांसद प्रियंका वाड्रा लोकसभा में लगातार आठवीं बार बजट पेश करने वाली सीतारमण के आर्थिक ज्ञान पर सवाल उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि



सीतारमण पर प्रियंका गांधी के कटाक्ष पर की निंदा

प्रियंका वाड्रा का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें अभी भी लगता है कि यहां राजतंत्र है। यह दर्द या काम्प्लेक्स उनके बयानों से टपकता रहता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वे सोचते हैं कि यदि उनके परिवार का या परिवार की पसंद का कोई व्यक्ति देश का राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या वित्त मंत्री न बने, तो वे उसका अपमान कर सकते हैं। गांधी परिवार को पता होना चाहिए कि देश में लोकतंत्र है, संविधान से चलता और जनता तय करती है कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री कौन होगा।

**मंजूरी** *जम्मू-कश्मीर में मांस उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार के उठाए कदम*

# ऑस्ट्रेलिया से नौ सौ उच्च गुणवत्ता वाली भेड़ें आयात करेगी सरकार

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 12 फरवरी (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर में मांस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार ने एकीकृत कृषि विकास कार्यक्रम के तहत ऑस्ट्रेलिया से 900 भेड़ों के आयात को मंजूरी दी है। 26 करोड़ रुपए के बजट वाली यह पहल दो उच्च उपज वाली नस्लों, डोर्पर और टेक्सेल पर केंद्रित है, जो अपनी बेहतरीन मांस उत्पादन क्षमताओं के लिए प्रसिद्ध हैं।**

उपलब्ध विवरण के अनुसार, जम्मू-कश्मीर सरकार ने क्षेत्र में मांस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया से 900 उच्च गुणवत्ता वाली भेड़ों का आयात करने का फैसला किया है। डोर्पर और टेक्सेल नस्लों से संबंधित ये भेड़ें अपने बेहतरीन मांस उत्पादन के लिए दुनिया भर में जानी जाती हैं। यह पहल एकीकृत कृषि विकास कार्यक्रम का हिस्सा है और इसके लिए 26 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इस योजना का उद्देश्य राज्य को मांस उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो। वर्तमान में, जम्मू और कश्मीर में सालाना लगभग 15 लाख भेड़ें खपत होती हैं, जिसमें से 41 प्रतिशत मांग देश के अन्य हिस्सों से आयात के माध्यम से पूरी की जाती है, जिससे प्रदेश को 1,400 करोड़ रुपए की लागत आती है। नई परियोजना ऊन और मटन उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात में



जम्मू और कश्मीर में सालाना लगभग 15 लाख भेड़ें खपत होती है

कटौती करने के लिए 329 करोड़ रुपए की व्यापक पंचवर्षीय योजना का हिस्सा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आयातित भेड़ों को पूरी तरह से संगरोध प्रक्रिया से गुजरना होगा, भारत भेजे जाने से पहले ऑस्ट्रेलिया में एक महीने तक संगरोध में रहना होगा, जहां वे अगले दो महीनों के लिए समर्पित संगरोध केंद्रों में रहेंगे। इसके लिए राजबाग श्रीनगर, कठुआ-जम्मू में पहले से ही एक केंद्र स्थापित किया गया है, और भेड़ों को बाद में रियासी में सरकारी भेड़ पालन फार्म में रखा जाएगा। 900 भेड़ों में से, 450 डॉर्पर भेड़ें जम्मू संभाग को आबंटित की जाएंगी, जबकि इतनी ही संख्या में टेक्सेल भेड़ें कश्मीर संभाग को दी जाएंगी। मूल रूप से दक्षिण अफ्रीका की डॉर्पर भेड़ें अपनी उच्च प्रजनन क्षमता, विभिन्न जलवायु के अनुकूल होने और तेजी से मांसपेशियों के विकास के लिए जानी जाती हैं। इस नस्ल के मेमने सिर्फ़ चार महीनों में 35-40 किलोग्राम तक बढ़ सकते हैं, जबकि वयस्क भेड़ों का वज़न 90 किलोग्राम तक होता है। नीदरलैंड की डच नस्ल टेक्सेल भेड़ें भी अपनी असाधारण मांसपेशियों के विकास के लिए समान रूप से बेशकीमती हैं। उनके सिर और पैर चिकने होते हैं, कद छोटा होता है, चेहरा चौड़ा होता है, नाक काली होती है और कान छोटे होते हैं, जो उन्हें मांस उत्पादन के लिए आदर्श बनाते हैं। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू और कश्मीर से भेड़ पालन के छह विशेषज्ञों की एक टीम जल्द ही ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी।

देशबन्धु रायपुर, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025




# हे गंगा मइया फिर बुलाना... विनती कर महाकुंभ क्षेत्र में प्रस्थान करने लगे श्रद्धालु

**महाकुंभ नगर ताकि सनद रहे.....**

रतिभान त्रिपाठी

**महाकुंभ नगर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान और अदृश्य सरस्वती के पावन त्रिवेणी संगम समेत विभिन्न घाटों पर भव्य दिव्य अमृत स्नान सकुशल संपन्न हो गया। इसी के साथ लाखों कल्पवासियों का तपस्याकाल भी पूर्ण हुआ। साधु-संतों और सद्गृहस्थों से पूरे मनोयोग से वेणीमाधव का पूजन किया और त्रिवेणी की आरती उतार उनका आशीर्वाद लिया। यह विनती भी की, कि हे गंगा मइया अगले साल फिर बुलाना। एक मास तक कल्पवास करने वाले श्रद्धालु बुधवार को दोपहर बाद अपने घर को वापस होने लगे। जिनके पास साधन थे, वह व्यवस्थानुसार जा रहे हैं। कुछ लोग रास्ता मिलने के इंतजार में हैं। कुछ फागुन की प्रतिपदा और द्वितीया का स्नान भी करेंगे, जिसे त्रिजटा स्नान कहा जाता है। ऐसे श्रद्धालु आज कल रुककर परसों जाएंगे।

कल्पवासियों की विनय भावना देख श्रीरामचरितमानस की वह चौपाइयां बारंबार साकार हो रही थीं- माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथ पतिहिं आव सब कोई। देव दनुज किन्नर नर श्रेनी। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनी। पूजहिं माधव पद जलजाता। परसि अछैबट हरषहिं गाता। तहां होइ मुनि रिषय समाजा। जाहिं जे मज्जन तीरथ राजा। यह क्रम विगत पौष पूर्णिमा यानी 13 जनवरी से प्रारंभ होकर आज माघ पूर्णिमा तदनुसार 12 फरवरी तक चला। जिसके लिए गोस्वामी तुलसीदास आगे लिखते हैं - एहि प्रकार भरि माघ नहाहीं। पुनि सब निज निज आश्रम जाहीं। प्रति संबत अति होइ अनंदा। मकर मज्जि गवनहिं मुनिबृंदा।

यानी पूरे माघ भर स्नान करके संगम तट पर एक महीने तक निवास करने वाले संत और गृहस्थ अपने अपने आश्रमों-घरों को प्रस्थान कर जाते हैं। यह बात तुलसीदास जी ने साढ़े चार सौ साल पहले लिखी थी और माघ मास में त्रिवेणी संगम सेवन की परंपरा यथावत चल रही है। पुराणों और महाकाव्यों में भी प्रयागराज में माघ स्नान का ही विशेष महत्व बताया गया है। यही कारण है कि यहां पर अनादि काल से ऋषि समाज सद्गृहस्थों के साथ संगम तट पर माघ में एकत्र होता रहा है। कुंभ महापर्व भी माघ मास में ही पड़ता है। ग्रह-नक्षत्रों का विशिष्ट संयोग यहां माघ में ही बनता है। जाने-माने ज्योर्तिविद और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के धर्म संकाय के प्रोफेसर गिरिजा शंकर शास्त्री भी माघ मास में त्रिवेणी संगम सेवन की महिमा बताते हुए कहते हैं चंद्र गणना के अनुसार माघ पूर्णिमा और सौर गणना के अनुसार मकर राशि के सूर्य के संयोग के आधार पर यहां माघ में स्नान का यहां पर विशेष फल प्राप्त होता है। महामहोपाध्याय डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय भी त्रिवेणी कहते हैं कि वैसे तो संगम और गंगा स्नान तो सदा ही पुण्य प्रदान करता है किंतु प्रयागराज में माघ मास में स्नान का अधिक पुण्य लाभ बताया गया है। संगम आने और यहां से वापस लौटने की व्यवस्था अच्छी होने के चलते बड़ी संख्या में स्नानार्थी संगम पहुंच बीती रात से ही संगम क्षेत्र पहुंचने लगे थे। यद्यपि भीड़ बहुत है इसलिए श्रद्धालुओं को कई मील पैदल चलना पड़ा लेकिन किसी को कोई शिकायत इसलिए नहीं थी कि सबका लक्ष्य तय था। सबको संगम दर्शन और स्नान करना था।

प्रयागराज के नागरिकों ने संगम आने जाने के मुख्य मार्गों अपनी क्षमता और श्रद्धा के अनुसार स्नानार्थियों के लिए जलपान और भोजन आदि का पर्याप्त इंतजाम कर रखा था। जगह जगह श्रद्धालु भोजन और जलपान करते देखे गए। श्याम ग्रुप ने तो जरूरतमंद श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में साइकिलें तक दान कीं जिनसे वह अपने घरों तक आसानी से पहुंच सकें। माघ पूर्णिमा स्नान के साथ ही कल्पवासियों ने प्रस्थान करना शुरू कर दिया है। हालांकि मेला प्रशासन मेला क्षेत्र की व्यवस्थाएं महाशिवरात्रि तक या इससे भी आगे तक बनाए रखेगा ताकि जो श्रद्धालु अब तक स्नान नहीं कर पाए हैं वह भी स्नान कर लें। मेला क्षेत्र का वातावरण बहुत रमणीक और भव्य भाव वाला है।



# ऐसा मानव समागम इतिहास में कभी नहीं हुआ

## महाकुंभ पहुंचे नार्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम

- महाकुंभ को बताया दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और मानवीय समागम



**महाकुंभ नगर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ के दिव्य-भव्य आयोजन के लिए संकल्पबद्ध प्रदेश की सरकार ने इस महाआयोजन को विश्वस्तर पर लोकप्रिय कर दिया है। पूरी दुनिया से लोग प्रयागराज महाकुंभ की अनुभूति करने आ रहे हैं। इसी क्रम में नॉर्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने इस महाआयोजन को 'अद्वितीय और जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव' बताया। उन्होंने इसे न केवल विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन बल्कि इतिहास का सबसे विशाल मानव समागम भी करार दिया। एरिक सोलहैम ने इस भव्य आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव इतिहास में इससे बड़ा कोई आयोजन कभी नहीं हुआ, न अमेरिका में, न यूरोप में, न चीन में और न ही विश्व के किसी अन्य कोने में। नॉर्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम ने कहा कि महाकुंभ 2025 में अब तक 400 मिलियन (40 करोड़) से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। ये श्रद्धालु यहां देवों का आशीर्वाद लेने, आध्यात्मिक और भावनात्मक यात्रा पर निकलने, मित्रता को प्रगाढ़ करने तथा परिवार के साथ पर्व मनाने के लिए जुटे हैं। यह मेरे लिए जीवन में एक बार होने वाला अनुभव था। उन्होंने कहा कि ये मेरे लिए अविस्मरणीय अनुभव है और मुझे यहां आकर बहुत खुशी हुई, क्योंकि अगला महाकुम्भ 144 साल बाद होगा।

सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन व डिजिटल सुविधाओं के कारण न केवल करोड़ों सनातनी बल्कि पूरी दुनिया से विभिन्न धर्मों के लोग भी महाकुंभ की अनुभूति करने आ रहे हैं। पूरी दुनिया से लोग यहां श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन का अद्वितीय संगम देखने के लिए लगातार पहुंच रहे हैं।

# ऑपरेशन चतुर्भुज से श्रद्धालुओं की निगहबानी

## एंटी ड्रोन सिस्टम 24 घंटे अलर्ट, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगातार मॉनिटरिंग

**महाकुंभ नगर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। माघ पूर्णिमा के स्नान के लिए देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की विशेष सुरक्षा ऑपरेशन चतुर्भुज के जरिए की गई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अंतर्गत यह स्पेशल ऑपरेशन चलाया गया। इसके अलावा आईसीसीसी की स्पेशल टीम भी सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाती रही, जिसने टेक्नोलॉजी का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए बेहद मजबूत सेफ्टी सर्किल बनाया। इसके जरिए मंगलवार की रात से ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा, अपराध नियंत्रण और क्राउड मैनेजमेंट के हर पहलू पर नजर रखी गई।



इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से पूरे मेला क्षेत्र के साथ साथ पूरे शहर की भी निगरानी की जा रही है। 2750 हाई-टेक कैमरों, एंटी-ड्रोन सिस्टम और विशेष सुरक्षा टीमों के जरिए हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

महाकुंभनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि ड्रोन से एरियल सर्विलांस के माध्यम से 24 घंटे पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर आईसीसीसी के जरिए सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम किए गए हैं। इससे क्राउड मैनेजमेंट में बड़ी मदद मिली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ड्रोन के जरिए पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है।

महाकुंभनगर में एंटी-ड्रोन सिस्टम अलर्ट मोड में है। किसी भी संदिग्ध उड़ान को रोकने और सुरक्षा चूक से बचने के लिए यह प्रणाली सक्रिय की गई है। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुनिश्चित किया गया कि कोई भी संदिग्ध ड्रोन संचालित न किया जाए। पूरी मुस्तैदी से इस पर नजर रखी गई और सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

# श्रद्धालु बोले, महाकुंभ से सीख लेकर गंगासागर मेले में भी मिलें उच्च कोटि की सुविधाएं

**महाकुंभ नगर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। देश भर से त्रिवेणी संगम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने आए श्रद्धालु मुख्यमंत्री योगी द्वारा की गई उच्च कोटि के प्रबंध की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं। इतना ही नहीं, पश्चिम बंगाल से आए एक श्रद्धालु ने तो यहां तक कह दिया कि महाकुंभ से सीख लेकर गंगासागर मेले में भी पश्चिम बंगाल सरकार को इसी प्रकार की व्यवस्थाएं करनी चाहिए। वैसे तो योगी की

**माघ पूर्णिमा के पर पश्चिम बंगाल से स्नान करने आए श्रद्धालुओं ने योगी के प्रयासों को सराहा**



कार्यशैली हर आयुवर्ग और समाज के विभिन्न तबकों के लोगों को अपना मुरीद बना रही है मगर युवा उनसे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं जिसकी बानगी बुधवार को संगम तट पर देखने को मिली जहां देश भर से आए युवा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्नान को अमिट स्मृति बताते हुए इसे सफल बनाने के लिए सीएम योगी का तहेदिल से आभार जताया। जयपुर से संगम में स्नान करने आए श्रद्धालु राजकुमार प्रतापति ने बताया कि यहां व्यवस्था बेहद अच्छी है। इतनी भीड़ होने के बाद भी किसी प्रकार की असुविधा का सामना उन्हें नहीं करना पड़ा। निश्चित तौर पर इसके लिए सीएम योगी बधाई के पात्र हैं। वहीं, मुंबई से आई भाविका शाह ने कहा कि माघ पूर्णिमा पर स्नान करना विशिष्ट अनुभव रहा। जब हम यहां आ रहे थे तो मन में कई प्रकार की शंकाएं थीं मगर यहां आकर किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। घाटों पर भारी भीड़ में भी ब्रीदेबल स्पेस है, चेंजिंग रूम भी प्रॉपर हैं। इतना बड़ा क्राउड मैनेज करना बहुत बड़ा टास्क है और सीएम योगी इस पर पूरी तरह खरे उतरे हैं।

पश्चिम बंगाल से संगम स्नान करने आए श्रद्धालुओं के दल ने कहा कि यहां आने से पूर्व कुछ शंकाएं थीं मगर अब वास्तविकता को खुद अनुभूत करने का अवसर मिला। प्रशासनिक व्यवस्था उच्च स्तरीय है जिसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं।

# आज वाकई में मैंने गंगा नहा लिया: सुनील शेट्टी

महाकुंभ नगर, 12 फरवरी (देशबन्धु)। आस्था, अध्यात्म एवं विश्वास के महासंगम में सम्मिलित होते हुए सुप्रसिद्ध भारतीय फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने आज आस्था की डुबकी लगाई। तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरा के साथ ही त्रिवेणी संगम को नमन किया। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में फिल्म अभिनेता शेट्टी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।



- महाकुंभ की भव्यता एवं दिव्यता देख अभिभूत हुए सुनील
- औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने किया स्वागत एवं अभिनन्दन

सुनील शेट्टी महाकुंभ की भव्यता एवं दिव्यता से पूरी तरह अभिभूत नजर आए। वे बार-बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का बखान करते नजर आए। आस्था और भक्ति की रस धार में डूबे सुनील शेटूटी ने कहा कि महाकुंभ में आकर वाकई में उन्हें यह महसूस हो रहा है कि उन्होंने आज गंगा नहा लिया। सुनील शेट्टी ने महाकुम्भ क्षेत्र के सेक्टर 24 में नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में काफी समय बिताया। यहां उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ ही अन्य लोगों से मुलाकात की। सुनील शेट्टी ने नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में मंत्री नन्दी एवं अपनी पूरी टीम के साथ शुद्ध इलाहाबादी भोजन का आनन्द लिया। इस दौरान मंत्री नन्दी ने सुनील शेट्टी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

# अनिल कुंबले ने त्रिवेणी संगम में किया पावन स्नान

**महाकुंभ नगर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले ने माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उनकी पत्नी चेतना रामतीर्था भी इस आध्यात्मिक यात्रा में उनके साथ रहीं। कुंबले ने संगम स्नान के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कीं। उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ सिर्फ एक शब्द लिखा और वो था ब्लेस्ड (आशीर्वाद)।

**पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच ने सोशल मीडिया पर साझा कीं संगम स्नान की तस्वीरें**



अपनी फिरकी से विरोधी बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाने वाले अनिल कुंबले मंगलवार को ही प्रयागराज पहुंच गए थे। हालांकि, त्रिवेणी स्नान के लिए उन्होंने माघ पूर्णिमा का पावन दिन चुना। इस दिन महाकुंभ में वीवीआईपी प्रोटोकॉल जारी नहीं होता। इसके बावजूद वह सामान्य श्रद्धालु की तरह नाव पर सवार होकर त्रिवेणी संगम पहुंचे और संगम में स्नान किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी चेतना भी मौजूद रहीं। दोनों ने सूर्य को अघ्र्य दिया और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर पुण्य डुबकी लगाई। उन्होंने नाव पर सवार होकर सेल्फी भी अपलोड की और माघ पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा की छवि भी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की।

# सोशल मीडिया पर छाया दिव्य-भव्य महाकुंभ टॉप ट्रेंड में रहा माघ पूर्णिमा का महापर्व

माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाकुम्भ का दिव्य और भव्य नज़ारा सोशल मीडिया पर छाया रहा। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और आध्यात्मिक उल्लास के बीच, # माघ-पूर्णिमा-महाकुंभ एक्स (ट्विटर) पर नंबर वन ट्रेंड करता रहा। इस पवित्र अवसर पर आए लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे पूरे देश में उत्साह और भक्ति का माहौल बन गया। त्रिवेणी तट पर आस्था की लहरें उमड़ पड़ीं। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के दौरान 'हर हर गंगे' और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयघोष से पूरा महाकुंभ क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इस अद्भुत नज़ारे को श्रद्धालुओं ने अपने कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिससे महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता चारों ओर फैल गई। इस आयोजन की भव्यता को और भी खास बनाया पुष्पवर्षा ने। हेलीकॉप्टर से होने वाली पुष्पवर्षा ने श्रद्धालुओं के मन को प्रफुल्लित कर दिया।

# मेला क्षेत्र में जगह जगह मुस्तैद दिखे अधिकारी

**महाकुंभ नगर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर स्नानार्थियों की उमड़ी भारी भीड़ के सुप्रबंधन को लेकर सीएम योगी की मॉनीटरिंग का असर साफ देखने को मिला। माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व को स्नानार्थियों के लिए यादगार बनाने के सीएम योगी के निर्देश को धरातल पर उतारने के लिए सभी अधिकारी देर रात से ही ग्राउंड जीरो पर मुस्तैद रहे और सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करते रहे। एक तरफ पुलिस प्रशासन जहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा में पूरी तरह सक्रिय नजर आया तो वहीं, मेला प्रशासन की ओर से घाटों के सुदृढ़ीकरण तथा स्नान के लिए नदियों में जलस्तर प्रबंधन की प्रक्रिया पूरी की गई। उल्लेखनीय है कि अपने सरकारी आवास पर सीएम योगी ने बुधवार को प्रात: 4 बजे से ही तमाम बड़े अधिकारियों के साथ मेला की लाइव मॉनीटरिंग शुरू कर दी थी। प्रमुख स्नान पर्व माघ पूर्णिमा को



**व्यवस्थाओं और सुविधाओं को सुनिश्चित करते नजर आए**

लेकर सीएम योगी की सख्त हिदायत थी कि किसी प्रकार की असुविधा का सामना स्नानार्थियों समेत प्रयागराज की जनता को न करना पड़े। ऐसे में, यातायात की सुगम व्यवस्था, उचित भीड़ प्रबंधन व सुरक्षा समेत विभिन्न पहलुओं को पूरी मुस्तैदी के साथ धरातल पर उतारने के लिए पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की टीम जुटी रही।

प्रयागराज के डीआईजी वैभव कृष्ण ने माघ पूर्णिमा के अवसर पर स्नान को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए यहां पहुंच रहे हैं। इसको लेकर हम पहले से तैयार थे और हमने रणनीति के तहत तैयारियों को अच्छे से धरातल पर उतारा है। उनके अनुसार, सब कुछ नियंत्रण में है। पार्किंग, ट्रैफिक डायवर्जन और कुशल जनप्रबंधन के सभी साधन सक्रिय हैं जिससे प्रक्रिया को पूरा कराने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उनके अनुसार, श्रद्धालु नियमों व कानून का पालन कर रहे हैं जिससे क्राउड मैनेजमेंट को और असरदार बनाने में मदद मिली। इस बार पिछली बार की अपेक्षा कुछ नए प्वॉइंट्स पर भी डिप्लॉयमेंट की गई है जिससे श्रद्धालुओं को लाभ होगा।

अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी माघ पूर्णिमा को लेकर प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर इस बार मेले में अप्रत्याशित भीड़ आई है। लोगों का अनवरत स्नान का क्रम जारी है। ऐसे में, श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए घाटों के सुदृढ़ीकरण तथा स्नान के लिए नदियों में जलस्तर प्रबंधन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग भी की गई है और वॉच टावर्स व चेंजिंग रूम की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है। उनके अनुसार, ट्रैफिक की डायवर्जन स्कीम भी लागू है और सभी चिह्नित स्थलों पर पुलिसबल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही, उन्होंने श्रद्धालुओं से निर्धारित स्थानों पर स्नान कर पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की। उनके अनुसार, कल्पवासियों को भी स्नान और वापसी में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार 13 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# आजाद का बयान नये समीकरणों का संकेत

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद ने प्रतिपक्षी गठबन्धन इंडिया पर जो हमले किये हैं उससे नये सियासी समीकरणों के संकेत मिलते हैं। यह अलग बात है कि उनके इन बयानों में विरोधाभास भी है। तो भी जो तल्खी टीएमसी सांसद ने दिखाई है, वह बतलाती है कि इंडिया से कुछ दल अलग हो सकते हैं और यह भी सम्भव है कि विपक्षी दल नये समीकरण रच सकते हैं। कीर्ति आजाद के बयानों का कांग्रेस क्या प्रतिसाद या उत्तर देती है, यह देखने वाली बात है तभी भावी घटनाओं का अनुमान लगाया जा सकता है।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार का ठीकरा एक तरह से कांग्रेस पर फोड़ते हुए पूर्व क्रिकेटर तथा बर्धमान-दुर्गापुर के सांसद कीर्ति आजाद ने यह भी साफ किया कि- '2026 में होने वाले राज्य के विधानसभा चुनाव में टीएमसी अकेली उतरेगी। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का कोई आधार नहीं है इसलिये अपने हितों की अनदेखी करते टीएमसी गठबन्धन को मजबूत करने के फेर में नहीं पड़ेगी।' वैसे भी टीएमसी अध्यक्ष तथा प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस आशय का ऐलान सोमवार को पार्टी बैठक में कर ही दिया है। आजाद ने यहां तक कहा कि -'कांग्रेस ने सहयोगी दल आप की पीठ में छुरा घोंपा है। उसे इंडिया में बने रहने का अधिकार नहीं है।' वे पहले ही बोल चुके चुके हैं कि कांग्रेस के नेतृत्व करने के लिये ममता बनर्जी से बेहतर कोई भी नहीं है जिन्होंने अपने राज्य में भारतीय जनता पार्टी को बुरी तरह से हराया है।

उनका यह बयान लगभग उसी लाइन पर है जिस पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम व शिवसेना (यूबीटी गुट) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे दे चुके हैं। एक तरह से महाराष्ट्र, हरियाणा और उसके बाद दिल्ली हारने के बाद कांग्रेस पर हमले तेज हो गये हैं जो बतलाते हैं कि कुछ दल कांग्रेस को लेकर बेचैन हैं। हालांकि कांग्रेस पर होने वाले इन आक्रमणों में इस बात के अलावा कोई भी शिकायत वाजिब नहीं है कि उसके द्वारा इंडिया गठबन्धन की बैठक नहीं बुलाई जाती या फिर, अब तक कोई संयोजक नहीं बनाया गया है। इन बातों में दम तो हैं लेकिन गठबन्धन यह भूल जाता है कि कांग्रेस केवल नेतृत्व नहीं कर रही है बल्कि उसके पास अपनी दलीय ज़रूरतें भी हैं जिनमें से एक है खुद को मजबूत बनाना तथा चुनाव लड़ना। इंडिया के शेष जितने भी घटक दल हैं उनकी मौजूदगी एक-एक राज्य में ही है, आप को छोड़कर जिसने अभी दिल्ली खोई है पर पंजाब में उसकी सरकार है।

आजाद का यह कहना कि कांग्रेस अपने सहयोगियों का नुकसान करेगी, तर्कसंगत नहीं है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया को भारतीय जनता पार्टी प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के बरक्स देखें तो उसके साथ गये सहयोगी दलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को तो भाजपा ने ही तोड़ा। अकाली दल की भी दुर्गति हुई। फिर, जिस दिल्ली के नतीजों की आड़ में कांग्रेस की आलोचना की जा रही है, उस सन्दर्भ में यह स्मरण दिलाया जाना लाजिमी है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही आप ने ताबड़तोड़ अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये थे जबकि कांग्रेस वहां तालमेल की इच्छुक थी। वह चाहती थी कि उसे करीब 15 सीटें दी जायें जो कि वाजिब मांग थी। जिस प्रकार से आजाद कहते हैं कि उनके राज्य में अकेली ममता व टीएमसी भाजपा से निपटने के लिये काफी है, कुछ वैसा ही गुमान आप को भी था। यह तो सही है कि पिछली दो बार की तरह इस बार भी कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली लेकिन आप ने कांग्रेस को साथ न लेकर सरकार गंवाई है- यह अब साफ हो गया है। कम से 15 सीटें ऐसी थीं जिन पर यदि दोनों मिलकर लड़ते तो वे सीटें गठबन्धन के खाते में आतीं।

जहां तक महाराष्ट्र व हरियाणा का मसला है, यह नहीं भूलना चाहिये कि इन राज्यों में चुनाव सम्बन्धी बड़ी गड़बड़ियों का संदेह है। महाराष्ट्र में लोकसभा से विधानसभा चुनावों के बीच जिस प्रकार से 72 लाख मतदाता बढ़ गये, वह सबके ध्यान में है। हरियाणा में प्रारम्भ से आगे चल रही कांग्रेस को जिस तरह से कुछ मिनटों के भीतर मतगणना धीमी कर निपटाया गया, उसे भी नज़रदाज़ नहीं किया जा सकता। गड़बड़ तो दिल्ली में भी हुई है लेकिन बहस ऐसी दिशा में मोड़ दी गयी है- स्वयं इंडिया के घटक दलों के द्वारा कांग्रेस पर हमला करके, कि यहां चुनावी धांधली पर न किसी का ध्यान जा रहा है और न ही उसे कोई चर्चा में ला रहा है। स्वाभाविकत: यह स्थिति भाजपा, सरकार और चुनाव आयोग के पक्ष में बनती है कि उस पर आरोप लगाने का किसी के पास अवकाश ही नहीं है। कीर्ति आजाद भूल जाते हैं कि भाजपा के इशारे पर ऐसी धांधलियां हर उस राज्य में होंगी, जहां चुनाव होंगे; बेशक, पश्चिम बंगाल भी उसमें होगा।

ध्यान रहे कि आरोप लगाने वाले ज्यादातर सहयोगी दल गठबन्धन की सामूहिक आवाज बनकर कांग्रेस का साथ देते नज़र नहीं आते, एकाध को छोड़कर। अनेक मुद्दों पर अकेले कांग्रेस ने आवाज उठाई लेकिन उससे पूरा इंडिया लाभान्वित हुआ है। फिर वह चाहे अंबानी-अदानी का मुद्दा हो या जातिगत जनगणना का। संविधान एवं आरक्षण पर भी कांग्रेस लगभग अकेली आवाज उठाती रही। गठबन्धन केवल चुनाव को लेकर नहीं हो सकता- विमर्श के स्तर पर भी एका नज़र आनी चाहिये।

# मोदी के कंधों पर देश की साख

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में छवियों का बड़ा महत्व होता है। दो देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच क्या बात हुई, किस वातावरण में हुई, चर्चा में कौन, किस पर हावी रहा, इन बातों का पूरा खुलासा तो आम जनता के बीच कभी नहीं हो सकता है, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के तकाजे इसकी अनुमति नहीं देते हैं। लेकिन दो देशों के मुखिया किस तरह आपस में मिले और एक-दूसरे का अभिवादन किया, इसके मायने भी महत्वपूर्ण होते हैं। कैमरे के सामने दो राष्ट्रप्रमुखों का एक-दूसरे से हाथ मिलाना, मुस्कुराते हुए फोटो खिंचाना, द्विपक्षीय चर्चा के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस करना, या किसी अंतरराष्ट्रीय बैठक में तमाम राष्ट्राध्यक्षों की सामूहिक तस्वीर और एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर फोटो खिंचाना यह सब अंतरराष्ट्रीय संबंधों में काफी सामान्य बातें हैं। भारत में 10-11 साल पहले तक इस पर शायद ही कोई चर्चा होती थी कि देश के प्रधानमंत्री ने किस राष्ट्राध्यक्ष के साथ, किस तरह से हाथ मिलाया, किस अंदाज में बातें की या उनके साथ घूमे-फिरे। लेकिन जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उनकी विदेश यात्राएं शुरु हुईं, तब से भारत के दूसरे देशों के साथ संबंधों के साथ-साथ इस बात पर भी खासी चर्चा होने लगी कि कौन सा राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री मोदीजी का करीबी मित्र बन गया है, किसके साथ उनके पारिवारिक संबंध बन गए हैं।

ऐसा नहीं है कि भारत के नेताओं के दूसरे देशों के नेताओं के साथ गाढ़े संबंध नहीं रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू के नाम की धाक तो पूरी दुनिया में थी और तीसरी दुनिया के देश अपनी ताकत जुटाने के लिए नेहरूजी का अनुसरण करते थे। जवाहरलाल नेहरू और इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो के बीच गहरी दोस्ती थी। दोनों ने मिलकर एशिया और अफ्रीका के नेताओं को एकजुट करने का काम किया था। सोवियत संघ में नेहरूजी का नाम काफी आदर और सम्मान से लिया जाता था। जब 1955 में सोवियत संघ से सर्वोच्च नेता निकिता ख्रुश्चेव और निकोलाई बुल्गानिन भारत आए तो पंडित नेहरू ने उन्हें खुली गाड़ी में सैर कराई थी। 1949 में हैरी एस ट्रूमैन और 1961 में जॉन एफ कैनेडी नेहरूजी के अमेरिका दौरे पर उनका स्वागत करने एयरपोर्ट आए थे। फ़िलीस्तीन मुक्ति संगठन के प्रमुख यासिर अराफ़ात इंदिरा गांधी को बहन की तरह मानते थे। लेकिन इन सबमें कहीं भी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मानकों से परे न कोई व्यवहार हुआ, न नेहरूजी ने कभी अपने निजी संबंधों को देशहित पर हावी होने दिया। छवियों की बात चली है तो यह भी याद कर सकते हैं कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन छतरी पकड़ कर कार तक आए थे। लेकिन इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि राजीव गांधी के लिए रोनाल्ड रीगन पक्के दोस्त हो गए थे।

दरअसल अंतरराष्ट्रीय संबंध और छवियों की बात इसलिए करनी पड़ रही है क्योंकि इस समय देश और दुनिया में कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं और उधर अमेरिका में चार साल बाद डोनाल्ड ट्रंप की वापसी हुई है। ट्रंप का सत्ता में लौटना अमेरिका समेत पूरी दुनिया में कई तरह के बदलावों का कारण बन रहा है, क्योंकि इस वक्त बिल्कुल निरंकुश अंदाज में ट्रंप शासन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके शुरुआती कुछ फैसले ही काफी विवादों में आए हैं, लेकिन ट्रंप किसी तरह से बदलते या अपना रुख नर्म करते नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के खास मायने हो जाते हैं कि इस बार किस अंदाज में राष्ट्रपति ट्रंप से उनकी मुलाकात और चर्चा होती है। याद रहे कि 2020 में नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार ट्रंप सरकार कहकर कूटनीतिक शिष्टाचार की सीमाएं तोड़ी थीं। इस बार ट्रंप जीते लेकिन उन्होंने अपने शपथ ग्रहण में नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित नहीं किया। श्री मोदी ने ट्रंप को फिर भी बधाई दी, और एक्स पर दिए अपने बधाई संदेश में माय फ्रेंड यानी मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रंप का संबोधन देते हुए चार ऐसी तस्वीरें चस्पां की, जिनसे लोगों के बीच मोदी-ट्रंप दोस्ती की छवि गाढ़ी हो जाए। हालांकि निजी स्तर के इस बधाई संदेश के बावजूद ट्रंप ने हथकड़ियों और जंजीरों के साथ अमेरिकी सैन्य विमान में भारतीयों को भेजकर यह जतला दिया कि वे ऐसी मित्रता और शिष्टाचार की रत्ती भर परवाह भी नहीं करते हैं।

ऐसा नहीं है कि भारत के नेताओं के दूसरे देशों के नेताओं के साथ गाढ़े संबंध नहीं रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू के नाम की धाक तो पूरी दुनिया में थी और तीसरी दुनिया के देश अपनी ताकत जुटाने के लिए नेहरूजी का अनुसरण करते थे। जवाहरलाल नेहरू और इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो के बीच गहरी दोस्ती थी।

अमेरिका से भारत की लंबी दूरी में अमानवीय तरीके से लाए गए भारतीयों की छवि केवल देश के लोगों ने नहीं दुनिया ने देखी है और इसके बाद आस्ट्रेलिया के एक स्टेडियम में भारतीय दर्शकों से उनके वीज़ा के बारे में पूछकर उन्हें चिढ़ाने की घटना हुई, जिससे जाहिर होता है कि इस छवि का नुकसान विश्वव्यापी स्तर पर भारत को हुआ। वैसे भी भारत के लोगों को विदेशों में अनेक तरह के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। कई संपन्न और विकसित देश पढ़ने या काम करने गए आम भारतीयों को हेय दृष्टि से देखते हैं, अब ऐसी घटनाओं के और बढ़ने की आशंका है। अगर मोदी सरकार तुरंत ही इस पर आपत्ति जताती तो शायद कड़ा संदेश जाता। प्रसंगवश बता दें कि कोलंबिया के राष्ट्रपति ने अपने नागरिकों के लिए विमान भेजा और जब वे वापस लौटे तो खुद विमान के भीतर जाकर उन्हें आश्वस्त किया। इसी तरह वेनेजुएला ने अपने नागरिकों को अमेरिका से वापस बुलाया और जब वे विमानतल पर उतरे तो उनके स्वागत के लिए राष्ट्रपति खुद मौजूद थे। भारत में अमेरिका से हथकड़ियों में लाए गए नागरिकों को कैदियों वाली गाड़ी में उनके घरों तक भेजा गया। अपने नागरिकों को सम्मान देने और उनका सम्मान बचाने में सरकार तब चूक गई और अब देखना होगा कि नरेन्द्र मोदी डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात में इस बारे में कुछ कहते हैं या नहीं।

हालांकि ट्रंप से मुलाकात से पहले पेरिस में श्री मोदी की मुलाकात अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से हुई। उनकी पत्नी उषा वेंस और बच्चों से भी श्री मोदी मिले और वेंस दंपती के बेटे विवेक को जन्मदिन पर बधाई दी, उपहार दिया। इस बात की जानकारी श्री मोदी ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी, लेकिन यह जिक्र नहीं हुआ कि उन्होंने अमेरिकी उपराष्ट्रपति से भारतीयों के अपमान की बात की या नहीं की। संभवत: नहीं की, अन्यथा वे इसका ब्यौरा जरूर देते। अमेरिका से पहले श्री मोदी फ्रांस के दौरे पर थे, जहां से राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो से हाथ मिलाते, गले मिलते, साथ बातें करते तस्वीरें भी आई हैं। लेकिन इसी अवसर की एक और तस्वीर आई है, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस आयोजन में दुनिया भर के तमाम नेता, प्रतिनिधि मौजूद थे और राष्ट्रपति मैक्रो एक-एक करके सबके पास आकर हाथ मिला रहे थे और इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के सामने से उन्हें लगभग अनदेखा करते हुए वे निकल गए। श्री मोदी ने स्वाभाविक तौर पर अपना हाथ आगे बढ़ाया, लेकिन मैक्रो ने उनसे हाथ न मिलाते हुए अगले प्रतिनिधि की तरफ रुख किया। कुछ सेंकड की यह वीडियो क्लिप अब सोशल मीडिया पर वायरल है और इसकी चाहे जितनी सफाई देने की कोशिश की जाए, भारत के लिए यह अच्छी छवि नहीं है। क्योंकि इसमें सीधे तौर पर भारत के प्रधानमंत्री का अपमान फ्रांस के राष्ट्रपति ने किया है। अगर यह अनजाने में हुआ है तो इस पर खेद प्रकट हो जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, न ही भारत सरकार के विदेश विभाग ने इस पर कोई आपत्ति उठाई है, तो फिर सवाल उठता है कि क्या मोदी सरकार में अब विदेश नीति के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के तकाजों को भी परे कर दिया गया है। आप किस राष्ट्रपति को दोस्त कहते हैं, किसकी पीठ पर हाथ रखते हैं, किसे पहले नाम से पुकारते हैं, किसके साथ झूला झूलते हैं, किसके साथ नौका विहार करते हैं या किसके साथ जाम टकराते हैं, ये सारी बातें निजी रिश्तों की प्रगाढ़ता को भले दिखाती हैं, लेकिन यह सब किसी व्यक्ति के नाम नहीं बल्कि उसके पद के कारण संभव हुआ। नरेन्द्र मोदी के नाम के साथ भारत के प्रधानमंत्री का पद जुड़ा हुआ है, यह बात याद रहनी चाहिए और फिर उस पद की गरिमा को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए ही अपने विदेशी समकक्षों से व्यवहार होना चाहिए। श्री मोदी कम से कम सत्ता के तीसरे कार्यकाल में तो इस बात को समझें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख बनाने की सबसे अधिक जिम्मेदारी उन्हीं पर है।

# टैरिफ में बढ़ोतरी के ट्रंप के फैसले से भारत को घबराने की कोई जरूरत नहीं

■ सुब्रत मजूमदार

वर्तमान में भारत की निर्यात आर्थिक वृद्धि के लिए अमेरिका प्रमुख उत्प्रेरक है। यह भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। निर्यात वृद्धि का प्रक्षेपक्रगत वर्षों में यदा-कदा नहीं रहा है। अमेरिका एक दशक से अधिक समय से लगातार भारतीय माल का सबसे बड़ा आयातक रहा है। यहां तक कि डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल (2017-2020) के दौरान भी, निर्यात में समग्र वृद्धि बरकरार रही, हालांकि ट्रंप का संरक्षणवाद था। अमेरिका को निर्यात ने भारत की बाहरी अर्थव्यवस्था के लिए साल-दर-साल प्रगतिशील विकास के बीज बोये, जिससे भारत के बड़े आयातों में काफी हद तक संतुलन बना रहा। भारत के निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 2013-14 में 12.4 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 17.7 प्रतिशत हो गयी।

इस संबंध में, ट्रम्प के भयंकर टैरिफ युद्ध और आव्रजन विरोधी नीति के साथ भारत की अमेरिका पर अत्यधिक निर्भरता चिंताजनक संकेत देती है। फिर भी, स्थिति उतनी गंभीर नहीं है, जितनी बताई जा रही है। लचीलेपन के लिए जिम्मेदार कारक निर्यात बास्केट और उचित लागत पर अपरिहार्य गुणवत्तापूर्ण भारतीय आईटी सेवाएं हैं।

निर्यात में आश्चर्यजनक वृद्धि, ट्रम्प के अहंकार को रोकती है, तथा निर्यात बास्केट में उत्पाद विशेषताओं को जिम्मेदार ठहराती है। वे हीरे, रेडीमेड वस्त्र, वस्त्र, दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स और पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद हैं।

निर्यात बास्केट में इनमें से अधिकांश उत्पादों पर, ट्रम्प का उच्च टैरिफ उल्टा पड़ सकता है, जिससे अमेरिकी उपभोक्ता निराशा में पड़ सकते हैं और उन्हें उच्च कीमतों का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, हीरे और अर्ध-कीमती पत्थर, वस्त्र और रेडीमेड वस्त्र वे उत्पाद हैं, जो अमेरिका को भारत के निर्यात बास्केट का लगभग पांचवां हिस्सा हैं।

निर्यात बास्केट में इनमें से अधिकांश उत्पादों पर, ट्रम्प का उच्च टैरिफ उल्टा पड़ सकता है, जिससे अमेरिकी उपभोक्ता निराशा में पड़ सकते हैं और उन्हें उच्च कीमतों का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, हीरे और अर्ध-कीमती पत्थर, वस्त्र और रेडीमेड वस्त्र वे उत्पाद हैं, जो अमेरिका को भारत के निर्यात बास्केट का लगभग पांचवां हिस्सा हैं। इनमें से किसी भी उत्पाद समूह में, अमेरिकी निवेशक न तो निवेश करने के लिए उत्सुक हैं और न ही उनके पास प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उत्पादन करने का कौशल है।

भारतीय हीरों का प्रवेश मानवीय क्षमता पर निर्भर करता है, जिसके लिए कारीगरों के कई वर्षों के अनुभव की आवश्यकता होती है। भारत को छोटे हीरों की कटाई और पॉलिशिंग के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में जाना जाता है। वे आकार और ग्रेड में विविध रेंज के साथ कम श्रम लागत पर उच्च गुणवत्ता वाले अच्छी तरह से कटे हुए हीरे का उत्पादन करते हैं।

जटिल डिजाइन, कुशल शिल्प कौशल, कम कीमत, शैलियों की बड़ी विविधता और विविध समुदायों से आने वाले विविध डिजाइन और फैशन जैसे कारकों के संयोजन के कारण भारतीय परिधान यूएसए में लोकप्रिय हैं।

भारतीय परिधान अपने जटिल पैटर्न, कढ़ाई और रेशम और कपास जैसे विविध कपड़ों के कारण वियतनामी और चीनी परिधानों की तुलना में अधिक पसंद किये जाते हैं, जो एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

तेल रिफाइनरी उत्पाद, दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स भारत के संयुक्त राज्य अमेरिका को कुल निर्यात में बड़ी हिस्सेदारी रखते हैं। 2023-24 में वे भारत के अमेरिका को कुल निर्यात के लगभग 19 प्रतिशत थे।

भारतीय तेल रिफाइनरी उत्पादों को अमेरिका में अन्य देशों के मुकाबले इसलिए पसंद किया जाता है क्योंकि वे सस्ते रूसी तेल के कारण किफायती होते हैं। प्रतिबंध के बाद, रूसी कच्चे तेल की कीमत भारत के लिए 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, जबकि वैश्विक कीमत 80 से 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी। जाहिर है, ट्रंप के संरक्षणवाद का पिछला अनुभव खतरे को कम करेगा।

ट्रंप के पहले कार्यकाल (2017-20) के दौरान, जीएसपी योजना (सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली) के तहत विशेष दर्जा वापस लेने और स्टील और एल्युमीनियम पर उच्च टैरिफ लगाने से भारत से निर्यात कम नहीं हुआ। संयोग से, इस अवधि में जीएसपी लाभ की चमक फीकी पड़ गयी। यह अमेरिका को भारत के निर्यात का 2 प्रतिशत था।

भारत वर्तमान में अमेरिकी बाजार में फार्मास्युटिकल उत्पादों का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक और रेडीमेड कपड़ों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है। सन् 2022 में, यह फार्मास्युटिकल उत्पादों के कुल आयात का 5.5 प्रतिशत और 2023 में अमेरिकी बाजार में रेडीमेड कपड़ों के कुल आयात का 7 प्रतिशत हिस्सा था। जेनेरिक दवाओं के लिए अमेरिकी एंटीबायोटिक्स जैसे मानक नुस्खों पर निर्भर हैं, जो मुख्य रूप से विकासशील देशों से प्राप्त होते हैं, जहां उत्पादन लागत कम है, जैसा कि कॉलिशन फॉर ए प्रॉस्पेरस अमेरिका का कहना है।

फिर भी, भारत चीन पर बढ़त रखता है। हालांकि, चीन अमेरिका को रेडीमेड गारमेंट्स और दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है, चीन पर उच्च आयात शुल्क भारत को बढ़त देगा। इससे भारत को अमेरिका में चीनी बाजार में हिस्सेदारी कम करने का लाभ मिलेगा। इस उद्देश्य के लिए, चीन पर उच्च आयात शुल्क भारतीय निर्यातकों के लिए भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क में वृद्धि के प्रभाव को संतुलित करने के लिए लाभकारी हो सकता है।

बांग्लादेश के निर्यात में उथल-पुथल भारत के लिए टैरिफ प्रभावित परिधान निर्यात से निपटने का एक और कारक होगा। बांग्लादेश अमेरिका के बाजार में परिधानों का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है, जो परिधानों के आयात का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा साझा करता है।

अमेरिका को आईटी सेवाओं के निर्यात में भारत ने बड़ा हिस्सा प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। 2023 में, भारत का अमेरिका को आईटी सॉफ्टवेयर का निर्यात 320 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। भारत से कुल सॉफ्टवेयर निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 55.5 प्रतिशत थी।

आव्रजन पर प्रतिबंध भारत के सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए बड़ा खतरा बन गया है। भारत एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी है। सालाना 70 प्रतिशत से अधिक एच-1बी वीजा भारतीयों को जारी किये जाते हैं।

लेकिन, आव्रजन पर प्रतिबंध का एक दूसरा पहलू भी है, जो भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इससे अमेरिका में निवेश बढ़ सकता है। अमेरिकी आईटी फर्म, जो लागत प्रभावी सेवाओं के लिए भारत पर अधिक निर्भर रही हैं, ऑफ-शोर सेवाओं के लिए भारत में अपनी शाखाएं खोलेंगी।

ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान, भारत में अमेरिकी एफडीआई में उछाल आया। इसने 2017 में 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 2020 में 14.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक की बड़ी छलांग लगायी। इंटेल और मॉर्गन स्टेनली जैसी बड़ी आईटी और वित्तीय सेवा कम्पनियों ने भारत में भारी निवेश किया। वर्तमान में, भारत में अमेरिकी निवेश मुख्य रूप से सॉफ्टवेयर क्षेत्र में है परन्तु कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर उनका निवेश लगभग 44 प्रतिशत है।

## आपके पत्र

### हमेशा जीवन बोलना चाहिए, मार्क्स नहीं !

परीक्षा पर चर्चा 2025 सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है, जो परीक्षा के तनाव को कम करती है। छात्रों में आत्म-सुधार और जिज्ञासा को बढ़ावा देती है। शैक्षणिक कठिनाइयों का सामना करने के लिए आत्मविश्वास और दृढ़ता को प्रोत्साहित करती है। तनावपूर्ण स्कूली परिस्थितियों में बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए व्यावहारिक पेरेंटिंग तकनीक प्रदान करती है। शिक्षकों को अत्याधुनिक, रचनात्मक शिक्षण रणनीतियों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। अपने शेड्यूल को प्राथमिकता देने से छात्रों को चुनौतीपूर्ण विषयों के लिए अधिक समान रूप से तैयार होने में मदद मिलेगी। मार्गदर्शन प्रदान करने के अलावा, शिक्षकों को प्रत्येक छात्र की व्यक्तिगत प्रतिभा को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना चाहिए। सीखना और आलोचनात्मक सोच शिक्षा का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए, न कि केवल ग्रेड प्राप्त करना। रचनात्मकता और सरलता को प्रोत्साहित करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को स्कूल के बाहर रुचियों का पीछा करने देना चाहिए। छात्रों को अपनी पढ़ाई पर उसी तरह ध्यान केंद्रित करना चाहिए जैसे एक बल्लेबाज भीड़ के शोर को अनदेखा करते हुए गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद सभी छात्रों के सामान्य स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

उन बच्चों का क्या होता है जो 30 से 40 प्रतिशत की दर से स्कूल में फेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है। आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएं। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा, भगवान ने हमारी कुछ खामियां भी रखी हैं। खूबियों पर ध्यान दें। आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपको 10वीं और 12वीं कक्षा में कितने ग्रेड मिले। यह जीवन होना चाहिए, न कि अंक। रटने की शिक्षा के विपरीत, प्रधानमंत्री मोदी ने समग्र शिक्षा और रचनात्मक शिक्षा के महत्व पर ज़ोर दिया। छात्रों से सॉफ्ट स्किल सीखने और पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं को सीखने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि बोझ के रूप में। उन्होंने सलाह दी कि छात्रों को ग्रेड से ज़्यादा ज्ञान को प्राथमिकता देनी चाहिए। अच्छा व्यवहार, अनुशासन और अभ्यास-अधिकारों के लिए शोर मचाना नहीं- नेतृत्व की पहचान हैं- सफल शिक्षा के लिए स्वस्थ भोजन और पर्याप्त नींद के महत्व पर बल दिया। छात्रों से मानसिक स्वास्थ्य के लिए बाहर समय बिताने और शारीरिक गतिविधि के स्तर को बढ़ाने का आग्रह किया। छात्रों को सलाह है कि वे परीक्षाओं से डरने के बजाय इसे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अवसर के रूप में देखें। परिवार और सामाजिक वातावरण कभी-कभी छात्रों पर दबाव डाल सकते हैं, जो अवांछनीय है। परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों का यह दबाव कि बोर्ड परीक्षाएं बहुत ज़रूरी हैं, छात्रों को अत्यधिक चिंतित और तनावग्रस्त बना देता है। आपका जीवन एक परीक्षा के साथ समाप्त नहीं होता है। यह सिर्फ़ एक मील का पत्थर है जिसे आपको हासिल करना है। अगर आप बाहरी दबाव को नज़रअंदाज़ करेंगे तो आप ज़्यादा आत्मविश्वास महसूस करेंगे। माता-पिता को अपने बच्चों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और उनकी ताकत और कमज़ोरियों पर ध्यान देना चाहिए। परीक्षा देते समय, पीएम मोदी ने छात्रों को चुनौतीपूर्ण प्रश्नों को समझने से शुरुआत करने की सलाह दी। छात्र सरल विषयों या प्रश्नों से शुरुआत करें। यह चुनौतीपूर्ण प्रश्नों से शुरुआत करें क्योंकि इससे आपका दिमाग़ साफ़ रहेगा और आप उन्हें बेहतर तरीके से संभाल पाएंगे। बाद में जब आपका दिमाग़ थक जाएगा, तो सरल प्रश्नों का उत्तर देना आपके लिए आसान भी होगा।

**प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### शिक्षा का मोल: मोल ली शिक्षा

*'भारत में शिक्षा की आवश्यकता व उपादेयता को जिस रूप में लिया जाता है उसे देख-देखकर मैं हैरान हूं। एक समय था जब मंत्रियों तथा बड़े समझे जाने वाले अन्य लोगों के स्वागत के लिए शाला से बच्चों को इकट्ठा कर कभी किसी मैदान में तो कभी किसी सड़क के किनारे खड़े होने के लिए ले आया जाता था। कई बार ऐसे गणमान्य व्यक्ति के आने में देर होती थी तो दस-बारह साल उम्र के बच्चे कई-कई घंटे खड़े रहने पर मजबूर हो जाते थे। भूखे-प्यासे, कभी ठंड में ठिठुरते, तो कभी धूप में झुलसते। गोया बच्चे न हुए रंग-बिरंगा फीता हो गए। किसी शिक्षक, किसी प्रधानाध्यापक की हिम्मत नहीं होती कि तहसीलदार या जिलाधीश की हुक्म हुजूरी कर सकें। आज भी तमाम सरकारी आदेशों के बावजूद यह स्थिति किसी हद तक बरकरार है। इन विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक कैलेण्डर के मुताबिक साल में विभिन्न अवसरों पर भांति-भांति के उत्सवों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इनमें राष्ट्रीय स्तर के आयोजन भी शामिल हैं। किन्तु उद्घाटन और समापन इन दो अवसरों को छोड़ दें तो दूर पास से आए विद्यार्थियों की खोज-खबर शायद ही कोई लेता हो। उन्हें ऐसी जगह ठहराया जाता है जहां न तो साफ-सफाई होती है और न अन्य उचित व्यवस्थाएं। पीने का पानी भी ऐसे मटकों में भरा जाता है जो शायद कभी धुलते भी नहीं। नाश्ते और भोजन के लिए जो राशि स्वीकृत होती है वह अपने आप में पर्याप्त नहीं होती और आयोजनकर्ताओं को बस्ती के धनी-धोरी लोगों की कृपा से इंतजाम करने पर बाध्य होना पड़ता है। यदा-कदा अखबार का कोई संवाददाता सजग, संवेदनशील हुआ तो वह ऐसी बदहाली की रिपोर्ट छाप देता है, लेकिन तब तक अवसर बीत जाता है।'*

**( अक्षर पर्व जनवरी 2014 की प्रस्तावना )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/02/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### अंतस की महानता

जब हमारे चिंतन में संकुचित स्वार्थ की जगह प्रेम, आत्मीयता एवं सिद्धांतनिष्ठा के गुण उमग पड़ते हैं तो न केवल चित्त का अंधेरा हटता है, बल्कि उसे परमसत्ता से तादात्म्य एवं सुसंगता की स्थिति भी प्राप्त होती है। इस अवस्था में मनुष्य का जीवन सुख सौभाग्य एवं आत्मिक पूर्णता का अनुभव होता है। जिनके हृदय में स्वयं को जानने की प्यास है एवं अपने को परिष्कृत करने का स्वभाव है, जिनके भीतर परतंत्रता को त्याग कर स्वाभिमान एवं अनुशासन का भाव है, वही व्यक्ति अपने अंतस की महानता एवं तदनुरूप दिशाबद्धता को प्राप्त कर पाता है एवं उसे हर अनुकूल प्रतिकूल परिस्थिति में स्वयं के स्वभाव एवं मार्ग का उचित बोध रहता है। अंतस की महानता एक आंतरिक अवलंबन है। इसे वे ही लोग जानते हैं, जिन्हें अपनी मूलसत्ता का बोध हो गया हो. जो देवत्व की सीढ़ियों तक ऊंचा उठना जानते हों तथा अपने जीवन को परमात्मा की दिव्य धरोहर के रूप में स्वीकार कर पाते हों। जो आत्मविस्तार की भावना से जीवन के प्रयोग एवं भविष्य का निर्धारण करना जानते हों; उन्हें ही यह श्रेय प्राप्त हो पाता है। उनके द्वारा परमात्मा की दिव्य ध्वनि मुखरित हो उठता है एवं जीवन में जिन सिद्धांतों का समावेश होना चाहिए, वे सहज ही हो जाता है।

जब भी कोई मनुष्य इस भीतरी तल पर ऊंचा उठने का प्रयास करता है उसे बाह्यजगत की विषयवस्तु से उतना ही संबंध रह जाता है जितना कि स्वप्रयोजन के अनुकूल होता है तथा मनुष्य की यह वृत्ति उसे देवमानव, महामानव बनाने हेतु भूमिका प्रस्तुत करती है। जिन भी मनुष्यों में यह दैवी तत्व पाया जाता है, वे कभी विचलित नहीं हुआ करते उन्हें परमात्मा की दिव्य अनुभूति में निरंतर रसास्वादन करने का पुण्य अवसर प्राप्त होता है। जिनका जीवन सच में किसी पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति में, मानवता को ऊंचा उठाने के ध्येय में एवं अपने द्वारा परमात्मा की दिव्य पुकार को चरितार्थ करने की दिशा में बढ़ चलता है, वे व्यक्ति धन्य हैं एवं उनका जीवन आत्मा में छिपे प्रकाश का बोध हो जाता है, वे किसी प्रकार बाह्य बातों के वश में नहीं रहते एवं उन्हें निरंतर कुसंग से बचे रहने का पुण्य अवसर प्राप्त होता है। हमारे हृदय की दिव्य भावना स्वयं अपना पथ प्रशस्त कर लेगी, बशर्ते हम उसे उचित अवसर प्रदान करें। जब मन स्वार्थकेंद्रित न होकर परमार्थ का अनुगामी एवं पूर्ण विचारशील हो जाता है तो स्वत: ही प्रकाश पथ दिखाई देने लग जाता है एवं तब जीवन में महानता का भाव दृष्टिगोचर होने लगता है। मनुष्य में देवत्व का विकास इसी विचारणा से संभव है जिसमें कि त्याग एवं तपस्या द्वारा मनुष्य का चिंतन इतना विकसित हो जाए कि उसे निरंतर अपनी आत्मोत्कर्ष की प्रक्रिया का भान रहे एवं वह आत्मिक पथ पर अपनी निष्ठा द्वारा निरंतर ऊंचा उठता जाए। यथार्थ रूप से अपनी आत्मा का साहचर्य प्राप्त कर महानता एवं अंतरंगता का दिव्य पथ प्रशस्त होने लगता है, तब चित्त सदा रहने वाली शांति को प्राप्त कर एकत्व का अधिकारी बनता है एवं आत्मसंतोष के भाव से परिपूर्ण हो उठता है।

इसे ही मानवीय चेतना का दिव्य रूपांतरण एवं आत्मिक प्रगति की दिशा में किया गया पुण्य प्रयास कहना उचित होगा, तब हमारा प्रत्येक प्रयोजन उच्च दृष्टिकोण को लेकर, आत्मनिर्माण की दिशा में अग्रसर होता है। यही चरित्र को सबल बनाने एवं आत्मा के गुणोत्थान की दिशा में बढ़ने का एकमात्र माध्यम है। महामानवों ने इसे ही अपनाया एवं वे कृतार्थ हो गए तथा आप भी इसे अपनाकर मनुष्य जीवन को धन्य बना सकते हैं।

**अखंड ज्योति**

## एआई को वैश्विक शासन भू-राजनीति से परे होना चाहिए : फू यिंग

**बीजिंग।** पूर्व चीनी उप विदेश मंत्री फू यिंग ने फ्रांस के पेरिस में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को वैश्विक शासन भू-राजनीतिक हस्तक्षेप से परे होना चाहिए और चीन अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर एआई के सुरक्षित विकास को बढ़ावा देने को तैयार है। यहां फू यिंग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट और अन्य कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान उपरोक्त टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि चीनी उद्योग ने सरकार के समर्थन से अंतरराष्ट्रीय एआई सुरक्षा अनुसंधान संस्थान (एआईएसआई) के अनुरूप चीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकास और सुरक्षा अनुसंधान केंद्र की स्थापना की है। फू यिंग ने कहा कि एक ओर, 2017 की शुरुआत में, चीनी सरकार ने 'नई पीढ़ी की एआई विकास योजना' तैयार की।



# बंधक रिहा नहीं किए गए तो खत्म हो सकता है सीजफायर : नेतन्याहू

**यरूशलेम,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि अगर शनिवार तक गाजा में पकड़े गए इजरायली बंधकों को वापस नहीं किया गया, तो हमास के साथ युद्धविराम खत्म कर दिया जाएगा और इजरायल गाजा में फिर से भीषण लड़ाई शुरू करेगा। एक वीडियो बयान में बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि दोपहर में हुई चार घंटे की बैठक में उनके कैबिनेट मंत्रियों ने इस फैसले को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि अगर हमास शनिवार दोपहर तक हमारे बंधकों को वापस नहीं करता है, तो युद्ध विराम समाप्त हो जाएगा और आईडीएफ (इज़राइल रक्षा बल) हमास के निर्णायक रूप से पराजित होने तक लड़ाई फिर से शुरू करेगा।



प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के सभी कैबिनेट मंत्रियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा अधिग्रहण योजना और उनके युद्ध विराम अल्टीमेटम का स्वागत किया। नेतन्याहू की यह टिप्पणी हमास की घोषणा के एक दिन बाद आई है कि शनिवार को बंधकों को सौंपे जाने का कार्यक्रम अगली सूचना तक स्थगित कर दिया जाएगा। सोमवार को हमास की सशस्त्र शाखा, अल-क़सम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने एक बयान में कहा कि पिछले तीन हफ्तों के दौरान उनके नेतृत्व ने युद्ध विराम समझौते की शर्तों का पालन करने में इजरायल की विफलताओं पर नज़र रखी थी। ओबेदा ने कहा, अगली सूचना तक बंधकों को सौंपने को स्थगित कर दिया जाएगा। जब तक इजरायल समझौते का पालन सुनिश्चित नहीं करता है और मुआवजा नहीं दे देता है। उन्होंने कहा कि हम समझौते की शर्तों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। इसके जवाब में इजरायली रक्षा मंत्री इज़रायल काट्ज़ ने सोमवार को एक बयान में कहा कि हमास की घोषणा गाजा युद्ध विराम और

**पिछले तीन हफ्तों के दौरान उनके नेतृत्व ने युद्ध विराम समझौते की शर्तों का पालन करने में इजरायल की विफलताओं पर नजर रखी थी : अबू ओबैदा**

बंधक रिहाई समझौते का पूर्ण उल्लंघन है। काट्ज़ ने कहा कि उन्होंने आईडीएफ को गाजा में किसी भी संभावित परिदृश्य के लिए पूरी तैयारी रहने और एन्क्लेव के पास समुदायों की रक्षा करने का आदेश दिया है।

इजरायली सेना ने घोषणा की थी कि अगर इजरायली बंधकों को शनिवार तक वापस नहीं किया गया तो इजरायली कैबिनेट ने हमास के साथ युद्ध विराम रद्द करने का फैसला किया, इसके बाद वह गाजा पट्टी के पास सेनाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी और रिजर्व सैनिकों को बुलाया जाएगा।

## अमेरिकी शिक्षक की घर वापसी, 2021 से रूसी जेल में थे बंद, ट्रंप से की मुलाकात

**वाशिंगटन,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप ने रूस की जेल से रिहा होने के बाद अमेरिकी स्कूल शिक्षक मार्क फोगेल का स्वागत किया। व्हाइट हाउस ने उनकी रिहाई को एक कूटनीतिक सफलता बताया। 61 वर्षीय मार्क फोगेल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रूस से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई। उनके अमेरिका लौटने पर व्हाइट हाउस में उनका स्वागत किया गया। ट्रंप के बगल में खड़े होकर फोगेल ने कहा कि इस समय मैं खुद को सबसे भाग्यशाली व्यक्ति महसूस कर रहा हूं। आप सभी का धन्यवाद। मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं। यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। पेंसिल्वेनिया के रहने वाले फोगेल को अगस्त 2021 में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें मारिजुआना रखने के कारण 14 साल की सजा सुनाई गई थी। उनके परिवार और समर्थकों का मानना था कि उनकी हिरासत अन्यायपूर्ण थी। बाइडेन प्रशासन ने



**■ मार्क फोगेल को ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रूस से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई**

दिसंबर 2024 में आधिकारिक तौर पर फोगेल को गलत तरीके से हिरासत में लिया गया माना, लेकिन उन्हें पूर्व यूएस-रूस कैदी आदान-प्रदान में शामिल नहीं किया गया। फोगेल ने कहा कि वह अपनी रिहाई के लिए ट्रंप के हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भी सराहना की और उन्हें 'उदार राजनेता' बताया। शर्तों के बारे में बोलते हुए ट्रंप ने कह कि यह बहुत निष्पक्ष और उचित था। उन शर्तों की तरह नहीं जो आपने पिछले कुछ वर्षों में देखे हैं।

## सुडोकू 6824

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | 5 | | |
| | | 2 | | | 8 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 7 | 8 | 1 | | 9 | 6 | 5 | |
| | | 9 | 2 | | | | 7 | 3 |
| | 6 | | | 5 | | | | 4 |
| | | | 6 | | | 7 | | |
| | | 4 | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 13 फरवरी, 2025 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आज पूरे दिन आपको शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव होगा। परिश्रम की अपेक्षा सफलता कम होने से आपको निराशा होगी। संतान की चिंता हो सकती है। काम में सतत व्यस्तता के कारण परिवार की उपेक्षा होगी।

वृषभ - आज आप सभी काम दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। पिता से लाभ हो सकता है। विद्यार्थी विद्याध्ययन में सफल होंगे। संतान के पीछे खर्च या निवेश की संभावना है।

मिथुन - दिन का आरंभ ही ताजगी से होगा। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। विचारों में अस्थिरता की वजह से उलझन में आ सकते हैं। नए काम शुरू कर सकेंगे। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और पड़ोसियों के साथ सम्बंध अच्छे रहेंगे।

कर्क - आज आप किसी बात से भयभीत रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की ?आशंका है। आपका अभिमान किसी के दिल को ठेस पहुंचा सकता है, इसलिए वाणी पर नियंत्रण रखें।

सिंह - आपका आत्मविश्वास काफी प्रबल होने से आप किसी भी तरह का निर्णय जल्दी ले सकेंगे। इससे आपकी प्रगति का मार्ग आसान होगा। मान- सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्या - आज आप किसी चिंता में रह सकते हैं। किसी के साथ वाद-विवाद होने से आपका अपमान हो सकता है। अचानक खर्च आ सकता है। वैवाहिक जीवन में मतभेद होने की आशंका है।

तुला - आज आपको कोई शुभ फल की प्राप्ति होगी। हर काम में भाग्य का साथ मिलेगा। मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा। कहीं बाहर घूमने- फिरने का मज़ा ले सकेंगे। परिवार में खुशी के पल बिताएंगे।

वृश्चिक - अब आप पारिवारिक जीवन की वास्तविकता को समझ सकेंगे। घर में खुशी का वातावरण रहेगा। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि हो सकेगी। नौकरी में प्रगति हो सकेगी।

धनु - आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। काम में उत्साह कम रहेगा। मानसिक रूप से भयभीत रहेंगे। संतान संबंधी समस्या परेशान करेगी। नौकरी तथा व्यवसाय में भी किसी समस्या का सामना करना पड़ेगा।

मकर - आज नकारात्मक विचारों से दूर रहें। कठिन परिस्थिति से बाहर निकलने के लिए शांत स्वभाव से काम लेना पड़ेगा। भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है। अचानक प्रवास का योग है। उसमें पैसे खर्च होंगे।

कुंभ - आज आनंद- उत्साह से भरपूर रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। काम में सफलता मिलेगी। उत्साह और उमंग होने से काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से मिल सकेंगे और रोमांस के पल बिता सकेंगे।

मीन - आपके दैनिक कार्य निर्विघ्न रूप से पूरे हो जाएंगे। आपके घर का माहौल सुख-शांतिवाला रहेगा। आपको अपने क्रोधी स्वभाव पर अंकुश रखना पड़ेगा। आप अपने विरोधियों पर विजय प्राप्त करेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ब्रिटेन : भारतीय मूल की महिला के साथ ट्रेन में नस्लीय दुर्व्यवहार

**लंदन,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन की एक ट्रेन में कथित नस्लीय दुर्व्यवहार का एक और मामला सामने आया है। आरोप है कि 26 वर्षीय भारतीय मूल की महिला के साथ नशे में धुत एक शख्स ने क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया। इस घटना से सार्वजनिक स्थानों पर हेट स्पीच को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यह घटना रविवार को उस समय हुई जब महिला, लंदन से मैनचेस्टर जा रही थीं। एक सहयात्री के साथ अनौपचारिक बातचीत के दौरान, उन्होंने आप्रवासियों का समर्थन करने वाले एक संगठन के साथ अपने काम का जिक्र किया। ऐसा लगता है कि दोनों की बातचीत से एक अन्य यात्री भड़क गया। यह शख्स एक कैन से शराब पी रहा था और नस्लीय टिप्पणी करने लगा। घटना के एक वीडियो में यह व्यक्ति, भारतीय मूल की महिला और अन्य यात्रियों पर नस्लवादी टिप्पणी करते हुए नजर आया। वह इंग्लैंड के औपनिवेशिक अतीत के बारे में शेखी बघार रहा था। उसने कहा कि आप इंग्लैंड में हैं और आप कुछ दावा कर रहे हैं। यदि आप कुछ दावा नहीं कर रहे होते तो आप इंग्लैंड में नहीं होते। अंग्रेजों ने दुनिया पर विजय प्राप्त की और इसे आपको वापस दे दिया। हमने भारत पर विजय प्राप्त की, हम इसे नहीं चाहते थे, हमने इसे आपको वापस दे दिया।

## अंतरिक्ष में फंसे यात्रियों को वापस लाने की योजना बना रहा नासा



**लॉस एंजिल्स,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। नासा और स्पेसएक्स अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से आने वाले आगामी क्रू रोटेशन मिशनों के लिए लक्ष्य प्रक्षेपण और वापसी की तारीखों में तेजी ला रहे हैं, जो एजेंसी के फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को घर वापस लाएगा। नासा ने कहा कि एजेंसी का क्रू-10 प्रक्षेपण अब मिशन की तैयारी और एजेंसी की उड़ान तैयारी प्रक्रिया के प्रमाणीकरण के पूरा होने के बाद 12 मार्च को लक्षित है। क्रू-9 मिशन के नए आए क्रू-10 चालक दल के साथ कई दिनों की हैंडओवर अवधि के बाद पृथ्वी पर लौटने की योजना बनाई गई है। इस मिशन में विलियम्स, विल्मोर, नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग के साथ-साथ रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव शामिल हैं। क्रू-10 की पिछली लॉन्च तिथि मार्च के अंत की थी। क्रू-10 मिशन नासा के अंतरिक्ष यात्रियों ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री किरिल पेसकोव को अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाएगा। नासा

**■ क्रू-9 मिशन के नए आए क्रू-10 चालक दल के साथ कई दिनों की हैंडओवर अवधि के बाद पृथ्वी पर लौटने की योजना बनाई गई**

के अनुसार, क्रू-10 मिशन के लिए नए ड्रैगन अंतरिक्ष यान को उड़ाने के लिए एजेंसी की मूल योजना को समायोजित करने के मिशन प्रबंधन के निर्णय के बाद पहले लॉन्च का अवसर उपलब्ध है, जिसके लिए अतिरिक्त प्रसंस्करण समय की आवश्यकता होती है। उड़ान अब पहले उड़ाए गए ड्रैगन का उपयोग करेगी और संयुक्त टीमें अंतरिक्ष यान के पहले उड़ाए गए हार्डवेयर के आकलन को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह एजेंसी के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम की सुरक्षा और प्रमाणन आवश्यकताओं को पूरा करता है।

## 2,70,000 सीरियाई शरणार्थी लौटे स्वदेश

**दमिश्क,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। दिसंबर 2024 में बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद से अब तक 2,70,000 से अधिक सीरियाई शरणार्थी अपने देश लौट चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचआरसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अभी भी लाखों सीरियाई विदेश में हैं, लेकिन आने वाले महीनों में और अधिक लोगों के लौटने की उम्मीद है।

सीरिया में यूएनएचआरसी मिशन के उप प्रतिनिधि असीर मदाईन ने कहा कि 8 दिसंबर को जब असद सरकार पतन हुआ, तब से शरणार्थियों की वापसी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यदि सीरिया में बुनियादी सेवाओं में सुधार होता है, तो यह संख्या और बढ़ सकती है। यूएनएचआरसी के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, विदेशों में रह रहे 27 प्रतिशत सीरियाई शरणार्थियों ने अगले साल के भीतर अपने देश लौटने की इच्छा जताई है। पिछले साल यह संख्या केवल 1 प्रतिशत थी, जिससे साफ होता है कि अब अधिक लोग अपने घर वापस आने के लिए तैयार हैं। मदाईन ने कहा कि यह बदलाव सीरियाई नागरिकों के आत्मविश्वास में वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि, लौटने वाले शरणार्थियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्याओं में रहने के लिए घरों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनुपलब्धता और रोजगार के सीमित अवसर शामिल हैं। कई लोगों के पास वापस लौटने पर सिर छिपाने के लिए कोई जगह नहीं है, और उन्हें अस्थायी शिविरों में रहना पड़ रहा है। इसके अलावा, मानवीय संगठनों के लिए इन शरणार्थियों की जरुरतों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है। मदाईन ने कहा कि यह जरूरी है कि लौटने वाले शरणार्थियों को सम्मानजनक जीवन जीने की स्थितियां दी जाएं।

## वर्ग पहेली 6824

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. सामान्य हितों की रक्षा के लिए संघठित संस्था, समूह राशि
३. दुखद, अफसोसनाक (उर्दू)
५. रक्त सिरा, नस
६. अनाथालय (उर्दू)
८. पंडितों के लिए एक आदरसूचक संबोधन
९. गांव, ग्राम
१०. दूसरे के अधीन
१२. भर्त्सना (उर्दू)
१३. दुर्भाग्यसूचक ग्रह योग
१४. भीख मांगते हुए घूमना
१६.. लहर
१८. मुग्ध करने वाला
२०. चितकबरा
२१. प्रस्थान (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना

**ऊपर से नीचे:-**

१.मददगार
२. किसी कार्य के बनने-बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी
३. संतोष की बात (उर्दू)
४. जो किसी काम का न हो, निकम्मा (उर्दू)
५.'मनीऑर्डर' डाक द्वारा राशि भेजना
८. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
१०. इम्तहान
११. बखान
१२. उत्पादन-व्यव
१३. कठिन, जटिल, विषम
१४. दीवारों पर बना चित्र
१५. बूंद-बूंद करके गिरना
१७. रंगयुक्त आशिक मिजाज
१८. लडडू
१९. किसी काम को अंजाम देना
२२. भीगा हुआ, तर

### वर्ग पहेली-6823

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | द्धं | २ वा | र्षि | ३ क | ■ | ४ अ | सं | ५ ब | द्ध |
| व | ■ | म | ■ | ६ र | तौं | धी | ■ | ह | ■ |
| ७ गु | ना | ह | ■ | क | ■ | ८ न | ट | रा | ९ ज |
| ण | ■ | स्ति | ■ | १० म | ध्य | स्थ | ■ | ■ | न्मो |
| ■ | ११ वि | क | १२ रा | ल | ■ | ■ | १३ वी | भ | त्स |
| ■ | फ | ■ | जी | ■ | १४ भं | डा | रा | ■ | व |
| १५ क | ल | १६ र | व | ■ | ज | ■ | १७ न | १८ या | ■ |
| र | ■ | ण | ■ | १९ क | न | २० क | ■ | च | ■ |
| २१ ब | ढ़ | ना | ■ | स | ■ | २२ ठि | ठ | क | २३ ना |
| द्ध | ■ | २४ द | क्षि | णा | य | न | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1542 – इंग्लैंड की रानी कैथरीन हवाई को मौत के घाट उतार दिया गया।
1575 – फ्रांस के राजा हेनरी तृतीय का रेम्स में राज्याभिषेक।
1601 – लंदन में ईस्ट इंडिया कम्पनी की पहली यात्रा का नेतृत्व जान लैंकास्टर ने किया।
1633 – इटली के खगोलशास्त्री गैलीलियो को रोम पहुँचने पर गिरफ़्तार कर लिया गया। वैज्ञानिक गैलीलियो गैलीलि अपने मुकदमे के लिए रोम आए। 1688 – स्पेन ने पुर्तग़ाल को एक अलग राष्ट्र स्वीकार किया।
1689 – विलियम और मैरी इंग्लैंड के संयुक्त शासक घोषित हुए।
1693 – अमेरिका के वर्जीनिया में विलियम एंड मैरी कॉलेज खुला।
1713 – दिल्ली के सुल्तान जहाँदारशाह की हत्या गला घोंट कर की गई।
1739 – करनाल के युद्ध में नादिरशाह की फ़ौज ने मुग़ल शासक मुहम्मद शाह की सेना को हराया।
1788 – भारत में ज्यादतियों के लिए वारेन हेस्टिंग्स पर इंग्लैंड में मुकदमा चलाया गया।
1795 – अमेरिका में पहला स्टेट यूनिवर्सिटी उत्तरी कैरोलिना में खुला।
1820 – फ्रांसीसी तख्त के दावेदार डक की बेरी की हत्या कर दी गई।
1856 – ईस्ट इंडिया कम्पनी का लखनऊ सहित अवध पर भी कब्ज़ा।
1861 – नेपल्स के फ्रांसीसी द्वितीय ने ग्यूसेपी गैरिबाल्डी के आगे हथियार डाले।
1880 – थॉमस एडिसन ने एडिसन इफ़ैक्ट पुष्ट किया।
1920 – अमेरिका में बेसबॉल की नीग्रो नेशनल लीग स्थापित हुई।
1931 – नई दिल्ली भारत की राजधानी घोषित हुई।
1941 – जर्मनी में नाजियों ने डच यहूदी परिषद पर हमला किया।
1945 – सोवियत संघ ने जर्मनी के साथ 49 दिन तक चले युद्ध के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट पर क़ब्ज़ा किया जिसमें एक लाख 59 हजार लोग मारे गये।
1959 – बच्चों की पसंदीदा बार्बी डॉल की बिक्री शुरू हुई।
1961 – द्वितीय विश्वयुद्ध में मित्र राष्ट्रों ने बुडापोस्ट पर कब्ज़ा किया। सुरक्षा परिषद ने कांगों में गृहयुद्ध रोकने के लिए बल प्रयोग की स्वीकृति दी।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**राजिम कुंभ हमारी ...**

एक महत्वपूर्ण आयोजन के साक्षी बनने के लिए हम सभी एकत्र हुए हैं। यह माघी मेला, जिसे हम सभी 'कल्प कुंभ' के नाम से जानते हैं, यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का प्रतीक है। हमारे छत्तीसगढ़ का यह मेला न केवल श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, बल्कि समाज में एकता, समरसता और परम्परा का सरंक्षण का भी संदेश देता है।

राज्यपाल ने कहा कि राजिम, सदियों से संतों और भक्तों का केंद्र रहा है। यहां का प्रसिद्ध राजीव लोचन मंदिर, जो भगवान विष्णु को समर्पित है, हमारी आस्था का प्रमुख प्रतीक है। इसके अलावा, भगवान कुलेश्वर महादेव, रामचंद्र पंचेश्वर महादेव, भूतेश्वर महादेव ,सोमेश्वर महादेव जैसे प्राचीन मंदिर हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की गहराई को दर्शाते हैं। इन मंदिरों की वास्तुकला भी हमारे इतिहास की समृद्धि को प्रकट करती है। पंचकोशी यात्रा जिसमें कुलेश्वर, चम्पेश्वर, ब्रह्मनेश्वर, फणीश्वर, कोपेश्वर महादेव शामिल है यह यात्रा विश्व प्रसिद्ध है।

इस वर्ष का राजिम कुंभ मेला और भी खास है, क्योंकि यह उस समय आयोजित हो रहा है जब प्रयागराज में महाकुंभ का भव्य आयोजन हो रहा है। यह एक अनोखा संयोग है, जो हमें हमारी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता की याद दिलाता है। जहां गंगा, यमुना और सरस्वती का प्रयागराज में संगम होता है, तो राजिम में महानदी, पैरी और सोढूंर का संगम होता है। यही कारण है कि इसे 'छत्तीसगढ़ का प्रयागराज' भी कहा जाता है।

शास्त्रों में माघ मास को पुण्य माह माना गया है और सदियों से इस पावन अवधि में त्रिवेणी संगमों में स्नान की परंपरा चली आ रही है। छत्तीसगढ़ में धार्मिक पर्यटन की परंपरा रही है। राज्य में महामाया मंदिर, बम्लेश्वरी माता, दंतेश्वरी माई, मडकू आइसलैंड जैसे कई ऐतिहासिक, धार्मिक केंद्र हैं, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हैं।

छत्तीसगढ़ में मेलों की भी एक महान परंपरा रही है। ये मेले केवल धार्मिक आयोजन नहीं होते, बल्कि समाज और समुदाय को आपस में जोड़ते हैं। परम्परा का अनुभव और नई पीढ़ी का अपनी जड़ों से जुड़ने का यह एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आज इस पावन अवसर पर, मैं यहां उपस्थित सभी संतों और अनुयायाई को नमन करता हूं। कहा जाता है कि जहां संतों के चरण पड़ते हैं, वह भूमि स्वयं पवित्र हो जाती है। उनके आशीर्वाद से समाज में ज्ञान, समरसता और सकारात्मक ऊर्जा फैलती है। संतों का जीवन हमेशा परोपकार और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहता है। इतिहास में वाल्मीकि, अजामिल, अंगुलिमाल जैसे कई उदाहरण हैं, जिनका जीवन संतों की कृपा से परिवर्तित हुआ। राजिम कुंभ कल्प मेला न केवल अध्यात्म का केंद्र है, बल्कि यह हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को भी गति प्रदान करता है। लाखों श्रद्धालु और पर्यटक यहां आकर न केवल शांति का अनुभव करते हैं, बल्कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी फैलता है। मैं इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए छत्तीसगढ़ सरकार और स्थानीय प्रशासन को शुभकामनाएं देता हूं। यह कल्प कुंभ न केवल हमारी धार्मिक आस्था को सशक्त करता है, बल्कि राज्य के पर्यटन और आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, पर्यटकों और आयोजन में शामिल सभी लोगों से कहा कि हम अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। हमारी सांस्कृतिक विरासत ही हमारी पहचान है, और इसे सरंक्षण करना हमारा दायित्व है। इस अवसर पर दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद जी महाराज, महंत साध्वी प्रज्ञा भारती जी महाराज, बालयोगेश्वर बालयोगी रामबालक दास जी महाराज, धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, रायपुर आयुक्त श्री महादेव कावरे, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के एमडी श्री विवेक आचार्य, गरियाबंद कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल समेत साधु-संतों की गरिमामय उपस्थिति रही।

**पत्नी की सहमति के बिना...**

में रिपोर्ट दर्ज की गई और अपीलकर्ता के खिलाफ धारा 377 आईपीसी के तहत जुर्म दर्ज की गई। पीड़िता का मृत्यु पूर्व बयान एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने दर्ज किया, जिसमें उसने कहा कि वह अपने पति द्वारा जबरदस्ती किए गए यौन संबंध के कारण बीमार पड़ गई। उसी दिन उसकी मृत्यु हो गई।

साक्ष्यों का मूल्यांकन करने के बाद ट्रायल कोर्ट ने अपीलकर्ता को आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), 376 (बलात्कार के लिए सजा) और 304 (हत्या के लिए दोषी न होने वाली गैर इरादतन हत्या के लिए सजा) के तहत दोषी ठहराया। उन्हें डिफॉल्ट शर्तों के साथ 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। इस फैसले के खिलाफ उन्होंने उच्च न्यायालय के समक्ष आपराधिक अपील दायर की।

मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि धारा 375, 376 और 377 आईपीसी के अवलोकन से यह बिल्कुल स्पष्ट है कि धारा 375 आईपीसी की संशोधित परिभाषा के मद्देनजर पति और पत्नी के बीच धारा 377 आईपीसी के तहत अपराध का कोई स्थान नहीं है। इस तरह बलात्कार नहीं किया जा सकता है। धारा 375 आईपीसी के अपवाद 2 पर जोर देते हुए न्यायालय ने फैसला सुनाया कि एक पुरुष और उसकी पत्नी के बीच यौन संबंध या यौन क्रियाएं यदि पत्नी 15 वर्ष से अधिक उम्र की है तो बलात्कार नहीं माना जाता है। नतीजतन भले ही एक पति अपनी वयस्क पत्नी के साथ धारा 377 आईपीसी के तहत परिभाषित अप्राकृतिक यौन संबंध बनाता है, यह अपराध नहीं माना जाता है। न्यायालय ने धारा 304 आईपीसी के तहत अपीलकर्ता की दोषसिद्धि के संबंध में इसे 'विकृत' माना और टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, आईपीसी की धारा 304 के तहत अपराध मामले के वर्तमान तथ्यों से कैसे जुड़ा है और अभियोजन पक्ष द्वारा कैसे साबित किया गया है, फिर भी इसने अपीलकर्ता को धारा 304 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया है, जो विकृति और स्पष्ट अवैधता के अलावा और कुछ नहीं है, जिस पर इस न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप किया जाना चाहिए। कोर्ट ने अपीलकर्ता को सभी आरोपों से बरी करते हुए उसे जेल से रिहा करने का आदेश दिया।

## दुनिया को जानें

### रूस में एआई उपयोगकर्ताओं की पहली पसन्द बना डीपसीक एप्लिकेशन

**मास्को,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। चीन का कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एप्लिकेशन डीपसीक रूसी उपयोगकर्ताओं के बीच अपनी उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और सुलभता के कारण लोकप्रिय हो गया है। आरआईए समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, डीपसीक मुख्य रूप से अपनी उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और कंपनी के बड़े भाषा मॉडल की ओर से लिखी जाने वाली सामग्री के कारण लोकप्रिय हुआ है, साथ ही इसके उत्पादों की उपलब्धता भी इसकी लोकप्रियता की एक बड़ी वजह है। रिपोर्ट में रूस के सबसे बड़े मोबाइल ऑपरेटर एमटीएस के एआई सेगमेंट की प्रेस सेवा के हवाले से कहा गया कि चैटजीपीटी के विपरीत, डीपसीक मुफ्त है और इसे रूस में आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। डीपसीक जैसे नए मुफ्त और सुलभ एप्लिकेशन के बढ़ते उपयोग से चैटजीपीटी के उपयोगकर्ताओं की संख्या में गिरावट आ सकती है। इससे पहले, रूसी मोबाइल ऑपरेटर टी2 और योटा ने भी राष्ट्रव्यापी स्तर पर डीपसीक में बढ़ती दिलचस्पी दर्ज की है। टी-2 के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में डीपसीक के उपयोगकर्ता चैटजीपीटी की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक थे।

# खेल जगत

## पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान देना जरूरी : क्रिकेटर मुकेश कुमार

**गोपालगंज,** 11 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार इन दिनों अपने गृह जिला गोपालगंज में हैं। वह मंगलवार को गोपालगंज क्लब में आयोजित 'क्रिकेट कार्यशाला' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। 'क्रिकेट कार्यशाला' का जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच, डीडीसी कुमार निशांत विवेक, एसडीएम डॉ. प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्रिकेटर मुकेश कुमार को जिलाधिकारी ने पौधा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। 'क्रिकेट कार्यशाला' के दौरान क्रिकेटर मुकेश कुमार ने प्रतिभावान खिलाड़ियों के बीच अपने अनुभवों को साझा किया और खिलाड़ियों के सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने अच्छी प्रैक्टिस, स्किल में सुधार, अनुशासन आदि सुझावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान दें।



# गिल और रोहित नंबर 1 वनडे रैंकिंग के करीब

## पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने नंबर 1 पर अपना स्थान बनाए रखा

■ रवींद्र जडेजा (11वें) और मोहम्मद शमी (13वें) इंग्लैंड सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में ऊपर चढ़े

**दुबई,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बस एक सप्ताह बचा है, भारत के कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल आईसीसी पुरुष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान के करीब पहुंच रहे हैं। ताजा रैंकिंग अपडेट में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने नंबर 1 पर अपना स्थान बनाए रखा, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान अच्छे प्रयासों के बाद भारतीय जोड़ी नंबर 1 के करीब पहुंच गई है। इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दो अर्द्धशतकों के बाद गिल एक स्थान ऊपर उठकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं और बाबर से सिर्फ पांच रेटिंग अंक पीछे हैं, जबकि तीसरे स्थान पर बैठे रोहित कटक में अपने शानदार शतक के बाद पाकिस्तान के दाएं हाथ के बल्लेबाज से 13 रेटिंग अंक पीछे हैं। कई अन्य प्रमुख बल्लेबाजों ने आईसीसी के इस बड़े आयोजन की तैयारी के दौरान वनडे रैंकिंग में फिर से प्रवेश किया है। पाकिस्तान के फखर जमान 13वें स्थान पर हैं, जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन (29वें), इंग्लैंड के जोस बटलर (38वें), डेवोन कॉनवे (40वें) और जो रूट (51वें) भी 50 ओवर के क्रिकेट में वापसी के बाद स्टैंडिंग में वापस आ गए हैं। गेंदबाजों के बीच भी प्रतिस्पर्धा उतनी ही कड़ी है, राशिद खान, महेश दीक्षाना, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, शाहीन अफरीदी और कुलदीप यादव वनडे गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पांच में केवल 18 रेटिंग अंकों के अंतर से हैं। इस बीच, भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (11वें) और मोहम्मद शमी (13वें) इंग्लैंड सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में ऊपर चढ़े हैं। अफगानिस्तान के अनुभवी मोहम्मद नबी ऑलराउंडरों की वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर (दो पायदान ऊपर सातवें स्थान पर) इस सप्ताह सबसे ज्यादा आगे बढ़ने वालों में शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की गाले में श्रीलंका पर टेस्ट सीरीज जीत और आयरलैंड की बुलावायो में जिम्बाब्वे पर जीत के बाद नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में भी महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं, श्रीलंका के खिलाफ मजबूत सीरीज के बाद वे दो पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने सबसे बड़ी छलांग लगाई है, दूसरे टेस्ट में शतक लगाने के बाद वे 11 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के कुसल मेंडिस 14 पायदान ऊपर चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि आयरलैंड के लोरकन टकर (पांच पायदान ऊपर 49वें स्थान पर) और एंडी मैकब्राइन (17 पायदान ऊपर 70वें स्थान पर) को जिम्बाब्वे पर ऐतिहासिक टेस्ट जीत में उनके योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया है। गेंदबाजों में, ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर नाथन लियोन ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है और टेस्ट गेंदबाजों की नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान की बढ़त के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजाराबानी (14 स्थान की छलांग के साथ 29वें स्थान पर) बुलावायो मुकाबले के बाद सबसे आगे हैं।





# गोल्फ : सऊदी लेडीज इंटरनेशनल में अदिति, प्रणवी सहित चार भारतीय



■ 36-होल टीम प्रतियोगिता के साथ-साथ 54-होल व्यक्तिगत स्ट्रोक प्ले होगा

**रियाद, 12 फरवरी (एजेंसियां)।** प्रणवी उर्स और अदिति अशोक, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक के साथ 5 मिलियन अमरीकी डॉलर की छठी सऊदी लेडीज इंटरनेशनल में भाग लेंगी। ये चारों 112 खिलाड़ियों के साथ इस इवेंट में भाग लेंगी, जिसमें व्यक्तिगत और टीम इवेंट का संयोजन होगा। 36-होल टीम प्रतियोगिता के साथ-साथ 54-होल व्यक्तिगत स्ट्रोक प्ले होगा। इस क्षेत्र में आठ टूर्नामेंट आमंत्रण, 62 एलईटी खिलाड़ी और रोलेक्स महिला विश्व गोल्फ रैंकिंग में शीर्ष 300 में से 42 खिलाड़ी शामिल हैं। इस सप्ताह बहुत बड़ी पुरस्कार राशि प्रस्तावित है। टीम प्रतियोगिता में 500,000 अमरीकी डॉलर की पुरस्कार राशि है और व्यक्तिगत प्रतियोगिता में कुल पुरस्कार राशि 4.5 मिलियन अमरीकी डॉलर है। पिछले सीजन में प्रणवी एलईटी मेरिट लिस्ट में 17वें स्थान पर शीर्ष भारतीय थीं, जबकि दीक्षा 29वें और त्वेसा 60वें स्थान पर थीं। अदिति ने एलईटी सीजन में सिर्फ चार इवेंट खेले और एलपीजीए पर ध्यान केंद्रित किया, जहां उन्होंने अपना कार्ड बरकरार रखा। अपने घरेलू दौरे, महिला प्रो टूर पर एक सफल प्रो शुरुआत के बाद, प्रणवी दो बार जीत के करीब पहुंचीं, डॉर्मी ओपन और ओपन डी एस्पाना में हर बार तीसरे स्थान पर रहीं। दीक्षा ने पिछले हफ्ते 2025 की शानदार शुरुआत की थी क्योंकि वह प्ले-ऑफ में पहुंच गई थीं, लेकिन एलईटी में तीसरी जीत से चूक गईं, क्योंकि वह सीजन-ओपनर 2025 लल्ला मेरिएम कप में कारा गेनर से प्ले-ऑफ हार गईं। पिछले सीजन में, पेरिस में दूसरी बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली दीक्षा ने चार बार टॉप-10 में जगह बनाई थी। इसके अलावा 2024 में, त्वेसा ने अपना एलईटी कार्ड पुनः प्राप्त किया और वीपी स्विस बैंक लेडीज ओपन में एलिस हेवसन से प्ले-ऑफ़ हारने से पहले अपनी पहली जीत के करीब भी पहुंची।


# सैमसन की उंगली की सर्जरी हुई, आईपीएल से पहले फिट होने की उम्मीद



■ सैमसन को यह चोट इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 के दौरान लगी थी

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज़ और राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन की उंगली की सर्जरी हुई है और आईपीएल से पहले उनके फ़िट होने की उम्मीद है। सैमसन को रिकवर होने में एक महीने के समय लगने की उम्मीद है ऐसे में उनके पास आईपीएल के लिए तैयार रहने का पर्याप्त समय होगा। आईपीएल 21 मार्च के सप्ताहांत से शुरू हो सकता है। सैमसन को यह चोट इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 के दौरान लगी थी जब जोफ़्रा आर्चर की गेंद उनकी उंगली पर जा लगी थी। इस चोट के चलते सैमसन की जगह पर ध्रुव जुरेल ने मैच में विकेटकीपिंग की थी। जुरेल ने उस मैच में तीन कैच लपके थे और भारत को 150 रनों की बड़ी जीत हासिल हुई थी। इस चोट के चलते सैमसन 8 फ़रवरी से शुरू हुए केरल और जम्मू-कश्मीर के रणजी ट्रॉफ़ी के क्वार्टर-फ़ाइनल मैच में भी नहीं खेल पाए।सैमसन के लिए टी20 सीरीज़ अच्छी नहीं रही थी और पांच मैच में वह 10.20 की औसत और 118.60 के स्ट्राइक रेट से 51 रन ही बना पाए। सैमसन ने पिछली बार वनडे दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था और उन्होंने शतक भी लगाया था। 2024 में उतने वनडे नहीं थे लेकिन उन्हें अभ्यास शिविर में शामिल ना होने के चलते केरल के विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी दल से बाहर कर दिया गया था। सैमसन को आगे आईपीएल में आरआर की कप्तानी करनी है। उनकी कप्तानी में पिछले सीज़न आरआर ने प्लेऑफ़ में प्रवेश किया था लेकिन दूसरे क्वालिफ़ायर में उन्हें सनराइज़र्स हैदराबाद के हाथों हार मिली थी।

# भारत ने बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैम्पियनशिप में मकाऊ को 5-0 से रौंदा




**किंगदाओ (चीन),** 12 फरवरी (एजेंसियां)। पिछले संस्करण के कांस्य पदक विजेता भारत ने बुधवार को किंगदाओ स्पोर्ट्स सेंटर कॉन्सन जिमनैजियम में ग्रुप डी में मकाऊ को 5-0 से हराकर बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत की। इस शानदार जीत ने भारत के नॉकआउट चरण में प्रवेश की पुष्टि भी कर दी है। 2023 के कांस्य पदक विजेता गुरुवार को अपने दूसरे ग्रुप चरण के मैच में दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे, जिसमें ग्रुप स्टैंडिंग का निर्धारण होगा। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी। राष्ट्रीय खेलों के मिश्रित युगल स्वर्ण पदक विजेता सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने टाई के पहले मिश्रित युगल मैच में लियोंग इओक चोंग और एनजी वेंग ची पर 21-10, 21-9 से जीत के साथ भारत की बढ़त की शुरुआत की। लक्ष्य सेन ने इसके बाद पुरुष एकल में पुई पैंग फोंग पर 21-16, 21-12 से जीत के साथ भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई, जबकि मालविका बंसोड़ ने महिला एकल में चैन हाओ वाई को 21-15, 21-9 से हराकर भारत के नॉकआउट चरण में पहुंचने की पुष्टि की। भारत ने पुरुष युगल में एमआर अर्जुन और चिराग शेट्टी की जोड़ी को उतारा और मकाऊ की पुई और वोंग कोक वेंग की जोड़ी को 21-15, 21-9 से हराकर स्कोर 4-0 कर दिया। गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी ने एनजी वेंग ची और पुई ची वा को 21-10, 21-5 से हराकर 5-0 का स्कोर पूरा किया। बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में भारत का अभियान सेमीफाइनल में चीन से 2-3 से हार के साथ समाप्त हुआ और वे महाद्वीपीय टूर्नामेंट से अपना पहला पदक-कांस्य-लेकर स्वदेश लौटे।

# गजनफर चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अफगान टीम से बाहर

**काबुल,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के आफ स्पिनर एएम गजनफर कमर के निचले हिस्से में फ्रैक्चर होने के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को एक्स पर यह जानकारी साझा की। बोर्ड ने लिखा कि अफगानिस्तान की युवा स्पिन गेंदबाजी सनसनी, एएम गजनफर कमर के निचले हिस्से में फ्रैक्चर के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उन्हें अफगानिस्तान के हाल ही में जिम्बाब्वे दौरे के दौरान चोट लगी थी, और वह कम से कम चार महीने के लिए बाहर रहेंगे और इस अवधि के दौरान उपचाराधीन रहेंगें।

# आकाश चोपड़ा ने कुलदीप का समर्थन किया



**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भारतीय टीम प्रबंधन से आग्रह किया है कि आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कुलदीप यादव एक प्रमुख स्पिनर बने रहें। चोपड़ा की टिप्पणी भारत द्वारा टूर्नामेंट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप देने के बाद आई है, जिसमें तमिलनाडु के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल किया गया है। भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाने हैं, वरुण के शामिल होने का मतलब है कि टीम टूर्नामेंट में पांच स्पिनरों को लेकर जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर चोपड़ा ने भारत की टीम के चयन पर अपनी राय व्यक्त की, विशेष रूप से वरुण के पक्ष में कुलदीप को बेंच पर बैठाने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने पोस्ट किया, भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 5 स्पिनर चुने हैं। पांच शारजाह इस टीम के लिए एक आदर्श स्थान होगा। स्पिन टू विन। दुबई इतना पक्का नहीं। उस सतह ने स्पिनरों की उतनी मदद नहीं की है... कभी नहीं। साथ ही, मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वरुण के लिए कुलदीप को बेंच पर नहीं बैठाया जाएगा। अगर आपको खेलाना ही है तो दोनों को खेलाएं... लेकिन कुलदीप को भारत का प्रमुख स्पिनर होना चाहिए। कुलदीप ने भारत को 2023 के वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, 11 मैचों में 15 विकेट लेकर टीम के चौथे सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बने। उन्होंने उस फॉर्म को टी20 विश्व कप 2024 में भी जारी रखा।

## सार संक्षेप

### निजार-अजहरुद्दीन ने केरल को सेमीफाइनल में पहुंचाया

**पुणे।** सलमान निज़ार और मोहम्मद अज़हरुद्दीन ने संघर्ष दिखाते हुए केरल को सिर्फ़ दूसरी बार रणजी ट्रॉफ़ी के सेमीफ़ाइनल में पहुंचा दिया है। उन्होंने मैच के पांचवें दिन बुधवार को क्रीज़ पर खूंटा डाल लिया और सातवें विकेट के लिए 42.4 ओवर में 115 रनों की साझेदारी करते हुए मैच को ड्रॉ करा दिया। चूंकि केरल को पहली पारी में सिर्फ़ एक रन की महत्वपूर्ण बढ़त मिली थी, इसलिए वे अब रणजी ट्रॉफ़ी के सेमीफ़ाइनल में पहुंच गए, जहां उनका मुक़ाबला गुजरात से होगा। जहां मैच के आख़िरी महत्वपूर्ण क्षणों में जम्मू और कश्मीर को चार विकेटों की ज़रूरत थी, वहीं केरल के बल्लेबाज़ों को विकेट पर टिकना था। निज़ार 162 गेंदों में 44 रनों पर नाबाद रहे, वहीं मोहम्मद अज़हरुद्दीन 118 गेंदों में 67 रनों के साथ पवेलियन लौटे।

### केरल रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**पुणे।** सलमान निजार (44 नाबाद) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (67 नाबाद) की संयम और सूझबूझ भरी पारियों की बदौलत केरल ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के साथ ड्रा मुकाबले में पहली पारी की बढ़त के आधार पर रणजी ट्राफी के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली। जम्मू कश्मीर ने पहली पारी में 280 रन बनाये थे जिसके जवाब केरल की पहली पारी 281 रन पर सिमट गयी थी।जम्मू कश्मीर ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 399 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और केरल के सभी विकेट झटकने का मन बनाया मगर सलमान और अजहरुद्दीन की जोड़ी सातवें विकेट के लिये अंगद के पांव की तरह से जम गयी जिसको हिलाने के लिये जम्मू ने सभी पैतरें आजमाये मगर उन्हे सफलता नहीं मिली और अंततः केरल रणजी ट्राफी के इतिहास में दूसरी बार सेमीफाइनल में पहुंच गयी।

# खेल महाकुंभ के मंच पर बॉक्सर मैरी कॉम ने युवाओं को दिया जीत का मंत्र



महाकुंभ नगर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। क्रीड़ा भारती और टीवाईसी द्वारा आयोजित 'खेल महाकुंभ' के 7वें दिन बुधवार को इंटरनेशनल बॉक्सर मैरी कॉम भी सम्मिलित हुईं। खेल संवाद संगम के संवाद सत्र में चर्चा करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद और कई बार विश्व विजेता रहीं महिला बॉक्सर मैरी कॉम ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में खिलाड़ियों को बहुत सपोर्ट किया है, अब मेडल लाने की जिम्मेदारी युवा खिलाड़ियों की है।मैरी कॉम ने कहा कि मैं बचपन में हर खेल खेलती थी, तब मुझे बॉक्सिंग के बारे में पता ही नहीं था। अभाव में बचपन बीता, सिर्फ चावल खाकर बचपन बीता, लेकिन खेल के प्रति जुनून जारी रहा। बॉक्सिंग का अभ्यास बाद में जब शुरू हुआ तो ठान लिया कि टॉप तक जाना है। युवा खिलाड़ियों से भी कहना चाहती हूं कि जो भी करो, बस एक जगह फोकस करके पूरा मन लगाकर काम करो, अपने मन को मजबूत रखो।

# तरुण ने रॉयल रेंजर्स से अंक छीना, वाटिका की जीत




**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। डीएसए प्रीमियर लीग की सबसे संतुलित और भरोसे की टीमों में शामिल रॉयल रेंजर्स को आज यहां नेहरु स्टेडियम परिसर में खेले जा रहे रोमांचक मुकाबले में तरुण संघा एफसी ने 3-3 की बराबरी पर रोक कर ना सिर्फ महत्वपूर्ण अंक छीना अपितु रेंजर्स के खिताबी जीत की सम्भावना को भी आघात पहुंचाया है। रॉयल रेंजर्स के लिए बिजॉय गोसाईं, यमन सिंह और डेविड मोटला ने जबकि प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए प्लेयर ऑफ द मैच आनंद कुमार, साकिर और मांगली ने गोल जमाए। दिन के दूसरे मुकाबले में वाटिका एफसी ने लीग की कमजोर टीमों में शुमार इंडियन एयर फोर्स को 2-0 से हरा कर पूरे तीन अंक जुटा लिए। बलराज और विपुल ने एक-एक गोल किया। पंकज नेगी प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। पहले मैच की खास बात यह रही कि तरुण संघा ने रॉयल रेंजर्स को जमने से पहले ही दो बड़े सदमे दे डाले और आनंद व साकिर के गोलों से मजबूत बढ़त बना ली। स्टार खिलाड़ियों से सजी रॉयल रेंजर्स ने जल्दी ही पकड़ बना ली और हिसाब चुकता कर दिखाया लेकिन लम्बी सीटी से पांच मिनट पहले मांगली ने गोल जमा कर रॉयल रेंजर्स को अंक बांटने पर विवश कर दिया। डीपीएल के पहले संस्करण की विजेता वाटिका का ग्राफ मैच दर मैच गिर रहा है लेकिन आज उसने इंडियन एयर फोर्स को 2-0 से हरा कर पूरे अंक अर्जित कर लिए द्य बलराज सिंह और विपुल सिंह ने गोल जमाए। रॉयल रेंजर्स ने 16 मैचों में 29, तरुण संघा ने 19 मैचों में 23, वाटिका ने 18 मैचों में 22 और एयर फोर्स ने 19 मैच खेल कर 16 अंक बनाए हैं।

# फिंच ने वनडे से अचानक संन्यास लेने के लिए स्टोइनिस पर निशाना साधा

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने वनडे से अचानक संन्यास लेने के लिए मार्कस स्टोइनिस पर निशाना साधा है और इस फैसले के समय और टीम पर इसके प्रभाव पर सवाल उठाए हैं। स्टोइनिस, जिन्हें शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया था, ने पिछले सप्ताह इस प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा की, जिससे चयनकर्ताओं को उनके स्थान पर किसी और को चुनने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। ईएसपीएन ऑस्ट्रेलिया के अराउंड द विकेट पॉडकास्ट पर बोलते हुए, फिंच ने स्टोइनिस द्वारा टीम प्रबंधन को पहले से सूचित न किए जाने पर अपनी निराशा व्यक्त की। उनका मानना है कि ऑलराउंडर को टीम में चुने जाने से पहले कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और कप्तान स्टीव स्मिथ को इस बारे में जानकारी देनी चाहिए थी। फिंच ने कहा कि जब चयनकर्ता, कोच और कप्तान ने आप पर भरोसा जताया हो - तो शायद थोड़ा और पहले से बता दिया जाए? कह दिया जाए, आप जानते हैं, मैं यही सोच रहा हूं।

# चैम्पियंस ट्रॉफी से हटे स्टार्क, कप्तानी करेंगे स्मिथ



हम मिच के फैसले को समझते हैं और उसका सम्मान करते हैं। मिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के लिए बड़ा सम्मान दिया जाता है : जॉर्ज बेली

**मेलबर्न,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। मिचेल स्टार्क ने व्यक्तिगत कारणों से चैंपियंस ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले लिया है और ऑस्ट्रेलिया ने एक अलग दिखने वाली 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी है जिसकी कप्तानी स्टीवन स्मिथ करेंगे। मार्क्स सॅयनिस के संन्यास के साथ-साथ पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड और मिशेल मार्श की चोटों के कारण ऑस्ट्रेलिया को पहले ही अपनी स्थायी टीम में कई बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। स्टार्क की अनुपस्थिति का मतलब है कि वे पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अपने पूरे विश्व कप विजेता फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजी आक्रमण के बिना उतरेंगे। स्टार्क ने अपने फैसले के बारे में गोपनीयता की मांग की है। वह गॉल में दूसरे टेस्ट के बाद के समय में कुछ असुविधा में दिखे थे। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि हम मिच के फैसले को समझते हैं और उसका सम्मान करते हैं। मिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के लिए बड़ा सम्मान दिया जाता है। दर्द और प्रतिकूल परिस्थितियों में खेलने की उनकी अच्छी तरह से क्षमता, साथ ही अपने देश को पहले स्थान पर रखने के लिए अपने करियर के अन्य हिस्सों में अवसरों को छोड़ने की सराहना की जानी चाहिए। उनका चैंपियंस ट्रॉफ़ी अभियान में नहीं होना भले ही एक झटका है, लेकिन इससे किसी और को टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने का मौक़ा मिलेगा। कमिंस और मार्श के नहीं होने की वजह से स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की कप्तानी करेंगे, शॉन ऐबट, बेन ड्वारशुइस, जेक फ्रेजर मैकगर्क, स्पेंसर जॉनसन और तनवीर संघा को घोषित की गई मूल 15 खिलाड़ियों की टीम के बाहर से लाया गया है। कूपर कॉनोली रिज़र्व में रखे गए हैं। मेज़र मैकगर्क का पांच वनडे मैचों में 17.40 की औसत है, लेकिन मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए 46 गेंदों में 95 रन बनाकर बीबीएल में अपना सफर समाप्त किया।

# नीरज ने मोटापे से लड़ने का दिया संदेश, मोदी ने किया समर्थन

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के एक सोशल मीडिया पोस्ट को कोट करते हुए एक प्रेरणादायक संदेश दिया। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा था कि स्वस्थ रहने के लिए आपको एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है। पोस्ट में नीरज ने एक लेख साझा किया था। नीरज चोपड़ा के इसी पोस्ट को कोट करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि नीरज चोपड़ा द्वारा लिखा गया एक ज्ञानवर्धक और प्रेरक लेख, जो मोटापे से लड़ने और स्वस्थ रहने की आवश्यकता पर जोर देता है। इससे पहले नीरज चोपड़ा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक लेख शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, स्वस्थ रहने के लिए आपको एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है। मोटापे के खिलाफ लड़ाई एक ऐसी चीज है जिसका हमें डटकर सामना करना होगा। आइए हम सब मिलकर भारत को फिट बनाने के पीएम नरेंद्र मोदी के सपने का समर्थन करें! नीरज चोपड़ा ने अपने लेख में कहा था कि जब मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत में मोटापे से लड़ने का आह्वान सुना, तो यह मेरे दिल को छू गया।

## सुडोकू 6824 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 8 | 6 | 5 |

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | | |
|---|---|---|
| बजाज फिन सर्व | । | 2.64 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | । | 1.65 प्रतिशत |
| एलटी | । | 1.51 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | । | 1.41 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | । | 1.35 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | | |
|---|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | । | 3.20 प्रतिशत |
| आईटीसी | । | 2.14 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | । | 1.61 प्रतिशत |
| रिलायंस | । | 1.53 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | । | 1.52 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 87,563 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,02,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.82 | 87.00 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7250-7350 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9600-9700 |
| अरहर दाल | 7550-7650 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# औद्योगिक उत्पादन में दिसम्बर में रही नरमी

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। विनिर्माण जैसे प्रमुख समूह में रही नरमी के कारण दिसंबर 2024 में देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में मामूली 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि नवंबर 2024 में यह दर 5.2 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2024 में आईआईपी वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत है जो नवंबर 2024 के महीने में 5.2 प्रतिशत थी। दिसंबर 2024 के महीने के लिए तीन क्षेत्रों, खनन, विनिर्माण और बिजली की वृद्धि दर क्रमश: 2.6 प्रतिशत, 3.0 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत है। दिसंबर 2023 में आईआईपी का अनुमान 152.3 के मुकाबले 157.2 है।

दिसंबर 2024 में खनन, विनिर्माण और बिजली क्षेत्रों के लिए औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक क्रमश: 143.1, 156.2 और 192.8 हैं। विनिर्माण क्षेत्र के भीतर, एनआईसी 2 अंक-स्तर पर 23 उद्योग समूहों में से 16 ने दिसंबर 2023 की तुलना में दिसंबर 2024 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। दिसंबर 2024 के महीने के लिए शीर्ष तीन सकारात्मक योगदानकर्ताओं में 'मूल धातुओं का निर्माण' (6.7 प्रतिशत),




- **दिसम्बर 2024 में आईआईपी वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रही**
- **दिसम्बर 2023 में 157.2 है आईआईपी का अनुमान**

विद्युत उपकरणों का निर्माण (40.1प्रतिशत) और कोक और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्माण (3.9प्रतिशत) शामिल है।

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं के सूचकांक क्रमश: 124.0 और 166.0 हैं। दिसंबर 2023 की तुलना में दिसंबर 2024 में उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार आईआईपी की वृद्धि दरें प्राथमिक वस्तुओं में 3.8 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 10.3 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 5.9 प्रतिशत, बुनियादी ढांचे/निर्माण वस्तुओं में 6.3 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 8.3 प्रतिशत और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं में ऋणात्मक 7.6 प्रतिशत हैं।

## जनवरी में खुदरा महंगाई 4.31 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** भारत में महंगाई के मोर्चे पर आम लोगों के लिए खुशखबरी है। जनवरी में खुदरा महंगाई दर गिरकर पांच महीने के निचले स्तर 4.31 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इससे पहले दिसंबर में यह 5.22 प्रतिशत पर थी। यह जानकारी सरकार द्वारा बुधवार को जारी किए गए डेटा में दी गई।



- **खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी होना है महंगाई में गिरावट की वजह**

महंगाई में कमी ऐसे समय पर आई है जब बीते हफ्ते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से रेपो रेट को 25 आधार अंक या 0.25 प्रतिशत की कमी करके 6.25 प्रतिशत कर दिया गया है।

महंगाई में गिरावट की वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी होना है। जनवरी में खाद्य महंगाई दर 6.02 प्रतिशत रही है। यह दिसंबर में 8.39 प्रतिशत थी। यह खाद्य महंगाई दर का अगस्त, 2024 के बाद सबसे निचला स्तर है। बीते महीने खाद्य महंगाई दर ग्रामीण इलाकों में 6.31 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 5.53 प्रतिशत रही है। ग्रामीण इलाकों में समग्र महंगाई दर जनवरी में 4.64 प्रतिशत रही है, जो कि दिसंबर में 5.76 प्रतिशत पर थी।

वहीं, शहरी इलाकों में समग्र महंगाई दर बीते महीने 3.87 प्रतिशत रही है, जो कि दिसंबर में 4.58 प्रतिशत पर थी। हाउसिंग महंगाई दर जनवरी 2025 में 2.76 प्रतिशत रही है, जो कि दिसंबर में 2.71 प्रतिशत थी। सरकार द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार जनवरी महीने के दौरान सकल महंगाई दर और खाद्य महंगाई दर में मजबूत गिरावट का मुख्य कारण सब्जियों, अंडा, दालें, अनाज, शिक्षा, कपड़े और स्वास्थ्य महंगाई दर में गिरावट है।

# एजीएंडपी प्रथम व थिंक गैस ने की दो ब्रांडों के विलय की घोषणा



- **ब्रांड 18 करोड़ से अधिक की आबादी को सेवाएं देगा**

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) क्षेत्र में दो प्रमुख ब्रांड एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस का विलय हो गया है और ये अब एक सिंगल ब्रांड- थिंक गैस के तहत परिचालन करेंगे। इंडिया एनर्जी वीक के दौरान आज यह घोषणा की गई।

मिश्रित ब्रांड के नए रूप का अनावरण एक समारोह के दौरान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड (पीएनजीआरबी) के अध्यक्ष डा अनिल कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर थिंक गैस के अध्यक्ष अमितव सेनगुप्ता और थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अभिलाष गुप्ता और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) क्षेत्र में दो प्रमुख ब्रांड एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस अब एक सिंगल ब्रांड- थिंक गैस के तहत परिचालन करेंगे और परिचालन कार्यक्षमता का उपयोग करते हुए बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाएंगे। अब विलय के बाद यह ब्रांड 10 राज्यों के 50 जिलों को कवर करते हुए 18 करोड़ से अधिक की आबादी को सेवाएं देगी। पीएनजीआरबी के अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस को उनके विलय उपरांत नई ब्रांड पहचान थिंक गैस बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि ब्रांड की वृद्धि को बल देने वाले टिकाऊ विकास के लिए यह नया ब्रांड एक ऊर्जा पारितंत्र का निर्माण करेगा।

नए ब्रांड की लॉन्चिंग पर थिंक गैस के अध्यक्ष ने कहा कि एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस के इस रणनीतिक ब्रांड विलय से हम हमारे संयुक्त ब्रांड को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकेंगे और एक अग्रणी ऊर्जा कंपनी के तौर पर हमारी स्थिति मजबूत होगी। थिंक गैस के नए ब्रांड के तहत हमारा लक्ष्य इस देश में सबसे बड़े प्राकृतिक गैस नेटवर्कों में से एक का विकास करना और उसे स्थापित करना है।

## म्यूचुअल फंड्स में एसआईपी लगातार दूसरे महीने 26 हजार करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। मासिक म्यूचुअल फंड्स एसआईपी जनवरी में 26,400 करोड़ रुपए रही है। इस पहले दिसंबर में यह 26,459 करोड़ रुपए थी। यह लगातार दूसरा महीना है जब मासिक म्यूचुअल फंड्स एसआईपी का आंकड़ा 26,000 करोड़ रुपए के पार रहा है। यह दिखाता है कि निवेशक अनुशासन के साथ लंबी अवधि के नजरिए से शेयर बाजार में लगातार निवेश कर रहे हैं।

सभी ओपन एंडेड म्यूचुअल फंड्स में जनवरी में 1.87 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जो कि दिसंबर में 80,509 करोड़ रुपए पर था। सभी ओपन एंडेड म्यूचुअल फंड्स की कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) जनवरी में बढ़कर 66.98 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जो कि




- **एयूएम में भी हुआ इजाफा**

दिसंबर के एयूएम 66.66 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 0.49 प्रतिशत अधिक है।

म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या में भी इजाफा हुआ है और जनवरी में यह बढ़कर 22.91 करोड़ हो गई है, जो कि दिसंबर में 22.50 करोड़ थी। हालांकि, इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में जनवरी में 39,687 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है। यह दिसंबर में आए 41,155.9 करोड़ रुपए के निवेश से 3.6 प्रतिशत कम है।

# टिकाऊ लॉजिस्टिक्स पार्टनर के रूप में उभरी एस्सार की ग्रीनलाइन

**मुंबई,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। एस्सार के ग्रीन मोबिलिटी इकोसिस्टम का हिस्सा और भारत की सबसे बड़ी स्वच्छ ईंधन लॉजिस्टिक्स प्रदाता ग्रीनलाइन, एलएनजी से चलने वाले ट्रकों के अपने बेड़े के साथ देश के सड़क माल उद्योग के डीकार्बोनाइजेशन को आगे बढ़ा रही है। पर्यावरण के अनुकूल, उच्च प्रदर्शन वाले लॉजिस्टिक्स समाधान पेश करके, ग्रीनलाइन भारत की आपूर्ति श्रृंखला को बदल रही है, साथ ही प्रमुख उद्योगों को अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने और टिकाऊपन के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर रही है।

एलएनजी से चलने वाले 500 से अधिक ट्रकों के बढ़ते बेड़े और मार्च 2025 तक 1000 तक बढ़ाने की




- **भारत की आपूर्ति श्रृंखला को बदल रही है ग्रीनलाइन**

योजना के साथ, ग्रीनलाइन देश के सबसे अधिक कार्बन-गहन क्षेत्रों में से एक से उत्सर्जन को पूरी सक्रियता से कम कर रही है। ये ट्रक, 40 टन पेलोड ले जाने और एक टैंक पर 1,200 किलोमीटर तक की यात्रा करने में सक्षम हैं, जो एफएमसीजी और ऑटोमोटिव से लेकर तेल, गैस, धातु और खनन, सीमेंट, निर्माण और एक्सप्रेस डिलीवरी तक के क्षेत्रों के लिए गेम-चेंजर साबित हो रहे हैं।

भारत ऊर्जा सप्ताह की पृष्ठभूमि में, ग्रीनलाइन के सीईओ आनंद मिमानी ने कहा कि हमारा बेड़ा स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध जागरूक कॉरपोरेट्स के लिए हरित रसद की ओर बदलाव ला रहा है, जो भारत की आपूर्ति श्रृंखलाओं के भविष्य को सक्रिय रूप से आकार दे रहा है। ग्रीनलाइन ने पहले ही 9,231 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम कर दिया है, जो 3,69,000 से अधिक पेड़ लगाने के बराबर है। यह भारत के रसद उद्योग के लिए अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। जैसे-जैसे टिकाऊ रसद समाधानों की मांग बढ़ रही है।

## सार संक्षेप

### एयरटेल ने किया नोकिया के साथ करार

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने पूरे भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) और वाई-फाई सल्यूशन के विस्तार हेतु नोकिया और क्वालकॉम के साथ एक करार किया है। कंपनी ने कहा कि इस समझौते के तहत, नोकिया एयरटेल को अपने 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस आउटडोर गेटवे रिसीवर और वाई-फाई 6 एक्सेस पॉइंट की आपूर्ति करेगा, जो क्वालकॉम मॉडिम-आरएफ और वाई-फाई 6 चिपसेट्स पर आधारित होंगे। इस पहल का उद्देश्य उन क्षेत्रों में बेहतर ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करना है, जहां फाइबर कनेक्टिविटी या तो सीमित है या उसे लागू करना चुनौतीपूर्ण है। भारत में फाइबर कनेक्टिविटी की सीमित पहुंच और डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग के कारण, 5जी नेटवर्क के माध्यम से फिक्स्ड वायरलेस ब्रॉडबैंड एक्सेस का उपयोग एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है।


# चौदह समूहों में हुई बिकवाली से गिरा शेयर बाजार

**मुंबई,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी टैरिफ खतरे और कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम से चिंतित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, सीडी, ऊर्जा और ऑटो समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार छठे दिन

- **सेंसेक्स 122.52 अंक की गिरावट लेकर 76,171.08 पर रहा**
- **निफ्टी 26.55 अंक उतरकर 23,045.25 पर बंद**

गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 122.52 अंक की गिरावट लेकर 76,171.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 26.55 अंक उतरकर 23,045.25 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों पर भी बिकवाली का दबाव रहा, जिससे मिडकैप 0.45 प्रतिशत टूटकर 40,760.39 अंक और स्मॉलकैप 0.49 प्रतिशत की गिरावट लेकर 47,136.37 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई की 4066 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2435 में गिरावट जबकि 1534 में तेजी रही वहीं 97 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 कंपनियों में




बिकवाली जबकि 28 में लिवाली हुई। बीएसई के 14 समूहों का रुख नकारात्मक रहा। इससे रियल्टी 2.58, सीडी 0.75, ऊर्जा 0.70, एफएमसीजी 0.32, हेल्थकेयर 0.46, आईटी 0.65, यूटिलिटीज 0.25, ऑटो 0.84, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.11, तेल एवं गैस 0.62, पावर 0.41, टेक 0.17, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह 0.54 प्रतिशत गिर गया।

वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.07, जर्मनी का डैक्स 0.25, जापान का निक्केई 0.42, हांगकांग का हैंगसेंग 2.64 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.85 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 105 अंक की गिरावट लेकर 76,188.24 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 75,388.39 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर बाद 76,459.72 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,293.60 अंक के मुकाबले 0.16 प्रतिशत फिसलकर 76,171.08 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.20, आईटीसी 2.14, पावरग्रिड 1.61, रिलायंस 1.53, इंडसइंड बैंक 1.52, अडानी पोर्ट्स 0.88, टाइटन 0.88, इंफ़ोसिस 0.70, मारुति 0.43, एचसीएल टेक 0.42, सन फार्मा 0.41, एशियन पेंट 0.37, टीसीएस 0.36, जोमैटो 0.23, आईसीआईसीआई बैंक 0.12, एक्सिस बैंक 0.09 और नेस्ले इंडिया 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, बजाज फिन सर्व 2.64, टाटा स्टील 1.65, एलटी 1.51, अल्ट्रासिमको 1.41, कोटक बैंक 1.35, टाटा मोटर्स 0.99, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.83, भारती एयरटेल 0.83, एचडीएफ़सी बैंक 0.42, टेक महिंद्रा 0.42, एसबीआई 0.31, एनटीपीसी 0.18 और बजाज फाइनेंस के शेयर 0.08 प्रतिशत मजबूत रहे।

## 10 लाख घरों तक जल्द पहुंचेगी सौर ऊर्जा

**नई दिल्ली।** पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के एक साल पूरे होने को हैं। छत पर सौर पैनल लगाने की सुविधा देकर घरों को मुफ़्त बिजली प्रदान करने के लिए पिछले साल शुरू की गई इस योजना का लाखों लोग लाभ उठा रहे हैं।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PARICHHIT V AGRAWAL S/O SHIV AGRAWAL resident of HOUSE NO.W-6, JEEVAN VIHAR COLONY, MAGNETO MALL ROAD VIP CHOWK, TELIBANDHA, PO. RAVIGRAM RAIPUR (C.G.) have changed my old name PARICHHIT V AGRAWAL S/O SHIV AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is PARIKSHIT AGRAWAL S/O SHIV AGRAWAL in all Government and other documents.

**PARIKSHIT AGRAWAL**
HOUSE NO.W-6, JEEVAN VIHAR COLONY, MAGNETO MALL ROAD VIP CHOWK, TELIBANDHA, PO. RAVIGRAM RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AMITA NAIR D/O LATE B K NAIR resident of 24 AMBIENCE, NEAR JAIN PUBLIC SCHOOL, DEVPURI RAIPUR (C.G.) 492001 have changed before marrige my old name AMITA NAIR D/O LATE B K NAIR so in future I should be recognized by after marrige my new name that is AMITA NAIR LAMBA W/O ANKUSH LAMBA in all Government and other documents.

**AMITA NAIR LAMBA**
24 AMBIENCE, NEAR JAIN PUBLIC SCHOOL, DEVPURI RAIPUR (C.G.) 492001


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 मुजगहन ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440727300022

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम मुजगहन के वर्तमान भूमिस्वामी नरबदिया पिता/पति पुरूषोत्तम पता खेमलाल वेदव्यास जागेश्वर गोदावरी कल्याणी पिता/पति पुरषोत्तम पता सा. देह, धनेश प्रकाश पिता/पति अर्जुन पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 34/1 0.0092 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुशीला सेवता पिता/पति रेमन लाल सेवता पता निवासी म.नं. 8/1 हुडको कॉलोनी पुलिस लाईन रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्त/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.02.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आमुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.02.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/बी-121/2024-2025
ग्राम-भटगांव प.ह.नं....
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 01.02.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक अशोक कुमार चतुर्वेदी पिता उदेराम द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के माता स्व. श्रीमती तिजिया बाई पति स्व. श्री उदेराम की मृत्यु दिनांक 01.10.2001 को घर/हॉस्पिटल घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15.02.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु**
**आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता**
**न्यायालय:- भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायपुर ( छ.ग. )**

उत्तराधिकार क्र.-10/2025
प्रो.क्र. 91 पेशी दिनांक 19.03.2025
श्रीमती फुलेश्वरी साहू वगै. ............. आवेदकगण
**बनाम**
आम जनता ............. अनावेदक
प्रति,
आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण

जो कि आवेदकगण के मृतक पति/पिता कुशलाल साहू के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 19.03.2025 को दिन प्रात: 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अत: आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट:-** यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावे।

यह आज दिनांक 08.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं अधिकरण की मुद्रा लगाकर किया गया है।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 08.02.2025

**मुहर** **( भूपेश कुमार बसंत )**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 1292/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 05/02/25**

प्राधिकरण की मठपुरैना योजनान्तर्गत भूखंड क्रमांक 357 क्षेत्रफल 450 वर्गफुट श्रीमती शहजादी बेगम पति श्री मोहम्मद बदरे आलम को 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु दिनांक 23.01.2025 को कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी कोई आपत्ति दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00044 सड्डू ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440723900080

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00044 के अंतर्गत ग्राम सड्डू के वर्तमान भूमिस्वामी अब्दुल नसीम पिता स्व. हाजी अब्दुल सलाम पिता/पति पी/185244 पता महावीर नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 137/33 0.0150 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता श्रीमती शाहीना परवीन पिता/पति स्व. अब्दुल नसीम पता निवासी शिव मंदिर के सामने नेहरू नगर रायपुर छ.ग., मोहम्मद जुनैद रिजवी पिता/पति स्व. अब्दुल नसीम पता निवासी शिव मंदिर के सामने नेहरू नगर रायपुर छ.ग., मोहम्मद शोएब रिजवी पिता/पति स्व. अब्दुल नसीम पता निवासी शिव मंदिर के सामने नेहरू नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्त/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.02.2025 को समय सुबह 11 बजे न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आमुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.02.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, CHANDA AGRAWAL W/O ARUN KUMAR AGRAWAL resident of H NO - 1057, ABOVE GOYAL TRADERS, OPP PADAV, WARD- 8, GUDHIYARI, RAIPUR (C.G.) have changed my old name CHANDA AGRAWAL W/O ARUN KUMAR AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is CHANDA DEVI AGRAWAL W/O ARUN KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**CHANDA DEVI AGRAWAL**
H NO - 1057, ABOVE GOYAL TRADERS,OPP PADAV, WARD- 8, GUDHIYARI , RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VAISHALI NAGDEV D/O LADHA RAM NAGDEV resident of H.NO. 01, SHIVAJI PARK, AVANTI VIHAR, TELIBANDHA, PO. RAVIGRAM, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name VAISHALI NAGDEV D/O LADHA RAM NAGDEV so in future I should be recognized by my new name that is VAISHALI VALECHA W/O SAGAR VALECHA in all Government and other documents.

**VAISHALI VALECHA**
H.NO. 01, SHIVAJI PARK, AVANTI VIHAR, TELIBANDHA, PO. RAVIGRAM, RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHALOO GOEL W/O SHEKHAR GOEL resident of C1/5 ,CELEBRITY HOMES ,NEAR KABIR NAGAR, HIRAPUR. TATIBANDH RAIPUR 492099 (C.G.) have changed my old name SHALOO GOEL W/O SHEKHAR GOEL so in future I should be recognized by my new name that is SHALU GOEL W/O SHEKHAR GOEL in all Government and other documents.

**SHALU GOEL**
C1/5 ,CELEBRITY HOMES , NEAR KABIR NAGAR, HIRAPUR. TATIBANDH RAIPUR 492099 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, GOUTAM DAS S/O KRISHNA PADA DAS resident of PLOT NO. 17, PHASE-2, RAM RAMA RESIDENCY NEAR RIDDHI SIDDHI GARDEN MAHAVEER NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name GOUTAM DAS S/O KRISHNA PADA DAS so in future I should be recognized by my new name that is GOUTAM KUMAR DAS S/O KRISHNA PADA DAS in all Government and other documents.

**GOUTAM KUMAR DAS**
PLOT NO. 17, PHASE-2, RAM RAMA RESIDENCY NEAR RIDDHI SIDDHI GARDEN MAHAVEER NAGAR RAIPUR (C.G.)

# कर्णेस्वर में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**धमतरी,** 11 फरवरी (देशबन्धु)। कर्णेस्वर मेला में माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने महानदी व बालका नदी के संगम में पुन्नी स्नान कर कर्णेस्वर महादेव सहित विभिन्न देवी देवताओं का दर्शन लाभ लिया। मंगलवार की मध्य रात्रि से ही दूर दूर से आये सैकड़ो ग्रामीण जन, साधु संतों, देवी देवताये, अपने देव विग्रह सहित महानदी व बालका नदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर कर्णेस्वर महादेव, राम जानकी सहित विभिन्न मंदिरों का दर्शन किया यह सिलसिला बुधवार दिन भर चलता रहा।

परम्परा अनुसार मन्दिर में आये देवी देवताओं को ट्रस्ट द्वारा मड़ई के लिये सुपारी चावल भेट कर आमन्त्रण दिया। कर्णेस्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट व प्रशासन पूरी चाक चौबंद व्यवस्था करने में जुटी रही। मंगलवार की शाम को संगम स्नान घाट में चित्रोत्पला

## देवी देवताओं को ट्रस्ट ने सुपारी भेट कर देव मड़ाई का दिया निमन्त्रण

महानदी की पूजा अर्चना कर ट्रस्ट ने प्रथम दीप दान किया व कर्णेस्वर महादेव की पूजा अर्चना से पांच दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। छिपली पारा टिकरी वाली के पुजारी ने खम्बेस्वरी में ध्वजा चढ़ाया। मंदिर परिसर स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना हुआ।

सतनामी समाज ने जैतखाम में पालो चढ़ाकर बाबा जी को याद किया, कुम्हार समाज ने विष्णु भगवान,निषाद समाज ने राम सीता निषाद राज व पटेल समाज ने माता शाकम्भरी की पूजा अर्चना किया। रामाराव बघेल द्वारा परम्परा अनुसार पुन्नी स्नान करने आये श्रद्धालुओं को संगम घाट के पास प्रसादी वितरण किया। मंगलवार की रात्रि को पण्डवानी का लोगों ने अच्छा लुत्फ उठाया। गुरुवार को देव मड़ई है जिसमें सिहावा अंचल सहित उड़ीसा व बस्तर के देवी देवता आंगा आदि अपने पूरे स्वरूप में अपनी उपस्थिति प्रदान कर परम्परा अनुसार मेले की परिक्रमा करेंगे। लोगों के मनोरंजन के लिये रात्रि में लहर गंगा अर्जुन्दा पुराणिक साहू कृत छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

हर साल की तरह श्रद्धालुओं की संख्या बहुतायत रही, जिसके लिये ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, संरक्षक विधायक अम्बिका मरकाम, कैलाश पवार, उपाध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, सचिव ललित शर्मा, सह सचिव राम भरोसा साहू, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, गगन नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, शिव कुमार परिहार, योगेश साहू, रवि दुबे, सचिन भंशाली, भरत निर्मलकर, कैलाश प्रजापति, कलम सिंह पवार, उत्तम साहू, कोमल श्रीमाली, रवि ठाकुर, कैलाश प्रजापति, नोहर साहू, आनंद अवस्थी, रामलाल नेताम, प्रकाश बेश, राकेश चौबे, महेन्द्र कौशल, ललित निर्मलकर, रामभरोसे साहू, छबि ठाकुर, आनंद अवस्थी, रवि भट्ट, हनी कश्यप, अनुरुद्ध साहू, के एन पांडेय, प्रदीप जैन, नन्द यादव, रामगोपाल साहू, दीपक यदु, डोमार मिश्रा, दुर्गेश साहू, हेमन्त पूरी गोस्वामी, खम्मन आडिल, प्रकाश सर्व, पंकज ध्रुव, मनोहर मानिक पूरी, मनोज गुप्ता, कुलेश साहू, हेमु साहू, प्रवीण गुप्ता, अमर सिंह पटेल, कमलेश मिश्रा, अंजोर निषाद, प्रेमलता नागवंशी, प्रताप सुरेशा, उत्तम साहू, होरी लाल पटेल, मोहन पुजारी, मिलेश साहू, पेमन स्वर्णबेर, ईश्वर जांगड़े, किशन गजेन्द्र, अकबर कश्यप, लखन ध्रुव, भानु साहू सहित प्रशासन आदि जुटे रहे।



# स्ट्रांग रूम के बाहर कांग्रेसियों का हंगामा, लापरवाही का लगाया आरोप

**धमतरी,** 11 फरवरी (देशबन्धु)। पीजी कॉलेज में बुधवार को कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी सहित अन्य नेता पहुंचे और विरोध शुरू कर दिया। उनका कहना था कि सीसी कैमरा का समय गलत आ रहा है। इस दौरान मौजूद रिटर्निंग अधिकारी के साथ कहा सुनी हो गई जिसमें महिला अधिकारी रो पड़ी।





11 फरवरी को नगर निगम के चुनाव के बाद ईवीएम को पीजी कॉलेज परिसर में बने स्ट्रांग रूम में रखा गया है। बुधवार की सुबह कांग्रेस के विजय गोलछा, आनंद पवार, आकाश गोलछा, राजेश पांडे, अजय वर्मा, दीपक सोनकर, कमलेश सोनकर, जितेंद्र साहू, पूर्णिमा रजक, आशुतोष खरे के अलावा गगन कुंभकार, मोहनी साहू आदि स्ट्रांग रूम पहुंचे। नीचे लगे सीसी कैमरा के मॉनिटर में देखा तो भौंचक्के रह गए। एक कैमरा का समय सही दिख रहा था बाकी सब का दो-तीन घंटा अंतर आ रहा था। फिर क्या था विरोध के साथ हंगामा शुरू हो गया। वहां मौजूद महिला रिटर्निंग अधिकारी इंदिरा सिंह के साथ कहा सुनी हो गई जिससे आहत होकर महिला अधिकारी रो पड़ी। सूचना मिलते ही कलेक्टर नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय भी मौके पर पहुंचे। कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि समय को आखिर क्यों गलत रखा गया है। इसमें बहुत कुछ धांधली हो सकती है। कलेक्टर ने तुरंत लिखित शिकायत लेकर उनकी समस्या का समाधान किया।

कलेक्टर नम्रता गांधी ने बताया कि सीसी कैमरा की गलत समय को लेकर प्रत्याशियों ने लिखित शिकायत दी है। यह टेक्निकल फॉल्ट है। उनकी संतुष्टि के लिए स्ट्रांग रूम ले जाया गया। उसके बाद टेक्निकल टीम द्वारा समय को सुधार कर लिया जाएगा। उनके द्वारा बैकअप की मांग की गई है जो उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम पवन प्रेमी, उपायुक्त पीसी सार्वा, कोतवाली निरीक्षक राजेश मरई आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस ने बागियों को किया 6 साल के लिए निष्कासित

**बलौदाबाजार,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगरपालिका और नगर पंचायतों के चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ बागी होकर लड़े कांग्रेस के पदाधिकारियों को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की अनुशंसा पर अनुशासनहीनता का दोषी पाए जाने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित करने का आदेश जारी किया है। जिसमें भाटापारा नगरपालिका के कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ लड़ने वाले लालू मानिकपुरी, दासन बंजारे, सिमगा नगरपालिका के कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले पप्पू अली, कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले भावेश यादव तथा टुंडरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ लड़ने वाले गीता पटेल को 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। उसी तरह कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस के लोगो को भी 6साल के कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किया गया है। जिसमें भाटापारा नगरपालिका के मनोज ठाकुर, मो.शमीम खान, वैशाली शैलेंद्र अहिरवार, महेंद्र सेन, सिमगा नगरपालिका के अविनाश दास को पार्टी से निष्कासित किया गया है।

# कलेक्टर ने रिटर्निंग ऑफिसर को किया नोटिस जारी

**बलौदाबाजार-सिमगा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने के कारण रिटर्निंग ऑफिसर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। रिटर्निंग ऑफिसर को नोटिस प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर जवाब देना होगा।

जारी आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नगर पालिका परिषद सिमगा के रिटर्निंग ऑफिसर अंशुल वर्मा 5 फरवरी 2025 को बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित रहे। लोकेशन ट्रेस करवाये जाने पर उनकी लोकेशन रायपुर पाई गई। इससे यह प्रतीत होता है कि निर्वाचन जैसे संवेदनशील कार्यों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन नहीं किया जा रहा है। पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही है। यह कृत्य छतीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उप नियम (1) के खण्ड (एक) (दो) के विपरीत है। अतः क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किया जाए, इस सम्बन्ध में जवाब सूचना प्राप्ति के 3 दिवस के भीतर मांगा गया है।

# बांड ओवर की अवहेलना करने पर राशि जब्त

**बलौदाबाजार,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। बांड ओवर की अवहेलना करने वाले पर बांड ओवर की राशि 10 हजार में से एक हजार जब्त कर चालान के माध्यम से शासन के पास जमा कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी गिरौद के प्रतिवेदन के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी गिरौद द्वारा तहसील टुंडरा अंतर्गत ग्राम अर्जुनी निवासी आकाश ठाकुर पिता यशवंत ठाकुर के विरुद्ध 27 जनवरी 2025 को 10 हजार रुपये का बांड ओवर किया गया। आकाश ठाकुर के द्वारा 27 जनवरी 2025 को ही संध्या में अपने गांव पहुंचकर परिशान्ति भंग करते हुए गांव के ही निवासी हरदयाल सिंह ठाकुर को गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर डंडा से मारपीट कर चोट पहुँचाया गया। न्यायालय दंडाधिकारी गिरौद के बांड ओवर की अवहेलना करने के कारण 12 फरवरी 2025 को बांड ओवर की राशि 10 हजार में से एक हजार जब्त कर चालान के माध्यम से शासन के पास जमा कराया गया।

# नपा के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम मशीन में कैद

**बागबाहरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कल मंगलवार 11 फरवरी को नगरपालिका बागबाहरा में अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों का चुनाव संपन्न हुआ। मतदाताओं द्वारा दिए गए उनके मतदान से प्रत्याशियों का किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो गया है। 15 वार्डो में अध्यक्ष एवं पार्षद पदो के लिए हुए मतदान का प्रतिशत 75 त्न रहा। जिसमें 15887 मतदाताओं में से कुल 11916 लोगों ने अध्यक्ष एवं पार्षद पदो के लिए 37 प्रत्याशियों के भाग्य पर अपनी मुहर लगाई है। 15 वार्डो में सबसे अधिक मतदान 86.16 प्रतिशत वार्ड नं 10 एवं सबसे कम 64.67 प्रतिशत मतदान वार्ड नं 2 में हुआ है। वार्ड नं 14 भाजपा प्रत्याशी एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ हुए आपसी मारपीट की घटना को छोड़कर मतदान अमूमन शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

मतदान के बाद हार जीत की अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। नगर के मतदाता मतदान प्रारंभ होने के पूर्व मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान करते दिखे। सुबह 10 बजे तक 15 प्रतिशत मतदान हो गया था। सबसे अधिक मतदान दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक 23 प्रतिशत रहा महिलाओं की बढ़ती भीड़ इस दरमियान पोलींग बूथ में देखी गई। शाम 4 बजे तक मतदान के आंकड़े ने 66 प्रतिशत को छू लिया था। अंतिम एक घंटे में शाम 5 बजे तक 9 प्रतिशत लोगों ने मतदान में भाग लिया। इस बार 11916 लोगों द्वारा मतदान किया गया। मतदान में महिलाओं का प्रतिशत गत चुनाव की भांति अधिक रहा। इस बार 6203 महिलाओं एवं 5713 पुरुष के अलावा तीन थर्ड जेंडर मतदाताओं ने चुनाव में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगरपालिका अध्यक्ष पद के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने अपने वार्ड नं 11 एवं भाजपा प्रत्याशी शंकर तांडी ने वार्ड नं 14 में मतदान किया।

इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर दोनो में सीधी टक्कर रही है। दोनों प्रमुख प्रत्याशी चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों में सक्रियता के साथ दिनभर जुटे रहे।



**नगर में सबसे अधिक मतदान 86 प्रतिशत वार्ड नं 10 में हुआ सबसे कम मतदान वार्ड नं 2 में 64 प्रतिशत हुआ 15887 में से कुल 11916 लोगों ने मतदान किया यहां कुल 75 प्रतिशत मतदान हुआ**

### वार्ड 14 में मतदान होते तक पुलिस रही मुस्तैद

नगरीय निकाय मतदान को शांति पूर्वक सुव्यवस्थित संपन्न कराने में बागबाहरा के रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम उमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में उक्त कार्य में जुटे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरी मुस्तैदी के साथ चुनाव कार्य संपन्न कराया ।पुलिस प्रशासन के जवान चुनाव में दिनभर डटे रहे। वार्ड नं 14 में हुए आपसी मारपीट एवं लड़ाई झगडे के बाद उक्त क्षेत्र समेत मतदान केन्द्रों के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल मतदान समाप्ति होने तक सक्रिय नजर आए।

### ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील कर किया सुरक्षित

**बालोद,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के सभी 08 नगरीय निकायों में 11 फरवरी को शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। जिसके पश्चात् मतदान दलों की सामग्री जमा केंद्र में सफलतापूर्वक वापसी हुई। जिले के सभी नगरीय निकायों में मतदान सामग्रियों यथा ईवीएम मशीन एवं बैलेट यूनिट को सुरक्षित रखने स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहाँ कल मतदान पश्चात् सामग्रियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सीसीटीवी की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। सभी स्ट्रांग रूम को मुहरबंद कर कड़ी सुरक्षा में रखा गया है।

**न्यायालय- श्रीमती मंजुलता सिन्हा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला बलौदाबाजार (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**प्रोसेस क्रमांक 05/2025**
**सक्सेशन क्रमांक 01/2025**
**पेशी दिनांक 04.03.2025**
**पक्षकार लक्ष्मण घृतलहरे**
**विरूद्ध**
**उत्तरा घृतलहरे वगैरह**

उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन की सूचना अंतर्गत भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 की धारा 372 आवेदक लक्ष्मण घृतलहरे वल्द स्व मोहर दास घृतलहरे उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम धोबनीडीह तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. ने उत्तरा घृतलहरे वगैरह में आम जनता (जिसका इससे संबंध हो) के विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदक की बुआ लैनी बाई की आकस्मिक मृत्यु दिनांक 10.11.2024 को चुका है। आवेदक की बुआ लैनी बाई पति स्व. कताहुराम टंडन के नाम पर इंडियन बैंक शाखा सुहेला में एक बचत खाता क्रमांक 21420053800 है। इंडियन बैंक शाखा सुहेला में दिनांक 30.06.2023 को मृतिका लैनी बाई द्वारा एफ डी क्रमांक 7541157728 खोला गया था जो दिनांक 21.08.2024 को बंद करा दी गयी थी। उसी दिन दिनांक 21.08.2024 को नया एफडी क्रमांक 7848778555 खोला गया जिसमें रकम 9,00,000 रू (अक्षरी नौ लाख रूपये) है। जिसमें नामिनी के रूप में अनावेदिका क्रमांक 1 का नाम दर्ज है। अतः बैंक द्वारा उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र पेश करने को कहा गया हैं। आवेदक द्वारा मृतिका लैनी बाई के विधिक वारिसान होने का दावा किया गया है तथा मृतिका लैनी बाई का सेवा पालन पोषण व देखरेख किया गया तथा उसके मृत्यु उपरांत उसकी क्रियाकर्म एवं दशगात्र किया गया है। अतः उपरोक्त जमा राशियों को प्राप्त करने के लिए आवेदक द्वारा उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत की है। जिसकी आगामी सुनवाई 04.03.2025 को समय 11 बजे नियत की गई हैं।

अतः आम जनता में से किसी को भी उक्त आवेदन के संबंध में कोई दावा आपत्ति हो तो इस सुनवाई तिथि को स्वयं या अपने वकील के माध्यम से या अन्य किसी ऐसे व्यक्ति के माध्यम से जो आपका पक्ष रख सके। जिसे प्राधिकार हो उपस्थित होकर व अपना पक्ष समर्थन में जवाब अथवा आपत्ति प्रस्तुत करें। सुनवाई तिथि 04.03.2025 को उक्त अनुसार उपस्थित न होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। अतः इस न्यायालय द्वारा आज दिनांक 06.02.2025 को न्यायालय की सील व मुहर लगाकर जारी किया गया।

टीपः- यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

**( श्रीमती मंजुलता सिन्हा )**
सील **द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला बलौदाबाजार ( छ.ग. )**

**कार्यालय गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ-01-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मण्डल द्वारा निर्मित कॉलोनी सामान्य आवास योजना कौरिनभांठा, राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्री अरूण कुमार शंकरराव कपले पिता स्व. श्री शंकरराव कपले भवन क्रमांक एच.आई.जी.-32, कौरिनभांठा राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

**कार्यालय गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ-01-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मण्डल द्वारा निर्मित कॉलोनी अटल आवास योजना टेडेसरा, राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्रीमती सुषमा द्विवेदी पति श्री नागेश द्विवेदी भवन क्रमांक अटल आवास 111, टेडेसरा राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सुभाष शर्मा पिता श्री विनोद शर्मा जाति मेहरा निवासी वार्ड नं.-13 बेमेतरा (सिंघौरी) तह. व जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.नं. 281/5 रकबा 0.021 हे. भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रेता जाहिदा बानो पति श्री याकुब भाई से दिनांक 14.11.2022 को प्राप्त किया है।

यह कि जाहिदा बानो पति श्री याकुब भाई ने मौजा सिंघौरी प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. कोबिया तह. व जिला बेमेतरा छ.ग. में स्थित ख.नं. 281/5 रकबा 0.021 हे. भूमि को दिनांक 08.03.2022 को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से श्री वसिम अहमद पिता श्री नसीम अहमद से क्रय किया था, जिसका ग्रंथ क्रमांक 9599 द.क्र. 4760 है। उपरोक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र की मूल प्रति विक्रेता द्वारा मुझे प्रदान की गयी थी जो गुम हो गयी है जिसे मेरे द्वारा खोज किए जाने पर भी मूल प्रति नहीं मिली। ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र की मूल प्रति मिलने की संभावना नहीं है। उपरोक्त वर्णित संपत्ति के किसी भी अंश के एवज में किसी व्यक्ति/व्यक्तियों, संस्था, निगम, शासकीय/अर्धशासकीय, कार्यालय, बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, साहूकार से कोई भी ऋण नहीं लिया गया है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों, संस्था, निगम, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, साहूकार को कोई भी उजर या दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 (दिन) के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज के हमारे नीचे लिखे कार्यालय में प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करें। बाद म्या गुजरने के की गई उजर आपत्ति झूठी एवं नाजायज मानी जावेगी।

सो सूचना जाने।

स्थान बेमेतरा
दिनांक 12.02.2025

**अपूर्वा तिवारी ( अधिवक्ता )**
मुहर **कार्यालय वार्ड नं. 03 नया बस स्टैण्ड के पीछे कचहरी पारा बेमेतरा**

**शपथ-पत्र**

मैं श्रीमती कुन्तीबाई खोरावंशी पति स्व.जीवनलाल खोरावंशी उम्र 38 वर्ष स्थायी पता निवास ग्राम बलीराम कश्यप वार्ड नयामुडा पारा जगदलपुर, तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर, छत्तीसगढ़ तथा वर्तमान पता मकान नं.85 ग्राम पंचायत खालेमुरखंड, जिला कोण्डागांव, छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँः-

1 यह कि मेरे पति स्व.श्री जीवनलाल खोरावंशी पिता जीयालाल खोरावंशी जो शिक्षा विभाग अन्तर्गत शा.उ.मा.वि.खालेमुरखंड में भृत्य के पद पर सेवारत थे, जिनका निधन उनकी सेवाकाल में दिनांक 05/03/2017 को हो जाने से मैने अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत की है।

2.यह कि मैं मेरे विवाह पूर्व के पूर्व कुंजबती के नाम से जानी पहचानी जाती थी, जिसका उल्लेख मेरे विवाह पूर्व के समस्त शैक्षणिक संबंधी प्रमाण पत्र में दर्ज है।

3.यह कि मैं अपने विवाह पश्चात् अपने नाम में परिवर्तन कर कुन्तीबाई खोरावंशी पति जीवनलाल खोरावंशी के नाम से जानी पहचानी जाती हूं तथा इसी नाम उपनाम से वर्तमान में प्रचलन में हूं।

4.यह कि मेरे भारतीय विशिष्ट आधार कार्ड क्र. 7368 8402 5309 में नाम कुन्तीबाई खोरावंशी पति स्व.जीवनलाल खोरावंशी है तथा जन्मतिथि 15/02/1986 दर्ज है।

5.यह कि कुन्तीबाई खोरावंशी एवं कुंजवती यह दोनों ही नाम मेरे स्वयं का ही है। यह दोनों ही नाम की एकमात्र महिला में स्वयं शपथकर्ती का होने की पुष्टि में प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता**
**कुन्तीबाई खोरावंशी**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MOHIT KUMAR JASWANI S/o SHANKAR LAL JASWANI निवासी- 75/24, NEW DEEPAK NAGAR BEHIND SUN SHINE SCHOOL WARD NO.24, AAMDI MANDIR DURG DIST. DURG (C G.) का हूं कि मेरा नाम MOHIT KUMAR JASWANI है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों मे दर्ज कर दिया गया है, जिसको त्याग कर मैं अपना नया नाम MOHIT JASWANI रख लिया हूं। अतः आज से मेरे समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में एवं संबंधित अभिलेख प्रमाण पत्र में मेरा नया नाम MOHIT JASWANI से ही जाना व पहचाना जायेगा।

**MOHIT JASWANI**
**निवासी- 75/24, NEW DEEPAK NAGAR BEHIND SUN SHINE SCHOOL WARD NO.wy, AAMDI MANDIR DURG DIST. DURG (C G.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र....ब/121 वर्ष 2025**
**ग्राम मोपर प.ह.नं. 37**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परदेशी निषाद पिता श्री संतराम निषाद जाति केंवट निवासी ग्राम मोपर प.ह.नं. 37 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपनी माता लूटन बाई निषाद पति श्री संतराम निषाद की मृत्यु दिनांक 20/04/1990 (स्थान) ग्राम मोपर के मृत्यु का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत मोपर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 12/02/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 12/02/25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से वावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात माया पति पर पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/01/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा ( छत्तीसगढ़ )**

**GRACIOUS COLLEGE OF PHARMACY, KAWARDHA**
**APPOINTMENTS**
**Approved By Pharmacy Council Of India, New Delhi & Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University, Bhilai**
**Application are invited for follwing post**

| S. N. | Name of the Post | Sub. Specialization | No.of Post | Qualification experience As per PCI |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Principal | | 01 | 15 years experience in teaching or research out of which 5 years must be as Professor/ HOD in a PCi approved/ reconginzed pharmacy college. |
| 2. | Professor | | 01 | 10 year expeience in teaching in PCI approved/ recongnized Pharmacy College or research experience out of which 5 years must be as Associate Professor in PCI approved/ recognized Pharmacy College. |
| 3. | Associate Professor | Pharmaceutis | 01 | 3 years experience in teaching or research at the level of Assistant Professor or equivalent in PCI approved / recognized Pharmacy College. |
| | | Pharma, Chemistry | 01 | |
| | | Pharmacology | 01 | |
| | | Pharmacognosy | 01 | |
| 4. | Assistant Professor | Pharmaceutis | 02 | 3 years experience in teaching or research at the level of Lecturer or equivalent in PCI approved / recognized Pharmacy College. |
| | | Pharma, Chemistry | 02 | |
| | | Pharmacology | 02 | |
| | | Pharmacognosy | 01 | |
| | | Pharmaceutical QA/QC | 01 | |
| 5. | Lecturer | | 06 | A lecturer will be re-designed as Assistant Professor after 2 years of teaching experience in PCI approved recognized Pharmacy College. |

Other terms & conditions :-
1. Experiece : As per Council Norms
2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale/State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government

Selection Criteria :- Selection will decide on merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like - Number of paper publication in various national/international journals. Paper presentation in conferences. Total No. of conferences attended.

Last date of receipt of Application :- Within 15 days from the date of publication of advertisement.

# त्रिवेणी संगम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

■ इसी के साथ राजिम कल्प कुंभ का हुआ शुभारंभ

**राजिम** 12 फरवरी (देशबंधु) । माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार 12 फरवरी को राजिम के त्रिवेणी संगम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुन्नी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। इसी के साथ राजिम कल्प कुंभ 2025 का शुभारंभ हो गया। आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर अंचल सहित प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पैरी, सोढ़ूर और महानदी में तडके सुबह से डुबकी लगाकर पुण्य स्नान कर अपने आप को धन्य किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने श्री राजीव लोचन और कुलेश्वरनाथ महादेव के मंदिर पहुंचकर दर्शन कर अपने परिवार की खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। दोनों मंदिरों के अलावा श्रद्धालु लोमश ऋषि आश्रम, राजिम भक्तिन माता मंदिर, मामा-भांचा मंदिर, राजराजेश्वर, दानदानेश्वर, बाबा गरीबनाथ महादेव का दर्शन किया।



श्रद्धालुओं ने तीनों नदी, पैरी, सोढ़ूर और महानदी के संगम में डुबकी लगाने के बाद नदी के रेत में शिवलिंग बनाकर उसमें नारियल, बेल पत्ता, धतुरे का फूल, दूध चढ़ाकर पूजा अर्चना कर नदी में दीपदान किया। सूर्योदय के पूर्व पुन्नी स्नान का बड़ा महत्व है। दीप दान किए जाने का भी धार्मिक महत्व है, इसलिए नदी की धार में दीप दान कर श्रद्धालु सीधे श्री राजीव लोचन और भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के लिए लोग पहुंचे।

श्री राजीव लोचन का जन्मोत्सव

माघ पूर्णिमा के दिन भगवान श्री राजीव लोचन का जन्म दिवस है। इसके उपलक्ष्य में सदियों से राजिम के इस पावन भूमि में मेले भरते आ रहा है। भगवान का जन्मोत्सव मंदिर प्रांगण में बैंड-बाजे के साथ बहुत ही धूम-धाम से मनाया गया है। भगवान के पूजा के बाद नया लाल ध्वज मंदिर के कलश में चढ़ाया गया। माघ पूर्णिमा को लेकर भगवान श्री राजीव लोचन का मंदिर दमकने लगा है। बिजली की झालर और तेज लाइट की रोशनी से जगमगाने लगा है।

### 26 फरवरी को होगा समापन

छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक राजिम कुंभ कल्प मेले का स्वरूप भी इस बार बदला हुआ है। इस वर्ष कल्प कुंभ की थीम पंचकोशी धाम पर आधारित है, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता और संस्कृति का भव्य अनुभव प्रदान करेगी। इस आयोजन के तहत धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन, संत समागम और आध्यात्मिक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। राजिम कुंभ कल्प मेले में देशभर से साधु-संतों, कथा वाचकों और श्रद्धालुओं का आगमन होगा। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, लोककला और आध्यात्मिक संगोष्ठियों का आयोजन इस बार के कुंभ कल्प मेले को विशेष बनाएगा।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय, पार्किंग, ठहरने और खाने-पीने की विशेष व्यवस्था की गई है। मेला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। 15 दिवसीय राजिम कुंभ का 26 फरवरी महाशिवरात्रि को होगा। इसके अंतर्गत संत समागम का आयोजन 21 फरवरी से 26 फरवरी तक रहेगा। इस दौरान तीन पर्व स्नान 12 फरवरी माघ पूर्णिमा, 21 फरवरी जानकी जयंती और 26 फरवरी महाशिवरात्रि को होगा।

## राजिम भक्तिन माता समिति का भंडारा भोग

राजिम कुंभ मेला 2025 साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के द्वारा विगत 3 वर्षों से कुंभ मेला में आए हुए दर्शनार्थियों के लिए निशुल्क भोग भंडारा का आयोजन किया जाता है भोग भंडारा का आयोजन साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के द्वारा सर्व समाज के सहयोग से सामाजिक समरसता की भावना को प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से किया जाता है इस आयोजन में सभी सर्वसमाज के लोग सहयोग प्रदान करते हैं साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के द्वारा भक्ति समिति के संरक्षक राजिमविधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू समिति के संरक्षक डॉ रामकुमार साहू के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा का आयोजन किया जा रहा है प्रथम दिवस समिति के अध्यक्ष लाला साहू अपने स्वर्गीय माता-पिता के स्मृति में भोग भंडारा कराया इस भोग भंडारा में हजारों लोगों ने भरपेट भोजन ग्रहण किया। आज भोग भंडारा का शुभारंभ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू समिति के संरक्षक रामकुमार साहू अध्यक्ष लाला साहू कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू के द्वारा भगवान राजिम लोचन एवं राजिम भक्तिन माता की पूजा अर्चना का शुभारंभ किया गया ।इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष नूतन साहू महामंत्री रामकुमार साहू संगठन मंत्री घनश्याम साहू डॉक्टर ओंकार साहू बलराम साहू विष्णु साहू तरुण साहू दिनेश्वर साहू राजू साहू के बाला राम साहू डॉक्टर गंगाराम साहू रामकुमार साहू नंदलाल साहू डॉ राजेश्वर साहू सहित पूर्व पार्षद नंदी शर्मा विक्रम सिंह राय प्रांशु साहू कोविद साहू कमल नारायण साहू इंदु साहू उषा साहू शांति साहू किरण साहू पदमा साहू शाहिद समिति के सदस्य लोग उपस्थित थे।



## श्रद्धालुओं को मेला मैदान तक निशुल्क पहुंचाएगी बस

पूर्णिमा से राजिम कल्प कुंभ मेला का शुभारंभ हो गया है। इस बार राजिम कल्प कुंभ नवीन मेला मैदान में आयोजित किया जा रहा है, जहां मुख्य मंच, विभागीय स्टाल, फूड जोन, पंचकोशी धाम, मीना बाजार, मधेश्वर पहाड़ का झांकी आदि की व्यवस्था की गई है। वहीं पुराने मेला मैदान में संत समागम, महानदी आरती, रेंटल रेसीडेंस आदि देखने को मिलेगा। राजिम मेला में पहुंचने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न इसे लेकर प्रशासन ने चाक-चौबंध व्यवस्था रखी गई। राजिम बस स्टैण्ड से मेला मैदान पहुंचने के लिए निशुल्क बस चलाया जा रहा है। परिवहन विभाग के रविंद्र ठाकुर ने बताया कि राजिम बस स्टैण्ड में परिवहन विभाग द्वारा कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां किसी प्रकार की समस्या होने पर समाधान दिया जाएगा। श्रीठाकुर ने बताया कि राजिम बस स्टैण्ड से नवीन मेला मैदान पहुंचाने के लिए 2 बस की श्रद्धालुओं की सेवा में उपलब्ध रहेगी।




# महाकुंभ में जाने के लिए कांग्रेस विधायक स्वतंत्र है: भूपेश बघेल

**रायपुर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। सरकारी खर्च पर दान-पुण्य नहीं करना चाहिए ।तीर्थ स्थानों की यात्रा, पूजा, अर्चना, दान-पुण्य में सारा खर्च आपका अपना स्वयं का होना चाहिए। गंगा में डुबकी लगाने से पूर्व मन साफ होना चाहिए। दूषित मन के साथ डुबकी लगाने से पुण्य नहीं मिलेगा ।कांग्रेस विधायकों के महाकुंभ जाने के सवाल पर बघेल ने कहा कि जिन्हें जाना है वे स्वतंत्र हैं।



■ सरकारी खर्च पर दान-पुण्य नहीं करना चाहिए

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। साय सरकार की ओर से सभी मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को महाकुंभ जाने के लिए सरकारी निमंत्रण दिया गया है। इस पर भूपेश बघेल ने महाकुंभ के बहाने साय सरकार के साथ योगी सरकार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रचार के उद्देश्य से महाकुंभ का आयोजन किया गया है ।इसी वजह से योगी कैबिनेट की बैठक की जा रही और 12 बार दौरे किए जा चुके हैं ।उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा से कुंभ का आयोजन करते नहीं आई है। यदि सरकार की ओर से आयोजन है तो सिर्फ प्रचार करना नहीं, व्यवस्था की जिम्मेदारी भी सरकार की है। भूपेश बघेल ने योगी सरकार की खराब व्यवस्था को भगदड़ का कारण कारण बताया।

बघेल ने कहा, भगदड़ के बाद बुलडोजर से सभी की चीजों को उठाया गया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 15 करोड़ लोगों के डुबकी लगाने की बात कही जा रही है, लेकिन कुंभ में कितने बिछड़े, कितने घायल हुए, कितनी मौतें हुई, ये अकड़े अब तक नहीं बताए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री के मोक्ष वाले बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या धीरेंद्र शास्त्री मोक्ष का मतलब भी समझते हैं ।अध्यात्म और धर्म में मोक्ष सबसे उच्च कोटि का शब्द है। जन्मजन्मांतर के कर्मों को भोगने से मिलने वाला मोक्ष किसी को रौंदने से नहीं मिलता।

## कांग्रेस नेताओं को किया जा रहा परेशान

2 हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में पूर्व महापौर एजाज ढेबर को ई ओ डब्लू द्वारा पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सरकार पर कांग्रेस नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाया है ।श्री बघेल ने कहा, सरकार के पास कोई और काम नहीं है। ई डी,आई टी, ई ओ डब्लू सभी एजेंसियां सिर्फ यही काम कर रही हैं। एक एजेंसी की जांच खत्म होती नहीं कि दूसरी शुरू हो जाती है। बस बुला-बुलाकर परेशान किया जा रहा है।

# बुद्धिजीवी सम्मलेन में बजट पर केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु) । बुद्धिजीवी सम्मलेन में शामिल होने आए केन्द्रीय मंत्री श् प्रहलाद जोशी को आज बजट 2025 में लाए गए प्रावधानों से संबंधित सुझाव के सम्बन्ध में प्रदेश के कारोबारियों की ओर से चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने ज्ञापन सौंपा ।



राजधानी के एक निजी होटल में बुधवार को आयोजित केन्द्रीय बजट 2025-26 बुद्धिजीवी सम्मलेन में चेंबर प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ । सम्मलेन में मुख्य वक्ता प्रह्लाद जोशी ,केन्द्रीय मंत्री (केन्द्रीय उपभोक्त मामले, खाद्य एवं सार्वजानिक वितरण तथा नवीन एवं नवीनीकरण उर्जा ) को चेंबर प्रतिनिधी मंडल द्वारा बजट 2025 में लाए गए प्रावधानों से संबंधित सुझाव के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा।

सुझाव में कहा गया है कि जीएसटी मामलों में जुर्माना लगाने के लिए बजट में प्रस्ताव जैसे की अपील दायर करने के लिए पूर्व शर्त के रूप में जुर्माने का 10त्न जमा करने का प्रस्ताव को पहले की तरह यथावत रखा जाए। अद्यतन रिटर्न से सम्बंधित नियम के अंतर्गत पेनाल्टी की राशी को कम किया जाना चाहिए जिससे ज्यादा से ज्यादा अनुपालन होंगे और विवाद भी कम हो।

आपूर्तिकर्ताओं के क्रेडिट नोट्स की निगरानी के लिए प्राप्तकर्ताओं पर एक अतिरिक्त अनुपालन जिम्मेदारी डालता है। वर्तमान में, ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जिसके माध्यम से कोई आपूर्तिकर्ता यह जांच सके कि प्राप्तकर्ता ने अपना आईटीसी वापस कर दिया है या नहीं और इसलिए, यह सुलह प्रक्रिया को जटिल बनाता है और अनजाने में त्रुटियां हो सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप भविष्य में विवाद और दंड के कारण अतिरिक्त मुकदमेबाजी हो सकती है अत: इस प्रावधान को हटाया जाए ।उपरोक्त सुझावों पर केन्द्रीय मंत्री उचित कदम उठाने की बात कही।

# सड़क निर्माण में पानी आपूर्ति कर रहे टैंकर ने युवक को रौंदा

**जांजगीर चांपा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। बलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत अकलतरा चौक में रहने वाले संतोष यादव पिता झाड़ू राम यादव उम्र 47 वर्ष की मौत पानी टैंकर के कुचलने से हो गई है। परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर बस स्टैंड में तीन घंटे आंदोलन पर बैठे थे और शव उठाने नहीं दे रहे थे। बहुत समझाने के बाद सवा लाख रुपए के मुआवजे पर परिजनों ने आंदोलन समाप्त किया।



बताया जा रहा है कि दिव्यांग मृतक संतोष यादव रोज की तरह घूमने निकला था। जब वह बस स्टैंड के पास वाली गली में गया तो सामने से आ रही पानी आपूर्ति करने वाले टैंकर ने उसे धक्का दे दिया और उसे कुचल दिया। संतोष यादव का तुरंत देहांत हो गया।

परिजनों को जब यह पता चली तो तुरंत मौके पर पहुंचे। बलौदा थाना प्रभारी अशोक वैष्णव भी सदल पहुंचे साथ ही नायब तहसीलदार भागीरथी कश्यप भी मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही एसडीओ प्रदीप सोरी भी मौके पर तुरंत पहुंचे । नगरीय निकाय चुनाव होने की वजह से वैसे भी एसडीओपी प्रदीप सोरी पुलिस गश्त पर थे। सूचना मिलने पर तुरंत यहां पहुंचे जहां परिजन पांच लाख मुआवजा की मांग पर अड़े थे तीन घंटे तक आंदोलन पर बैठने के बाद परिजनों ने आंदोलन समाप्त किया। चुनाव में वैसे भी व्यस्त और परेशान पुलिस परिजनों के आंदोलन के कारण परेशान थी। चुनाव होने की वजह से पुलिस की परेशानी बढ़ गई है ।

जिस टैंकर से दिव्यांग संतोष यादव की मौत हुई है वो सड़क निर्माण में पानी की आपूर्ति कर रहा था और इस सड़क निर्माण के ठेकेदार जय सिंह अग्रवाल पूर्व राजस्व मंत्री कांग्रेस शासन बताये जा रहे हैं। 2021-22 में शुरू हुई यह सड़क अब तक पूरी नहीं बनीं है। नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर इसका निर्माण फिर शुरू किया गया है जिसमें जल्दबाजी की जा रही है जिसका परिणाम आज एक दिव्यांग की मौत हुई है।

### बाल विवाह की सूचना पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

# नाबालिग को बाल विवाह से बचाया



**जांजगीर-चांपा,** 12 फरवरी (देशबन्धु) । जांजगीर-चांपा जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग की तत्परता से एक नाबालिग बालिका का विवाह होने से रोक दिया गया। जैसे ही प्रशासन को बाल विवाह की सूचना मिली, कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिता अग्रवाल और जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसने पुलिस विभाग के सहयोग से बलौदा विकासखंड के ग्राम बुड़गहन में पहुंचकर मामले की जांच की।

जांच के दौरान बालिका की उम्र 17 वर्ष 6 माह पाई गई, जबकि उसका विवाह 19 फरवरी 2025 को प्रस्तावित था। विवाह की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने समय रहते हस्तक्षेप किया और बालिका व उसके माता-पिता को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी। समझाइश के बाद, माता-पिता ने अपनी सहमति से विवाह रोक दिया।

इस कार्रवाई में परामर्शदाता प्रजेश शर्मा, पर्यवेक्षक लता ठाकुर, चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक निर्भय सिंह, भूपेश कश्यप, कोमल जायसवाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी ओग्रे और सचिव घासीराम पटेल भी मौजूद रहे।

# प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्री ट्रेनों का परिचालन कम

**बिलासपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु) । बिलासपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन के तहत नया स्वरूप दिया जा रहा है इसके लिए गेट नंबर 3 से लेकर गेट नंबर 4 तक पूरी तरह से एरिया को बंद कर दिया गया है यही नहीं स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ज्यादातर ट्रेनिंग भी नहीं आ रही है जिसकी वजह से स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर मौजूद स्टॉल संचालक भी अब स्टॉल्स चलाने में दिक्कत होने की बात कह रहे हैं उनका कहना है कि ज्यादातर प्रमुख ट्रेन है प्लेटफार्म नंबर दो और तीन से संचालित हो रही है.

■ गिनती की ट्रेन गुजरती है प्लेटफार्म एक से स्टॉल संचालकों को हो रही परेशानी

जिससे एक नंबर प्लेटफार्म पर यात्रियों की संख्या बेहद कम है रेलवे के द्वारा दुकानों के संचालन के लिए भारी रकम ली जाती है लेकिन उन्हें अब इसमें मुनाफा कम लग रहा है क्योंकि प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेनों का संचालन न के बराबर है ऐसे में कई स्टाल संचालक अब स्टॉल छोड़ने का मन भी बना रहे हैं. लेकिन इसके विपरीत रेलवे के अधिकारियों की माने तो प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्री ट्रेनों का परिचालन यथावत है कुछ ट्रेनों के लगातार स्टेशन आने की स्थिति पर उन्हें अन्य प्लेटफार्म पर स्थानांतरित करने की जरूरत होती है इसी व्यवस्था के तहत ट्रेनों का परिचालन हो रहा है लेकिन देखा जाए तो बिलासपुर के प्लेटफार्म नंबर एक पर हमेशा ही मालगाड़ियों का जमावड़ा रहता है जिससे निश्चित तौर पर यह रेलवे की मनमानी को दर्शाता है।



# स्वास्थ्य मंत्री का दावा, भाजपा का 90 फीसदी स्थानों पर कब्जा

**एमसीबी,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में शहर सरकार चुनने के लिए 10 नगर निगम समेत 173 निकायों में सुबह से लेकर देर शाम तक मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं, जिसमें महिलाओं और युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। बुजुर्ग मतदाता भी लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते दिखे।



चुनाव परिणामों की तस्वीर 15 फरवरी को ईवीएम खुलने के बाद साफ होगी, जब प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा।

इसी बीच, छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने दावा किया है कि राज्य की 10 मेयर सीटों समेत 90त्न निकायों में भाजपा का कब्जा होगा।

उन्होंने कहा कि महिलाओं और युवाओं का समर्थन भाजपा को मिला है, जिससे पार्टी की जीत लगभग तय है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव का असर छत्तीसगढ़ के निकाय चुनावों पर पड़ा है। अब सभी की नजरें 15 फरवरी को आने वाले नतीजों पर टिकी हैं।

# चलती ट्रक में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**पिथौरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। महासमुंद जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर कसीबहरा के पास एक चलती ट्रक में अचानक आग लग गई। हादसे में ट्रक चालक झुलस गया, जबकि परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली।



मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक सरायपाली से रायपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान कसीबहरा के पास वाहन में अचानक आग लग गई। चालक और परिचालक ने जान बचाने के लिए ट्रक से छलांग लगा दी, लेकिन चालक आग की चपेट में आकर झुलस गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर टोल प्लाजा की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया।

झुलसे चालक को पिथौरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**NECC**

| 12.02.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 445 | 60 | 175 |
| चिल्हर | 6 | 82 | 200 |

डिलीवरी 460 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

पति- मुझे अपनी बीवी से तलाक
चाहिए वह बर्तन फेंक कर मारती है,
जज- अभी भी मार रही है या पहले से
पति- 5 साल पहले से
जज- तो इतने साल बाद तलाक क्यों?
पति- क्योंकि अब उसका निशाना पक्का हो गया है

**संपादकीय**

## आयुष्मान का फर्जीवाड़ा खत्म हो

केन्द्र सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य हेतु बेहतरीन योजना आयुष्मान लागू कर रखी है पर देखा जा रहा है कि यह बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का जरिया बन गयी है। यह कहानी देश के कई राज्यों की है। बतलाया जाता है कि अनेक ऐसे राज्य हैं जिनमें अस्पतालों ने आयुष्मान के मरीजों का इलाज ही बन्द कर दिया है क्योंकि उनके पैसे प्रदेश सरकारों ने रोक रखे हैं। इसके अलावा इसमें व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार की खबरें आ रही हैं। इसके कारण भी एक अच्छी योजना दम तोड़ती नज़र आ रही है। अधिकृत तौर पर यह बन्द तो नहीं हुई है लेकिन इसका फायदा लोगों तक पहुंच नहीं पा रहा है। ऐसे सभी राज्यों को चाहिये कि आयुष्मान के प्रभावी ढंग से संचालन हेतु ज़रूरी उपाय करें। अस्पतालों की राशि जारी हो तथा व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म किया जाये। आयुष्मान के मरीजों को इन परिस्थितियों के कारण अपने स्वास्थ्य पर भारी-भरकम राशि खर्च करनी पड़ रही है।

यह मामला राज्यसभा में उठा है। एक सवाल के जवाब में सरकार की ओर से बताया गया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत देश भर में 2.7 लाख दावे फर्जी पाये गये हैं। इनके जरिये 562.4 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा हुआ है। जिन राज्यों में सबसे ज्यादा फर्जी तरीके से राशि दी गयी है उनमें छत्तीसगढ़ का नाम काफी ऊपर है। यह प्रदेश के लिये शर्म की बात है। सदन में दी गयी जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में 139 करोड़, छग में 120.34 करोड़ व मध्यप्रदेश में 119.34 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा सामने आया है। निजी अस्पतालों के जरिये होने वाले घोटालों के तहत गलत तरीकों से बिलिंग कर भुगतान किये जाते हैं। इनमें अस्पताल प्रबंधन से लेकर आयुष्मान का भुगतान करने वाले अधिकारी-कर्मचारी शामिल होते हैं।

छग सरकार को इस ओर तुरन्त ध्यान देना होगा। इसके चलते जहां एक ओर सरकार की राशि अनावश्यक व गलत तरीके से अपात्रों या बोगस लोगों को जा रही है वहीं सरकार द्वारा राशि न देने से पात्रताधारकों को दिक्कत हो रही है। बताया जा रहा है कि सरकार के पास योजना की जो राशि अटकी है वह इसी कारण से है। फर्जीवाड़े के तहत अंधाधुंध राशि का भुगतान हो गया है और सरकार के सामने और राशि देने में दिक्क त आ रही है। कई निजी अस्पताल मरीजों को लौटा रहे हैं जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यय को वहन करने में जनसाधारण असमर्थ है। सरकार को आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन की राह में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना होगा। यह एक बेहद जनोपयोगी कार्यक्रम है। आजकल स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच-पड़ताल, उपचार एवं दवाओं की लगातार बढ़ती कीमतों से सामान्यजन बेहद परेशान है। विशेषकर निम्न वर्ग, मध्य निम्न वर्ग तथा मध्य वर्ग को भी आयुष्मान से काफी राहत मिलती है। सरकार इसे प्रभावी बनाये।

# आठ लाख के अवैध शराब सहित तीन गिरफ्तार

## बोलेरो वाहन सहित एक लाख नगदी जब्त




**जगदलपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। एन.एच. 30 मेन रोड से आरोपी शंकर राम कश्यप उर्फ पण्डरू राम कश्यप पिता मनीराम कश्यप उम्र 34 वर्ष निवासी मंधोता सादूपारा थाना भानपुरी, जिला-बस्तर छ0ग0 के द्वारा बोलेरो वाहन क्रमांक सी.जी. 22 पी. 3647 में सोनारपाल से जगदलपुर की ओर अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री हेतु परिवहन करते पकड़े जाने पर उक्त वाहन के सीट के नीचे 08 पेटी कार्टून में भरा गोवा अंग्रेजी शराब प्रत्येक %कार्टून में 50 नग पौवा कुल 400 नग अंग्रेजी शराब प्रत्येक पौवा 180 एम.एल. भरा हुआ प्रत्येक की कीमती 135/- रूपये जुमला मात्रा 72.000 एम.एल. (72 लीटर) जुमला रकम 54,000/- रूपये को बरामद आरोपी शंकर राम कश्यप उर्फ पण्डरू राम कश्यप को अवैधरूप से अंग्रेजी शराब रखने व परिवहन करते पाये जाने पर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। विवेचना के दौरान अन्य आरोपी यादो मांझी निवासी उसरी व लैखन मौर्य निवासी देवड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। दोनों आरोपियों से पृथक-पृथक आरोपी यादो मांझी से 2 पेटी 12 नग (कुल 112 नग) अंग्रेजी गोवा शराब (पौवा) एम.पी. ब्राण्ड प्रत्येक 180 एम.एल. प्रत्येक की कीमती 135/- रूपये कुल मात्रा 20,160 एम.एल. (20 लीटर 160 एम.एल) जुमला कीमती 15,120/- रूपये शीलबंद ,एक नग मोबाईल , नगदी रकम 1,00000 /- रूपये तथाम आरोपी लैखन मौर्य के कब्जे से 2 पेटी 22 नग (कुल 122 नग) अंग्रेजी गोवा शराब (पौवा) एम.पी. ब्राण्ड प्रत्येक 180 एम.एल. प्रत्येक कीमती 135/- रूपये कुल मात्रा 21 लीटर 960 एम.एल. जुमला कीमती 16,470/- रूपये शीलबंद ,एक नग मोबाईल को जप्त किया गया। आरोपी यादो मांझी एवं लैखन मौर्य के खिलाफ अपराध घटित करने का पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# गांजा परिवहन के लिए बस का इंतजार करते 2 गिरफ्तार



**आरोपियों के कब्जे से 23.214 किलोग्राम गांजा जप्त,मूल्य 2,32,140 रूपये**

**जगदलपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। मुखबीर सूचना पर नगरनार थाना के पुलिस दल द्वारा दो व्यक्ति आरटीओ नाका एनएच 63 के पास तिरिया जाने वाले रोड तिराहा में बैग में अवैध रूप से गांजा रखकर रायपुर की ओर जाने वाले बस का इंतजार कर रहे है कि सूचना पर हमराह स्टाप पुलिस टीम के द्वारा आरटीओ नाका एनएच 63 के पास तिरिया जाने वाले रोड तिराहा के पास पहुंच कर बस का इंतजार कर रहे संदिग्धों से नाम पता पुछने पर अपना नाम विकास पाल निवासी ग्राम भाँडा पोस्ट सौज थाना कोर्रा जिला मैनपुरी उत्तरप्रदेश और अनुराग पाल निवासी जी आई सी स्कुल के सामने मैनपुरी आगरा रोड उत्तरप्रदेश का रहने वाला बताये। आरोपियों के बैग को चेक करने पर कुल 4 पैकेट सेलोटेप से लिपटा हुआ कुल 23.214 किलोग्राम कीमती 2,32,140/ रूपये को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) आईआई (ग) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

# वनों को आग से बचाने की ग्रामीणों से अपील, सूचना देने टोल फ्री नम्बर जारी

**जगदलपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान वनों को आग से बचाव करने के लिए ग्रामीणों से सहयोग प्रदान किए जाने की अपील में कहा गया है कि 15 फरवरी 2025 से अग्नि सीजन प्रारंभ हो रहा है तथा 15 जून 2025 तक चलने वाले अग्नि सीजन में वनों को अग्नि से बचाना विभाग की पहली प्राथमिकता है। अतएव उक्त अवधि में किसी भी नागरिक, ग्रामीणजन को जंगल में आग की घटना का पता चल रहा हो या दिखाई दे रही हो तो कृपया 24ङ्ग7 टोल फ्री नम्बर 18002337000 पर सूचना देकर प्रकृति की अमूल्य धरोहर वनों को बचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। जिससे कांगेर घाटी नेशनल पार्क के अमले और स्थानीय वन संसाधन एवं प्रबंधन समितियों के द्वारा वनों को अग्नि से बचाव हेतु त्वरित प्रयास किया जा सके।

# नगरीय निकाय चुनाव : मतगणना दलों को मिला द्वितीय चरण प्रशिक्षण



**जगदलपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत मतगणना प्रक्रिया सम्पादन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत नगरीय निकाय नगर पालिक निगम जगदलपुर तथा नगर पंचायत बस्तर की मतगणना के लिए बुधवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में मतगणना दलों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन की मतगणना की भांति इस बार भी महिला कर्मचारियों के द्वारा की जाएगी । प्रशिक्षण के दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा मतगणना दलों को मतगणना सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर्स ट्रेनर्स ने कम्प्यूटर पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के जरिए मतगणना की हरेक बारीकियों के बारे में अवगत कराया। ज्ञात हो कि नगर पालिक निगम जगदलपुर की मतगणना मॉडल कॉलेज धरमपुरा स्थित मतगणना केन्द्र और नगर पंचायत बस्तर की मतगणना डाइट बस्तर में स्थापित मतगणना केन्द्र पर 15 फरवरी को की जाएगी। मतगणना दलों के द्वितीय चरण प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर सीपी बघेल सहित एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भरत कौशिक ने भी मतगणना प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही मास्टर्स ट्रेनर्स जीवन शर्मा द्वारा मतगणना दलों के शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

# रामाराम में भव्य मेला का हुआ आयोजन



## मतदान के बावजूद माता के दर्शन को उमड़ी भीड़

**सुकमा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। मंगलवार को जिले के रामाराम में भव्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। माँ चि ?टमिट्टीन अम्मा देवी दर्शन कर भक्तों ने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने मेला स्थल पहुंच कर माता के दर्शन किए। विदित हो कि मेले की शुरूआत सुकमा माता मंदिर से होती है। जहां से देवी की डोली रामाराम मंदिर के लिए जमींदर परिवार, पुजारी व सेवको एवं स्थानीय लोगों के साथ देवी की डोली रामाराम मेला के लिए पहुंचती हैं। जहाँ रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन मेले का आयोजन होता है। रामाराम देवी के मंदिर प्रवेश के साथ विशेष पूजा अर्चना करने के साथ भव्य मेला की शुरुआत होती हैं, इसके बाद दूसरे दिन देवी की डोली पुनः सुकमा राजवाडा मंदिर पहुंचती है। जहां विशेष पूजा अर्चन कर मेले की शरूआत की जाती है। सुकमा जिला मुख्यालय से आठ किमी दूर प्रतिवर्ष की तरह लगने वाल रामाराम मेला इस वर्ष भी भव्य आयोजन के साथ लगा। रामाराम में माँ चि ?टमिट्टीन अम्मा देवी दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्वालू बड़ी संख्या में पहुंचे रहे थे। लम्बी लाईन में खड़े होकर श्रद्धालू अपने बारी के इंतजार करते हुए दिखे। जहां पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना के लिए प्रार्थना की। साथ ही यहां पहंचे लोगों ने मेले का आनंद लिया। ज्ञात हो कि सुकमा जिले का यह सबसे बड़ा मेला होता है। इसके बाद ही सुकमा जिले में अन्य क्षेत्र में मेला मडाई की शुरूआत होती है। स्थानीय लोगों का अस्था का प्रमुख केन्द्र है। वहीं मेले में किसी प्रकार की अनहोनी से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। जगह जगह पुलिस तैनात रही। वही अति संवेदनशील क्षेत्र होने से पुलिस पूरी मुस्तैद रही। साथ यहां अपने श्रद्धालूओं यहां स्थिति पहाड़ के मनोरम दृश्य का भी खुब आनंद उठाये।

# जाबो कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान जारी



**जगदलपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस के निर्देशानुसार जाबो (स्वीप) कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में तोकापाल, बस्तानार, दरभा और बस्तर में जाबो कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम के तहत स्कूलों में और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ( बिहान) से जुड़े समूह की महिलाओं द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वृहद रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें मतदाता जागरूकता रैली बैनर, जाबो व मतदान सेंबल का मानव श्रृंखला बनाकर, पोस्टर द्वारा,जागरूकता हेतु मतदाता शपथ,रंगोली कार्यक्रम,मेंहदी कार्यक्रम और मानव श्रृंखला बनाकर तख्ती में मतदान जाबो कार्यक्रम किया जा रहा है।

# सुरक्षा की दृष्टि से मतदान केन्द्रों के भवन में किया गया परिवर्तन

## 8 मतदान केंद्र हुए प्रभावित



**सुकमा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त अनुमति के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 में सुरक्षा की दृष्टि से 8 मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर के द्वारा जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत कुन्देड के ग्राम कुन्देड में मतदान केंद्र क्रमांक 02 को हाईस्कूल भवन कक्ष क्रमांक 03 जगरगुण्डा के स्थान पर आँगनबाड़ी भवन कुंदेड में नवीन मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत केरलापेंदा के ग्राम केरलापेंदा में मतदान केंद्र क्रमांक 22 को माता रुकमणी आश्रम कक्ष क्रमांक 03 चिंतलनार के स्थान पर आंगनबाड़ी भवन केरलापेंदा, ग्राम पंचायत दुलेड़ के ग्राम दुलेड़ में मतदान केन्द्र क्रंमाक 32 को प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक 01 मिनपा के स्थान पर आंगनबाड़ी भवन दुलेड, ग्राम पंचायत एलमागुण्डा के ग्राम एलमागुण्डा के मतदान केंद्र क्रमांक 36 को पोटाकेबीन कक्ष क्रमांक 01 चिंतागुफा के स्थान पर प्राथमिक शाला एल्मागुण्डा, ग्राम पंचायत पोटकपल्ली के ग्राम पोटकपल्ली में मतदान केंद्र क्रमांक 38 बालक आश्रम भवन कक्ष क्रमांक 01 किस्टाराम के स्थान पर प्राथमिक शाला पोटकपल्ली कक्ष क्रमांक 01 व मदतान केद्र क्रमांक 39 को बालक आश्रम भवन कक्ष क्रमांक 02 क्रिस्टाराम के स्थान पर प्राथमिक शाला पोटकपल्ली कक्ष क्रमांक 02, ग्राम पंचायत मानकापाल के ग्राम मानकापाल में मतदान केंद्र कंमाक 17 को आँगनबाड़ी भवन कोर्रा के स्थान पर बालक आश्रम भवन मनकापाल कक्ष क्रमांक 01 और ग्राम पंचायत मानकापाल के ग्राम परिया में मतदान केंद्र क्रमांक 18 को पंचायत भवन कोर्रा के स्थान पर बालक आश्रम भवन मानकापाल कक्ष क्रमांक 2 में नवीन मतदान केंद्र भवन बनाया गया है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण रहा मतदान

## रामाराम मेले के बावजूद मतदाओं में दिखा उत्साह, 67.21 प्रतिशत हुआ मतदान



**सुकमा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। मंगलवार को रामाराम मेला होने के बावजूद नगरीय निकाय चुनाव में मतदाताओं ने जमकर मतदान किया। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत नगर पालिका परिषद सुकमा में 64.11 प्रतिशत यानी 8667 मतदाताओं ने वोट किया। इनमें 4 हज़ार 171 यानी 66.37 प्रतिशत पुरुष मतदाता और 4 हज़ार 446 यानी 68.01 प्रतिशत महिला मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। वहीं स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त मतदान के अंतिम आंकड़े के अनुसार नगर पंचायत दोरनापाल में 77.71 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मंगलवार को सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लंबी कतारे लगनी शुरू हो गई। हालांकि प्रशासन की संपूर्ण तैयारी के कारण सही समय पर मतदान होना शुरू हो गया। जो लगातार दिनभर चला और दोपहर थोड़ी देर के लिए मतदान प्रतिशत कम हो गया। और अंतिम समय तक मतदान किया। इसके उपरान्त वोटिंग मशीन को जमा करने की प्रक्रिया लाईवलीहुड़ भवन सुकमा में किया गया जहां पर स्ट्रांग रूम बनाया गया हैं। इसी स्थल पर 15 फरवरी को मतगणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (नपा) देवेश कुमार ध्रुव व पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने सभी मतदान क्रेन्द्रो का निरीक्षण किया।

**पैदल व ट्रेक्टर में चढ़कर पहुंचे मतदाता**

नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 8 का मतदान केन्द्र जनपद में रखा गया था। यहा से ठीक 4 किमी. दूर स्थित कोटीगुड़ा के लोग मतदान करने के लिए पैदल और कई लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे।। यहा पर कुल 140 मतदाता है। इसके अलावा बुर्जुग महिला हो या फिर दिव्यांग सभी ने बढ़चढ़ कर मतदान करने में भाग लिया।

**रामाराम मेले का नहीं दिखा असर**

सुकमा का सबसे बड़ा मेला रामाराम जिसका असर मतदान पर नहीं देखने को मिला। 2019 में 53 फिसदी मतदान हुआ था। लेकिन इस बार शाम 4 बजे तक मतदान प्रतिशत 64.11 फीसदी रहा है जो कि पिछली बार की अपेक्षा 5 फीसदी अधिक है। मतदाता अलसुबह लाईन लगाकर पहले मतदान किया उसके बाद मेला देखने के लिए गए जिसके कारण मतदान प्रतिशत काफी अच्छा रहा।

# अलग-अलग स्थान में तीन लोगों की मौत

**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कृष्णा विद्यालय राम नगर सुपेला स्कूल की ठोकर से एक 2 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। आज बुधवार सुबह 2 साल की बच्ची मां की गोद से उतरी थी और वैन की ओर अचानक दौड़ गई। इससे पहले की ड्राइवर समझ पाता बच्ची को वैन ने चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची और वैन चालक को गिरफ्तार कर लिया। बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार पांच रास्ता कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी सुपेला में आज सुबह लगभग साढ़े 7 बजे की यह घटना है। विभा जायसवाल के तीन बच्चे हैं। दो बच्चे कृष्णा विद्यालय राम नगर में पढ़ते हैं। स्कूल की वैन बच्चों को लेने के लिए आई थी। विभा अपनी दो साल की बच्ची अंशिका को गोद में लेकर अन्य दो बच्चों को वैन में बैठाने के लिए पहुंची थी। इस दौरान उसने अंशिका को गोद से नीचे उतार दिया और बच्चों को वैन में बैठाने लगी। अचानक बच्ची चलकर वैन के आगे पहुंच गई और वैन चालक ने गाड़ी को बढ़ा दिया जिससे वैन मासूम के ऊपर चढ़ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया लेकिन तब तक बच्ची पहिए के नीचे जा चुकी थी। परिजनों ने इसकी सूचना सुपेला पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और बच्ची के शव को पोएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा। घटना के बाद घर में मातम छा गया। लोगों में आक्रोश भी देखा गया।



### होटल के कमरे में मिला शव

दल्ली राजहरा से अपनी बेटी से मिलने केम्प-2 भिलाई आए पिता का शव होटल आशीष पार्क के कमरा नंबर 104 में मिला है। बेटी के ससुराल केम्प-2 बैकुंठधाम में है, जहां पर वे अपनी बेटी से मुलाकात के बाद वह होटल में रुका था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। छावनी पुलिस मामले की जांच कर रही है। छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि पावर हाउस में स्थित आशीष पार्क होटल से सोमवार दोपहर 3.30 बजे सूचना मिली कि कमरा नंबर 104 में एक व्यक्ति 3 दिन से ठहरा था। वो अंदर से दरवाजा नहीं खोल रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम होटल पहुंची। होटल के मैनेजर ने बताया कि जो आदमी ठहरा है उसने अंदर से रूम का दरवाजा बंद कर लिया है। पेट्रोलिंग टीम ने जब कमरा नंबर 104 का दरवाजा खुलवाया तो देखा कि एक बुजुर्ग बिस्तर पर मृत पड़ा है। तलाशी लेने पर पता चला कि वह दल्ली राजहरा पुराना बाजार निवासी रामकृष्ण साहू 62 वर्ष है। परिजनों ने बताया कि रामकृष्ण की बेटी की शादी बैकुंठधाम छावनी भिलाई में हुई है। वो अपने बेटी से मिलने उसकी ससुराल पहुंचा था। बेटी के घर जाकर उससे मिला। बेटी से मिलकर निकला तो कुछ समय बाद फोन पर उसे बताया कि वो आशीष पार्क होटल में रुक गया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा।

### संयंत्र में स्टोरकीपर की मौत

**भिलाईनगर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टोर कीपर की मौत हो गई है। मौत का कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल सकेगा। मिली जानकारी के अनुसार बेस किचन के पास स्टोर में बेहोशी की हालत में मजदूर को मेन मेडिकल पोस्ट लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। बताया जा रहा है कि साइकॉन कंपनी का काम बेस कीचन के पीछे चल रहा है। वहां 34 वर्षीय जितू कुमार स्टोर कीपर का काम करता था। सुबह फर्स्ट शिफ्ट में मजदूरों को सामान देने के बाद वे वहीं सो गया। सुबह 9 बजे सफाई कर्मी पहुंचे तो उसे जगाने लगा। सफाई कर्मियों को लगा कि सो रहे हैं। काफी देर तक आवाज देने पर कोई हलचल नहीं हुआ। शक होने पर जितू को झकझोरा गया तो वह बेहोशी की हालत में दिखा। कंपनी के कर्मचारियों ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। तत्काल मेन मेडिकल पोस्ट से एम्बुलेंस भेजी गई। जहां मृत घोषित किया गया। मृत की उम्र 33 साल बताई जा रही है।

# महाकुंभ में सीएम, स्पीकर संग संगम में डुबकी लगाएंगे



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा के रहवासियों समेत पूरे छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन कल प्रयागराज संगम में डुबकी लगाएंगे। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित विधायकों का दल 13 फरवरी को सुबह 7 बजे रायपुर एयरपोर्ट से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना होगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि महाकुंभ पौराणिकथाओं, आध्यात्मिकता, संस्कृति और राष्ट्र के आर्थिक विकास के संगम का प्रतिनिधित्व करता है। यह सनातनियों का सबसे बड़ा तीर्थ है और इसे यूनेस्को ने दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक उत्सव के रूप में मान्यता दी है। प्रयागराज महाकुंभ में जाना एक परिवर्तनकारी यात्रा है। यह शरीर, मन और आत्मा को तरोताजा कर देता है तथा ईश्वर और ब्रह्मांड के साथ एक गहरा संबंध विकसित करता है। कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित विधायक सांसद का दल प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेगा। विधायक रिकेस सेन प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर सर्व जन की खुशहाली और प्रगति के लिए वृहस्पतिवार को डुबकी लगाएंगे। वैशालीनगर विधायक रिकेश के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ऋचा सेन भी प्रयागराज जा रही हैं।

# तालाबों को संवारने हर रोज 6 घंटे की सफाई



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। रिसाली क्षेत्र के तालाबों को संवारने हर रोज 5-6 घंटे की कवायद की जा रही है। नियमित दर्जनभर कर्मचारियों के अलावा 6 मछुआरों की मदद से जलीय पौधों को बाहर निकाला जा रहा है। तालाबों को सहेजने मार्च तक अभियान चलाया जाएगा। कल्याणी मंदिर और शीतला तालाब वर्तमान में गंदगी से अटा पड़ा है। इसके अलावा दोनो ही तालाब में जलीय पौध फैल चुका है। जिसे तालाब से बाहर निकालने का कार्य किया जा रहा है। सफाई कार्य का निरीक्षण आयुक्त मोनिका वर्मा ने किया। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करे। दोनो वार्ड के नागरिक तालाब पर आश्रीत है। तालाब को संवारन आयुक्त ने पार्षद विलास बोरकर, विधि यादव, सरिता देवांगन के साथ गुरूवार को बैठक करेंगी। दोनो ही तालाब की सतह में जलीय घास का जाल बिछ चुका है। आयुक्त ने घास को पूर्ण रूप से खत्म करने घासकार मछली छोड़ने के निर्देश दिए है।

# फुटबॉल में एमजीएम विजय

**भिलाईनगर,** । यूथ खेल एवं सांस्कृतिक समिति हॉस्पिटल सेक्टर के तत्वाधान में मेमोरी आफ रमेश कुमार की स्मृति में सेवन साइट फ्लड लाइट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मैच बीएमआई चरोदा वर्सिज यूथ क्लब के बीच खेला गया मैच के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद थे। जिसमें बीएमवाय चरोदा की टीम 2-1 से यूथ क्लब को हराकर विजय हुई। फाइनल मैच के पहले एक प्रदर्शन मैच एमजीएम एंग्रेस वर्सेस भिलाई फुटबॉल में एमजीएम की टीम 3-0 से विजय हुई। सांसद विजय बघेल द्वारा दोनों टीम के गर्ल्स खिलाड़ियों को 5000 की राशि प्रदान की गइ। यह राशि समिति के सीनियर सदस्य सुशील चोपड़ा द्वारा 5000 की राशि एवं गुरुदत्त देशपांडे की तरफ से जीतने वाले एमजीएम की गर्ल्स टीम को 2000 प्रदान किया गया। नीलम चित्रा केशवलु, पी वी राव, मोहन लाल, फारुख बेग संजु सेमुल, शंकर जोलडे ने बधाई दी है।

# निर्माणधीन कार्य में लगे सरिया को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नेहरू नगर चिल्ड्रन गार्डन में निर्माणाधीन अटल स्मारक कार्य में लगी 18 नग सरिया अज्ञात काट कर ले गए हैं। निगम ठेकेदार की रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नेहरू नगर बाल उद्यान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी स्मारक का निर्माण कार्य ठेकेदार संजय उपाध्याय को दिया गया है। श्री उपाध्याय ने पुलिस को बताया कि 10 फरवरी की के शाम 6 बजे उद्यान में ढलाई करने के बाद सभी लेबर चले गए थे। कल सुबह 9 बजे उद्यान पहुंचे तो देखा कि ढलाई मे लगी सरिया को अज्ञात काटकर ले गए हैं। रात्रि में अज्ञातों ने उद्यान के भीतर प्रवेश कर 18 नग सरिया को काटा और चोरी कर निकल भागे हैं। चोरी हुई सरिया की कीमत लगभग 12 हजार रूपये है। जिसकी लिखित शिकायत सुपेला थाना व निगम प्रशासन से की है।

# बीएसपी के निर्णय का कर्मचारियों ने किया स्वागत

**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा अपने कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को 400 वर्ग फुट के क्वार्टर लाइसेंस पर देने का जो निर्णय का स्टील सिटी चैंबर ने स्वागत किया है। चैंबर ने प्रबंधन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए यह जानना चाहा है की इन आवासों पर क्या लाइसेंस धारक को निर्माण प्रथम तल की अनुमति होगी या वर्तमान स्थिति में जैसी स्थिति में मकान दिया जा रहा है इसी स्थिति में रहना होगा। क्या इन आवासों में आवास धारक किसी तरह का फेर बदल कर सकता है, स्पष्ट करना चाहिए। कर्मचारियों को धोखे में रखकर मकान का आवंटन नहीं करना चाहिए। 11 माह की राशि जमा लेने के बाद आने वाले 11 महीना के लिए जब पुनः राशि जमा करने लाइसेंस धारक जाएगा तब क्या प्रबंधन इन आवासों की जांच करेगा।

# बाबा की बारात में आ सकते हैं सीएम : दया



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। इस साल भिलाई में निकलने वाली बाबा की बारात में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हो सकते हैं। दया सिंह के अनुसार भिलाई में उनका दौरा तय माना जा रहा है। क्योंकि उन्होंने आयोजक दया सिंह को कह दिया है कि वे बाबा की बारात का हिस्सा बनने आएंगे। दरअसल दया सिंह ने आमंत्रण कार्ड सौंपा है। कार्ड को देख सीएम साय ने प्रसन्नता जाहिर की और आयोजन की बधाई दी। बता दें कि 26 फरवरी को बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति की ओर से बाबा की बारात निकाली जाती है। यह आयोजन का 17वां वर्ष है। दया सिंह ने कहा कि, सीएम साय पहले से इस आयोजन से जुड़े हुए हैं। जब वे केंद्रीय मंत्री, सांसद और संगठन के शीर्ष पदों पर विराजमान थे। तब भी वे बाबा की बारात आते थे। इस साल सीएम बनकर आने वाले हैं भिलाई। जिसकी तैयारी शुरू हो गई है। एक से बढ़कर भव्य झांकी के बारे में बताया गया।

# सेक्टर-9 अस्पताल में वरिष्ठ जनों के लिए जेरिएट्रिक ओपीडी



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जवाहरलाल नेहरू अस्पताल और अनुसंधान केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से वरिष्ठ जनों को समर्पित जेरिएट्रिक ओपीडी का उद्घाटन किया गया। किया गया। यह जेरिएट्रिक ओपीडी 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वृद्ध नागरिकों के विशिष्ट चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष क्लिनिकल परामर्श प्रदान करेगा। यह नया ओपीडी वरिष्ठ नागरिकों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया, मनोभ्रंश जैसी पुरानी बीमारियों के प्रबंधन और पोषण संबंधी परामर्श जैसी स्वास्थ्य सेवाओं की एक व्यापक सुविधाएँ प्रदान करेगा। एसीएमओ डॉ. दीप्ता प्रदीप सरकार जो कि जेरिएट्रिक सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रमाणित जेरिएट्रिक केयर गिवर हैं। इससे सम्बंधित विभिन्न परामर्श सेवाओं का नेतृत्व करेंगी। डॉ. सरकार सप्ताह में दो बार, मंगलवार और गुरुवार को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक ओपीडी ब्लॉक के कमरा नंबर 1 ए में परामर्श प्रदान करेंगी। शुरुआत में, मरीज ओपीडी ब्लॉक में रजिस्ट्रेशन काउंटर या ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। बुजुर्ग मरीज, खासकर 70 साल और उससे ऊपर के मरीज युवा मरीजों की तुलना में उम्र बढ़ने के साथ होने वाले शारीरिक परिवर्तनों के कारण अक्सर स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। यह पहल भिलाई में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किए जा रहे व्यापक प्रयास है। जहां बुजुर्ग आबादी ओपीडी आगंतुकों का एक बड़ा हिस्सा है। नई जेरिएट्रिक ओपीडी का उद्देश्य अच्छी देखभाल प्रदान करनाए बुजुर्ग मरीजों की विशिष्ट शारीरिक और मानसिक जरूरतों सहित अन्य आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से समझना जा सके और एक ऐसा माहौल तैयार किया जा सके जो स्वस्थ उम्र बढ़ने को प्रोत्साहित करें। यह जेरिएट्रिक ओपीडी जवाहरलाल नेहरू अस्पताल और अनुसंधान केंद्र में मौजूदा चिकित्सा और शल्य चिकित्सा ओपीडी सेवाओं के साथ समन्वय में कार्य करेगा। जिससे बुजुर्ग मरीजों की समग्र देखभाल प्राप्त हो सकें। इस कदम को वरिष्ठ नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के एक प्रभावशाली प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# साईबाबा मंदिर हाऊसिंग बोर्ड में मंदिर रथ सप्तमी मनाई गई

**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। श्रद्धा सुमन साईबाबा हाऊसिंग बोर्ड मंदिर रथ सप्तमी एवं सरस्वती पूजन वसंत पंचमी कार्यक्रम हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। पूजा अर्चना की आशीर्वाद लिया सभी महिलाये भजन कीर्तन आरती की। सुहागिनी महिलाओ को श्रृंगार, प्रसाद भेट किया गया। विशेष रूप से मंदिर समिति अध्यक्ष भारती देशमुख, उषा क्षीरसागर, रथ सप्तमी पर भगवान सूर्य को समर्पित एक पावन दिन है। यह पर्व हर साल भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, जो माघ महीने में शुक्ल पक्ष सप्तमी को आता है। इसे माघ सप्तमी, सूर्य जयंती और अचला सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान सूर्य की पूजा.अर्चना करने से सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। इसके साथ ही जीवन में खुशहाली आती है। सृष्टि के प्रारंभिक काल में भगवान विष्णु की आज्ञा से ब्रह्माजी ने मनुष्य योनि की रचना की। सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण वह संगीत की देवी भी हैं। पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण ने सरस्वती से खुश होकर उन्हें वरदान दिया था कि वसंत पंचमी के दिन तुम्हारी भी आराधना की जाएगी। इस अवसर पर भारती देशमुख, प्रीती जाधव, उषा क्षीरसागर, बीजेपी अध्यक्ष महिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, रश्मी ताई खांडोरे, मंदाताई कामिनीकर, ज्योती देशमुख, रूपा घोंगडे, अर्चना मुले, प्रीती जाधव, ममता सातपुते, सुनंदा मुले, कल्पना वाघमारे, नमिता होंडा, स्नेहा शहा, छाया सातपुते, शोभा गुज्जर, कोलवंती साहू, मनीषा महाजन, रश्मी खान, नीतू सिंग, मनीषा राठी उपस्थित थे

# सेल ने वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही और नौमाही के परिणाम जारी की



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। सेल ने आज बीते 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हुए तीसरी तिमाही और नौमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही स्टैंडअलोन के परिणाम काफी सुखद है। इस चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरानए सेल के परिचालन से कारोबार और विक्रय मात्रा में वृद्धि हुई है जिसके साथ ही पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में भी सुधार देखने को मिला है। कंपनी के वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करते हुए सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा सेल ने घटती कीमतों और सस्ते आयात के दबाव से जूझ रहे इस्पात बाज़ार के बावजूद, वित्त वर्ष 2024 25 की तीसरी तिमाही के दौरान पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुक़ाबले बेहतर हासिल किया है। हम उत्पादन को बढ़ावा देने और लागत दक्षता बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग हैं। इसके साथ ही साथ हम हरित प्रौद्योगिकियों की तलाश करने और उसे लागू करने पर भी जोर दे रहे हैं। सेल प्रबंधन के अनुसार हमें उम्मीद है कि उचित उपायों के चलते सस्ते आयात के मुद्दे का समाधान निकल आएगा और बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार का अभियान घरेलू इस्पात उद्योग के लिए अच्छा रहेगा। जिससे मांग को बढ़ावा मिलेगा।

# शहीद गुण्डाधुर का शहादत दिवस मनाया गया



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन के तत्वाधान में रंग मंच रिसाली सेक्टर में शहीद गुण्डाधुर के वीरगाथा को याद किया गया। गुंडाधुर के चैलचित्र में फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। शहीद गुण्डाधुर एक महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने अपने जीवन को देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया था। गुण्डाधुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ कई लड़ाइयाँ लड़ीं और उन्होंने अपने क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ एक शक्तिशाली आंदोलन का नेतृत्व किया। गुण्डाधुर की शहादत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी और उनकी विरासत आज भी प्रेरणा का स्रोत है। गुण्डाधुर को भुमकाल का जननायक कहा जाता है भुमकाल शब्द क्रांति व आंदोलन का शब्द है गुंडाधुर का विद्रोह अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए थे। जल जंगल जमीन अधिकार की लड़ाई लड़ते वह शहीद हो गए। शहीद गुण्डाधुर की कहानी एक प्रेरणा दायक उदाहरण है जो हमें देशभक्ति, साहस और बलिदान की महत्ता को समझने के लिए प्रेरित करती है। राजेन्द्र परगनिया,चंद्रभान ठाकुर पार्षद, चंद्रकला तारम, उमा सिंह, रुक्मणी ठाकुर, कनकलता नाग, निर्मला चतुर्वेदी, मोनिका, जी. एल. देवदास, एम.आर. अन्नत, शिशुपाल बंजारे, एस.एल.चौहान, सतनाम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लोक कला संस्कृति को जीवित रखना हमारा दायित्व : भूपेश

**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। गुरु घासीदास कला एवं साहित्य विकास समिति के द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से गनियारी लोक कला महोत्सव के समापन एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गनियारी लोक कला महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि 16 वर्षों तक लोक कला महोत्सव का आयोजन करना बहुत कठिन काम होता है लेकिन निर्मल कोसरे एवं उनके साथियों ने छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को जीवित रखने का जो प्रयास किया है उसके लिए बधाई के पात्र हैं। छत्तीसगढ़ की पहचान हमारी लोक कला संस्कृति से हैं जिसको जीवित रखना हम सब का दायित्व है। गनियारी जैसे छोटे से गांव में इतना बड़ा लोक कला महोत्सव करना काफी कठिन काम है लेकिन समिति के साथियों के परिश्रम एवं ग्राम वासियों के सहयोग से यह सफल हो पाया है। हमने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, यहां के तीज त्यौहार, खेलकूद, कला. पान को संरक्षित रखने का प्रयास किया। जिसके चलते न केवल शहरों में अपितु ग्रामीण अंचलों में भी छत्तीसगढ़ के संस्कृति की छटा नजर आती है। छत्तीसगढ़ के पंथी, पंडवानी, करमा, ददरिया, सुआ, राउत नृत्य जैसे विधाओं ने भारत के साथ विश्व में अपना लोहा मनवाया है। हमने 5 सालों तक अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया। हरेली, तीजा, कर्मा जयंती पर छुट्टी घोषित किया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से छत्तीसगढ़ के परंपराओं को जीवित रखने का प्रयास किया। समिति के अध्यक्ष एवं नगर निगम भिलाई चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि महोत्सव आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ लुप्त होती छत्तीसगढ़ की लोक विधाओं को जीवित रखना है। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र साहू एवं सुजीत बघेल ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने गनियारी लोक कला महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं 2013 में भी इस महोत्सव में शामिल हुआ था तब छोटे स्तर में आयोजन होता था लेकिन 16 वर्षों में गनियारी लोक कला महोत्सव ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना लिया है। पद्मश्री डॉ आर एस बारले एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सीता साहू ने भी कार्यक्रम का सराहना किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम आदर्श बाल जस झांकी परिवार बोदल जिला बालोदलकुमारी हेमलता पटेल के भरथरी, कुमारी मिथलेश्री सेन के रामायण, सत्य के प्रचार पंथी मंडली पिटौरा, जय श्री गणेश फाग मंडली भटगांव जिला धमतरी, अबूझ माड़िया गौर नृत्य खरगोन नारायणपुर, सुर भैया गोरेलाल बर्मन एवं विवेक शर्मा नाइट ने रात भर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। डॉ आर.एस. बारले, लीलाराम सिंह वर्मा, अप्पल नायडू, दास मनोहर, ध्रुव कुमार मारकंडे, बुटलू राम माथरा, कुमारी हेमलता पटेल का मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान किया गया। कार्यक्रम में निर्मल कोसरे, धर्मेंद्र कोसरे, गौरी बंजारा, राजू लहरे, हेमंत कोसरे, धन सिंह कोसरे, हेमचंद कोसरे, एसबल बंधे, सोनू बंजारे, चिनेश कोसरे, राहुल टंडन, आकाश टंडन, शुभम कोसर, जितेंद्र बंजारे, विजय लहरे, हीरामन टंडन, हर्ष गायकवाड, यमन कोसरे, प्रेमलाल साहू सहित अनेक उपस्थित थे।



# लोक कलाकारों का भुगतान शीघ्र हो : मानिकपुरी



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष नवल दास मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग से लोक कलाकारों को एक वर्ष से भुगतान नहीं होने की जानकारी देते हुए मांग की है कि सभी कलाकारों का जल्द से जल्द समस्त भुगतान किया जाए। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कबीर भजन कलाकार नवल दास मानिकपुरी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के कलाकारों से सांस्कृतिक कार्यक्रम करा लेने के बाद पिछले एक वर्ष से भुगतान नही मिल सका है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की प्रस्तुति के बाद सभी दस्तावेज मय फोटोग्राफ विभाग में जमा करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि कलाकारों को अपनी पारिश्रमिक राशि नहीं मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नवल दास मानिकपुरी ने अपने ज्ञापन में बताया है कि कार्यक्रम के पश्चात उनके सहयोगी कलाकारों का भुगतान करने के लिए कला दल संचालक लोगों से ब्याज में कर्ज लेकर भुगतान कर देते है। इसके पीछे आशय यह रहता है कि संस्कृति विभाग से जल्द मानदेय राशि मिल जायेगी और लिए गए कर्ज को वापस कर देंगे। लेकिन शासकीय भुगतान में लगातार देरी होने से संचालक को ब्याज भरना मजबूरी हो जाती है। उन्होंने कहा है कि संस्कृति विभाग से कला दल को जितनी मानदेय राशि निर्धारित की गई है वह भी बहुत ही कम है उससे ज्यादा तो कलाकार ब्याज भरना पड़ता हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं और चुनाव में संलग्न अधिकारियों व कर्मचारियों का माना आभार

## कहा- मतदाताओं की सतत् सहभागिता से मिले बेहतर परिणाम



**कांकेर,** 12 फरवरी (देशबन्धु। नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 मंगलवार 11 फरवरी को नगरपालिका परिषद कांकेर सहित नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत जिले के कुल 38275 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 18638 पुरूष मतदाता, 19634 महिला और 03 तृतीय लिंग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अब तक हुए नगरीय निकाय चुनावों में इस बार सर्वाधिक मतदान किए जाने पर जिले के जागरूक मतदाताओं का आभार प्रकट किया है।

कलेक्टर ने लोकतंत्र पर आस्था रखने वाले सभी मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिले के कुल 81 वार्डों में 38275 मतदाता (81.13 प्रतिशत) मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए मतदान किया है। इनमें 18638 पुरूष मतदाता, 19634 महिला मतदाता और 03 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल रहे। इस प्रकार जिले में मतदान करने वाले पुरूष मतदाताओं की सहभागिता का प्रतिशत 83.36, महिला मतदाताओ की सहभागिता 79.13 फीसदी रही, जिसके लिए सभी मतदाता बधाई के हकदार हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगे कहा कि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) चलाया गया। इसके तहत जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही आदर्श मतदान केन्द्र भी स्थापित किए गए थे, जिसका सकारात्मक परिणाम सबके समक्ष है। इसी प्रकार जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षीरसागर ने नगरीय निकाय निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों और कर्मचारियों, विशेष रूप से मतदान अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों और मतदाताओं की सुविधा और सेवा में लगे मतदाता मित्र (स्काउट गाइड के वॉलंटियर्स) के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में सभी ने अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जो काफी प्रशंसनीय रहा। इसके अलावा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में संलग्न बीएलओ की भूमिका सराहनीय रही। इसी तरह निर्वाचन कार्य में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया है।

# 21वीं पशु संगणना कार्य की समीक्षा बैठक



**कोण्डागांव,** 12 फरवरी (देषबन्धु)। पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार आज राज्य स्तरीय अधिकारी डॉ.बी.पी.सतनामी संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं रायपुर द्वारा 21 वीं पशु संगणना कार्य की समीक्षा की गई। जिले के 629 ग्रामों में पशु संगणना कार्य प्रगति पर है। अब तक 71 ग्रामों में संगणना कार्य का सत्यापन जिला नोडल अधिकारी द्वारा किया जा चुका है, जबकि 442 ग्रामों में ऑनलाइन एंट्री कार्य जारी है। वहीं कुछ ऐसे भी ग्राम हैं जहां अब तक ऑनलाइन एंट्री कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। इस पर नाराजगी जताते हुए संयुक्त संचालक डॉ.सतनामी ने तत्काल एंट्री शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी 68 प्रगणकों को निर्देशित किया गया कि पशु संगणना कार्य की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 है। इस अवधि के भीतर समस्त ग्रामों में संगणना और ऑनलाइन एंट्री कार्य पूर्ण कर लिया जाए, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस समीक्षा बैठक में जिला उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.शिशिरकांत पांडेय सहित सभी सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# बारसूर में 80 प्रतिशत मतदान

- पांचों निकायों में औसत 70 फीसदी वोटिंग
- जागरूकता के चलते मतदान में बढ़ोत्तरी
- ईव्हीएम में कैद उम्मीदवारों की किस्मत



**दंतेवाड़ा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले के पांचों नगर निकाय में हुए मतदान के अंतिम आंकड़े जारी किये गए हैं। जिले में औसत 70.23 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे ज्यादा नगर पंचायत बारसूर में 80.92 प्रतिशत, नगर पंचायत गीदम में 77.22 प्रतिशत, नगर पालिका दंतेवाड़ा में 67.35 प्रतिशत, नगर पालिका बड़े बचेली में 66.99 प्रतिशत और नगर पालिका किरन्दुल में 68.68 प्रतिशत मतदान हुआ है।

पिछले बार की तुलना में इस बार ज्यादा मतदान हुआ। इसका श्रेय प्रशासन द्वारा चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान को जाता है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने जो मुहिम चलायी गई उसकी वजह से भी मतदाताओं की संख्या बढ़ी और मतदान के प्रतिशत में इजाफा हुआ। जिले की पांचों नगर निकायो में 81 पार्षद और 5 अध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। इसमें दंतेवाड़ा पालिका का अध्यक्ष पद अनुसूचित जनजाति महिला, नगर पालिका बचेली का अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, नगर पालिका किरन्दुल अनारक्षित महिला, नगर पंचायत गीदम अनारक्षित मुक्त तथा नगर पंचायत बारसूर अनुसूचित जनजाति मुक्त के लिए आरक्षित था।

पूरे पांचों निकायो में 47 हजार 719 मतदाता थे, इनमें महिला मतदाताओं की संख्या में 24 हजार 785 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 22 हजार 933 है। मतों की गिनती 15 फरवरी शनिवार को की जाएगी। परिणाम दोपहर तक सामने आ जायेंगे। उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत ईव्हीएम में कैद हो चुकी है। इस बीच परिणाम को लेकर पूर्वानुमान का दौर भी शुरू हो चुका है। अध्यक्ष पद को लेकर पांचों निकायो में भाजपा की स्थिति बेहद कमजोर बतायी जा रही है, हालांकि अभी परिणाम आना शेष है। इसके बावजूद परिणाम को लेकर चर्चा और कयासबाजी जारी है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## मेले से मिठाई खिलाने के बहाने साथ ले गया




**दंतेवाड़ा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मामला कटेकल्याण के मजारपारा का है।

यहां पर एफआईआर दर्ज करायी गई थी कि गांव के ही 36 वर्षीय सुरेश बघेल ने पीड़िता को बंडीपारा करसाड़ मेले से मिठाई खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 7/2025 धारा 65 बीएनएस, 4 (2) पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश किया गया। यह पूरी कार्रवाई एसपी गौरव राय के मार्गदर्शन में की गई। आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक अर्जुन पटेल, एएसआई सुनील एक्का, आरक्षक लवकुमार जोशी, उमाशंकर ठाकुर और किशोर सोरागिरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# फरसगांव पुलिस ने गुम इंसान को रिपोर्ट के चंद घंटों में किया दस्तयाब

## दस्तयाब में पुलिस सहयोगी जनता की रही विशेष भूमिका



**कोण्डागांव,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। फरसगांव पुलिस द्वारा गुम इंसान को रिपोर्ट के चंद घण्टों में पुलिस सहयोगी जनता के विशेष भूमिका से दस्तयाब करने में सफलता मिलने एवं गुम इंसान को वापस पाकर परिजन के खुश होकर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित करने की प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी रीखिल मरकाम निवासी सिरपुर ने थाना आकर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी की बहन कुमारी साईनी मरकाम पिता स्व.रोमनाथ मरकाम 19 वर्ष निवासी ग्राम सिरपुर बीचपारा, 10 फरवरी शाम 07 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई, जिसे आस-पास एवं रिस्तेदारों में पता तलाश किया गया, लेकिन कहीं नहीं मिलने पर उन्हें थाने में आकर सूचना देना पड़ रहा है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान क्र. 08/2025 11 फरवरी को कायम कर गुम युवती की पता साजी में लिया गया। मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए गुम युवती की पता साजी हेतु पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से) के निर्देश, एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में लगातार गुम इंसान की हर संभव पता साजी की जा रही थी। पता तलाश के दौरान गुम बालिका को अपने बुआ के घर ग्राम कोसागांव थाना कोण्डागांव से पुलिस सहयोगी जनता की मदद से बरामद कर दस्तयाब कर सकुशल परिजन को सुपूर्द किया गया। गुम इंसान कुमारी साईनी मरकाम को सकुशल वापस पाकर प्रार्थी एवं परिजनों द्वारा थाना फरसगांव पुलिस को धन्यवाद दिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संजय सिन्दे, सउनि पिताम्बर कठार, सउनि सुरेन्द्र कुमार बघेल, आर.क्र.378 अजरंग बघेल, म.आर.963 महन्ती कवाची की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध रूप से परिवहन हो रहे गैस सिलेंडर जब्त



**कांकेर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन में जिला खाद्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर बड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में बिना वैध दस्तावेज के परिवहन किए जा रहे बड़ी संख्या में गैस सिलेंडरों को जब्त किया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि गाड़ी क्रमांक सीजी 07 ब्ळ 07 ठफ 3866 (ट्रक) और ब्ळ 19 भ् 0766 (छोटा हाथी) में 19 किलोग्राम और 13 किलोग्राम के भरे हुए गैस सिलेंडरों को सड़क किनारे एक गाड़ी से दूसरी गाड़ी में स्थानांतरित किया जा रहा था। मौके पर विभाग की टीम द्वारा पहुंचकर जांच की गई तो दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। जिस पर प्रशासन ने छोटा हाथी से 19 किलोग्राम के 43 भरे हुए सिलेंडर और 13 किलोग्राम के 5 भरे हुए सिलेंडर जब्त किया। इसी प्रकार ट्रक से 19 किलोग्राम के 193 खाली सिलेंडर और 13 किलोग्राम के 9 खाली सिलेंडर भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए सभी सिलेंडर गो गैस कंपनी के हैं। सिलेंडरों को नियमानुसार थाना कांकेर में अभिरक्षा में रखा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को, प्रधान जिला न्यायाधीश ने अधिवक्ता संघ की बैठक लेकर की समीक्षा

**कांकेर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी 8 मार्च को छत्तीसगढ़ राज्य में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक-से-अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारी की समीक्षा करने प्रधान जिला न्यायाधीश श्री आनंद कुमार ध्रुव द्वारा आज अधिवक्ता संघ कांकेर में बैठक ली गई। बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा की गई की न्यायालय में लंबित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकृत किए जाने का प्रयास किया जाए। इस दौरान अधिवक्ताओं को सुझाव दिया गया कि वे अपने पक्षकारों के प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराए जाने के बारे में जरूरी समझाइश दें और उसे राजीनामा हेतु चर्चा करने के लिए न्यायालय समक्ष लेकर आए। उक्त बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव श्री भास्कर मिश्र, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री नरेंद्र देव सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# वाहन चलाते समय सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग करना अनिवार्य

**कांकेर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी कार्यालयों में कार्यरत समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वाहन चलाते समय सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में शासकीय कर्मचारियों की मृत्यु तथा गंभीर रूप से घायल होने की दुखद घटनाओं को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा मोटरयान अधिनियम 2019 में वाहन चालन के समय नियमानुसार सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग किया जाना अनिवार्य एवं आवश्यक भी है।

# खरोरा नगर पंचायत में लगभग 80 प्रतिशत मतदान



**खरोरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु। नगर पंचायत खरोरा मंगलवार को चुनाव त्यौहार का माहौल था।स्थानीय चुनाव के कारण वोट डालने नागरिकों का उत्साह छलक रहा था। प्रात: 8 बजे से ही सभी 3 मतदान केंद्रों में नागरिकों के वोट डालनेका सिलसिला प्रारंभ हो गया। नगर पंचायत खरोरा चुनाव 2025 का मतदान संपन्न हुआ।

सुबह 8 बजे से सभी तीन मतदान केंद्रों में बनाए गए 15 बुथो पर खरोरा नगर की लगभग 7800 मतदाताओं में लगभग 6059 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। करिया दामा प्राथमिक शाला आदर्श मतदान केंद्र के रूप में सजा धजा था, यूं लग रहा था जैसे मतदान केंद्र नही किसी विवाह का रिसेप्शन हो! शानदार महाराजा गेट, फूलों और तोरण से सजा प्रवेश द्वार बड़ा मनोरम लग रहा था। वैसे तीनों मतदान केंद्रों में व्यवस्थाएं सुचारू थी बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। शांतिपूर्ण रूप से मतदान अंतिम समय तक चलता रहा, दोपहर 12 बजे के आसपास 44 फीसदी मतदान हो चुका था ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा था की शाम तक 80त्न मतदान होंगे और ठीक वैसे ही हुआ। इस बार मतदाताओं ने भारी उत्साह में मतदान किया गांव के बाहर काम करने वाले लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे हुए थे, यह एक स्वच्छ प्रजातंत्र का संदेश भी है।

तीन स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए गए थे हाई स्कूल खरोरा, मिडिल स्कूल खरोरा और पीएम श्री प्राथमिक शाला करिया दामा खरोरा जहां वार्ड बार मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

पुलिस की चौकसी ने मतदान प्रक्रिया को और चौकस कर दिया था कहीं किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ और ना ही ईवीएम मशीनों की खराबी की कोई खबर आई और इस तरह बहुत ही खुशनुमा माहौल में नगर पंचायत खरोरा का मतदान संपन्न हो गया और इसके साथ ही प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में लॉक हो गई जो 15 फरवरी को खुलेंगे और परिणाम सामने आएगा, सारे ईवीएम मशीन सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रख दी गई है और कड़ी सुरक्षा तैनात कर दी गई है।

# औसत से अधिक और कम मतदान वाले केन्द्रों की समीक्षा



**कोण्डागांव,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निर्वाचन में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत औसत मतदान प्रतिशत से 15 प्रतिशत अधिक या कम मतदान दर्ज करने वाले मतदान केन्द्रों की बुधवार को विस्तृत समीक्षा की गई। यह समीक्षा पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम के बाहर जिले की प्रेक्षक श्रीमती दिव्या गौतम की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान कोंडागांव नगर के चार मतदान केन्द्रों में औसत से कम मतदान दर्ज किया गया। इन केन्द्रों में तैनात पीठासीन अधिकारियों की डायरी की जांच की गई, लेकिन किसी भी प्रकार की त्रुटि या अनियमितता नहीं पाई गई। वहीं केशकाल और फरसगांव के मतदान केन्द्रों में किसी भी स्थान पर औसत मतदान प्रतिशत से 15 प्रतिशत अधिक या कम मतदान दर्ज नहीं हुआ। निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार यदि किसी मतदान केंद्र में औसत मतदान प्रतिशत से 15 प्रतिशत अधिक या कम मतदान दर्ज होता है, तो इसकी विशेष समीक्षा की जाती है। इस प्रक्रिया के तहत पीठासीन अधिकारियों की रिपोर्ट, मतदान से जुड़े अन्य दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के आंकड़ों का विश्लेषण किया जाता है। समीक्षा बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी इस प्रक्रिया से अवगत कराया गया, जिससे चुनावी पारदर्शिता बनी रहे। समीक्षा के दौरान प्रेक्षक ने यह स्पष्ट किया कि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई है और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया है।

# पुत्र ने की पिता की हत्या

## आरोपी गिरफ्तार, पोन्दूम गांव का मामला



**दंतेवाड़ा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। शराब और मुर्गे के विवाद में एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। मामला दंतेवाड़ा थाना अंतर्गत पोन्दूम का है। यहां पर चार दिन पहले हड़मा मंडावी की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिरों से पुलिस को जानकारी मिली की हड़मा की हत्या उसके ही पुत्र संतोष ने की है। इसके बाद संतोष को हिरासत में लिया गया और कड़ाई से पूछताछ की गई। संतोष ने बताया कि रात 12 बजे उसने टंगिया से अपने पिता के सिर में वार किया और उसकी हत्या कर दी। पिता के साथ शराब और मुर्गे को लेकर झगड़ा हुआ था। आरोपी के निशानदेही पर टंगिया बरामद कर लिया गया है तथा आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी एसपी गौरव राय के मार्गदर्शन में हुई। पोन्दूम के इस प्रकरण को सुलझाने दंतेवाड़ा थाने के एसआई रामकुमार श्याम, किशोर जोशी, एएसआई पंकज धर, सुनिता साहू, प्रधान आरक्षक विरेन्द्र नाग, आरक्षक हरीश नायर, प्रमोद यादव, भूपेन्द्र पुजारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण रूप से मतदान

## सभी वर्गों के मतदाताओं में मतदान करने दिखा खासा उत्साह



**बिलाईगढ़,** 11 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़ भटगांव सरसीवा पवनी सरिया बरमकेला के सभी 90 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण रूप से मतदान सम्पन्न हुआ। सबेरे से ही मतदान को लेकर सभी वर्गों के मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। युवा, दिव्यांगजन व वरिष्ठजन सहित सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। सभी नगरीय निकायों में प्रात: 8 बजे मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस दौरान लोगों ने कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया और लोकतंत्र की मजबूती में अपनी सहभागिता निभाई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में नगरीय निकायों के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए पेयजल, छाया, बैरिकेटिंग, स्वास्थ्य आदि की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाईड एवं मतदान संगवारियों ने भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

**मतदान केन्द्र में की गई व्हीलचेयर की व्यवस्था**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। दिव्यांगजनों के लिए व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, जिसका सभी दिव्यांगजनों ने उपयोग करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया और जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधा की सराहना की।

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 78.52 प्रतिशत औसत मतदान हुआ

**बिलाईगढ़,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में प्रखर चंद्राकर एसडीएम सारंगढ़ ने बरमकेला एवं सरिया नगर पंचायत के मतदान केन्द्र के कार्यों का, वहीं बिलाईगढ़ एसडीएम वर्षा बंसल ने नगर पंचायत पवनी, बिलाईगढ़, भटगांव, सरसीवा में मतदान कार्य को पूरा कराया। जिले के छह नगर पंचायत में आयोजित नगर पालिका निर्वाचन में 15438 महिलाओं और 14638 पुरुषों ने मतदान में भाग लिया, जबकि इन 6 नगर पंचायत में तृतीय लिंग मतदाता नहीं है। 19930 महिला मतदाता है, वही 18376 पुरुष मतदाता है। जिले का औसत मतदान 78.52 प्रतिशत रहा। मतदान प्रतिशत सरिया में 95.91 सर्वाधिक रहा, वही सबसे कम मतदान भटगांव में 69.48 प्रतिशत किया गया।

# ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा कक्ष को किया गया सील

## 15 को होगी मतगणना



**कांकेर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 के तहत नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षद सहित नगर पंचायत के प्रत्याशियों का 11 फरवरी को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान के पश्चात ई.व्ही.एम. मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा करने के बाद कक्ष को सील किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री कुमार विश्वरंजन और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम मशीन को रखने के पश्चात कक्ष को देर रात सुरक्षित ढंग से सील किया गया है। स्ट्रांग रूम को सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में रखा गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जितेंद्र कुर्रे, एसडीम कांकेर श्री अरुण वर्मा सहित निर्वाचन संबंधी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मतगणना के दिन 15 फरवरी को स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। इसके पहले, नगरपालिका कांकेर सहित नगर पंचायत चारामा, पखांजूर, अंतागढ़ और भानुप्रतापपुर में सभी मतदान कर्मी निर्धारित पोलिंग बूथ से वापस लौटकर सुरक्षित ढंग से एवं मशीन और मतदान सामग्रियों को संबंधित संग्रहण काउंटर में 11 फरवरी की रात्रि में ही जमा करवा दिया था।

उल्टा पुल्टा

पिता- पढ़ ले नालायक, कभी तूने अपनी कोई बुक खोलकर भी देखी है.
बेटा- हां पापा देखी है, बल्कि रोज देखता हूं उसे.
पिता- कौन सी बुक पढ़ने लगा है तू?
बेटा- फेसबुक.

संपादकीय

## आयुष्मान का फर्जीवाड़ा खत्म हो

*केन्द्र सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य हेतु बेहतरीन योजना आयुष्मान लागू कर रखी है पर देखा जा रहा है कि यह बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का जरिया बन गयी है। यह कहानी देश के कई राज्यों की है। बतलाया जाता है कि अनेक ऐसे राज्य हैं जिनमें अस्पतालों ने आयुष्मान के मरीजों का इलाज ही बन्द कर दिया है क्योंकि उनके पैसे प्रदेश सरकारों ने रोक रखे हैं। इसके अलावा इसमें व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार की खबरें आ रही हैं। इसके कारण भी एक अच्छी योजना दम तोड़ती नज़र आ रही है। अधिकृत तौर पर यह बन्द तो नहीं हुई है लेकिन इसका फायदा लोगों तक पहुंच नहीं पा रहा है। ऐसे सभी राज्यों को चाहिये कि आयुष्मान के प्रभावी ढंग से संचालन हेतु ज़रूरी उपाय करें। अस्पतालों की राशि जारी हो तथा व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म किया जाये। आयुष्मान के मरीजों को इन परिस्थितियों के कारण अपने स्वास्थ्य पर भारी-भरकम राशि खर्च करनी पड़ रही है।*

*यह मामला राज्यसभा में उठा है। एक सवाल के जवाब में सरकार की ओर से बताया गया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत देश भर में 2.7 लाख दावे फर्जी पाये गये हैं। इनके जरिये 562.4 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा हुआ है। जिन राज्यों में सबसे ज्यादा फर्जी तरीके से राशि दी गयी है उनमें छत्तीसगढ़ का नाम काफी ऊपर है। यह प्रदेश के लिये शर्म की बात है। सदन में दी गयी जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में 139 करोड़, छग में 120.34 करोड़ व मध्यप्रदेश में 119.34 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा सामने आया है। निजी अस्पतालों के जरिये होने वाले घोटालों के तहत गलत तरीकों से बिलिंग कर भुगतान किये जाते हैं। इनमें अस्पताल प्रबंधन से लेकर आयुष्मान का भुगतान करने वाले अधिकारी-कर्मचारी शामिल होते हैं।*

*छग सरकार को इस ओर तुरन्त ध्यान देना होगा। इसके चलते जहां एक ओर सरकार की राशि अनावश्यक व गलत तरीके से अपात्रों या बोगस लोगों को जा रही है वहीं सरकार द्वारा राशि न देने से पात्रताधारकों को दिक्कत हो रही है। बताया जा रहा है कि सरकार के पास योजना की जो राशि अटकी है वह इसी कारण से है। फर्जीवाड़े के तहत अंधाधुंध राशि का भुगतान हो गया है और सरकार के सामने और राशि देने में दिक्क त आ रही है। कई निजी अस्पताल मरीजों को लौटा रहे हैं जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यय को वहन करने में जनसाधारण असमर्थ है। सरकार को आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन की राह में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना होगा। यह एक बेहद जनोपयोगी कार्यक्रम है। आजकल स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच-पड़ताल, उपचार एवं दवाओं की लगातार बढ़ती कीमतों से सामान्यजन बेहद परेशान है। विशेषकर निम्न वर्ग, मध्य निम्न वर्ग तथा मध्य वर्ग को भी आयुष्मान से काफी राहत मिलती है। सरकार इसे प्रभावी बनाये।*

# प्रदेश के 12 लाख लोगों को मिलेगा आयकर में कटौती का लाभ

## केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गिनाए केंद्रीय बजट से छत्तीसगढ़ को मिलने वाले फायदे

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)।मोदी सरकार के केंद्रीय बजट के बारे में जानकारी देने रायपुर आए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इससे छत्तीसगढ़ को होने वाले फायदों को एक-एक कर गिनाए। उन्होंने बताया कि एक तरफ इनकम टैक्स में कटौती से प्रदेश के 12 लाख लोगों को सीधा फायदा होगा, वहीं अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए दो करोड़ का टर्म लोन देने के साथ कौशल विकास योजना से प्रदेश के 10 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।



केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव और मंत्री दयाल दास बघेल के साथ केंद्रीय बजट पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत करना है। भारत में मिडिल क्लास लोगों के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। इसके साथ बजट का सरलीकरण हो रहा है, जिसे कल हम लोकसभा में पेश करेंगे।

उन्होंने कहा कि युवा का समर्थ बढ़ाने के लिए हमारे देश में आज तक रिसर्च के लिए बहुत कम ध्यान दिया है। रिसर्च माइंडसेट डेवलप करने के लिए हम काम कर रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्र में ज़्यादा बल दे रहे हैं। स्टार्टअप की संख्या बढ़ रही है। ये सब देखने के लिए स्टार्टअप 10 हजार करोड़ रुपए का हमने प्रावधान किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर में 2 लाख करोड़ इन्वेस्ट किया है। 2014 से पहले यह बहुत कम था।

जोशी ने कहा कि इनकम टैक्स के साथ-साथ अन्य स्लैब भी हमने बहुत कम किया है। 12 लाख के साथ-साथ 18 लाख रुपए की इनकम वालों का भी 17 हजार रुपए कम हो रहा है। एक समय था, जब एक मिडिल क्लास परिवार के लिए डॉक्टर बनना संभव ही नहीं था। हमने पिछले पांच सालों में मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास के परिवार के सपनों को साकार करने का कार्य किया है।

प्राइवेट सेक्टर में रिसर्च का जिक्र करते हुए प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 20 हज़ार करोड़ और साइंटिफिक सेक्टर में रिसर्च के लिए 10 हज़ार करोड़ इन्वेस्ट किया है। हम बहुत बड़ा फंड तैयार कर रहे हैं। मेडिकल फील्ड के लिए कई वायरस जैसे कोविड व अन्य पर रिसर्च के लिए बड़ा फंड जारी किया है।

उन्होंने कहा कि फूड डिलीवरी वालों के लिए स्वास्थ्य बीमा देने का काम किया है। सामान्य आदमी सोचता है, पैसा नहीं है, स्टार्टअप नहीं करेंगे, ऐसी नौबत नहीं आनी चाहिए। इसके लिए भी हमने तैयारी की है। इंडियन लैदर को बढ़ावा देने का कार्य किया है। इंडियन इंफ्रास्ट्रचर डेवलप करने के लिए 5 लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए दो करोड़ का टर्मलोन की तैयारी की है। बिजनेस शुरू करने के लिए पांच लाख महिलाओं को 2 करोड़ का टर्मलोन दिया जाएगा। जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आ सके। किसान क्रेडिट कार्ड को 3 से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि रेलवे के बारे में बात की जाए तो, टोटल 2025-26 में 6 हज़ार 925 करोड़ से अधिक दिया गया है। इसमें रेलवे के आधुनिकरण और विकास के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। पर्यटन क्षेत्र में पचास हज़ार रोजगार देने का बजट तैयार किया है। जिससे हर प्रदेश में पर्यटन को विकसित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में कौशल विकास के लिए योजना तैयार किया गया है।

मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की संभावना है, जिसका आदिवासियों को सीधा लाभ मिलने वाला है। आदिवासी क्षेत्रों के लिए बुनियादी ढाँचों के लिए तैयारी की गई है। इससे सभी आदिवासियों को बड़ा फायदा होने वाला है। हमने अमृतकाल को ध्यान में रखते हुए 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए बजट तैयार किया है।

## वित्त मंत्री चौधरी की बजट प्रस्ताव पर राजस्व मंत्री वर्मा के साथ मंत्री स्तरीय चर्चा



**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मंत्री टंक राम वर्मा के साथ उनके विभागों राजस्व, आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण से सम्बंधित 2025-26 के मुख्य बजट एवं नवीन मद के प्रस्तावों पर व्यापक चर्चा की।

इस मौके पर वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल, राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता सहित राजस्व एवं खेल विभाग और वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## रेडियो सूचना और संवाद का सशक्त माध्यम : साय

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेडियो संचार का एक प्रभावी, विश्वसनीय और जनहितकारी माध्यम है, जो आमजन को सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के साथ-साथ लोक संस्कृति एवं लोकभाषा को



सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डिजिटल युग में भी रेडियो की प्रासंगिकता बनी हुई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में रेडियो न केवल आम जनता तक सरकार की योजनाओं और नीतियों को पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि यह दूर-दराज के गाँवों तक शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

## निष्कासित कांग्रेस नेताओं की पार्टी में वापसी को लेकर बवाल

### 15 के बाद बहुत कुछ बोलूंगा : कुलदीप जुनेजा

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। निष्कासित कांग्रेस नेताओं की पार्टी में वापसी को लेकर अब बवाल शुरू हो चुका है। अजीत कुकरेजा का नाम भी सूची में आने के बाद रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शायराना अंदाज में पैसे लेकर कुकरेजा की पार्टी में वापसी की ओर इशारा किया है ।उन्होंने कहा,पैसा खुदा तो नहीं लेकिन खुदा की कसम खुदा से कम नहीं. ।



अजीत कुकरेजा की पार्टी में वापसी का जुनेजा ने प्रदेश दीपक बैज को पत्र लिखकर पहले ही विरोध किया था। पत्र में उन्होंने कुकरेजा पर पार्टी को हराने के लिए उनके क्षेत्र में षड्यंत्र करने का आरोप लगाया था। कल देर शाम कांग्रेस ने कई जिलों से निष्कासित नेताओं को पार्टी में शामिल करने की सूची जारी की। इसमें रायपुर से अजीत कुकरेजा का भी नाम शामिल है। सूची आने के बाद कुलदीप जुनेजा ने कहा है कि 15 फरवरी के बाद बहुत कुछ बोलूंगा। फिलहाल शायरी के जरिए इतना ही कहूंगा कि च्पैसा खुदा तो नहीं लेकिन खुद की कसम खुदा से कम नहीं।

**सरकार व निर्वाचन आयोग की लापरवाही से कम हुई वोटिंग**

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा, 15 तारीख के बाद खुलकर बोलूंगा। अभी बस दो लाइन बोलकर समझाता हूं कि पैसा खुदा तो नहीं पर खुदा की कसम खुदा से कम नहीं। रायपुर में सबसे कम मतदान को लेकर उन्होंने कहा, ये सरकार और निर्वाचन आयोग की लापरवाही है ।कल लोग मतदाता पर्ची को लेकर दिनभर भटकते रहे ।ये लापरवाही है. जो जनता वोट देना चाहती थी वो भी वोट नहीं दे सकी। अगर ये समस्या नहीं होती तो 70 फीसदी से अधिक वोटिंग होती।

**कांग्रेस को परेशान करने का काम कर रही भाजपा सरकार**

पूर्व महापौर एजाज ढेबर को ईओडब्लूकी नोटिस पर कुलदीप जुनेजा ने कहा, जब से भाजपा की सरकार आई है तब से कांग्रेस को बस परेशान करने का काम कर रही है। ये भी उसी का उदाहरण है ।निकाय चुनाव में रायपुर के नतीजे को लेकर जुनेजा ने कहा, रायपुर में क्या स्थिति है ये समझ नहीं आ रहा है। पार्टी के कार्यकर्ताओ ने पूरी कोशिश की है।

## निकाय चुनाव प्रदेश में 72 प्रतिशत हुआ मतदान

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव 2025 के लिए हुए मतदान के आंकड़े आयोग ने जारी किए है ।33 जिलों के नगरपालिकाओं में कुल 72.19 फीसदी मतदान हुआ है ।प्रदेश भर में हुए मतदान में पुरुषों का प्रतिशत 73.07 फीसदी , महिलाओं का 71.66फीसदी और तृतीय लिंग का 19.75फीसदी दर्ज किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कोरिया जिले ने सबसे अधिक 84.97फीसदी मतदान के साथ रिकॉर्ड कायम किया, जबकि गरियाबंद में भी 84.65फीसदी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिलासपुर जिले में सबसे कम 51.37 फीसदी रहा। वहीं रायपुर में भी मतदान का प्रतिशत कम रहा, जहां 52.75 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## राज्य निर्वाचन आयुक्त ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए निर्वाचन से जुड़े सभी लोगों के प्रति जताया आभार

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय अनुसूची कार्यक्रम के अनुसार नगरपालिका निर्वाचन निर्धारित तिथि 11 फरवरी को प्रात: 8 बजे से सायं 5 बजे तक सम्पन्न हुआ। प्रदेश के 10 नगरपालिक निगम, 49 नगरपालिका परिषद् एवं 114 नगरपंचायतों सहित 173 नगरीय निकायों के लिए एक चरण में चुनाव संपन्न हुआ. नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु मतदाताओं की कुल संख्या 44 लाख 75 हज़ार 703 है. जिसमें से सभी जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य में औसत मतदान कुल 72.48त्न रहा.मतगणना 15 फरवरी 2025 को संपन्न कराया जाना है.

नगरपालिका आम निर्वाचन मतदान मशीन ईवीएम से कराया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि मतदान के दौरान 12 हज़ार 500 कंट्रोल यूनिट तथा 22 हज़ार 650 बैलेट यूनिट उपयोग में लाये गये।




राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बसना जिला-महासमुंद में अध्यक्ष पद अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित हुए। तथा आम निर्वाचन में कुल 31 एवं उप निर्वाचन में 02 पार्षद पद के अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन के दौरान जिला ङ्क खैरागढ़- छुईखदान ङ्क गण्डई में 01, जिला-गरियाबंद में 01, जिला- जांजगीर चांपा में 03, जिला-दंतेवाड़ा में 05, जिला-महासमुंद में 03, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज में 03, जिला-सूरजपुर में 05 एवं जिला-मुंगेली से 02 में मतदान मशीन खराब होने के कारण बदलने की सूचना प्राप्त हुई। आदर्श आचरण संहिता उल्लंघन पर आयोग द्वारा 160 विभिन्न शिकायतों पर कार्रवाई की गई। समस्त जिलों में औसत मतदान प्रतिशत 72.48 रहा तथा सभी क्षेत्रों में मतदान के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।


- 72.48फीसदी रहा राज्य में औसत मतदान प्रतिशत
- 173 नगरीय निकायों के लिए संपन्न हुआ मतदान
- 15 फरवरी को की जाएगी मतगणना

निर्वाचन में लगे मतदान कर्मियों (महिला-पुरूष) से निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र कुल 7 हज़ार 879 प्राप्त हुए। मतदान शांतिपूर्वकएवं सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। देर शाम तक कुछ मतदान केन्द्रों में लम्बीलाईन लगे रहने की सूचना प्राप्त हुई।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह द्वारा इस निर्वाचन में लगे समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस, राजनीतिक दलों,अभ्यर्थियों एवं मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## छत्तीसगढ़ में शिक्षा स्तर को वर्ल्ड क्लास बनाया जाए : बृजमोहन

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)।रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ और झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने सरकार से जानकारी मांगी कि किस तरह की चुनौतियाँ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में आ रही हैं और शिक्षकों के प्रशिक्षण में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।




लोकसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, च्ग्रामीण भारत में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। डिजिटल शिक्षा, शिक्षकों के प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी उतनी ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले जितनी शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए मैं केंद्र सरकार से निरंतर संवाद करता रहूंगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि डिजिटल शिक्षा और स्मार्ट क्लास जैसी पहल वास्तव में छात्रों तक पहुंचे।

बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में जोर देकर कहा कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए ई लर्निंग के साथ ही शिक्षकों के कुशल प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाएगा। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाई जाए, डिजिटल शिक्षा का विस्तार हो और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने स्कूल ड्रॉपआउट दर कम करने के लिए विशेष योजनाएँ लागू करने की मांग की।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार होंगे और सभी बच्चों को समान अवसर मिलेंगे।

## परिसीमन की वजह से वोटिंग हुई कम : भूपेश

### छप्पन इंच का सीना अब सिकुड़ता जा रहा है और ये घुटने टेकते जा रहे हैं

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)।नगरीय निकाय चुनाव में मतदान के आंकड़े आ चुके हैं। निकायों में मतदान के प्रतिशत में काफी कमी नजर आई है। मतदान में कमी को लेकर सियासत शुरू हो चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिसीमन को मतदान की कमी का कारण बताया है ।पत्रकारों से चर्चा के दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण हुआ है, लेकिन मतदाताओं को बड़ी तकलीफ हुई ।उनके वार्ड का परिसीमन इस प्रकार से किया गया कि एक ही परिवार के लोगों को अलग-अलग बूथ में जाकर मतदान करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का कांग्रेस पार्टी ने विरोध किया था और कोर्ट में याचिकाएं भी लगाई गई थीं, लेकिन याचिकाओं का निराकरण नहीं हुआ, जिसका पूरा असर अब मतदान में नजर आ रहा है।

उन्होंने कहा कि कई जगह ईवीएम खराब हुए, लोगों को इंतजार करना पड़ा। ईवीएम खराबी के चलते भी मतदान कम होने की बात उन्होंने कही है। वहीं भूपेश बघेल के आरोप पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि परिसीमन में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है।



केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी की पत्रकार वार्ता पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि जब बजट में किसी वर्ग के लिए कुछ है ही नहीं, तो किस बात का फीडबैक लेने जोशी जी छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि समय के साथ बजट की असलियत लोग जान गए और निराशा छा गई है ।उन्होंने छत्तीसगढ़ में 13 लाख मनरेगा मजदूर के नाम जाने की बात कही और किसानों के एमएसपी की मांग पूरी नहीं करने की बात कही। उन्होंने बजट को उद्योगपति केंद्रित बताया, जो जनता के हिसाब से नहीं आ रहा है।

उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था अब निर्मला सीतारमण के हाथ में नहीं रही और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम से देश की आर्थव्यवस्था संचालित हो रही है ।उन्होंने अमेरिका में स्टील पर टैक्स बढ़ने से सेंसेक्स में गिरावट आने और उससे लोगों को करोड़ों नुकसान होने की बात कही ।उन्होंने कहा कि कभी चीन तो कभी अमेरिका भारत को झुकाता है। पीएम मोदी और विदेश मंत्री को घेरते हुए उन्होंने कहा कि सत्र में मंत्री ने अब तक जवाब नहीं दिया कि क्यों बेड़ियों में भारतीयों को भेजा गया है। सरकार की स्थिति ये है कि ये कुछ नहीं कर पा रहे छप्पन इंच का सीना अब सिकुड़ता जा रहा है और ये घुटने टेकते जा रहे हैं।

इधर श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के भाई के महिला से दुर्व्यवहार को लेकर उन्होंने कहा कि इनकी दबंगई इतनी बढ़ गई है कि ये भूल चुके हैं कि कौन महिला है और कौन पुरुष है। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

कानून व्यवस्था पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फिर सवाल उठाए हैं ।मतदान के दिन ही 60 लाख की डकैती को लेकर उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था तार-तार हो चुकी है। राजधानी में गोली चल रही है, लूट, बलात्कार, हत्याएं हो रही हैं और न्यायधानी में अवैध शराब से लोग मर रहे हैं। सरकार उसे छुपाने में लगी है ।ये सुशासन नहीं कुशासन है। लोगों का विश्वास सरकार से टूटता जा रहा है।

**जुनेजा की बातों को पूर्व मुख्यमंत्री ने नकारा**

पैसों के लेन-देन को लेकर पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के आरोपों को भूपेश बघेल ने नकारा है। उन्होंने कहा है कि ऐसी कोई बात नहीं है। वोटिंग के बाद ये लिस्ट आई है। पहले आई होती तो माना जा सकता था। अब चुनाव संपन्न हो चुके हैं, कुछ बचा नहीं है और उसके लिए अलग कमेटी बनी हुई है।

**अरुण साव बोले कांग्रेस के आरोपों को कोर्ट ने किया खारिज**

वहीं अरुण साव ने कल शांतिपूर्वक बड़े पैमाने में मतदान होने की बात कहते हुए जीत का दावा किया। कांग्रेस के आरोपों पर उन्होंने कहा कि सभी आरोपों को उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। इससे साबित है कि परिसीमन में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। 10 की 10 सीटों में बीजेपी जीत रही है।

ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप 2025

# पहली बार गोल्फ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा छत्तीसगढ़




**रायपुर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में गोल्फ प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। राज्य में पहली बार प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) द्वारा छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 25 फरवरी से 1 मार्च 2025 तक रायपुर गोल्फ कोर्स में आयोजित होगा। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसमें देशभर के 126 पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और 1983 वनडे विश्व कप के विजेता ऑलराउंडर कपिल देव का नाम भी शामिल है।

कपिल देव लंबे समय से गोल्फ से जुड़े हुए हैं और देश-विदेश के बड़े टूर्नामेंट्स में हिस्सा ले चुके हैं। मौजूदा समय में वह क्क्त्रड्ढ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। दरअसल, क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कपिल देव ने गोल्फ को अपनाया और वे अब देश के बेहतरीन शौकिया गोल्फर्स में से एक माने जाते हैं। वे भारत के कई प्रमुख गोल्फ टूर्नामेंट्स में भाग ले चुके हैं और इस खेल के प्रति उनकी गहरी रुचि है। छत्तीसगढ़ में उनके खेलने से न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी, बल्कि यह राज्य में गोल्फ की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगा।

**प्रो-एम इवेंट में शामिल होंगे प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय खिलाड़ी**

टूर्नामेंट के तहत प्रो-एम इवेंट का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कपिल देव भी खेलेंगे। इस विशेष आयोजन में प्रोफेशनल गोल्फर्स के साथ छत्तीसगढ़ के शीर्ष नौकरशाह और स्थानीय गोल्फ प्रेमी भी हिस्सा लेंगे। इस इवेंट का मुख्य उद्देश्य राज्य में गोल्फ को बढ़ावा देना और शौकिया खिलाड़ियों को अनुभवी गोल्फर्स के साथ खेलने का अवसर देना है।

## क्रिकेट सम्राट कपिल देव भी आजमाएंगे हाथ

**सीईओ की मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात**

आज पीजीटीआई के सीईओ अमनदीप जोहल ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात कर उन्हें इस टूर्नामेंट में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस मुलाकात के दौरान राज्य में गोल्फ के भविष्य और इस टूर्नामेंट के महत्व पर चर्चा हुई।

**126 पेशेवर खिलाड़ी लेंगे हिस्सा, डीडी स्पोर्ट्स और Waves OTT पर होगा सीधा प्रसारण**

छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप 2025 में 126 प्रोफेशनल गोल्फ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जो राज्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। यह टूर्नामेंट DD Sports और Waves OTT पर लाइव प्रसारित किया जाएगा, जिससे देशभर के दर्शक इस रोमांचक मुकाबले को देख सकेंगे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और अन्य खेलों की गहरी पकड़ है, लेकिन इस आयोजन से अब गोल्फ को भी राज्य में नई पहचान मिलेगी। कपिल देव की भागीदारी, शीर्ष गोल्फर्स की मौजूदगी और क्क्त्रड्ढ के सहयोग से यह टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ने जा रहा है।ज्ञ

# सरयूपारिण ब्राह्मण समाज में आज से दो दिवसीय सामूहिक जनेऊ संस्कार

## सामूहिक व्रतबंध के लिए इंदुभावन महाराज को किया निमंत्रित



**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु। सरयूपारिण ब्राह्मण समाज ने 13 फरवरी से प्रारंभ हो रहे दो दिवसीय जनेऊ संस्कार के लिए दंडीस्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज को निमंत्रित किया है। प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि आज जनेऊ कार्यक्रम के प्रभारी आर एल द्विवेदी,वी के मिश्रा के नेतृत्व में राजेंद्र शर्मा,शैलेश शर्मा,प्रमोद शर्मा ,बैजनाथ मिश्रा,अभय तिवारी ,संजय मिश्रा ,अंकुश शुक्ला आदि विप्र जनों ने बोरियाकला शंकराचार्य आश्रम जा कर दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज एवं दूधा धारी मठ के महंत राजे श्री महंत राम सुंदरदास महाराज को आमंत्रित किया समाज के यज्ञोपवीत संस्कार में संतद्वय बटुकों एवं उनके परिजनों को आशीर्वाद देने का आग्रह किया ।राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सामूहिक नि:शुल्क व्रतबंध कार्य क्रम कल आरंभ होगा ,सामूहिक नि:शुल्क व्रतबंध कार्यक्रम समाज द्वारा पहली बार आयोजित जा रहा है जिसके चलते समाज खासकर युवकों में काफी उत्साह है ।

# राज्यपाल डेका से बॉडी बिल्डर्स चैम्पियनशिप के विजेता खिलाड़ियों ने की भेंट



**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में बॉडी बिल्डर्स के विश्व तथा एशिया चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने सौजन्य भेंट की।

बॉडी बिल्डर्स के वर्ल्ड चैम्पियनशिप में अंबिकापुर के अशोक बेहरा ने स्वर्ण पदक, साउथ एशिया चैम्पियनशिप में बिलासपुर के आनंद राव ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी तरह दिव्यांग खिलाड़ी राजनांदगांव के महेन्द्र यदु और रायपुर के ई.शिवा मिस्टर छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता के विजेता बने। राज्यपाल डेका ने इन सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की और आगे भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश एवं देश का नाम रौशन करने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के पदाधिकारी अभिषेक वर्मा, अरविन्द सिंह, महेन्द्र तेकाम और राजशेखर राव उपस्थित थे। उन्होंने डेका को आगामी माह बिलासपुर में आयोजित होने वाले जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित भी किया।

# राजधानी में विधवा, विधुर व तलाकशुदा महिला, पुरूषों के पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन 9 मार्च को

**रायपुर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। रायपुर ब्राइट फाउंडेशन द्वारा इस वर्ष भी सभी जाति, समाज की विधवा, विधुर व वैद्य तलाकशुदा प्राप्त महिलाओं, पुरूषों के पुनर्विवाह हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें अविवाहित युवक- युवतियां तथा उम्र दराज अविवाहित महिलाएं भी शामिल हो सकती है ।




प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि आगामी 09 मार्च को राष्ट्रीय स्तर पर यह आयोजन 'सत्संग भवन' महामाया मंदिर, पुरानी बस्ती रायपुर में आयोजित किया जा रहा है । संस्था द्वारा 2018 से प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें अब तक 400 से अधिक लोगों का विवाह हो चुका है ।

अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने कहा कि इस वर्ष के परिचय सम्मेलन हेतु महिलाओं का पंजीयन निःशुल्क किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं एवं युवतियां इसका लाभ उठा सके और अपने लिए योग्य जीवन साथी चुन सकें । कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर ने इस अवसर पर बताया कि संस्था के माध्यम से जिन आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों का विवाह तय होता है उनका निःशुल्क आदर्श विवाह भी किया जायेगा । संस्था की सचिव अनघा करकशे ने बताया कि संस्था का कार्यालय सप्रे स्कूल बुढ़ापारा रायपुर के सामने स्थित है जहां प्रतिदिन प्रातः 11 से शाम 7 बजे तक इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीयन करा सकते है साथ ही परिचय सम्मेलन दिवस भी प्रातः 9 बजे से कार्यक्रम स्थल पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी । संस्था की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संस्था के अन्य दो कार्यालयों धमतरी व डोंगरगढ़ में भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध होगी आवेदक धमतरी शाखा के अध्यक्ष सरिता दोशी एवं डोंगरगढ़ के अध्यक्ष प्रकाश गिरधर ( राजा भाऊ ) से संपर्क कर सकते हैं ।

### महिलाओं के लिए नि:शुल्क पंजीयन

इस अवसर पर संस्था की राधा राजपाल , अन्टू ठाकुर , दमयंती देशपांडे , बिहारी लाल शर्मा , लक्ष्मीनारायण लाहोटी , रामभरोसा अग्रवाल , अंजली शितूत , सुषमा ध्रुव , अन्नपूर्णा शर्मा , चंपालाल साहू , ज्योति हिरणवार सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे ।

## मुख्यमंत्री ने दाऊ कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी दानशीलता के लिए विख्यात समाजसेवी दाऊ कल्याण सिंह की 13 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दाऊ कल्याण सिंह जी समाज के उत्थान के लिए समर्पित ऐसे प्रकाश स्तंभ थे जिनकी दानशीलता और उदारता सदैव प्रेरणा देती रहेगी। दाऊ कल्याण सिंह एक युगदृष्टा थे जिन्होंने छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवा के लिए अद्वितीय योगदान दिया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दाऊ कल्याण सिंह ने अस्पताल, पुस्तकालय, कॉलेज, जलाशय जैसी जनहितकारी संस्थाओं के लिए कई एकड़ भूमि दान में दी। उनके इस योगदान के कारण प्रदेश में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में अद्वितीय प्रगति हुई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज उनके द्वारा दान में दी गई भूमि पर अनेक शिक्षण संस्थान और चिकित्सालय संचालित हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले दाऊ कल्याण सिंह जी का नाम सदैव श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाएगा। उनका जीवन हम सभी को सार्वजनिक हितों के लिए निस्वार्थ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

# सफाई कार्य और राजस्व वसूली प्राथमिकता से करें : आयुक्त

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में आवश्यक बैठक लेकर अपर आयुक्त सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू. एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, पंकज शर्मा, श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर, श्रसंजय बागड़े, बद्री चंद्राकर, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी, श्री जसदेव सिंह बाबरा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, राजस्व अधिकारी श्री खीरसागर नायक, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कडु, , सहायक राजस्व अधिकारियों, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में लेते हुए नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने पर नगर निगम रायपुर के सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग और रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के निर्देश पर दिए गए प्रशासनिक दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन करने पर उनको प्रोत्साहित किया. आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को सफाई एवं राजस्व वसूली के कार्य को प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.




स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान का कार्य एवं आवश्यक तैयारियां प्राथमिकता से किये जाने के निर्देश दिए गए हैं. आयुक्त ने नगर पालिक निगम रायपुर के सभी बड़े बकायादारों से शत - प्रतिशत बकाया राजस्व वसूली उन्हें जारी किये गए डिमांड बिल अनुसार प्राथमिकता से नगर निगम हित में किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं. सभी मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था चुस्त - दुरुस्त बनाये रखने का कार्य प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग करके सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. खाली भूखंण्डों पर कचरा फेंकने पर जुर्माना की कार्यवाही कर वहाँ भविष्य में कचरा ना फेंके जाने हेतु सम्बंधित भूखंड धारकों को नोटिस देकर ग्रीन नेट लगवाए जाने की व्यवस्था सम्बंधित भूखंड धारकों के व्यय से सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में एटीएस और आईबी हाईअलर्ट पर

## गिरफ्तार घुसपैठियों के और भी साथी छुपे हैं प्रदेश में

**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने मुंबई से तीन बांग्लादेशी संदिग्ध घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। इन तीनों की पहचान मोहम्मद इस्माइल, शेख अकबर और शेख साजन के रूप में हुई है। एटीएस ने तीनों को 3 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है, और इस दौरान पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। मंगलवार को इन संदिग्धों से सेंट्रल एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की ऑपरेशन विंग के अधिकारियों ने पूछताछ की। आईबी के हेडक्वार्टर से आई 2 सदस्यीय टीम ने टिकरापारा थाने में करीब 1 घंटे तक पूछताछ की। गिरफ्तार तीनों भाइयों ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि वे जियारत (धार्मिक यात्रा) के लिए इराक जा रहे थे, लेकिन जांच एजेंसियों को शक है कि उनका असली मकसद इराक में स्थायी रूप से बसना था। सूत्रों के मुताबिक, एटीएस और आईबी को जानकारी मिली है कि प्रदेश में इनके और भी साथी मौजूद हैं। हालांकि, इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



एटीएस और आईबी के अधिकारियों ने यह भी जांच शुरू कर दी है कि क्या ये तीनों संदिग्ध किसी प्रतिबंधित संगठन से जुड़े हुए थे। पुलिस को शक है कि कबाड़ी का काम सिर्फ एक बहाना हो सकता है और इनके इरादे कुछ और हो सकते हैं। इन तीनों को छत्तीसगढ़ में रहने के लिए फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराए गए थे। पुलिस अब फर्जी दस्तावेज बनाने वाले कबाड़ी की तलाश में जुटी है, जिसने इनकी नागरिकता साबित करने के लिए नकली कागजात तैयार किए थे।

## निधन

**राजकुमारी यादव**



**भाटापारा,** 12 फरवरी। शक्तिवार्ड निवासी श्रीमती राजकुमारी यादव का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे नगर के पत्रकार राजेश यादव की माता थी। अंतिम यात्रा कल सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# मुठभेड़ में घायल जवानों से मिले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

## हाल-चाल जाना, डॉक्टरों को बेहतर देखभाल के दिए निर्देश



**रायपुर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर रविवार को मुठभेड़ में जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ में दो जवान शहीद हुए, वहीं 2 जवान घायल भी हुए हैं जिन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। हमले में घायल जवानों से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर के निजी अस्पताल में मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और उनकी हौसला आफजाई की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने संबंधित डॉक्टरों और अधिकारियों से जवानों के इलाज की प्रगति की भी जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि उनके इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न हो। उपमुख्यमंत्री ने जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि जवानों के बलिदान और समर्पण को कभी भुलाया नहीं जाएगा। उनके साहस ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

# एक व्यक्ति के देहदान से बच सकती है आठ लोगों की जान : भीमसिंह कंवर



**रायपुर**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ मुख्यालय, रायपुर में आयोजित 'देहदान महादान' विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। इसमें देहदान, अंगदान और नेत्रदान का महत्व विस्तार से बताया गया। वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने कहा कि हमारे जीवन का एक लक्ष्य होना चाहिये, मैं कौन हूं और जीवन क्यों मिला है, यह सोचते हैं तो स्पष्ट होता है कि जिंदगी के बाद हम अपने शरीर को चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के लिये दान कर सकते हैं, इससे स्वयं का महाकल्याण होता है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग के तत्वावधान में यह आयोजन डंगनिया स्थित विद्युत सेवा भवन के सभागार में हुआ। इसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों ने पॉवर पाइंट के माध्यम से जानकारी दी।

एम्स की प्रोफेसर डॉ. मनीषा बी सिन्हा ने देहदान का चिकित्सा शिक्षा में महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक मृत्यु के छह घंटे के भीतर शरीर अस्पताल पहुंच जाना चाहिये, ताकि उस शरीर के अंगों का उपयोग किसी दूसरी जिंदगी को बचाने के लिये किया जा सके।

## पॉवर कंपनी मुख्यालय में देहदान पर सेमीनार

एम्स के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनय राठौर ने अंगदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक ब्रेनडेड शरीर से आठ लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। छत्तीसगढ़ में अब अंगदान की सुविधाएं विकसित हो चुकी हैं। हाल ही में कोरबा के साहू परिवार ने अपने बच्चे का शरीर ब्रेनडेड के बाद दान दिया, जिसमें हृदय, फेफड़ा, किडनी, लीवर, आंख और अन्य अंग का उपयोग दूसरे जीवन बचाने में किया गया।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विजया साहू ने कहा कि नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। नेत्रदान के लिये परिजनों की जागरूकता जरूरी है। इस अवसर पर महाप्रबंधक वित्त श्री वाईबी जैन, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विनोद अग्रवाल, डीजीएम श्री पंकज सिंह, परम जीवन फाउंडेशन की श्रीमती अजंता चौधरी, श्री महेंद्र तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन प्रकाशन अधिकारी श्री गोविन्द पटेल ने किया।

# जेईई मेंन्स 2025 में ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए यह विद्यालय सतत् प्रयासरत रहता है यहां छात्रों के बौद्धिक क्षमता को परख कर उन्हें उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सही मार्गदर्शन अनुभवी और विषय विशेषज्ञों की मदद से आगे बढ़ाया जाता है। यहां केवल पाठ्यक्रम से संबंधित ही नही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी पूरी तैयारी कराई जाती है, जिसके फलस्वरूप इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों ने जेईई मेंन्स 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्रों के इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्राचार्या प्रतिमा राजगोर, विद्यालय प्रबंधन कमेटी तथा सभी शिक्षकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की है। छात्रों के नाम व परसेंटाइल - आदित्य जयसवाल (99.1 परसेंटाइल), मानव्य जैन (98.4 परसेंटाइल), हर्षकांत ठाकुर (98.3 परसेंटाइल), अद्वय महावार (97.14 परसेंटाइल), मनोज पुरी (96.1 परसेंटाइल), अभिग्या महावार (91.97 परसेंटाइल)।

# सेक्स रैकेट मामले में 11 आरोपी गिरफ्तार



रायपुर, 12 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में हुए एक सड़क हादसे के बाद उज्बेकिस्तान की एक युवती से पूछताछ के दौरान देह व्यापार का खुलासा होने के बाद तेलीबांधा और सरस्वती नगर पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 की धारा 4, 5, 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। 5.6 फरवरी की रात एक सड़क हादसे के दौरान उज्बेकिस्तान की युवती की संलिप्तता उजागर होने के बाद पुलिस जांच में बड़े देह व्यापार गिरोह का खुलासा हुआ। मुख्य आरोपी भावेश आचार्य के बयान से जुगल कुमार की संलिप्तता सामने आई जो युवतियों को रायपुर बुलाने और 27,000 रुपये में सौदा करने में शामिल था। अलग.अलग राज्यों और विदेशी युवतियों को देह व्यापार के लिए बुलाया जाता था। इस मामले में पुलिस ने पहले दो आरोपियो को गिरफ्तार किया इसके बाद मुख्य आरोपी जुगल कुमार को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया उनसे कड़ाई से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आज 11 और

## बड़े देह व्यापार गिरोह का खुलासा हुआ

आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। रवि ठाकरे पिता स्व कृष्णा राव उम्र 55 साल निवासी आर.डी.ए् कालोनी बोरियाखुर्द थाना टिकरापारा रायपुर, जागेन्द्र उके उर्फ मोहन पिता हरि उके उम्र 29 साल निवासी हनुमान नगर पहाड़ीपारा गुढियारी रायपुर, बृजेश साहा पिता विधान साहा उम्र 35 साल निवासी अम्बिकापुर सरगांव थाना गांधी नगर हाल पता कमल विहार सेक्टर 07 थाना टिकरापारा जिला रायपुर,मोह साजिद पिता मो तुफानी उम्र 28 साल निवासी ग्राम सेमरिया थाना सेमरिया जिला चतरा हाल पता गली नंण् 01 रियाज का मकान मोतीनगर संतोषी नगर थाना टिकरापारा जिला रायपुर,दिनेश लिलवानी पिता सेवक राम लिलवानी उम्र 30 साल निवासी देवपुरी कुर्सी फैक्ट्री के बगल कृष्णा पुरी थाना टिकरापारा जिला रायपुर, शेख इमरान पिता स्व शेख रजा उम्र 34 साल निवासी सलानी नगर गली नं 03 संजय नगर थाना टिकरापारा जिला रायपुर, अमित सोनी पिता कमल सोनी उम्र 28 साल निवासी पुरानी बस्ती सोनार पारा थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर, रमेन्द्र पाठक पिता स्वण् कामता प्रसाद पाठक उम्र 32 साल निवासी रायपुरा सत्यम विहार गली न 2 आटा चक्की के पास थाना डीडी नगर रायपुर, शेख नूरूल हक पिता स्वण् ताजमुल हक उम्र 49 साल निवासी चौरसिया कालोनी मस्जिद के पास थाना टिकरापारा जिला रायपुर, दुर्गेश पनागर पिता मोतीराम पनागर उम्र 25 साल निवासी रविदास नगर वार्ड नंण् 04 पीजी कॉलेज के पीछे थाना सिटी कोतवाली कवर्धा,जुगल कुमार राय पिता सशान्त चंद्र राय उम्र 39 साल पता दमदमा पोस्ट नहाटा थाना गोपाल नगर नार्थ 24 परगना पश्चिम बंगाल। हाल पता अशोक नगर ट्रांसफार्मर के पास गुढियारी थाना गुढियारी रायपुर

# प्रतिबंधित नशीली सिरप की क्रय-विक्रय 3 आरोपी गिरफ्तार




रायपुर, 12 फरवरी (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन के बाजू स्थित एक्सप्रेस.वे रोड़ के पास 02 व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली सिरप रखें है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहे है। जिस पर गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलियों के व्यक्तियों की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम शहनवाज खान निवासी जिला मौदहा उ प एवं स्वलिन वैष्णव निवासी मुजगहन रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में प्रतिबंधित नशीली सिरप रखा होना पाया गयाए जिस पर दोनों व्यक्तियों से उक्त प्रतिबंधित नशीली सिरप रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि पंडरी रायपुर निवासी सलाउद्दीन द्वारा मंगाये जाने पर उनके द्वारा प्रतिबंधित नशीली सिरप को मौदहा उ.प्र से लाया गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सलाउद्दीन की पतासाजी कर उसे भी पकड़ा गया। पूछताछ में सलाउद्दीन द्वारा प्रतिबंधित नशीली सिरप को आरोपियों से मंगाया जाना स्वीकार किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 240 नग प्रतिबंधित नशीली सिरप खुदरा मूल्य लगभग 1,00,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में धारा 21 22 नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# बेबीलॉन टावर की 7वीं मंजिल से कूदकर युवक ने की आत्महत्या



रायपुर, 12 फरवरी (देशबन्धु)। तेलीबांधा थाना अंतर्गत जीवन विहार कॉलोनी स्थित बेबीलॉन टावर की सातवीं मंजिल से युवक ने कूदकर आत्महत्या कर ली है। इस मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। युवक की पहचान 32 साल के विजय बसोने के तौर पर हुई है। मृतक के पास से आयुष्मान आधार कार्ड मिला है जिसमें उसका नाम विजय बासोने लिखा है। उसने आत्महत्या की है या उपर से गिरा या गिराया गया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। युवक के इस आत्मघाती कदम से लोगों में अफरा.तफरी का माहौल बन गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक के शव को बरामद कर जांच.पड़ताल में जुट गई है।

**नहीं मिला सुसाइड नोट**

जमीन पर गिरने के बाद लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची ने पंचनामा कर लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी भेज रहे है। हालांकि पुलिस को युवक की जेब से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। आखिर युवक ने ऐसे आत्मघाती कदम क्यों उठाया फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है।


# फर्जी मतदान के शक में युवक पिटाई

रायपुर, 12 फरवरी (देशबन्धु)। मंगलवार को मतदान के दौरान वोट डालने गए शख्स को फर्जी मतदान करने के शक में सिद्धी विनायक कालोनी कमल विहार निवासी योगेश मिश्रा की युवकों ने पिटाई कर दी। योगेश मिश्रा पहले मंदिर हसौद में रहता था। जहां उसका मतदाता सूची में नाम जुड़ा हुआ है। कल मतदान था। इसलिए योगेश मिश्रा वोट डालने मंदिर हसौद शासकीय कन्या शाला में गया था। जहा गांव के रहने वाले लच्छन निर्मलकरए घनश्याम साहुए सुभाषु साहूए मनीष साहू ने उसे फर्जी वोट डालने के शक में स्कूल परिसर में उसकी पिटाई कर दी। योगेश मिश्रा ने इस बात कि शिकायत मंदिर हसौद थाना में दर्ज कराई। उधर कल शाम अश्वनी नगर में भी मतदान के दिन वोट डालने अपने पूर्व निवास गए शेखर अख्तर को मोहल्ले के बदमाश युवकों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर कड़ाए बत्ता से हमला कर दिया। अख्तर ने इसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई कि वह आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द में रहता है। कल नगरीय निकाय चुनाव होने से वह अपने पुराना निवास अश्वनी नगर मतदान करने गया था। जहां रात 8.30 बजे वह कासिम किराना दुकान के सामने अपने पूर्व परिचित के आला ठाकुर के साथ बैठा था। तभी मोहल्ले का लडका गजनी आया और उसे देख कर जबरन गाली गलौज कर रहा था। जिसे मना करने पर वह वहां से चला गया था। जो कुछ देर बाद गजनीए सीमा अपने अन्य साथियों के साथ वहां आ गया। और जान से मारने की धमकी देकर वहीं पड़े बते से हमला कर दिया। और सीमा ने ईट से मारपीट किये। इसे देख बीच बचाव करने आए आला ठाकुर के साथ भी हाथ मुक्का से हमला कर दिया।

# मुंबई में पकड़े गए बांग्लदेशी रायपुर में रहकर कबाड़ धंधा कर रहे थे

रायपुर, 12 फरवरी (देशबन्धु)। मुंबई से पकड़े गए तीन बांग्लादेशी सगे भाई पिछले आठ वर्षों से रायपुर में रहकर कबाड़ का काम कर रहे थे। एटीएस के मुताबिक मोहम्मद इस्माइल शेख अकबर तथा शेख साजन ने किसी शेख अली के माध्यम से रायपुर में अपना ठिकाना बनाया था। शेख अली कहां का रहने वाला है पुलिस के साथ एटीएस इसके बारे में जानकारी जुटा रही है। टिकरापारा टीआई विनय सिंह बघेल के मुताबिकए इस्माइल तथा उसके भाई रायपुर में रहकर कबाड़ी का काम कर रहे थे। तीनों संतोषी नगर सहित शहर के अलग.अलग इलाकों में घूम.घूमकर कबाड़ी खरीदी.बिक्री का काम कर रहे थे। तीनों भाई रायपुर में रहने के दौरान धरमपुरा के बाद मिश्रा बाड़ा में किराए पर मकान लेकर रह रहे थे। तीनों भाइयों के मोबाइल फोन जब्त कर पुलिस बांग्लादेशी नागरिकों के कॉल डिटेल खंगाल रही है। एटीएस ने तीनों बांग्लादेशी नागरिकों के मोबाइल फोन जब्त कर टिकरापारा पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस को आशंका है कि बांग्लादेशी नागरिकों ने मोबाइल से कई महत्वपूर्ण डेटा को डीलिट कर दिया है। डीलिट डेटा को रीकवर करने पुलिस मोबाइल की फोरेंसिक जांच करने लैब भेजेगी।

# घर के सामने गांजा पीने से रोका तो फोड़ा सिर



रायपुर, 12 फरवरी (देशबन्धु)। घर के सामने गांजा पीने से मना करने पर मनीष महरा ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर श्रीलंकापारा चंदनडीह निवासी भोपाल मिश्रा को जान से मारने की धमकी देकर हाथ में पहने कड़ा से हमला कर सिर को फोड़ दिया। आमानाका पुलिस ने शिकायत पर मनीष महरा और उसके साथियों के खिलाफ 296, 115.2,351.2,3.5 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। भोपाल ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि कल रात मोहल्ले का मनीष महरा अपने साथियों के साथ घर के सामने आकर गंजा पी रहे थे। उसके मना करने पर वे लड़के भड़क गए और तू कौन होता है मना करने वाला कहकर अपने हाथ में पहने कड़ा से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में भोपाल मिश्रा के सिर में चोट आई है।

# प्रयागराज जाना पड़ा भारी, 70 हजार नगद समेत सोने के जेवरात पार

रायपुर, 12 फरवरी (देशबन्धु)। कुकुरबेडा में रहने वाले एक परिवार को प्रयागराज महाकुंभ में जाना महंगा पड़ा गया और जब वे वापस घर लौटे तो नगद 70 हजार रुपये सहित आलमारी में रखे सोन का 3 मंगलसूत्र, 6 अंगूठी,1 जोडी कान का झुमका, टाप्स, गले का नेकलेस, चैन,चांदी का पायल, कांसे का सामान गायब था। सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी खोजबीन में जुट गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकुरबेडा आमानाका निवासी नंदा तिवारी ने मंगलवार की शाम सरस्वती नगर थाने में चोरी का मामला दर्ज कराते हुए बताया कि वे 7 फरवरी की रात 10 बजे घर में ताला लगाकर परिवार के साथ प्रयागराज महाकुंभ गए थे जहां से वे तीन दिन बाद 10 की सुबह घर वापस आए तो देखा की घर के अंदर हाल के पीछे का दरवाजा खुला हुआ था और सभी कमरों का सामान बिखरा हुआ है। कमरे में रखा स्टील का आलमारी टुटा हुआ था जिसमें रखे सोन का 3 मंगलसूत्रए 6 अंगूठीए 1 जोडी कान का झुमका टाप्स गले का नेकलेस चैन चांदी का पायलए कांसे का सामान नगदी 70,000 रूपए गायब थे। उसे 7 से 10 के बीच कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी कर ले गए।

# पुजारी के घर में चोर ने किया हाथ साफ




रायपुर, 12 फरवरी (देशबन्धु)। पुजारी महेंद्र तिवारी को घर में ताला लगाकर सरोना स्थित इंद्रप्रस्थ पूजा कार्यक्रम में जाना महंगा पड़ा गया और अज्ञात चोर ने मेन गेट का ताला तोडकर जेवरए नगदी 70 हजार रुपये सहित कुल 1 लाख 15 हजार रुपये के समान पर हाथ साफकर छत के रास्ते भाग निकला। पुरानी बस्ती इलाके के खल्लारी नगर भाठागांव के पुजारी महेंद्र तिवारी रविवार की शाम को परिवार सहित इन्द्रप्रस्थ सरोना पूजा कार्यक्रम में गये थे। 11 की सुबह पड़ोसी ने फोन कर जानकारी दी की उसके घर में चोर लोग घुसे हैं। मेन गेट का ताला टूटा हुआ है और चोर छत के रास्त भाग गए। महेंद तिवारी ने घर आकर देखे तो मेन दरवाजा एवं अंदर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ थाए अंदर जाकर देखे तो आलमारी खुला था जिसमें रखे सोने चांदी के जेवर नेकलेसए टाप्सए मंगलसूत्र नगदी 70,000 रूपये कुल 1,15,000 के सामान गायब थे। पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी खोजबीन में जुट गई है।

# पुलिस डॉग आधा किलोमीटर जाकर ठिठका

## फॉरेंसिक टीम को भी कोई सुराग नही

रायपुर, 12 फरवरी (देशबन्धु)। इलाके के पुराने चोरों संदिग्धों से पूछताछ कर रही पुलिस एक एक कर भीतर गएरू घर के बाहर लगे सीसीटीवी में आरोपियों की तस्वीरें कैद हुई है। तीनों आरोपी मिलिट्री ड्रेस में थे। पहले एक उतरा और घर की ओर गया। फिर एक अन्य और अंत में दो एक साथ कार से निकलकर भीतर गए। पुलिस का फोकस द्या प्रापर्टी विवाद तो नहीं हा घर में इतनी बड़ी रकम होने की भनक पर किसी परिचित की या इलाके के चोरों की भूमिका लाल सलाम नारे के निहितार्थ वेलू परिवार के घर 66 लाख की डकैती मामले में पुलिस की तलाश जारी है। पुलिस वेलू परिवार के निकटवर्ती परिजनए परिचितों से पूछताछ कर रही है। कल वारदात के बाद पुलिस के डॉग स्कवाड और फोरेंसिक टीम की भी मदद ली लेकिन कोई सफलता नहीं मिली है। फोरेंसिक टीम भी अपने कई तरह के उपकरणों के साथ घटना स्थल में जुटी थी। उसने मोबाइल से मैके की तस्वीरें भी खींची है। पुलिस डॉग भी घटना स्थल से आधा किमी जाने के बाद भटक गया।

अब तक की जांच के हवाले से पुलिस सूत्रों ने कुछ क्लू मिलने और संदिग्ध कसे पूछताछ की बात कही है। बताया गया है कि डकैतों ने पहले पूरे इलाके की रैकी और फिर दिन समय तय कर वारदात को अंजाम दिया। वे यह जानते थे कि पुलिस मंगलवार को निगम चुनाव के लिए सुरक्षा में व्यस्त रहेगी। शहर की गश्त में भी बल कम ही रहेगा। और दोपहर दो से चार बजे तक अधिकांश लोग लंच के बाद आराम के मूड में अपने अपने घरों में बंद रहते हैं। इसी के तहत डकैत दोपहर 2.48 मिनट ;सीसीटीवी फुटेज के अनुसार पर वहां पहुंचे और महज आधे से पौन घंटे में रकम लूटकर फरार हो गए। इससे कुछ देर पहले ही वेलू परिवार की परिचित एक कांग्रेस नेत्री को किसी समारोह का निमंत्रण देने वहां गई थी। वो आमंत्रित कर घर से बाहर निकल कर वहां मारुति स्विफ्ट कार और उसके आसपास महल रहे मिलिट्री वर्दी पहने एक युवक को देखा भी। लेकिन वह चेहरा नहीं देख पाई। इस कांग्रेस नेत्री के अपनी एक्टिवा से रवाना होने के बाद कार सवार सभी डकैत एक एक कर वेलू परिवार के घर जिले। और यह वारदात कर पौन घंटे में भाग निकले। नेत्री ने कुछ परिचितों को बताया कि प्रेमावेलू उनकी स्कूल की सहपाठी सहेली है। कल वह स्वयं गेट पर आई थी निमंत्रण पत्र लेने। उस वक्त स्विफ्ट कार वहीं खड़ी थी। पर उसमें कौन और कितने लोग थे यह देख नहीं पाई।



वहां एक मिलिट्री मेन को देखा था शक्ल याद नहीं है। हालिया दिनों में परिवार बहुत परेशानी में था। इनके पिता स्व जी वाडीवेलू भी सेना में मेजर थे। इसलिए इनके घर ऐसी नदी पहन कर कई लोग आते जाते रहे है। और कुछ परिचित परिवारों के सैन्य कमर्मी भी। इसलिए आस पड़ोस के जिन लोगों ने कल पांच डकैतों में से 4 को वर्दी में देखने के बाद भी संदेह नहीं जताया। अनुपम नगर के डी.4 घर में तीनों अविवाहित भाई बहन प्रेमा 71ए मनोहरण 70 और रजनी 67 ही रहते हैं। डकेल वेलू परिवार से 62 लाख नगदए रोजमर्रा के खर्च के लिए रखे 25 हजार रूपएए 3 सोने की चेन 3 मोबाइल फोन छीनकर ले गए। फोन छीनने के पीछे उनकी रणनीति यह रही होगी कि उनके निकलते ही कहीं वेलू परिवार पुलिस को फोन न ऽ कर दे। जांच से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इलाके के कुछ संदिग्ध पुराने चोरए अन्य अपराधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस की 15 अलग.अलग टीम गठित कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की पूछताछ में पीडितों ने बताया कि 5 डकैतों में। महिला डकैत भी शामिल थी। उक्त महिला डकैत ने ही घर में मौजूद एक बुजुर्ग महिला को बेहोशी का इंजेक्शन भी लगायाए जिसके बाद वो बेहोश हो गई। पुलिस को घर के अंदर से बेहोशी के इंजेक्शन का निहिल भी मिला है हालांकि सीसीटीवी फुटेज में 4 डकैत ही उतरते हुए नजर आ रहे है लेकिन सूत्रों का दावा है कि पीली रंग की साड़ी में एक महिला भी मौजूद थी जो सभवत: थोड़ी देर बाद कार से उतरी। हालाकि कुल्ल डकैत कितने थे इसको लेकर पुलिस ने आधिकारिक रूप से कोई पुष्टी नहीं की है।

### 60 लाख में बेची जमीन

बताया जा रहा है कि पीडित परिवार मनोहरण वेणु ने कुछ दिनों पहले ही बाराद्वार में एक जमीन 60 लाख रूपये में बेची थी। नगदी को घर में ही रखे हुये थे। इससे वे रायपुर में कुछ प्रापर्टी खरीदना चाह रहे थे। सौदे भी कर रहे थे। चारों आरोपी मिलिट्री ड्रेस में थे। तीनों आरोपी पहले घर में घुसे और खुद को लाल सलाम गैंग का बताकर दो बहनों व उनके भाई को गोली मारने की धमकी दिये और बोले कि अगर हल्ला करेंगे तो वे लोग उनके घर को उड़ा देंगे। आरोपयों ने खुद को जंगल से आने की बात कही।

उल्टा पुल्टा

पिता- पढ़ ले नालायक, कभी तूने अपनी कोई बुक खोलकर भी देखी है.
बेटा- हां पापा देखी है, बल्कि रोज देखता हूं उसे.
पिता- कौन सी बुक पढ़ने लगा है तू?
बेटा- फेसबुक.

## संपादकीय

### आयुष्मान का फर्जीवाड़ा खत्म हो

*केन्द्र सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य हेतु बेहतरीन योजना आयुष्मान लागू कर रखी है पर देखा जा रहा है कि यह बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का जरिया बन गयी है। यह कहानी देश के कई राज्यों की है। बतलाया जाता है कि अनेक ऐसे राज्य हैं जिनमें अस्पतालों ने आयुष्मान के मरीजों का इलाज ही बन्द कर दिया है क्योंकि उनके पैसे प्रदेश सरकारों ने रोक रखे हैं। इसके अलावा इसमें व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार की खबरें आ रही हैं। इसके कारण भी एक अच्छी योजना दम तोड़ती नज़र आ रही है। अधिकृत तौर पर यह बन्द तो नहीं हुई है लेकिन इसका फायदा लोगों तक पहुंच नहीं पा रहा है। ऐसे सभी राज्यों को चाहिये कि आयुष्मान के प्रभावी ढंग से संचालन हेतु ज़रूरी उपाय करें। अस्पतालों की राशि जारी हो तथा व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म किया जाये। आयुष्मान के मरीजों को इन परिस्थितियों के कारण अपने स्वास्थ्य पर भारी–भरकम राशि खर्च करनी पड़ रही है।*

*यह मामला राज्यसभा में उठा है। एक सवाल के जवाब में सरकार की ओर से बताया गया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत देश भर में 2.7 लाख दावे फर्जी पाये गये हैं। इनके जरिये 562.4 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा हुआ है। जिन राज्यों में सबसे ज्यादा फर्जी तरीके से राशि दी गयी है उनमें छत्तीसगढ़ का नाम काफी ऊपर है। यह प्रदेश के लिये शर्म की बात है। सदन में दी गयी जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में 139 करोड़, छग में 120.34 करोड़ व मध्यप्रदेश में 119.34 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा सामने आया है। निजी अस्पतालों के जरिये होने वाले घोटालों के तहत गलत तरीकों से बिलिंग कर भुगतान किये जाते हैं। इनमें अस्पताल प्रबंधन से लेकर आयुष्मान का भुगतान करने वाले अधिकारी–कर्मचारी शामिल होते हैं।*

*छग सरकार को इस ओर तुरन्त ध्यान देना होगा। इसके चलते जहां एक ओर सरकार की राशि अनावश्यक व गलत तरीके से अपात्रों या बोगस लोगों को जा रही है वहीं सरकार द्वारा राशि न देने से पात्रताधारकों को दिक्कत हो रही है। बताया जा रहा है कि सरकार के पास योजना की जो राशि अटकी है वह इसी कारण से है। फर्जीवाड़े के तहत अंधाधुंध राशि का भुगतान हो गया है और सरकार के सामने और राशि देने में दिक्क त आ रही है। कई निजी अस्पताल मरीजों को लौटा रहे हैं जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यय को वहन करने में जनसाधारण असमर्थ है। सरकार को आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन की राह में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना होगा। यह एक बेहद जनोपयोगी कार्यक्रम है। आजकल स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच–पड़ताल, उपचार एवं दवाओं की लगातार बढ़ती कीमतों से सामान्यजन बेहद परेशान है। विशेषकर निम्न वर्ग, मध्य निम्न वर्ग तथा मध्य वर्ग को भी आयुष्मान से काफी राहत मिलती है। सरकार इसे प्रभावी बनाये।*

# प्रत्येक मतदाता को पंचायती राज चुनाव में करने होंगे 4-4 वोट

## पंच के लिये सफेद, सरपंच के लिये नीला, जनपद सदस्य पीला, जिला पंचायत सदस्य के लिये गुलाबी रंग का होगा मतपत्र

**दुर्ग,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम के शहरी मतदाताओं को जहां एक साथ 2 वोट एक ईव्हीएम मशीन से देने पड़े थे किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत चुनाव में एक मतदाता को चार अलग अलग मतपत्रों में अपने पसंद के प्रत्याशियों के मतपत्रों में मुहर लगाकर वोट डालना पड़ेगा। इसके लिये शहरी क्षेत्र की तुलना में समय भी कम सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान की अवधि निर्धारित की गई है। यह ग्रामीण मतदाताओं के लिये काफी चुनौतीपूर्ण भी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्था के अंतर्गत ग्राम पंचायत के पंच. सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन हेतु एक मतदाता को चार मतपत्र दिये जायेगें। इस कार्य में दो रिटर्निंग अधिकारी होगें। एक पंच व सरपंच के लिये दूसरा अधिकारी जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य पद के लिये मतपत्र देगा। ये चुनाव किसी भी राजनीतिक दल के बैनर पर नहीं हो रहे है। सभी प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह एकदम अलग होगें। ऐसी स्थिति में एक मतदाता को अपने पसंद के प्रत्याशी को चार चुनाव चिन्ह भी याद रखने पड़ेगें। निर्वाचन कार्य कराने के लिये प्रशिक्षित अधिकारियों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदाताओं में अशिक्षित अल्पशिक्षितों की संख्या ज्यादा रहती है जिनके लिये कोई अधीकृत प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं रहती। प्रत्याशी ही मतदाताओं को प्रशिक्षित करेगें। प्रत्याशी मतदाताओं को किस तरह से प्रशिक्षित कर पायेगा यह देखना भी रोचक होगा। त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के लिये 17, 20 एवं 23 फरवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान का समय रहेगा।

मतदान दल को दिया गया प्रशिक्षण : त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत बीआईटी कॉलेज में आज मतदान दल अधिकारियों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 1336 अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए, जिन्हें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गयी। त्रिस्तरीय पंचायत के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचों तथा पंचों के लिए मतदान आगामी 17, 20 एवं 23 फरवरी को किया जाएगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।

मास्टर ट्रेनर्स ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान बहुत हद तक मतदान केन्द्र पर की गई व्यवस्था एवं सुरक्षा के साथ.साथ वहां पर नियुक्त कर्मचारियों की निष्पक्षता, सजगता और कार्यकुशलता पर निर्भर करता है। प्रत्येक मतदान अधिकारी आयोग के निर्देशों के अध्यधीन रहते हुए पीठासीन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किए जाने पर पीठासीन अधिकारी के समस्त या किन्हीं भी कृत्यों का पालन करेगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतपत्र अलग.अलग रंगों में रहेगा। पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र रहेगा।

मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान अधिकारी क्रमांक 1ए 2 और 3 के दायित्वों से अवगत कराया। मतदान अधिकारी निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति का प्रभारीए मतदाता सूची से मतदाता की प्रविष्टि को पढ़ने और मतदाता की पहचान निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान हेतु निर्धारित किए गए दस्तावेज के आधार सुनिश्चित करेगा। इनके पास अमिट स्याही भी होगी। मतदान अधिकारी क्रमांक 2 मतदाता को मतपत्र देगा। मतदाता को पहले पंच पद और सरपंच पद के लिए क्रमशः सफेद और नीले रंग के मतपत्र देगा। मतदान अधिकारी क्रमांक 3 मतदाता को जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीले रंग का मतपत्र तथा जिला पंचायत सदस्य के पद के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र देगा। मतदान अधिकारी क्रमांक.4 मतपेटी पर सतत निगाह रखेगा और यह देखना है कि मतदाता मत अंकित करने के पश्चात मतपत्र मतपेटी में ही डाले। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र को एक बड़ी मतपेटी दी जाएगी। कहीं.कहीं एक बड़ी और एक छोटी मतपेटी भी दी जा सकती है। पहले बड़ी मतपेटी का ही उपयोग किया जाना होगा। छोटी मतपेटी का उपयोग बाद में आवश्यकता पढ़ने पर किया जाएगा। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य के अभ्यर्थियों के लिए चुनाव प्रतीक अलग.अलग रहेंगे। अमित स्याही लगाने के बाद मतदाता को पहले पंच तथा सरपंच पद के अभ्यर्थियों से संबंधित दो मतपत्र दिए जाएंगे और उसके बाद जनपद पंचायत सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य से संबंधित दो मतपत्र दिए जाएंगे। सभी मतपत्र एक ही मतपेटी में डाले जाएंगे। मतदान सम्पन्न होने के पश्चात सामान्यतया मतदान केन्द्र पर ही मतों की गणना की जाएगी। मतगणना का कार्य पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने केन्द्र के मतदान अधिकारियों के सहयोग से किया जाएगा।

# देवी मां से प्रेरणा लेकर नशा के महिषासुर का वध करें : ललित

## रामायण एवं देवी जस गायन प्रतियोगिता




**दुर्ग,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खुर्सीडीह में दो दिवसीय रामयाण एवं देवी जस गायन व झांकी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण के विधायक एवं राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में विधायक श्री चंद्राकर ने ऐसे धार्मिक आयोजनों की सराहना करते हुए उपस्थित जनसमूह से नशाखोरी के त्याग की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा रूपी महिषासुर समाज के नाश की जड़ है। देवी मां से प्रेरणा लेकर नशा रूपी महिषासुर का वध करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू ने की विशेष अतिथि अंजोरा स्कूल मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, त्रिलोक साहू, विनोद वनवासी, गोपू यादव, अश्वनी यादव, आशीष साहू, रामेश्वर निषाद, युगल किशोर देवशरण साहू लोकनाथ साहू थे।

# भाजपा-कांग्रेस नेता एवं संगठन के लोग पंचायती चुनाव के लिये ग्रामीण क्षेत्रों के लिये रवाना

- निगम के महापौर व पार्षद प्रत्याशियों ने आज किया आराम
- अब मतगणना की तैयारी में जुटेगें

**दुर्ग,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम चुनाव में मतदान के दूसरे दिन आज नगर में एकदम सुनापन रहा। प्रत्याशीगण पिछले लगभग एक पखवाड़े की थकान मिटाने के साथ ही अपने करीबी लोगों के साथ चुनाव की समीक्षा करते रहे। कुछ लोग इधर उधर पिकनिक में निकल गये। कांग्रेस भाजपा नेतागण अपने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत राज चुनाव की कमान सम्हालने चले गये।

मतदान के बाद आज का दिन प्रत्याशियों के साथ लगे रहे उनके समर्थकों के लिये आराम का दिन था। निर्दलीय प्रत्याशियों ने पिकनिक इत्यादि का रूख किया। सुबह देर से सोकर उठने के बाद प्रत्याशीगण मंदिर पहुंचे पूजा पाठ की। घर लौटने के बाद अपने वरिष्ठ नेताओं के यहां जाकर चर्चा की। पश्चात परिवार व मित्रों के साथ बैठकर चुनाव की समीक्षा की व मतगणना की तैयारियों को लेकर भी बातचीत की। भाजपा के पटेल काम्पलेक्स स्थित चुनाव कार्यालय में बाहर लगे टेंट इत्यादि समेट लिये गये। कार्यकर्ता मतगणना की तैयारियों। मतगणना एजेन्टों सहित पोलिंग एजेंटों की फोटो इत्यादि कलेक्ट करते रहे। अन्य तैयारियों पर आपस में विचार विमर्श करते रहे।

भाजपा के आपापुरा कार्यालय में आज सन्नाटा पसरा रहा। यहां उपस्थित कर्मचारियों ने बताया कि गत देर रात्रि तक कार्यालय में विधायकगण गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल सहित सभी वरिष्ठ नेताओं अन्य प्रत्याशीगणों के साथ महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार व महिला कार्यकर्ता दिन भर हुए मतदान की समीक्षा करते रहे। देर रात घर जाने के बाद आज सुबह जिला भाजपा अध्यक्ष श्री कौशिक व अन्य नेतागण कार्यालय पहुंचे और कुछ देर रूककर विभिन्न ग्रामीण भाजपा मंडलों की ओर रवाना हो गये जहां उन्हें जिला पंचायत, जनपद पंचायतों का प्रभार मिला हुआ है। ये लोग अब 25 फरवरी के बाद ही फुर्सत होगें। आज अन्य दिनों की तुलना में कार्यालयों में गहमागहमी कम थी।

कांग्रेस में भी आज पिछले दिनों की तुलना में गहमागहमी कम ही नजर आई। राजीव भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व विधायक अरूण वोरा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू सहित अन्य नेता आने वाले कार्यकर्ताओं से गत दिवस हुए मतदान का हालचाल पूछते रहे। कंट्रोल रूम प्रभारी परमजीत भुई मतगणना के दिन की जाने वाली तैयारियों को लेकर विचार विमर्श करते रहे। वे निर्वाचन अधिकारी से भी संपर्क कर मार्गदर्शन लेते रहे।

कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी प्रेमलता साहू एवं उनके पति पोषण साहू भी टिकिट लेने से लेकर वोट लेने तक की कयावद के बाद आज परिवार के साथ रिलेक्स मूड में नजर आये। प्रत्याशी के पति पोषण साहू ने बताया कि वे अपनी जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त है। वे स्वयं अपने वार्ड बोरसी में पार्षद का चुनाव तो जीतेगें ही महापौर का चुनाव भी काफी पाजिटिव है।

अंतिम स्थिति 15 फरवरी को मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगी।

# जनपद क्षेत्र क्र 17 के प्रत्याशी हेमकल्याणी ने किया जनसंपर्क



**खैरागढ़,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद पंचायत क्षेत्र क्र. 17 टेकापार कला से कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी हेमकल्याणी तोड़े लगातार जनसंपर्क कर रही है। जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के विकास के साथ ही आम नागरिकों को शासन की सुविधाओं का बेहतर लाभ दिलाने के उद्देश्य से चुनावी मैदान में उतरी हेमकल्याणी तोड़े को जन समर्थन भी मिल रहा है। बता दे कि हेमकल्याणी तोड़े ग्राम कांचरी के निवृत्तमान सरपंच भी हैं ऐसे में उन्हें लोगों के लिए बेहतर विकास कार्य कराने का अनुभव भी है। अगर वे जीतकर आती है तो निश्चित ही इसका लाभ जनता को मिलेगा।

- क्षेत्र के मतदाताओं का मिल रहा अपार समर्थन

# सभा-सम्मेलन, नुक्क़ड़, रैली एवं चुनाव प्रचार हेतु वाहन की अनुमति के लिए अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के रिटर्निंग ऑफिसर ;जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र कमांक 01 से 12 श्री बजरंग दुबे ने अस्थायी चुनाव कार्यालयए सभा.सम्मेलन, नुक्कड़ सभा व रैली हेतु अनुमति पत्र एवं चुनाव प्रचार हेतु वाहन की अनुमति के लिये सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जिला पंचायत तहसीलदार दुर्ग क्षमा यदु को अधिकृत किया गया है। संबंधित जिला पंचायत के अभ्यर्थी अनुमति हेतु कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत दुर्ग के कक्ष ;द्वितीय तल में आवेदन पत्र जमा कर सकते है।

# जिले के सभी निकायों में 77.44 फीसदी औसत

**बेमेतरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 के तहत, 11 फरवरी 2025 को मतदान के समापन के उपरांत आज जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में प्रेक्षक श्री अमिताभ बाजपेयी द्वारा एक महत्वपूर्ण संवीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रिटर्निंग अधिकारी और सभी अभ्यर्थियों की उपस्थिति में मतदान प्रक्रिया की समीक्षा की गई।




राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, जिले में हुई इस संवीक्षा बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंकिता गर्ग ने जिले में हुए मतदान का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी नगरीय निकायों में औसतन 77.44 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो कि निर्वाचन प्रक्रिया में जनता की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। जिले के किसी भी मतदान केन्द्र से किसी भी प्रकार की गंभीर शिकायत प्राप्त नहीं हुई और मतदान कार्य शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ।

- प्रेक्षक ने ली मतदान की संवीक्षा बैठक

प्रेक्षक श्री अमिताभ बाजपेयी ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारी, राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सफल चुनाव प्रक्रिया में सभी का योगदान सराहनीय है और आगे की प्रक्रिया में भी इसी तरह का सहयोग अपेक्षित है।

बैठक में नगरीय निकाय के रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र के मतदान प्रतिशत की जानकारी दी गई। साथ ही अभ्यर्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और कुछ महत्त्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जो भविष्य की निर्वाचन प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में सहायक हो सकते हैं।

इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद और पार्षद पद के अभ्यर्थी भी उपस्थित रहे। बैठक में शांतिपूर्ण वातावरण और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी संबंधित पक्षों की प्रशंसा की गई।

# जिपं क्षेत्र क्र 8 के प्रत्याशी लक्ष्मी ने किया जनसंपर्क



**खैरागढ़,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 बाजार अतरिया के प्रत्याशी लक्ष्मी संदीप सिरमौर लगातार अपने क्षेत्र के मतदाताओं भाई बहन, युवा साथियों से मिलकर रूबरू हो रही है। लक्ष्मी संदीप सिरमौर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर कर अपना प्रचार प्रसार करने लगी है। साथ ही क्षेत्र के कांग्रेसी ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# पढ़ाई एवं खेलकूद में उत्कृष्ट छात्राएं सम्मानित

## गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

**दुर्ग,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल थे।



प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्राओं का खेलकूद में भाग लेना आवश्यक है क्योंकि हम खेलते है तो हम खुश रहते है हमारे शरीर का संतुलित विकास होता है और हमारा मन पढ़ाई में लगता है। अच्छे अकादमिक कॅरियर के लिये खेलकूद भी महत्वपूर्ण है।

महाविद्यालय के सत्र 2024 की सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राओं को प्रावीण्यता पदक एवं प्रमाण से सम्मानित किया जिसमें बी.एस.सी. अन्तिम वर्ष कु. भूमिका देवांगन, बी.कॉम. अन्तिम वर्ष – कु. एक्ता देषमुख, बी.ए. अन्तिम वर्ष – कु. काव्यशिखा, बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) अन्तिम – कु. युक्ति देशमुख, एम.एससी. अन्तिम (गणित) कु. डॉली देशमुख, एम.एससी. अन्तिम (भौतिकशास्त्र) कु. ऊषा एवं कु. चांदनी पटेल, एम.एससी. अन्तिम (रसायनशास्त्र) कु. आकांक्षा चन्द्राकर, एम.एससी. अन्तिम (वनस्पतिशास्त्र) कु.चन्द्रमुखी, एम.एससी. अन्तिम (प्राणीशास्त्र) कु. युगलक्ष्मी, एम.एससी. अन्तिम (गृहविज्ञान) कु. डॉली निषाद, एम.ए. अन्तिम (गृहविज्ञान) कु. तृप्ति, एम.ए. अन्तिम (हिन्दी) कु. अमीषा देवांगन, एम.ए. अन्तिम (अंग्रेजी) कु. फ़रहीन, एम.ए. अन्तिम (अर्थशास्त्र) कु.वंदना शर्मा, एम.ए. अन्तिम (समाजशास्त्र) कु. पायल, एम.ए. अन्तिम (भूगोल) कु. खिलेश्वरी ठाकुर, एम.ए. अन्तिम (राजनीतिशास्त्र) कु. अंजली टण्डन, एम.कॉम. अन्तिम– कु. दामिनी साहू, पीजीडीसीए– अन्तिम कु. डालेश्वरी निषाद, पीजी डिप्लोमा इन योगा – कु. सोनिया साहू, संतोष शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कु. चंचल यादव, यूथ रेडक्रास इकाई गृहविज्ञान कु. देविका देवांगन, क्रीड़ा पीजी डिप्लोमा इन योगा – कु. पूनम नायक, सांस्कृतिक कु. प्रेक्षा यादव, ग्रीन आर्मी अर्थशास्त्र, कु. आमनी साहू, एक्वा क्लब रसायनशास्त्र कु. रूद्राणी। महाविद्यालय द्वारा आयोजित साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी पुरस्कार विस्तृत किया गया।

महाविद्यालय की ओर से विभिन्न खेलों में विश्वविद्यालयीन टीम का हिस्सा बने खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कृत छात्राओं के नाम शैल यादव– टेबल टेनिस, जन्नत अली, डीकीर्ति, रितिका निषाद, डी. अनुशा, अर्चना निषाद, डी.अश्विनी, ज्योति प्रजापति सभी बॉस्केटबॉल, प्रिया शिखा, राखी सिंह, अनुष्का निषाद, दीप्ति राठौर सभी बालीबॉल, भूमिका धनकर, सुमन गर्ग, हर्षा गोडे, मिनाक्षी उमरे, जान्हवी यादव, राजेश्वरी सिन्हा, सृष्टि गुप्ता, निशा सभी हाकी खिलाड़ी, हिना निर्मलकर, रेणु यादव, ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को करेंगे अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट

## साईंस कालेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अभिनव प्रयोग

**दुर्ग,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों की कौशल क्षमता के आधार पर उनको रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देष्य से शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में अभिनव प्रयोग आरंभ किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि हाल ही में महाविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा विद्यार्थियों हेतु बस्तर की लौह शिल्प वास्तुकला पर केन्द्रित 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय में किया गया था। इस कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने लौह शिल्प पर आधारित अनेक मनमोहक कलाकृतियां तैयार की। इन कलाकृतियों को समाज में पहुंचाने तथा विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं कौषल क्षमता के आधार पर स्व उद्यमी बनाने के उद्देष्य से विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को महाविद्यालय द्वारा क्रय किया गया तथा महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न सेमीनार तथा अन्य आयोजनों में अतिथियों को प्रदान किये जाने वाले स्मृति चिन्ह मोमेंटो के स्थान पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को भी प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।



महाविद्यालय के प्राचार्य के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा स्टार्ट–अप योजना आरंभ करने हेतु प्रेरित करने के उद्देष्य से यह अभिनव प्रयास आरंभ किया गया है। इसके प्रथम चरण में गत सप्ताह माइक्रोबायलॉजी एवं बायोटेक्नालॉजी विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को स्मृति चिन्ह के रूप में अतिथियों को भेंट किया गया, जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि बस्तर से पधारे 3 प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को बस्तर के लौह शिल्प आधारित कलाकृति निर्माण का गहन प्रषिक्षण दिया।, जिसका विद्यार्थियों ने भरपूर लाभ उठाया।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के निर्देशानुसार प्रत्येक कलाकृति के विक्रय मूल्य का 25 प्रतिशत राशि उसके निर्माणकर्ता विद्यार्थी को प्रदान की जायेगी, इससे उस विद्यार्थी के मन में अपने कौषल क्षमता के आधार पर और अधिक कलाकृतियों के निर्माण में रूचि जागेगी। शेष राषि का उपयोग कलाकृति के निर्माण हेतु आवश्यक कच्चा माल, ईंधन एवं सुसज्जित करने हेतु अन्य सामग्री के क्रय में किया जायेगा। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि न केवल महाविद्यालय के विभिन्न विभाग बल्कि समीप स्थित महाविद्यालयों से भी विद्यार्थियों द्वारा निर्मित लौह षिल्प कलाकृतियों को क्रय किये जाने संबंधी निवेदन प्राचार्य ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# अलग-अलग स्थान में तीन लोगों की मौत

**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कृष्णा विद्यालय राम नगर सुपेला स्कूल की ठोकर से एक 2 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। आज बुधवार सुबह 2 साल की बच्ची मां की गोद से उतरी थी और वैन की ओर अचानक दौड़ गई। इससे पहले की ड्राइवर समझ पाता बच्ची को वैन ने चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची और वैन चालक को गिरफ्तार कर लिया। बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार पांच रास्ता कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी सुपेला में आज सुबह लगभग साढ़े 7 बजे की यह घटना है। विभा जायसवाल के तीन बच्चे हैं। दो बच्चे कृष्णा विद्यालय राम नगर में पढ़ते हैं। स्कूल की वैन बच्चों को लेने के लिए आई थी। विभा अपनी दो साल की बच्ची अंशिका को गोद में लेकर अन्य दो बच्चों को वैन में बैठाने के लिए पहुंची थी। इस दौरान उसने अंशिका को गोद से नीचे उतार दिया और बच्चों को वैन में बैठाने लगी। अचानक बच्ची चलकर वैन के आगे पहुंच गई और वैन चालक ने गाड़ी को बढ़ा दिया जिससे वैन मासूम के ऊपर चढ़ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया लेकिन तब तक बच्ची पहिए के नीचे जा चुकी थी। परिजनों ने इसकी सूचना सुपेला पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और बच्ची के शव को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा। घटना के बाद घर में मातम छा गया। लोगों में आक्रोश भी देखा गया।



**होटल के कमरे में मिला शव**

दल्ली राजहरा से अपनी बेटी से मिलने केम्प-2 भिलाई आए पिता का शव होटल आशीष पार्क के कमरा नंबर 104 में मिला है। बेटी के ससुराल केम्प-2 बैकुण्ठधाम में है, जहां पर वे अपनी बेटी से मुलाकात के बाद वह होटल में रुका था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। छावनी पुलिस मामले की जांच कर रही है। छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि पावर हाउस में आशीष पार्क होटल से सोमवार दोपहर 3.30 बजे सूचना मिली कि कमरा नंबर 104 में एक व्यक्ति 3 दिन से ठहरा था। वो अंदर से दरवाजा नहीं खोल रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम होटल पहुंची। होटल के मैनेजर ने बताया कि जो आदमी ठहरा है उसने अंदर से रूम का दरवाजा बंद कर लिया है। पेट्रोलिंग टीम ने जब कमरा नंबर 104 का दरवाजा खुलवाया तो देखा कि एक बुजुर्ग बिस्तर पर मृत पड़ा है। तलाशी लेने पर पता चला कि वह दल्ली राजहरा पुराना बाजार निवासी रामकृष्ण साहू 62 वर्ष है। परिजनों ने बताया कि रामकृष्ण की बेटी की शादी बैकुंठधाम छावनी भिलाई में हुई है। वो अपने बेटी से मिलने उसकी ससुराल पहुंचा था। बेटी के घर जाकर उससे मिला। बेटी से मिलकर निकला तो कुछ समय बाद फोन पर उसे बताया कि वो आशीष पार्क होटल में रुक गया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा।

**संयंत्र में स्टोरकीपर की मौत**

**भिलाईनगर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टोर कीपर की मौत हो गई है। मौत का कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल सकेगा। मिली जानकारी के अनुसार बेस किचन के पास स्टोर में बेहोशी की हालत में मजदूर को मेन मेडिकल पोस्ट लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। बताया जा रहा है कि साइकॉन कंपनी का काम बेस कीचन के पीछे चल रहा है। वहां 34 वर्षीय जित्तू कुमार स्टोर कीपर का काम करता था। सुबह फर्स्ट शिफ्ट में मजदूरों को सामान देने के बाद वे वहीं सो गया। सुबह 9 बजे सफाई कर्मी पहुंचे तो उसे जगाने लगा। सफाई कर्मियों को लगा कि सो रहे हैं। काफी देर तक आवाज देने पर कोई हलचाल नहीं हुआ। शक होने पर जित्तू को झकझोरा गया तो वह बेहोशी की हालत में दिखा। कंपनी के कर्मचारियों ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। तत्काल मेन मेडिकल पोस्ट से एम्बुलेंस भेजी गई। जहां मृत घोषित किया गया। मृत की उम्र 33 साल बताई जा रही है।

# महाकुंभ में सीएम, स्पीकर संग संगम में डुबकी लगाएंगे



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा के रहवासियों समेत पूरे छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन कल प्रयागराज संगम में डुबकी लगाएंगे। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित विधायकों का दल 13 फरवरी को सुबह 7 बजे रायपुर एयरपोर्ट से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना होगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि महाकुंभ पौराणिकथाओं, आध्यात्मिकता, संस्कृति और राष्ट्र के आर्थिक विकास के संगम का प्रतिनिधित्व करता है। यह सनातनियों का सबसे बड़ा तीर्थ है और इसे यूनेस्को ने दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक उत्सव के रूप में मान्यता दी है। प्रयागराज महाकुंभ में जाना एक परिवर्तनकारी यात्रा है। यह शरीर, मन और आत्मा को तरोताजा कर देता है तथा ईश्वर और ब्रह्मांड के साथ एक गहरा संबंध विकसित करता है। कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित विधायक सांसद का दल प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेगा। विधायक रिकेस सेन प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर सर्व जन की खुशहाली और प्रगति के लिए वृहस्पतिवार को डुबकी लगाएंगे। वैशालीनगर विधायक रिकेश के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ऋचा सेन भी प्रयागराज जा रही हैं।

# तालाबों को संवारने हर रोज 6 घंटे की सफाई



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। रिसाली क्षेत्र के तालााबों को संवारने हर रोज 5-6 घंटे की कवायद की जा रही है। नियमित दर्जनभर कर्मचारियों के अलावा 6 मछुआरों की मदद से जलीय पौधों को बाहर निकाला जा रहा है। तालाबों को सहेजने मार्च तक अभियान चलाया जाएगा। कल्याणी मंदिर और शीतला तालाब वर्तमान में गंदगी से अटा पड़ा है। इसके अलावा दोनो ही तालाब में जलीय पौध फैल चुका है। जिसे तालाब से बाहर निकालने का कार्य किया जा रहा है। सफाई कार्य का निरीक्षण आयुक्त मोनिका वर्मा ने किया। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करे। दोनो वार्ड के नागरिक तालाब पर आश्रीत है। तालाब को संवारन आयुक्त ने पार्षद विलास बोरकर, विधि यादव, सरिता देवांगन के साथ गुरूवार को बैठक करेंगी। दोनो ही तालाब की सतह में जलीय घास का जाल बिछ चुका है। आयुक्त ने घास को पूर्ण रूप से खत्म करने घासकार मछली छोड़ने के निर्देश दिए है।

# फुटबॉल में एमजीएम विजय

**भिलाईनगर,** । यूथ खेल एवं सांस्कृतिक समिति हॉस्पिटल सेक्टर के तत्वाधान में मेमोरी आफ रमेश कुमार की स्मृति में सेवन साइट फ्लड लाइट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मैच बीएमआई चरोदा वर्सिज यूथ क्लब के बीच खेला गया मैच के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद थे। जिसमें बीएमवाय चरोदा की टीम 2-1 से यूथ क्लब को हराकर विजय हुई। फाइनल मैच के पहले एक प्रदर्शन मैच एमजीएम एंब्रोस वर्सेस भिलाई फुटबॉल में एमजीएम की टीम 3-0 से विजय हुई। सांसद विजय बघेल द्वारा दोनों टीम के गर्ल्स खिलाड़ियों को 5000 की राशि प्रदान की गइ। यह राशि समिति के सीनियर सदस्य सुशील चोपड़ा द्वारा 5000 की राशि एवं गुरुदत्त देशपांडे की तरफ से जीतने वाले एमजीएम की गर्ल्स टीम को 2000 प्रदान किया गया। नीलम चिन्ना केशवलू, पी वी राव, मोहन लाल, फारुख बेग संजु सेमुल, शंकर जोलडे ने बधाई दी है।

# निर्माणधीन कार्य में लगे सरिया को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नेहरू नगर चिल्ड्रन गार्डन में निर्माणाधीन अटल स्मारक कार्य में लगी 18 नग सरिया अज्ञात काट कर ले गए हैं। निगम ठेकेदार की रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नेहरू नगर बाल उद्यान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी स्मारक का निर्माण कार्य ठेकेदार संजय उपाध्याय को दिया गया है। श्री उपाध्याय ने पुलिस को बताया कि 10 फरवरी की के शाम 6 बजे उद्यान में ढलाई करने के बाद सभी लेबर चले गए थे। कल सुबह 9 बजे उद्यान पहुंचे तो देखा कि ढलाई मे लगी सरिया को अज्ञात काटकर ले गए हैं। रात्रि में अज्ञातों ने उद्यान के भीतर प्रवेश कर 18 नग सरिया को काटा और चोरी कर निकल भागे हैं। चोरी हुई सरिया की कीमत लगभग 12 हजार रूपये है। जिसकी लिखित शिकायत सुपेला थाना व निगम प्रशासन से की है।

# बीएसपी के निर्णय का कर्मचारियों ने किया स्वागत

**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा अपने कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को 400 वर्ग फुट के क्वार्टर लाइसेंस पर देने का जो निर्णय का स्टील सिटी चैंबर ने स्वागत किया है। चैंबर ने प्रबंधन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए यह जानना चाहा है की इन आवासों पर क्या लाइसेंस धारक को निर्माण प्रथम तल की अनुमति होगी या वर्तमान स्थिति में जैसी स्थिति में मकान दिया जा रहा है इसी स्थिति में रहना होगा। क्या इन आवासों में आवास धारक किसी तरह का फेर बदल कर सकता है, स्पष्ट करना चाहिए। कर्मचारियों को धोखे में रखकर मकान का आवंटन नहीं करना चाहिए। 11 माह की राशि जमा लेने के बाद आने वाले 11 महीना के लिए जब पुन: राशि जमा करने लाइसेंस धारक जाएगा तब क्या प्रबंधन इन आवासों की जांच करेगा।

# बाबा की बारात में आ सकते हैं सीएम : दया



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। इस साल भिलाई में निकलने वाली बाबा की बारात में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हो सकते हैं। दया सिंह के अनुसार भिलाई में उनका दौरा तय माना जा रहा है। क्योंकि उन्होंने आयोजक दया सिंह को कह दिया है कि वे बाबा की बारात का हिस्सा बनने आएंगे। दरअसल दया सिंह ने आमंत्रण कार्ड सौंपा है। कार्ड को देख सीएम साय ने प्रसन्नता जाहिर की और आयोजन की बधाई दी। बता दें कि 26 फरवरी को बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति की ओर से बाबा की बारात निकाली जाती है। यह आयोजन का 17वां वर्ष है। दया सिंह ने कहा कि, सीएम साय पहले से इस आयोजन से जुड़े हुए हैं। जब वे केंद्रीय मंत्री, सांसद और संगठन के शीर्ष पदों पर विराजमान थे। तब भी वे बाबा की बारात आते थे। इस साल सीएम बनकर आने वाले हैं भिलाई। जिसकी तैयारी शुरू हो गई है। एक से बढ़कर भव्य झांकी के बारे में बताया गया।

# सेक्टर-9 अस्पताल में वरिष्ठ जनों के लिए जेरिएट्रिक ओपीडी



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जवाहरलाल नेहरू अस्पताल और अनुसंधान केंद में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से वरिष्ठ जनों को समर्पित जेरिएट्रिक ओपीडी का उद्घाटन किया गया। किया गया। यह जेरिएट्रिक ओपीडी 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वृद्ध नागरिकों के विशिष्ट चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष क्लिनिकल परामर्श प्रदान करेगा। यह नया ओपीडी वरिष्ठ नागरिकों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया, मनोभ्रंश जैसी पुरानी बीमारियों के प्रबंधन और पोषण संबंधी परामर्श जैसी स्वास्थ्य सेवाओं की एक व्यापक सुविधाएँ प्रदान करेगा। एसीएमओ डॉ. दीक्षा प्रदीप सरकार जो कि जेरिएट्रिक सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रमाणित जेरिएट्रिक केयर गिवर हैं। इससे सम्बंधित विभिन्न परामर्श सेवाओं का नेतृत्व करेंगी। डॉ. सरकार सप्ताह में दो बार, मंगलवार और गुरुवार को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक ओपीडी ब्लॉक के कमरा नंबर 1 ए में परामर्श प्रदान करेंगी। शुरुआत में, मरीज ओपीडी ब्लॉक में रजिस्ट्रेशन काउंटर या ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। बुजुर्ग मरीज, खासकर 70 साल और उससे ऊपर के मरीज युवा मरीजों की तुलना में उम्र बढ़ने के साथ होने वाले शारीरिक परिवर्तनों के कारण अक्सर स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। यह पहल भिलाई में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किए जा रहे व्यापक प्रयास है। जहां बुजुर्ग आबादी ओपीडी आगंतुकों का एक बड़ा हिस्सा है। नई जेरिएट्रिक ओपीडी का उद्देश्य अच्छी देखभाल प्रदान करनाए बुजुर्ग मरीजों की विशिष्ट शारीरिक और मानसिक जरूरतों सहित अन्य आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से समझना जा सके और एक ऐसा माहौल तैयार किया जा सके जो स्वस्थ उम्र बढ़ने को प्रोत्साहित करें। यह जेरिएट्रिक ओपीडी जवाहरलाल नेहरू अस्पताल और अनुसंधान केंद्र में मौजूदा चिकित्सा और शल्य चिकित्सा ओपीडी सेवाओं के साथ समन्वय में कार्य करेगा। जिससे बुजुर्ग मरीजों की समग्र देखभाल प्राप्त हो सकें। इस कदम को वरिष्ठ नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के एक प्रभावशाली प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# साईबाबा मंदिर हाऊसिंग बोर्ड में मंदिर रथ सप्तमी मनाई गई

**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। श्रद्धा सुमन साईबाबा हाऊसिंग बोर्ड मंदिर रथ सप्तमी एवं सरस्वती पूजन वसंत पंचमी कार्यक्रम हर्ष उल्हास के साथ मनाया गया। पूजा अर्चना की आशीर्वाद लिया सभी महिलाये भजन कीर्तन आरती की। सुहागिनी महिलाओ को श्रृंगार, प्रसाद भेट किया गया। विशेष रूप से मंदिर समिति अध्यक्ष भारती देशमुख, उषा क्षीरसागर, रथ सप्तमी पर भगवान सूर्य को समर्पित एक पावन दिन है। यह पर्व हर साल भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, जो माघ महीने में शुक्ल पक्ष सप्तमी को आता है। इसे माघ सप्तमी, सूर्य जयंती और अचला सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान सूर्य की पूजा.अर्चना करने से सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। इसके साथ ही जीवन में खुशहाली आती है। सृष्टि के प्रारंभिक काल में भगवान विष्णु की आज्ञा से ब्रह्माजी ने मनुष्य योनि की रचना की। सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण वह संगीत की देवी भी हैं। पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण ने सरस्वती से खुश होकर उन्हें वरदान दिया था कि वसंत पचंमी के दिन तुम्हारी भी आराधना की जाएगी। इस अवसर पर भारती देशमुख, प्रीती जाधव, उषा क्षीरसागर, बीजेपी अध्यक्ष महिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, रश्मी ताई खांडोरे, मंदाताई कामिनीकर, ज्योती देशमुख, रूपा घोंगडे, अर्चना मुले, प्रीती जाधव, ममता सातपुते, सुनंदा मुले, कल्पना वाघमारे, नमिता होंडा, स्नेहा शहा, छाया सातपुते, शोभा गुज्जर, कोलवंती साहू, मनीषा महाजन, रश्मी खान, नीतू सिंग, मनीषा राठी उपस्थित थे

# सेल ने वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही और नौमाही केपरिणाम जारी की



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। सेल ने आज बीते 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हुए तीसरी तिमाही और नौमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही स्टैंडअलोन के परिणाम काफी सुखद है। इस चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरानए सेल के परिचालन से कारोबार और विक्रय मात्रा में वृद्धि हुई है।जिसके साथ ही पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में में भी सुधार देखने को मिला है। कंपनी के वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करते हुए सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा सेल ने घटती कीमतों और सस्ते आयात के दबाव से जूझ रहे इस्पात बाज़ार के बावजूद, वित्त वर्ष 2024 25 की तीसरी तिमाही के दौरान पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुक़ाबले बेहतर हासिल किया है। हम उत्पादन को बढ़ावा देने और लागत दक्षता बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग हैं। इसके साथ ही साथ हम हरित प्रौद्योगिकियों की तलाश करने और उसे लागू करने पर भी जोर दे रहे हैं। सेल प्रबंधन के अनुसार हमें उम्मीद है कि उचित उपायों के चलते सस्ते आयात के मुद्दे का समाधान निकल आएगा और बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार का अभियान घरेलू इस्पात उद्योग के लिए अच्छा रहेगा। जिससे मांग को बढ़ावा मिलेगा।

# शहीद गुण्डाधुर का शहादत दिवस मनाया गया



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन के तत्वाधान में रंग मंच रिसाली सेक्टर में शहीद गुण्डाधुर के वीरगाथा को याद किया गया। गुंडाधुर के चैलचित्र में फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। शहीद गुण्डाधुर एक महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने अपने जीवन को देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया था। गुण्डाधुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ कई लड़ाइयाँ लड़ीं और उन्होंने अपने क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ एक शक्तिशाली आंदोलन का नेतृत्व किया। गुण्डाधुर की शहादत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी और उनकी विरासत आज भी प्रेरणा का स्रोत है। गुण्डाधुर को भुमकाल का जननायक कहा जाता है भुमकाल शब्द क्रांति व आंदोलन का शब्द है गुंडाधुर का विद्रोह अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए थे। जल जंगल जमीन अधिकार की लड़ाई लड़ते वह शहीद हो गए। शहीद गुण्डाधुर की कहानी एक प्रेरणा दायक उदाहरण है जो हमें देशभक्ति, साहस और बलिदान की महत्ता को समझने के लिए प्रेरित करती है। राजेन्द्र परगनिया,चंद्रभान ठाकुर पार्षद, चंद्रकला तारम, उमा सिंह, रुकमणी ठाकुर, कनकलता नाग, निर्मला चतुर्वेदी, मोनिका, जी. एल. देवदास, एम.आर. अन्नत, शिशुपाल बंजारे, एस.एल.चौहान, सतनाम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लोक कला संस्कृति को जीवित रखना हमारा दायित्व : भूपेश

**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। गुरु घासीदास कला एवं साहित्य विकास समिति के द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से गनियारी लोक कला महोत्सव के समापन एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गनियारी लोक कला महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि 16 वर्षों तक लोक कला महोत्सव का आयोजन करना बहुत कठिन काम होता है लेकिन निर्मल कोसरे एवं उनके साथियों ने छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को जीवित रखने का जो प्रयास किया है उसके लिए बधाई के पात्र हैं। छत्तीसगढ़ की पहचान हमारी लोक कला संस्कृति से हैं जिसको जीवित रखना हम सब का दायित्व है। गनियारी जैसे छोटे से गांव में इतना बड़ा लोक कला महोत्सव करना काफी कठिन काम है लेकिन समिति के साथियों के परिश्रम एवं ग्राम वासियों के सहयोग से यह सफल हो पाया है। हमने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, यहां के तीज त्यौहार, खेलकूद, खान. पान को संरक्षित रखने का प्रयास किया। जिसके चलते न केवल शहरों में अपितु ग्रामीण अंचलों में भी छत्तीसगढ़ के संस्कृति की छटा नजर आती है।



छत्तीसगढ़ के पंथी, पंडवानी, करमा, ददरिया, सुआ, राउत नृत्य जैसे विधाओं ने भारत के साथ विश्व में अपना लोहा मनवाया है। हमने 5 सालों तक अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया। हरेली, तीजा, कर्मा जयंती पर छुट्टी घोषित किया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से छत्तीसगढ़ के परंपराओं को जीवित रखने का प्रयास किया। समिति के अध्यक्ष एवं नगर निगम भिलाई चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि महोत्सव आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ लुप्त होती छत्तीसगढ़ की लोक विधाओं को जीवित रखना है। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र साहू एवं सुजीत बघेल ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने गनियारी लोक कला महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं 2013 में भी इस महोत्सव में शामिल हुआ था तब छोटे स्तर में आयोजन होता था लेकिन 16 वर्षों में गनियारी लोक कला महोत्सव ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना लिया है। पद्मश्री डॉ आर एस बारले एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सीता साहू ने भी कार्यक्रम का सराहना किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम आदर्श बाल जस झांकी परिवार बोदल जिला बालोदलकुमारी हेमलता पटेल के भरथरी, कुमारी मिथलेश्वरी सेन के रामायण, सत्य के प्रचार पंथी मंडली पिटौरा, जय श्री गणेश फाग मंडली भटगांव जिला धमतरी, अबूझ माडिया गौर नृत्य खरगोन नारायणपुर, सुर भैया गोरेलाल बर्मन एवं विवेक शर्मा नाइट ने रात भर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। डॉ आर.एस. बारले, लीलागर सिंह वर्मा, अप्पल नायडू, दास मनोहर, ध्रुव कुमार मारकंडे, बुटलू राम माथरा, कुमारी हेमलता पटेल का मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान किया गया। कार्यक्रम में निर्मल कोसरे, धर्मेंद्र कोसरे, गौरी बंजार, राजू लहरे, हेमंत कोसरे, धन सिंह कोसर, हेमचंद कोसरे, एसबल बंधे, सोनू बंजारे, चिनेश कोसरे, राहुल टंडन, आकाश टंडन, शुभम कोसर, जितेंद्र बंजारे, विजय लहरे, हीरामन टंडन, हर्ष गायकवाड, यमन कोसरे, प्रेमलाल साहू सहित अनेक उपस्थित थे।

# लोक कलाकारों का भुगतान शीघ्र हो : मानिकपुरी



**भिलाईनगर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष नवल दास मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग से लोक कलाकारों को एक वर्ष से भुगतान नहीं होने की जानकारी देते हुए मांग की है कि सभी कलाकारों का जल्द से जल्द समस्त भुगतान किया जाए। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कबीर भजन कलाकार नवल दास मानिकपुरी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के कलाकारों से सांस्कृतिक कार्यक्रम करा लेने के बाद पिछले एक वर्ष से भुगतान नही मिल सका है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की प्रस्तुति के बाद सभी दस्तावेज मय फोटोग्राफ विभाग में जमा करा लिया गया है। उन्होनें कहा कि कलाकारों को अपनी पारिश्रमिक राशि नहीं मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नवल दास मानिकपुरी ने अपने ज्ञापन में बताया है कि कार्यक्रम के पश्चात अपने सहयोगी कलाकारों का भुगतान करने के लिए कला दल संचालक लोगों से ब्याज में कर्ज लेकर भुगतान कर देते है। इसके पीछे आशय यह रहता है कि संस्कृति विभाग से जल्द मानदेय राशि मिल जायेगी और लिए गए कर्ज को वापस कर देंगे। लेकिन शासकीय भुगतान में लगातार देरी होने से संचालक को ब्याज भरना मजबूरी हो जाती है। उन्होंने कहा है कि संस्कृति विभाग से कला दल को जितनी मानदेय राशि निर्धारित की गई है वह भी बहुत ही कम है उससे ज्यादा तो कलाकार ब्याज भरना पड़ता हैं।

# ननि के सभी विभाग के कर्मचारियों की आयुक्त विश्वकर्मा ने ली बैठक

- स्थानीय निर्वाचन में निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वाहन के लिए जताया आभार
- सौंपे गए दायित्वों का समर्पित भाव से कार्य करने कहा

**राजनांदगांव,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक लेकर स्थानीय निर्वाचन में सौपे गये दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने पर आभार व्यक्त करते हुये कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर सौपे गये दायित्वों का समर्पित भाव से कार्य करने कहा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आज निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, लेखा, जन्म-मृत्यु, लोककर्म, विद्युत, जल, सफाई, मोटर, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास में कार्यरत सभी कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगर निगम राजनांदगांव के महापौर एवं पार्षदों के निर्वाचन के लिये कर्मचारियों को सौपे गये दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल तथा स्थानीय निर्वाचन प्रेक्षक श्रीमती जयश्री जैन ने भी सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यो की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने अपने दायित्वों का हर समय निर्वाहन करना है।



आयुक्त ने कहा कि नौकरी के पूर्व हमारी मानसिकता होती है कि हम नौकरी लगने पर निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करेगे, हमे उसी मानसिकता से काम करना है, तभी हम सफल होगे। कार्यालय में हमारा व्यवहार संयमित और मर्यादित होनी चाहिये, कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर, अपने कार्यो का कर्मठतापूर्वक इमानदारी से निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारी समय में उपस्थित नहीं होते, शासन द्वारा प्रात: 10 बजे से कार्यालयीन कार्य प्रारंभ करने का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय में सभी कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है तथा अपने उच्च अधिकारियों के आदेशो को मानना है उसकी अव्हेलना नही करनी है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम बहुत महत्वपूर्ण विभाग है, जो जनता से सीधा जुडा होता है और लोगों के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता जैसे राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र, निराश्रत पेंशन के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधा निगम के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। इस दृष्टिकोण से हमारा कार्यालय बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी महत्ता को समझ सभी को अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयीन समय में इधर उधर घूमते है, वैसे ही निगम की जानकारी लोगो को उपलब्ध कराते है, जो कि हमारे कार्य के विरूद्ध है। जिसे जानकारी चाहिये वो लिखित में देगा और उसे जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। आप अपने पद का गलत इस्तेमाल न करे। इस संबंध मे मैने पूर्व की बैठक में भी कहा है। इसके अलावा शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना भी हमारा दायित्व है। नागरिकों के कार्यो को प्राथमिकता देते हुये समय सीमा में पूर्ण करना है। आयुक्त ने कहा कि समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करना है, बहुतसी जानकारिया समय में देने की रहती है, जिसे समझकर तत्काल उपलब्ध कराना है। किसी प्रकार की परेशानी या कार्य में कठिनाई पर अपने उच्च अधिकारियों को अवगत करावे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अनावश्यक अवकाश पर न रहे, अवकाश लेने का भी नियम है। सभी को 13 आकास्मिक अवकाश लेने का प्रावधान है, लेकिन उसे माह में 1 अवकाश लेना है, जबकि कुछ लोग अनावश्यक रूप से लंबा अवकाश ले लेते है। बिना कोई ठोस कारण व मेरी बिना अनुमति के कोई भी अवकाश में नहीं रहेगा। इसी प्रकार बिना कारण मुख्यालय नहीं छोडेगे, मुख्यालय छोडने के पूर्व उच्च अधिकारी को अवगत करायेगे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि नगर निगम का बहुत महत्वपूर्ण विभाग राजस्व विभाग होता है। राजस्व विभाग के सभी कर्मचारी इमानदारी से राजस्व वसूली करे। वर्तमान में क्यू.आर. कोड से मोबाईल के माध्यम से भी वसूली की जानी है। आप सभी क्यू.आर. कोड रख वसूली करे, जिससे आप लोगों को सुविधा होगी एवं अच्छी वसूली भी आयेगी। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे सहित सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

**शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने हेतु अधिकारी-कर्मचारियों को दी बधाई**

**बालोद,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत मंगलवार 11 फरवरी को बालोद जिले के 08 नगरीय निकायों में निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने हेतु मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होना हम सभी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस दौरान उन्होंने मतदान कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की भूरी-भूरी सराहना भी की। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत 15 फरवरी को होने वाले मतगणना के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने 11 फरवरी को संपन्न मतदान की भाँति मतगणना कार्य को भी बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने मतदान केन्द्रों में जरूरी व्यवस्थाओं के अलावा सुरक्षा बलों की तैनातगी आदि के संबंध में भी जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी से 01 मार्च से प्रारंभ हो रहे कक्षा 12वीं एवं 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। श्री चन्द्रवाल ने अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक से जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के जिला कार्यालय के निर्माण हेतु भू-खंड आबंटन के कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद को प्रकरण की जाँच कर भू-खंड आबंटन की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अंतर विभागीय प्रकरणों की भी समीक्षा की।

# मुनि श्री वीरसागर महाराज संघ की तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी में होगी मंगल अगवानी



डोंगरगढ़, 12 फरवरी (देशबन्धु)। युग शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं वर्तमान आचार्य श्री समयसागर सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि वीरसागर महाराज का ससंघ आगमन शनिवार को प्रात:कालीन बेला में होने की सम्भावना है। प्रवक्ता आविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया मुनि संघ का मंगल विहार नागपुर से डोंगरगढ़ की ओर चल रहा है संघ का विहार करा रहे नागपुर दि. जैन परवार समाज के ट्रस्टी श्री शीतल जैन ने बताया संघ में क्षु.श्री मननसागर, क्षु.श्री विचारसागर, क्षु.श्री मगन सागर,क्षु.श्री विरलसागर एवं संघस्थ ब्रहम्चारी साथ में चल रहे है। मुनिसंघ का रात्रि विश्राम डोंगरगांव में हुआ गुरुवार की आहार चर्या श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर देवरी में होगी तथा शनिवार को प्रात:कालीन बेला में चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ में मंगल अगवानी होने की पूर्ण सम्भावना है। श्री दिगम्बर जैन अतिशय महातीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारियों ने मुनिसंघ की भव्य मंगल अगवानी करने की अपील की है। इस अवसर पर चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री किशोर जैन, महामंत्री निर्मल जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, चंद्रकांत जैन, अनिल जैन, सप्रेम जैन,विद्यायतन के अध्यक्ष विनोद बडजात्या, निखिल जैन, नरेश जैन, अमित जैन, दीपेश जैन उपस्थित थे। उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) द्वारा दी गयी।

# आयुक्त ने की राजस्व की समीक्षा - डिमांड के विरूद्ध शत-प्रतिशत वसूली के दिए निर्देश

**राजनांदगांव,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में पूर्व डिमाण्ड एवं वर्तमान डिमाण्ड के विरूद्ध राजस्व वसूली के निर्देश दिये, जिससे वित्तीय वर्ष समाप्ति के माह अंत तक सतप्रतिशत वसूली की जा सके।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक में समस्त सहायक राजस्व निरीक्षको से वार्डवार वसूली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप वसूली नही हो पा रही है। चुकि वर्तमान में स्थानीय निर्वाचन के कारण भी वसूली प्रभावित हुई है लेकिन अब वित्तीय वर्ष समाप्ति के लिये डेढ माह शेष है, जिसे ध्यान में रखकर वसूली करना है। उन्होंने कहा कि क्यू आर कोड के माध्यम से भी वसूली करनी है। इसके लिये बहुत जल्द मशीन की व्यवस्था जा रही है, जिससे तुरंत पावती दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि कुछ वार्डो की वसूली अच्छी हो रही है किन्तु कुछ वार्डो की वसूली कम है जिसमें तेजी लावे। उन्होंने समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा कि वे अपने अपने प्रभारित वार्ड के राजस्व उप निरीक्षकों से प्रतिदिन प्रात: डिमाण्ड की जानकारी लेवे एवं डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली की समीक्षा करे। साथ ही बडे बकायादारों के पास स्वयं जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि वसूली में किसी भी प्रकार की परेशानी या अन्य कोई परेशानी होने पर अपने सहायक राजस्व निरीक्षक को जानकारी देवे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली किया जाना है, इसलिये सभी जी जान लगाकर वसूली करना सुनिश्चित करे, राजस्व कार्यालय में भी करो का भुगतान लेवे, क्योकि संबधित वार्ड प्रभारी के नही रहने से करदाता भटकते है और करों का भुगतान करने में असुविधा होती है। जिसे ध्यान में रखकर सभी वार्डो की कार्यालय मे भी राजस्व कर लेना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि टीम बनाकर वसूली करे, बडे बकायादारों तथा दुकानदारों के पास जाकर वसूली करे, वसूली में किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी बकायादारों से अपील करते हुये कहा है कि अपने सभी बकाया करों का भुगतान कर अधिभार से बचे। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली, सहायक राजस्व अधिकारी श्री जगीनराम चंद्रवंशी सहित समस्त राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं का प्रदेश भाजपा महामंत्री भारती ने बढ़ाया उत्साह वर्धन



**डोंगरगढ़,** 12 फरवरी। नगरीय निकाय चुनाव शांति पूर्ण वातावरण के साथ मंगलवार को यहां के 24 वार्डों में संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों के लिए वार्ड वासियों द्वारा मतदान किया गया। चुनाव में मतदाताओं की सुविधा हेतु विभिन्न पार्टी द्वारा अपने - अपने पंडाल लगाए गए जिसमें कार्यकर्ता सुबह से लेकर शाम तक मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए डटे रहे। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूरे 24 वार्डों के पार्षद पद हेतु भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने मोर्चा संभाले हुए है उन्होंने 24 वार्डों के मतदान केदो में पहुंच चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिल उनका उत्साह वर्धन बढ़ाया। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील जैन, प्रकाश चौढडिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष जसमित सिंह बन्नोआना, उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, अर्चला सिंह ठाकुर, भाजपा प्रत्याशी रमन डोंगर, सरफराज नवाज, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, ज्योति बड़वाईक, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, विनय बंसल, पंकज अग्रवाल, पप्पू नामदेव, गुरविंदर भाटिया, रमेश वर्मा, शैलू साहू, अशोक साहू, ललित शर्मा, सचिन वर्मा, शिवानी साखरे, कमला चितरंजन साहू, किशोर साखरे सहित अन्य उपस्थित थे।

# वार्ड नं 11 भाजपा प्रत्याशी वर्मा को कांग्रेस प्रत्याशी ने दिया समर्थन

**डोंगरगढ़,** 12 फरवरी। नगर पालिका चुनाव में डोंगरगढ़ के वार्ड नंबर 11 पर भाजपा प्रत्याशी की जीत लगभग तय हो गई है। क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशी शिशिर मिश्रा ने मतदान से एक दिन पहलें अपना समर्थन पालिका उपाध्यक्ष व भाजपा प्रत्याशी उमा महेश वर्मा को दे दिया है। वर्मा यह चुनाव जीततें है तो वह लगातार तीसरी बार पार्षद बनेंगे। वर्मा की लोकप्रियता को देखतें हुए कांग्रेस प्रत्याशी ने सरेंडर करनें का फैसला लिया। इसके बाद उन्होंनें भाजपा प्रत्याशी को अपना समर्थन देतें हुए अंतिम समय में चुनाव प्रचार से किनारा कर लिया। कांग्रेस प्रत्याशी का बूथ के बाहर न तो पंडाल लगा और न ही बूथ में एजेंट बैठे। कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन के बाद मुकाबलें में अब केवल निर्दलीय प्रत्याशी आशीष शुक्ला मैदान में है। लेकिन समीकरण को देखतें हुए वर्मा एक बड़ी लीड लेकर सबसे बड़ी जीत की ओर बढ़तें दिख रहे है। उमा महेश वर्मा की व्यक्तिगत मिलनसार छवि, निस्वार्थ सेवा भाव व हर वर्ग के लोगों के सुख, दु:ख में हमेशा उपस्थित रहनें की वजह से केवल उनके वार्ड ही नहीं बल्कि पूरें शहर में उनकी लोकप्रियता की चर्चा है। पूर्व में वे स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लगातार पार्षद चुनाव जीततें आ रहे है। पहली बार वे भाजपा पार्टी की ओर से चुनावी मैदान में है और चुनावी परिणाम आनें से पहलें ही विपक्षी दल के प्रत्याशी को अपनें समर्थन में लाकर अपनी जीत सुनिश्चचित कर ली है।

## निधन

### राजकुमारी यादव



**भाटापारा,** 12 फरवरी। शक्तिवार्ड निवासी श्रीमती राजकुमारी यादव का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे नगर के पत्रकार राजेश यादव की माता थी। अंतिम यात्रा कल सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# खरोरा नगर पंचायत में लगभग 80 प्रतिशत मतदान

**खरोरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु। नगर पंचायत खरोरा मंगलवार को चुनाव त्यौहार का माहौल था।स्थानीय चुनाव के कारण वोट डालने नागरिकों का उत्साह छलक रहा था। प्रात: 8 बजे से ही सभी 3 मतदान केंद्रों में नागरिकों के वोट डालनेका सिलसिला प्रारंभ हो गया। नगर पंचायत खरोरा चुनाव 2025 का मतदान संपन्न हुआ।



सुबह 8 बजे से सभी तीन मतदान केंद्रों में बनाए गए 15 बुथो पर खरोरा नगर की लगभग 7800 मतदाताओं में लगभग 6059 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। करिया दामा प्राथमिक शाला आदर्श मतदान केंद्र के रूप में सजा धजा था, यूं लग रहा था जैसे मतदान केंद्र नही किसी विवाह का रिसेप्शन हो! शानदार महाराजा गेट, फूलों और तोरण से सजा प्रवेश द्वार बड़ा मनोरम लग रहा था। वैसे तीनों मतदान केंद्रों में व्यवस्थाएं सुचारू थी बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। शांतिपूर्ण रूप से मतदान अंतिम समय तक चलता रहा, दोपहर 12 बजे के आसपास 44 फीसदी मतदान हो चुका था ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा था की शाम तक 80त्न मतदान होंगे और ठीक वैसे ही हुआ। इस बार मतदाताओं ने भारी उत्साह में मतदान किया गांव के बाहर काम करने वाले लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे हुए थे, यह एक स्वच्छ प्रजातंत्र का संदेश भी है।

तीन स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए गए थे हाई स्कूल खरोरा, मिडिल स्कूल खरोरा और पीएम श्री प्राथमिक शाला करिया दामा खरोरा जहां वार्ड बार मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

पुलिस की चौकसी ने मतदान प्रक्रिया को और चौकस कर दिया था कहीं किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ और ना ही ईवीएम मशीनों की खराबी की कोई खबर आई और इस तरह बहुत ही खुशनुमा माहौल में नगर पंचायत खरोरा का मतदान संपन्न हो गया और इसके साथ ही प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में लॉक हो गई जो 15 फरवरी को खुलेंगे और परिणाम सामने आएगा, सारे ईवीएम मशीन सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रख दी गई है और कड़ी सुरक्षा तैनात कर दी गई है।

# समय से पहले गर्मी, फरवरी में ही चढ़ा पारा दोपहर की धूप ने किया बेहाल

**बालोद,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। इन दिनों अचानक मौसम बदलने से ठंड की विदाई हो रही है जिसके कारण लोगों को गर्मी का अहसास होने लगा। इस बदलते मौसम के कारण फरवरी माह से ही गर्मी का अहसास होने व तेजी से ठंड गायब होने से लोगों में सुस्ती आलस्य तथा प्यास बढ़ने लगी है। वहीं मौसमी बीमारियां का भी डर लोगों को सता रहा है।

जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होता वैसे लोग व बच्चे एवं बुजुर्गों को इस बदलते मौसम में विशेष देखभाल व सावधानी की जरूरत है। साथ ही उचित मात्रा में पानी का सेवन करने और अपने आप को हाइड्रेटेड रखने की जरूरत है। इन बदलते मौसम से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता। वहीं लोग चौक.चौराहे मुहल्ले में चर्चाएं भी कर रहे हैं कि इतनी गर्मी मार्च महीने के अंतिम दिनों में लगती थी लेकिन यह तो फरवरी में ही लगने लगी है। इस वर्ष ठंड के दिन में कभी बारिश न होने का असर है वहीं कोई कह रहे हैं ग्लोबल वार्मिंग के कारण पूरे विश्वभर में मौसम में बदलाव देखा जा रहा है।

आमतौर पर होली के बाद ही गर्मी बढ़ती है लेकिन इस वर्ष फरवरी महीना लगते ही गर्मी का अहसास होने लगा तेज धूप लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। फाल्गुन में ही पड़ रही तेज गर्मी को देख लोगों को अभी से चैत्र, बैसाख में पड़ने वाली गर्मी याद आ रही है। मौसम वैज्ञानिक इस गर्मी को सामान्य बताते हुए 25 फरवरी से तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाने की बात कह रहे हैं जबकि ज्योतिषी इस गर्मी को बारिश के लिए नुकसानदायक बता रहे हैं। दिन का तापमान पिछले चार.पांच दिनों से लगातार बढ़ने लगा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों की उलझन भी बढ़ गई है। सूर्य की तपिश से परेशान लोग आगे भी गर्मी और तेज होने का अनुमान लगा रहे हैं और इसके दुष्प्रभाव से बचने के लिए अपने स्तर पर तरह.तरह के जतन कर रहे हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जिपं क्षेत्र क्र 8 के प्रत्याशी ...

ट कार्यकर्ताओं के द्वारा भी बाजार अतरिया क्षेत्र के रोज अलग-अलग गांव में जाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्रत्याशी लक्ष्मी संदीप सिरमौर ने बताया कि आज अतरिया, कुसमी, जोरातरई,भीमपुरी सोनपुरी, डुंडा ,मंडला डोकराभाठा का सघन जनसंपर्क कर मतदाताओं से रूबरू हो रहे हैं। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी मतदाताओं के लिए किया जा रहा है। मतदाताओं का स्नेह प्यार आशीर्वाद लगातार मिल रहा है।

### पढ़ाई एवं खेलकूद में ...

योगेश्वरी, उर्मिला निर्मलकर, निशा भोई, विकासिनी कौशिक सभी फुटबॉल खिलाड़ी, धनु ओझा, डिलेश्वरी ओझा, भूमिका ओझा सभी तैराकी खिलाड़ी, सुष्मिता नायक, खुशबू टांडी बॉक्सिंग खिलाड़ी, सत्यभामा- एथलेटिक्स, जया सोरी- कुश्ती, शारदा - खो-खो, ए. अर्चना हैण्डबॉल पुरस्कृत हुए।

उच्च शिक्षा एवं विश्वविद्यालय द्वारा अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें बॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केसटबाल, क्रिकेट, कुश्ती, बाक्सिंग, एथलेटिक्स, तैराकी आदि शामिल है।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन एवं क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. सुषमा यादव मंच में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले, विभागाध्यक्ष संगीत, क्रीड़ा पुरस्कार का संचालन डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनुजा चौहान छात्रसंघ प्रभारी ने किया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों द्वारा निर्मित ...

डॉ. सिंह को प्राप्त हो रहे हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि सेमेस्टर ब्रेक के दौरान एवं ग्रीष्म अवकाश में विद्यार्थियों को प्रेरित कर स्वरोजगार प्राप्ति के उद्देश्य से बड़ी संख्या में लौह षिल्प कलाकृतियां बनाने का प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा।

# गंडई में अध्यक्ष और 15 वार्डों के पार्षद के लिए 83.47 प्रतिशत मतदान

**गंडई पंडरिया,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। गंडई नगर पंचायत में अध्यक्ष और 15 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों का भाग्य 11 फरवरी को ईवीएम में कैद हो गया है। सभी पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। नगर मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया और मतदाताओं ने मतदान कर अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन किया। वार्ड नंबर 12 में मशीन में गड़बड़ी होने की खबर सामने आई थी। प्रशासन और चुनाव आयोग के कुशल प्रबंधन से मतदान सुचारु रूप से संचालित हुआ।

नगर में 15 मतदान केंद्र बनाए गए थे जिनमे सुबह 8 बजे जैसे ही मतदान शुरू हुआ, वैसे ही मतदाताओं की लंबी कतारें मतदान केंद्रों पर देखने को मिलीं। सुबह 10 बजे तक 32 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे मतदाताओं की भीड़ बढ़ती गई और दोपहर 3 बजे तक 65 प्रतिशत संपन्न हुआ था। मतदान को लेकर महिलाओं और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

**83. 47 प्रतिशत हुआ मतदान**

नगर गंडई में कुल 10228 मतदाता है, इनमें से 8537 मतदाओं ने वोट किया। जिसमें 4103 पुरूष और 4434 महिला मतादाता शामिल है। यहां कुल 83.47 प्रतिशत मतदान हुआ है। दूसरी ओर 1691 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग नहीं किया। बताया जाता है कि कुछ मतदाताओं का देहांत हो गया है और अधिकतर लोग दूसरे शहर पलायन कर चुके हैं। जागरूक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर नगर के भविष्य के लिए अपनी पसंद के उम्मीदवार को चुना है। जिसका फैसला 15 फरवरी को होगी।

**कड़े सुरक्षा इंतजाम से चुनाव प्रक्रिया रही शांतिपूर्ण**

नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पहले से ही सतर्क थी। किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही थी। चुनाव अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन की सतर्कता के चलते



मतदान के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना सामने नहीं आई।

**बढ़-चढ़कर किया युवाओं और महिलाओं ने मतदान**

इस चुनाव में युवा मतदाताओं में विशेष रुचि देखने को मिला। जिन्होंने बड़ी संख्या में मतदान किया। साथ पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखा गया। महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद भी महिला मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान किया। पुरुषों की तुलना में 331 महिलाओं ने मतदान किया है। जो महिलाओं की सक्रिय भूमिका को दर्शाता है।

**दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की भी रही विशेष भागीदारी**

मतदान केन्द्र कोपेभाठा को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था, जहां मतदाताओं ने मतदान करके सेल्फी भी लिए। इस चुनाव में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने भी पूरे जोश के साथ मतदान किया। प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। बुजुर्ग मतदाताओं ने चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेकर युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने का कार्य किया। वहीं दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे वे भी बिना किसी कठिनाई के अपने मताधिकार का उपयोग कर सके।

**चुनाव परिणामों को लेकर कयासों का दौर शुरू**

मतदान सम्पन्न होते ही अब नगर में चुनाव परिणामों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। मतदाता अपनी-अपनी पसंद के उम्मीदवार की जीत को लेकर कयास लगा रहे हैं। नगर पंचायत की अध्यक्ष पद की सीट के लिए कांग्रेस के जमींदार लाल टारकेश्वर शाह खुसरो और भाजपा के राजेश मेहता के बीच सीधा मुकाबला है। अब सभी की निगाहें आगामी 15 फरवरी को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। मतगणना के दिन नगर पंचायत गंडई की जनता को यह पता चलेगा कि नगर की बागडोर किसके हाथों में जाने वाली है। प्रत्याशी और उनके समर्थक बेसब्री से इस दिन का इंतजार कर रहे हैं।

**वार्डों में हुए कितने मतदान**

वार्ड क्रमांक 01 में कुल 854 में से 713 पड़े, वार्ड 02 में 618-526 पड़े, वार्ड 03 में 662-543 पड़े, वार्ड 04 में 610-499 पड़े, वार्ड 05 में 725-561 पड़े, वार्ड 06 में 626-512 पड़े, वार्ड 07 में 598-499 पड़े, वार्ड 08 में 552-470 पड़े, वार्ड 09 में 951-828 पड़े, वार्ड 10 में 561-494 पड़े, वार्ड 11 में 679-557 पड़े वार्ड 12 में 706-576 पड़े 13 में 719-635 पड़े, 14 में 750-599 पड़े और वार्ड 15 में 617 में से 525 पड़े।

# प्रथम जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय चंद्राकर का फिर से चुनावी मैदान में होने से रोचक हुआ मुकाबला

**बालोद,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 में चुनावी मुकाबला रोचक बना हुआ है। जहां इस क्षेत्र में भाजपा ने युवा प्रत्याशी तोमन साहू को मैदान में उतारा है। तो वहीं कांग्रेस से दिग्गज और अनुभवी नेता संजय चंद्राकर उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। संजय चंद्राकर निवासी ग्राम निपानी पूर्व में जब बालोद जिला बना तो पहले चुनाव के समय ही जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीतने के साथ प्रथम जिला पंचायत उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। किसानों के बीच उनकी अच्छी खासी पकड़ है। उन्होंने किसान हित के लिए कई कार्य किए हैं। तो वहीं विभिन्न आंदोलनों का हिस्सा भी रहे हैं। चाहे बात आम किसानों की हो यह गन्ना किसानों की। अपने क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्या को सुलझाने और शासन प्रशासन स्तर तक मामले को ले जाकर उनका निराकरण करवाने में भी वे क्षेत्र के अगुवा अग्रणी के रूप में जाने जाते हैं। राष्ट्रीय पार्टियों ने अधिकृत अधिक तौर पर अपने प्रत्याशियों के नाम जारी किए गए हैं। लेकिन पंचायत स्तर का चुनाव गैरदलीय रूप में लड़ा जाता है। इसलिए उम्मीदवारों को अपने पार्टी के हिसाब से चुनाव चिन्ह नहीं मिलते। इसी क्रम में संजय चंद्राकर को भी दो पत्ती चुनाव चिन्ह मिला है। लगातार वे अपने संबंधित क्षेत्र के गांव में जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। इस क्रम में सोमवार को वे ग्राम धरमपुरा, गोड़पाल, मुल्लेगुड़ा, मालगांव, मड़वापथरा आदि गांव में जनसंपर्क करने के लिए पहुंचे थे। जहां बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और कांग्रेसियों की मौजूदगी रही। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, बूथ सेक्टर, एनएसयूआई, सहकारिता और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जन उनकी जनसंपर्क यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और किसानों का हित उनकी पहली प्राथमिकता है। वे प्रथम जिला पंचायत उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इस क्षेत्र को वे भली.भांति समझते हैं। किसानों की क्या समस्या है उन्हें कैसे हल कर सकते हैं इस बारे में वे पूरी तरह अवगत और अनुभवी है। उन्होंने मतदाताओं से अधिक से अधिक वोट के साथ आशीर्वाद देकर उन्हें जीत दिलाने की अपील की है। 2015 से 2019 तक जिला पंचायत सदस्य चुनाव लड़ने के बाद वे जिला पंचायत के प्रथम उपाध्यक्ष बने थे। गौरव ग्राम निपानी को गौरव ग्राम का दर्जा दिलाने में भी उनके पूर्वजों का विशेष योगदान रहा है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार से ताल्लुक रखने वाले संजय चंद्राकर किसान हित में एक बार फिर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ते हुए मैदान में अपना भाग्य आजमा रहें हैं।



# बेमेतरा नगर पालिका परिषद् और 9 नगर पंचायतों में शांतिपूर्ण मतदान के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा

**बेमेतरा,** 12 फ़रवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा नगर पालिका परिषद् और जिले की 09 नगर पंचायतों में 11 फरवरी 2025 को संपन्न हुए नगरीय निकाय मे शांतिपूर्ण चुनाव के बाद, सभी मतदान दलों ने देर रात 10 बजे तक कृषि उपज मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) जमा की। नगर पालिका क्षेत्र के 21 वार्डों के लिए बनाए गए 36 मतदान केंद्रों की ईवीएम को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में रखा गया। इसके साथ हि जिले के 09 नगर पंचायतो मे भी ईव्हीएम कों सील किया गया और सुरक्षित स्ट्रॉन्ग रूम मे रखा गया 7 मतदान के बाद, सभी मतदान दलों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान सामग्री को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में पहुंचाया। जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

मतदान के पश्चात, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के निर्देशों पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग एवं नगर पालिका परिषद की रिटर्निंग अधिकारी दीप्ति वर्मा की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों के सामने स्ट्रांग रूम को सील किया गया। साथ ही, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उसे ईंटों की दीवार से घेर दिया गया। बता दें मतगणना 15 फरवरी 2025 को होगी, और उसी दिन ईवीएम खोले जाएंगे। इससे पहले, जिले की 09 नगर पंचायतों में भी ईवीएम को सील कर सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया है। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होता है कि चुनाव परिणामों की घोषणा तक ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहे, जिससे लोकतंत्र की मजबूती और नागरिकों का विश्वास सुनिश्चित होता है।



बता दें कि बेमेतरा जिले मे मतदान का कुल प्रतिशत 77.44% रहा, जोकि मतदाताओं के भारी उत्साह को दर्शाता है। कुल 58,163 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिनमें 28,747 पुरुष और 29,416 महिलाएं शामिल थीं। निकायवार मतदान प्रतिशत अंतर्गत नगर पालिका बेमेतरा मे 71.68%, बेरला मे 79.52%, साजा मे 75.61%, थानखम्हरिया मे 78.46%, देवकर मे 79.42%, परपोड़ी मे 86.95%, नवागढ़ मे 75.66%, दाढ़ी मे 83.25%, भिंभौरी मे 89.18% और सबसे अधिक कुसमी मे 90.90% मतदान हुआ।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आज

**बेमेतरा,** 12 फ़रवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी को सशक्त बनाने में जिन कार्यकर्ताओं, शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं बूथ अध्यक्षों ने अपनी पूरी निष्ठा और परिश्रम लगाया है, उनके सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 फरवरी गुरुवार को सुखमयी भवन, पिरदा में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सांसद, विधायक समेत पार्टी के कई सैंकड़ों गणमान्य अतिथि शामिल हो रहे हैं।

■ **सांसद, विधायक और हजारों की संख्या में शामिल होंगे कार्यकर्ता**

इस भव्य कार्यक्रम में दुर्ग से सांसद श्री विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही विधायक श्री दीपेश साहू, पूर्व विधायक श्री अवधेश चंदेल, जिला अध्यक्ष श्री अजय साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र शर्मा, महामंत्री श्री नरेंद्र वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री यशवंत वर्मा एवं मंडल अध्यक्ष श्री सूर्यकांत नायक, भाजपा किसान नेता व सर्व हिन्दू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई हस्तियां उपस्थित रहेंगे।

मिली जानकारी के मुताबिक, सांसद व विधायकों के साथ कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला पंचायत क्षेत्र बेरलाकला क्रमांक 14 की प्रत्याशी श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं बूथ अध्यक्षों का सम्मान करेंगी।

इस कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर कल्पना योगेश तिवारी ने बताया कि बेमेतरा से जुड़े पार्टी के वे सभी छोटे बड़े कार्यकर्ता जिन्होंने कई सालों से कड़ी मेहनत व लगन से पार्टी को इस क्षेत्र में मजबूत किया है, यह सम्मान कार्यक्रम उनके कई सालों की मेहनत को प्रणाम करने का एक छोटा प्रयास है। कार्यक्रम स्थल सुखमयी भवन, पिरदा में आयोजित इस सम्मान समारोह में बेमेतरा जिले हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, पार्टी से जुड़े क्षेत्रीय नेता एवं आमंत्रित लोगों के उपस्थित रहने की संभावना है।

# नगर निकाय चुनाव: लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**थानखमरिया,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निकाय चुनाव 2025 के तहत सभी 15 वार्डों में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से मतदान संपन्न हुआ। सुबह 8:00 बजे से शुरू हुए मतदान में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूरे मतदान क्षेत्र में माहौल उत्सव जैसा नजर आया, जहां युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभाने पहुंचे।



कुछ वार्डों में शुरुआती दौर में मतदान की गति धीमी रही, लेकिन दोपहर 12:00 बजे के बाद मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगने लगीं। 12:00 बजे तक मतदान प्रतिशत 45-50% तक पहुंच चुका था, जिसके बाद इसमें और तेजी आई। वहीं, कुछ वार्डों में स्वस्थ मतदाताओं को कार्यकर्ताओं ने घर से निकालकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया, जबकि कुछ मतदाता लालच में भी मतदान करने के लिए प्रेरित हुए।

**प्रशासन ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका**

मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन, नगर पंचायत प्रशासन, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेई, तहसीलदार, थाना प्रभारी, नगर पंचायत सीएमएचओ यशवंत देवांगन सहित अन्य अधिकारियों ने पूरी ईमानदारी और सतर्कता के साथ अपनी ड्यूटी निभाई। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे मतदान शांतिपूर्ण रहा।

**पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में दिखा उत्साह**

मतदान के दौरान मतदाताओं ने सेल्फी लेकर अपने अनुभव साझा किए। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं ने इसे अपने लिए गौरव और जिम्मेदारी का क्षण बताया।

मतदाता भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपूत मनीष सेन, राहुल छाबड़ा, अतुल सिंघानिया, विजय शर्मा, भागवत सिन्हा, रौनक मुरारका, रूद्रेश अग्रवाल, लाला अग्रवाल, अनीश अग्रवाल और विजय यादव ने अपनी पार्टी के प्रति ईमानदारी और समर्पण से मतदान सुनिश्चित करने के लिए जोरदार प्रयास किए।

अब सभी की निगाहें चुनाव परिणामों पर टिकी हैं। मतदान प्रतिशत को देखते हुए यह स्पष्ट है कि जनता ने लोकतंत्र के इस पर्व में पूरी भागीदारी निभाई और अब बस इंतजार है, उस ऐतिहासिक फैसले का जो नगर निकाय की राजनीति की दिशा तय करेगा।

# भाजपा प्रत्याशी अनीता चंदन अग्रवाल की जीत निश्चित, कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह

**थानखमरिया,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का परचम लहराने के लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुटे हुए थे। 15 में से 10 वार्डों में भाजपा की जीत लगभग तय मानी जा रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और संगठन की रणनीति अब रंग लाने लगी है। भाजपा प्रत्याशी अनीता चंदन अग्रवाल के चुनाव प्रचार में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल वह साजा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संसदीय सचिव लाभचंद बाफना का विशेष योगदान रहा।



भाजपा प्रत्याशी अनीता चंदन अग्रवाल की जीत को लेकर जनता में भी उत्साह नजर आ रहा है। केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार होने के कारण अब नगर पंचायत में भी भाजपा की जीत को सुनिश्चित करने के लिए जनता ने मन बना लिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस चुनाव को सेवा और समर्पण का संकल्प मानकर पूरी ऊर्जा से चुनाव प्रचार किया, जिसका असर मतदाताओं पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

चुनाव अभियान का संचालन बसंत अग्रवाल ने किया वही चुनाव प्रभारी दयावंत बांधे पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया। राजेश ठाकुर, राजेश सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, अनिल सिंघानिया,आशीषराज सिंघानिया, अनीश अग्रवाल, लाला अग्रवाल, रूद्रेश अग्रवाल, विजय शर्मा, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी , दीपक बंसल, निखिल अग्रवाल, विकास सिंघानिया, नमिता सिन्हा, सरिता जैन, रेखा शर्मा ने सहभागिता निभाई। भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश और जीत का जुनून हर वार्ड में देखने को मिल रहा है।

वार्ड नंबर 4 सहित अनेक वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों का पलड़ा भारी है। जनता का भरोसा भाजपा के विजन और विकास कार्यों पर मजबूत होता दिख रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी अनीता चंदन अग्रवाल हजारों वोटों के बड़े अंतर से विजय हासिल करेंगी। इसी क्रम में अग्रवाल समाज से मोनिका अतुल सिंघानिया की भी जीत निश्चित मानी जा रही है।

नगर पंचायत चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता अंतिम चरण तक पूरी मेहनत किए हैं। भाजपा के विजयी रथ को रोक पाना विपक्ष के लिए अब कठिन साबित हो रहा है। आगामी दिनों में मतगणना के बाद यह साफ हो जाएगा कि नगर पंचायत में भी 'फिर एक बार, भाजपा सरकार' का नारा साकार होने जा रहा है।

**कांग्रेसियों ने भीतर घात किया**

वहीं कांग्रेस प्रत्याशी सोनिया सतीश जोशी मजबूत प्रत्याशी पूर्व कृषि मंत्री विधायक कट्टवर नेता रविन्द्र चौबे के बहुत ही करीबी को टिकट दिया गया। लेकिन कांग्रेस से टिकट वंचित होने के कारण दुर्भावना वश रविंद्र चौबे को नीचा दिखाने के लिये औकात बताने के लिए भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में खुलकर प्रचार किया गया। वहीं कई वार्ड में भाजपा प्रत्याशी पार्षद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। अनीता चंदन अग्रवाल के लिए वोट मांगा गया जिसका फायदा भाजपा को होगा , कुछ कांग्रेसी नेताओं ने बताया कि 15 तारीख के पश्चात ऐसे भीतर घात करने वाले को पार्टी से निष्कासित किया। जाएगा। और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। इनकी हरकत से कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी व्यक्त की।

# खैरागढ़ में विप्लव ने किया कार्यकर्ताओं का सम्मलेन

**खैरागढ़,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 पांडादाह क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे विप्लव साहू के समर्थन में बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं का समर्थन मिला। विवेकानन्द कॉलोनी खैरागढ़ में विप्लव साहू के निज निवास में आयोजित मित्र सम्मेलन में आये सभी लोगों ने प्रत्याशी बनने पर विप्लव को बधाई दी और उन्हें जीतने वाला खिलाड़ी बताया। सभी ने धूम धड़ाके के साथ चुनाव प्रचार करने और विप्लव को जिताने का संकल्प लिया। सभी चालीस गांव और शहर मुख्यालय से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कहा कि विप्लव साहू क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित रहे हैं और संगठन के कार्यों में भी उनकी भागीदारी हमेशा अहम रही है। बैठक में उपस्थित बौद्धिक व्यक्तियों और सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि विप्लव साहू जैसे सामाजिक कार्यकर्ता नेता की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटेंगे। कुछ कार्यकर्ताओं ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि उन्हें इस फैसले के कारण निष्कासित भी करती है, तब भी वे विप्लव साहू का समर्थन जारी रखेंगे।



सबने विप्लव साहू को जनसमर्थन दिलाने के लिए घर-घर जाकर प्रचार करने और मतदाताओं से सीधे संवाद स्थापित करने का संकल्प लिया।

# स्वामी विवेकानंद गुरुकुल विद्यालय झाल में भव्य मातृ-पितृ पूजन महोत्सव एवं वार्षिकोत्सव संपन्न

**थानखमरिया,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद गुरुकुल विद्यालय, झाल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मातृ-पितृ पूजन महोत्सव एवं वार्षिकोत्सव अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद लिया, जिससे संपूर्ण वातावरण भावुकता और श्रद्धा से सराबोर हो गया। विद्यालय में पिछले 16 वर्षों से यह आयोजन निरंतर हो रहा है, जिसमें न केवल विद्यार्थी बल्कि उनके माता-पिता एवं समस्त ग्रामवासी भी श्रद्धापूर्वक भाग लेते हैं। पूरा पंडाल भक्ति और भावनाओं से ओत-प्रोत रहा, जहां माता-पिता ने बच्चों को गले लगाया और उन्हें स्नेहपूर्वक प्रसाद खिलाया।



मुख्य अतिथि के रूप में समाधान महाविद्यालय, बेमेतरा के संस्थापक डॉ. अवधेश पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि माता-पिता का सम्मान व पूजन घर-घर में होना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके और युवा पीढ़ी पाश्चात्य प्रभाव से बचकर भारतीय संस्कृति से जुड़े रह सके।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री मनोज साहू, श्री दीनूराम, श्री संजय साहू, श्री अनूप यादव (संत श्री आसाराम जी बापू आश्रम, बेमेतरा), मुक्त दीदी, विद्या दीदी, महेश साहू, बहादुर साहू, रामेश्वर साहू, कविता पाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय के संस्थापक श्री तिलहरण साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी आगंतुकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# जिपं क्षेत्र क्रमांक 6 पांडादाह सीट पर मचा है प्रत्याशियों का कोहराम

**खैरागढ़,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 पांडादाह सीट पर कांग्रेस भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के अलावा अन्य प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में डटकर मुकाबला कर रहे है।

पांडादाह सीट पर 7 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य अजमाने के लिए चुनावी रणनीत तैयार कर रहे है।

**प्रत्याशी कार्यकर्ता व मतदाताओं की लगातार ले रहे बैठक**

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 पांडादाह सीट पर सभी प्रत्याशियों को पसीना बहाना पर पढ़ रहा है इस सीट पर कांग्रेस से लीलाधर वर्मा भाजपा से दिनेश वर्मा इसके अलावा अन्य प्रत्याशी चुनावी मैदान में है अधिवक्ता सुरेश साहू, विप्लव साहू, देव सिंग साहू,विनोद वर्मा, योगेश कुमार चंदेल ये सभी प्रत्याशी पांडादाह सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। सभी प्रत्याशियों के द्वारा अपने कार्यकर्ता व मतदाताओं की लगातार बैठक ले रहे हैं ताकि माहौल अपने पक्ष में कर सके




**कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने लगे प्रत्याशी**

खैरागढ़ ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बिगुल बज चुका है। कांग्रेस व भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार कार्यकर्ता सम्मेलन व भोजन की व्यवस्था की जा रही है। ताकि मतदाताओं को अपने पक्ष में किया जा सके खैरागढ़ ब्लॉक में 20 फरवरी गुरुवार को मतदान होना है सभी प्रत्याशी प्रचार प्रसार करने में डटे हुए हैं कांग्रेस व भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों को निर्दलीय के रूप में खड़े प्रत्याशी कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

**पांडादाह क्षेत्र के मतदाता साइलेंट, चुप्पी साधे है**

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 पांडादाह क्षेत्र के मतदाता साइलेंट मोड पर है। सात प्रत्याशियों के खड़े होने से पांडादाह क्षेत्र के मतदाता काफी असमंजस में फंसे हुए हैं। सभी प्रत्याशी अपने जीत के दावे कर रहे हैं 20 फरवरी को क्षेत्र के मतदाता जीत और हार का फैसला कर देगी।

# आदर्श मतदान केंद्र- सुविधा, हरियाली और मतदाताओं का विशेष अनुभव

■ **संगवारी मतदान केंद्र- सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक सौहार्द का प्रतीक**

**बेमेतरा,** 12 फ़रवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत बेमेतरा जिले में मतदान प्रक्रिया का सफल और शांतिपूर्ण संचालन किया गया। इस चुनाव में बेमेतरा जिले के अंतर्गत एक नगर पालिका परिषद और 9 नगर पंचायतों में कुल 171 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में से एक आदर्श मतदान केंद्र और दो संगवारी मतदान केंद्र विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे, जिन्होंने न केवल मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया बल्कि एक नई मिसाल भी पेश की।

नगर पालिका परिषद बेमेतरा के शासकीय कन्या विद्यालय में स्थित आदर्श मतदान केंद्र को चुनावी प्रक्रिया के एक नए मापदंड के रूप में स्थापित किया गया। यह मतदान केंद्र अपने अनूठे और सुविधाजनक माहौल के कारण मतदाताओं के बीच खासा लोकप्रिय रहा। यहाँ पर मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गईं, जिसमें मुख्य रूप से पर्याप्त छाया, पेयजल, और बैठने की सुविधाओं का ध्यान रखा गया। मतदाताओं के आराम और सुविधा के लिए केंद्र को एक आदर्श स्थान के रूप में तैयार किया गया। विशेष रूप से यहाँ की गार्डनिंग ने मतदाताओं का ध्यान आकर्षित किया। बेमेतरा एक कृषि प्रधान जिला है, और इसे ध्यान में रखते हुए इस केंद्र पर कृषि और उद्यानिकी से संबंधित पौधों को प्रदर्शित किया गया था। इस पहल ने न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई बल्कि मतदाताओं को एक नई दृष्टि भी दी।

यह मतदान केंद्र कृषि और उद्यानिकी के मेल से सजा हुआ था। यहाँ विविध प्रकार के बागवानी पौधे लगाए गए थे, जो न केवल वातावरण को सुंदर बना रहे थे, बल्कि मतदाताओं के लिए एक प्रेरणास्रोत भी थे। इस अनूठी सजावट ने मतदाताओं को यह महसूस कराया कि मतदान केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक सुखद अनुभव भी हो सकता है। मतदाताओं ने बागवानी की सराहना की और इसे जिले की कृषि प्रधानता से जोड़ते हुए कहा कि यह मतदान केंद्र जिले की पहचान को भी प्रतिबिंबित करता है।



आदर्श मतदान केंद्र की एक और विशेष पहल थी—सेल्फी जोन, जहां मतदाता अपने मतदान के बाद गर्व से सेल्फी लेते नजर आए। यह जोन न केवल युवाओं के लिए बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। यह पहल मतदाताओं के बीच जागरूकता और उत्साह पैदा करने के साथ ही चुनावी प्रक्रिया को और भी जीवंत बनाने में मददगार साबित हुई।

बच्चों के लिए प्ले ज़ोन की व्यवस्था की गई थी, जहाँ वे खेलते-कूदते समय बिता सकते थे, जबकि उनके माता-पिता निश्चिंत होकर मतदान में हिस्सा ले रहे थे। इस प्ले ज़ोन ने बच्चों के साथ आए मतदाताओं को एक बड़ी सुविधा दी, जिससे उन्हें मतदान के दौरान किसी प्रकार की चिंता नहीं रही। इस पहल ने बच्चों को भी मतदान केंद्रों के प्रति सकारात्मक नजरिया दिया, जिससे भविष्य में वे भी अपनी जिम्मेदारी को समझें।

महिला मतदाताओं की सुविधा और गोपनीयता का विशेष ख्याल रखा गया। उनके लिए अलग से कक्ष बनाए गए थे, जहाँ वे सुरक्षित और आरामदायक माहौल में मतदान कर सकें। महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और इसे उनके प्रति संवेदनशीलता का उदाहरण बताया।

संगवारी मतदान केंद्रों की स्थापना विशेष रूप से बेमेतरा के वार्ड 21 में की गई थी। इन केंद्रों का उद्देश्य था समुदाय के लोगों को एक साथ जोड़ना और उनकी सहभागिता को बढ़ाना। यह केंद्र सांस्कृतिक और सामुदायिक एकता के प्रतीक बने और विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के बीच लोकप्रिय रहे। इन केंद्रों का माहौल न केवल शांतिपूर्ण था बल्कि सभी के लिए स्वागतयोग्य भी था, जिससे हर वर्ग के मतदाताओं को आसानी से मतदान करने में मदद मिली।

संगवारी मतदान केंद्रों को भी विशेष रूप से सुसज्जित किया गया था। यहाँ भी मतदाताओं के लिए छाया, पानी और बैठने की सुविधा दी गई थी। साथ ही इन केंद्रों में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सांस्कृतिक झलकियाँ भी प्रस्तुत की गईं। मतदाताओं ने इन केंद्रों को अपने समाज से जोड़ते हुए इसे एक उत्सव की तरह महसूस किया। विशेषकर युवाओं ने संगवारी केंद्रों को लेकर उत्साह दिखाया और यहाँ सेल्फी लेने का भी आनंद उठाया।

मतदान केंद्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा की सुविधा प्रदान करना मतदाताओं के लिए एक सकारात्मक अनुभव था ।इससे न केवल मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाया, बल्कि मतदान के साथ साथ लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी कि गई ।

मतदाताओं ने इन विशेष केंद्रों पर मिल रही सुविधाओं और आकर्षण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कई मतदाताओं ने इसे च्च्मतदान और मनोरंजन का अनूठा मेलज्ज कहा। कुछ मतदाताओं ने कहा कि यहाँ आकर ऐसा महसूस हुआ जैसे वे पार्क में घूमने आए हों, और मतदान भी एक आनंददायक अनुभव बन गया। यह मतदान केंद्र न केवल मतदान की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में सफल रहे, बल्कि मतदाताओं के लिए एक सामाजिक और सांस्कृतिक अनुभव का केंद्र भी बने।

संगवारी केंद्रों में लोगों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया और सामुदायिक सौहार्द को बढ़ावा दिया। इन केंद्रों पर विशेष रूप से महिलाएं और युवा मतदाता बड़ी संख्या में मतदान करने पहुंचे, जिन्होंने इसे लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक यादगार अनुभव बताया।

इन केंद्रों ने दिखाया कि कैसे एक समावेशी और संवेदनशील दृष्टिकोण से मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया में जोड़कर उसे अधिक जीवंत और आकर्षक बनाया जा सकता है। यह पहल भविष्य के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर कर आई है जो प्रेरणादायक साबित हो सकती है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में स्थापित आदर्श और संगवारी मतदान केंद्रों ने चुनावी प्रक्रिया को नए आयाम दिए हैं। यहाँ मतदाताओं को न केवल मतदान का मौका मिला, बल्कि एक सकारात्मक और मनोरंजक माहौल का अनुभव भी हुआ।

उल्टा पुल्टा

पति- मुझे अपनी बीवी से तलाक
चाहिए वह बर्तन फेंक कर मारती है,
जज- अभी भी मार रही है या पहले से
पति- 5 साल पहले से
जज- तो इतने साल बाद तलाक क्यों?
पति- क्योंकि अब उसका निशाना पक्का हो गया है

## संपादकीय

### आयुष्मान का फर्जीवाड़ा खत्म हो

केन्द्र सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य हेतु बेहतरीन योजना आयुष्मान लागू कर रखी है पर देखा जा रहा है कि यह बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का जरिया बन गयी है। यह कहानी देश के कई राज्यों की है। बतलाया जाता है कि अनेक ऐसे राज्य हैं जिनमें अस्पतालों ने आयुष्मान के मरीजों का इलाज ही बन्द कर दिया है क्योंकि उनके पैसे प्रदेश सरकारों ने रोक रखे हैं। इसके अलावा इसमें व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार की खबरें आ रही हैं। इसके कारण भी एक अच्छी योजना दम तोड़ती नज़र आ रही है। अधिकृत तौर पर यह बन्द तो नहीं हुई है लेकिन इसका फायदा लोगों तक पहुंच नहीं पा रहा है। ऐसे सभी राज्यों को चाहिये कि आयुष्मान के प्रभावी ढंग से संचालन हेतु ज़रूरी उपाय करें। अस्पतालों की राशि जारी हो तथा व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म किया जाये। आयुष्मान के मरीजों को इन परिस्थितियों के कारण अपने स्वास्थ्य पर भारी-भरकम राशि खर्च करनी पड़ रही है।

यह मामला राज्यसभा में उठा है। एक सवाल के जवाब में सरकार की ओर से बताया गया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत देश भर में 2.7 लाख दावे फर्जी पाये गये हैं। इनके जरिये 562.4 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा हुआ है। जिन राज्यों में सबसे ज्यादा फर्जी तरीके से राशि दी गयी है उनमें छत्तीसगढ़ का नाम काफी ऊपर है। यह प्रदेश के लिये शर्म की बात है। सदन में दी गयी जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में 139 करोड़, छग में 120.34 करोड़ व मध्यप्रदेश में 119.34 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा सामने आया है। निजी अस्पतालों के जरिये होने वाले घोटालों के तहत गलत तरीकों से बिलिंग कर भुगतान किये जाते हैं। इनमें अस्पताल प्रबंधन से लेकर आयुष्मान का भुगतान करने वाले अधिकारी-कर्मचारी शामिल होते हैं।

छग सरकार को इस ओर तुरन्त ध्यान देना होगा। इसके चलते जहां एक ओर सरकार की राशि अनावश्यक व गलत तरीके से अपात्रों या बोगस लोगों को जा रही है वहीं सरकार द्वारा राशि न देने से पात्रताधारकों को दिक्कत हो रही है। बताया जा रहा है कि सरकार के पास योजना की जो राशि अटकी है वह इसी कारण से है। फर्जीवाड़े के तहत अंधाधुंध राशि का भुगतान हो गया है और सरकार के सामने और राशि देने में दिक्क त आ रही है। कई निजी अस्पताल मरीजों को लौटा रहे हैं जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यय को वहन करने में जनसाधारण असमर्थ है। सरकार को आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन की राह में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना होगा। यह एक बेहद जनोपयोगी कार्यक्रम है। आजकल स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच-पड़ताल, उपचार एवं दवाओं की लगातार बढ़ती कीमतों से सामान्यजन बेहद परेशान है। विशेषकर निम्न वर्ग, मध्य निम्न वर्ग तथा मध्य वर्ग को भी आयुष्मान से काफी राहत मिलती है। सरकार इसे प्रभावी बनाये।

# जिले के 8 नगरीय निकायों में 71.43 प्रतिशत मतदान

## नगर पंचायत पलारी में सर्वाधिक 86.48 प्रतिशत, हार जीत को लेकर जगह जगह हो रही हैं चर्चाएं

**बलौदाबाजार,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के 8 नगरीय निकायों के 181 मतदान केंद्र में मंगलवार 11 फरवरी 2025 को अध्यक्ष व पार्षद पद के निर्वाचन के लिए ईव्हीएम से हुए मतदान का प्रतिशत 71.43 प्रतिशत रहा। नगर पंचायत पलारी में सर्वाधिक 86.48 प्रतिशत मतदान हुआ वहीं नगर पालिका परिषद भाटापारा का मतदान प्रतिशत न्यूनतम रहा।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में 68.42 प्रतिशत मतदान, नगर पालिका परिषद भाटापारा में 66.08 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद सिमगा में 81.73 प्रतिशत, नगर पंचायत पलारी में 86.48 प्रतिशत, नगर पंचायत रोहांसी में 74.50 प्रतिशत, नगर पंचायत लवन में 80.44 प्रतिशत, नगर पंचायत कसडोल में 68.99 प्रतिशत एवं नगर पंचायत टुंडरा में 78.42 प्रतिशत मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका बलौदाबाजार के अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए मतदान होने के पश्चात लोगों के द्वारा हार जीत की कयाश लगाई जा रही है। भाजपा व कांग्रेस के लोगों के द्वारा अपने अपने पार्टी के प्रत्याशियों के जीत को सुनिश्चत बताया जा रहा है। जबकि नगर के आम लोगों के बीच अलग अलग आंकलन की चर्चाए व्याप्त है। वहीं दूसरी ओर ईवीएम मशीन में प्रत्याशियों के नाम व फोटो उतना साफ नही दिखाई दे रहा था जो होना चाहिए था, जिसके चलते मतदाताओं को अपने पक्ष के प्रत्याशी को वोट देने हेतु बटन दबाने के लिए कुछ समय के लिए ठहरना व सोचना पड़ता था। इसी तरह ईवीएम मशीन में मतदान करने की प्रक्रिया को न समझ पाने वाले बुजुर्ग व कम पढ़े लिखे लोगों को बटन दबाने की प्रक्रिया भी मतदान दलों के द्वारा बतानी पड़ती थी क्योकि एक प्रत्याशी को वोट देने के बाद मशीन न बजने पर मतदाता को रूकना पडता था फिर उन्हे बताया जाता था कि अध्यक्ष व पार्षद के लिए अलग अलग बटन दबाना है। अध्यक्ष के लिए ऊपर व पार्षद के लिए नीचे के बटन को दबाना हैं तभी मशीन में पूरी आवाज आयेगी तभी आपका मत पड़ेगा। जिस कारण से ईवीएम मशीन प्रक्रिया से अंजान मतदाताओं को अपने मनपसंद प्रत्याशी को वोट देने के लिए सोचना पडता था और जल्दबाजी में किसी भी बटन को दबाकर चले जाते थे। इस वजह से हार जीत की समीकरण में भी परिवर्तन आ सकता है। फिलहाल अध्यक्ष पद के लिए भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर वाली चर्चा आम लोगों के बीच बनी हुई है और हार जीत का अंतर भी कम मतों से होने की भी संभावना राजनीतिक गलियारों में व्याप्त हैं।

## नगरीय निकाय निर्वाचन में जिला गरियाबंद के स्काउट गाइड ने किया सेवा कार्य



**राजिम** 12 फरवरी देशबंधु। राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स डी ओ सी स्काउट आशीष कुमार, डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में लोकतंत्र के इस महापर्व में नगरीयनिकाय निर्वाचन में राजिम, फिंगेश्वर, छुरा, कोपरा, गरियाबंद एवं देवभोग विद्यालयों के स्काउट गाइड ने स्थानीय स्तर पर नगरीय निकाय निर्वाचन में दिव्यागजनों एवं वृद्धजनों को स्थानीय मतदान केंद्र में सेवा प्रदान किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा त्रिस्तरी पंचायत निर्वाचन में भी जिला के समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाइस्कूल एवं हायरसेकेन्ड्री विद्यालयों को निर्देशित किया गया है जिसमें प्राचार्य एवं स्काउट गाइड प्रभारी के सहयोग से नगरीय निकाय निर्वाचन में किए सेवा कार्य अनुसार त्रिस्तरी पंचायत निर्वाचन पर स्काउट गाइड द्वारा स्थानीय स्तर पर मतदाता मित्र के रूप में मतदान केंद्र में वृद्धजनों , दिव्यागजनों एवं मतदाताओं को सेवा प्रदान करेंगे।

## सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 27 फरवरी से 13 मार्च तक

**बलौदाबाजार,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सामूहिक दवा सेवन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि 27 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम अंतर्गत 27 से 2 मार्च तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एंव विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन, 3 मार्च से 10 मार्च तक समुदाय स्तर में घर-घर भ्रमण कर दवा सेवन, 11 मार्च से 13 मार्च तक मॉप अप राउंड छूटे हुए लोगों को दवा सेवन एवं 27 फरवरी से 13 मार्च तक एमडीए कॉर्नर जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र, व अन्य निजी चिकित्सालय में ओपीडी के पास बूथ लगाकर दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## पुलिस सुरक्षा बलों एवं लगातार सर्चिंग व पेट्रोलिंग के चलते नगरीय निकाय चुनाव हुआ शांति पूर्ण सम्पन्न



**धमतरी,** 11 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के कुशल नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए सभी पोलिंग बुथों में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनात किए जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसमें जिला पुलिस बल, डीएसएफ, होमगार्ड, फारेस्ट गार्ड, कोटवार एवं सेक्टर अधिकारी पुलिस पेट्रोलिंग में पुलिस अधिकारी एवं जिले के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा सतत् पेट्रोलिंग कर शांति पूर्ण चुनाव संम्पन्न कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं लगातार मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा था। कहीं विवाद की सूचना मिलने पर स्वयं बूथ में पहुंचकर शांत कराया एवं सभी पोलिंग बूथ पर शांति पूर्ण मतदान के लिए लगातार पेट्रोलिंग के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्यवाही करते हुए धमतरी पुलिस ने नगरीय निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया, जिसमें मतदान केंद्रों में पर्याप्त रूप से सुरक्षा बल लगाया गया था जिन्होंने मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर चुनाव शांति पूर्ण चुनाव सम्पन्न कराया है।

पुलिस अधीक्षक ने नगरीय निकाय चुनाव 2025 के निर्वाचन कार्य में ड्युटी पर लगे सभी राजपत्रित अधिकारी एवं चुनाव ड्यूटी पर लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दिये।

# अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

### दो लाख रुपये से अधिक मूल्य के अवैध शराब जब्त



**बलौदाबाजार,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2024-25 को दृष्टिगत देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी तारतम्य में 7 फरवरी को गश्त के दौरान 306 बल्क लीटर अवैध शराब कीमत 2,21,000 रूपए आरोपी से जब्त कर आबकारी कब्जे में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 फरवरी 2025 को गश्त के दौरान भाटापारा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सिध्दबाबा के धौराघाट के बोर बाड़ी में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में मध्यप्रदेश की मदिरा कुल 1700 नग प्रत्येक 180 एम.एल क्षमता वाली प्लास्टिक की शिशियों में भरी कुल जब्त मात्रा 306 बल्क लीटर कीमत 2,21,000 रूपए आरोपी से जब्त कर आबकारी कब्जे में लिया है। उक्त कार्यवाही में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1), 34 (2), 36 व 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। कार्रवाई के दौरान सहायक आबकारी अधिकारी रवि कुमार पाठक एवं जलेश सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती मोतिन बंजारे, मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक देवी प्रसाद मिवारी मिर्जा जफर बेग, राधागिरी गोस्वामी, नगर सैनिक दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम किया गया सील



**बलौदाबाजार,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के 8 नगरीय निकायों में 11 फरवरी 2025 को मतदान सम्पन्न होने के बाद सभी मतदान दलों की देर रात तक सकुशल वापसी हुई। मतदान दलों द्वारा ईव्हीएम सहित मतदान सामग्री जमा करने के उपरांत रात्रि में ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में रखा गया और स्ट्रांग रूम को सील किया गया। सशस्त्र बल की कड़ी सुरक्षा में ईव्हीएम मतगणना तक स्ट्रांग रूम में रहेगा।

**मतगणना तक ईव्हीएम कड़ी सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में रहेगा सुरक्षित, 15 फरवरी को होगी मतगणना**

मतगणना 15 फरवरी 2025 को प्रातः 8 बजे से निर्धारित मतगणना स्थल में होगी। नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार एवं नगर पंचायत लवन के लिए ईव्हीएम स्ट्रांग रूम पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में बनाया गया है। इसीतरह नगर पालिका परिषद भाटापारा के लिए गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा, नगर पालिका परिषद सिमगा के लिए पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिमगा, नगर पंचायत पलारी एवं नगर पंचायत रोहांसी के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पलारी, नगर पंचायत कसडोल एवं नगर पंचायत टुंडरा के लिए स्व. दौलत राम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में ईव्हीएम स्ट्रांग रूम बनाया गया है। मतगणना स्ट्रांग रूम के आस-पास निर्धारित कक्षों में होगी।

# शांतिपूर्ण चुनाव पर कलेक्टर ने जताया सभी का आभार

**महासमुंद** 12 फरवरी (देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत महासमुंद जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदान कार्य में आम मतदाताओं, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों.कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की सहभागिता रही। स्काउट.गाईड, एन एस एस के बच्चों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई, जो प्रशंसनीय है। जिले के मताधिकार के प्रति जागरूक मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई। मतदान दलों ने प्रतिबद्धतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मैदानी अमलों ने निर्वाचन संबंधी दिशा.निर्देशों का पालन करने में तत्परता दिखाई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जाबो अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में स्वीप टीम एवं शासकीय अमलों ने बेहतरीन कार्य किया। कलेक्टर ने जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी.कर्मचारी, सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी.कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा एवं नियंत्रण से संबंधित अधिकारी.कर्मचारी एवं अन्य सभी को बेहतर कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों को बखूबी निभाया और सभी का सक्रिय सहयोग मिला। मीडिया से जुड़े साथियों ने निर्वाचन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी समाचारों को आम जनता तक पहुंचाने में मदद की। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी.कर्मचारियों का जिनका सहयोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर रहा है तथा जिन्होंने निर्वाचन कार्य के मतदान की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर सहयोग किया है और अपनी सहभागिता निभाई है, उन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## मतगणना दलों का प्रशिक्षण आज

**महासमुंद** 12 फरवरी (देशबंधु)। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत मतगणना प्रक्रिया को सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु समस्त मतगणना दलों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 13 फरवरी गुरूवार को को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स, मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। महासमुन्द एवं तुमगांव के नगरीय निकायों से जुड़े मतगणना दल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष महासमुन्द में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जबकि अन्य नगरीय निकायों के मतगणना दल अपने.अपने स्थान से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस प्रशिक्षण में भाग लेंगे। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियां और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जिससे मतगणना कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी और कुशलता से संपन्न किया जा सके।

## भागवत कथा साक्षात भगवान श्रीहरि का रूप : पं. कमलेश



**महासमुंद** 12 फरवरी (देशबंधु)। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खैरा में स्व. श्रीमती रीमा साहू की पुण्य स्मृति वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर श्रीमद् भागवत पुराण सप्ताह यज्ञ का आयोजन राजू साहू के परिवार द्वारा आयोजित किया गया है। व्यास पीठ पर पं. कमलेश दुबे अयोध्या नगर महासमुंद के मुखारबिंद से संगीतमयी रसमय कथा श्रवण पान कराया जा रहा है। । कथा मे सुदामा चरित्र की कथा का वाचन किया गया। पं कमलेश दुबे ने कहा मित्रता में हो शक्ति होती है जिससे बड़े. छोटे का भेद खत्म हो जाता है। भगवान श्री कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा के द्वारिका आने पर जिस प्रकार से दौड़ते हुए गले लगाया और अपने आश्रू मोतियों से सुदामा के पैर धोए, वो सही अर्थों में मित्रता को परिभाषित करता है। श्री कृष्ण ही एकमात्र सत्य है और वे ही संपूर्ण जगत के एकमात्र आधार है। श्री कृष्ण का ऐश्वर्य अनंत है, माधुर्य अनंत है, सौंदर्य अनंत है। इसीलिए ऐश्वर्य . माधुर्य . सौंदर्य से युक्त श्रीकृष्ण की लीला कथा भी अनंत है। उन्होंने कहा कि सुदामा चरित्र जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने में करने की हमें सीख देता है। कृष्ण . सुदामा प्रसंग पर उन्होंने आगे कहा कि श्रीकृष्ण ने सुदामा के बिना मांगे ही सुदामा को समस्त ऐश्वर्य प्रदान कर दिया। इस जीव के सच्चे मित्र भगवान श्रीकृष्ण है।

# नगर पालिका बलौदाबाजार के 3 मतदान केंद्रों में औसत से कम मतदान



**बलौदाबाजार,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के लिए नियुक्त प्रेक्षक आईएएस जनक प्रसाद पाठक ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के नगरीय निकायों में संपन्न मतदान की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकाय में महिला मतदान दलों द्वारा बखूबी से कार्य संपादित करने तथा शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान सम्पन्न होने पर जिला प्रशासन को बधाई दी।

इस दौरान उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों से औसत से कम एवं अधिक मतदान होने वाले मतदान केंद्रों तथा किसी प्रकार की गंभीर शिकायत के सम्बन्ध में जानकारी ली।

**सामान्य प्रेक्षक ने की मतदान की समीक्षा**
**महिला मतदान दलों द्वारा बेहतरीन कार्य के लिए की सराहना**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बताया कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के 3 मतदान केंद्रों में औसत से 15 प्रतिशत कम मतदान हुआ है वहीं नगर पंचायत टुंडरा के एक मतदान केंद्र में औसत से अधिक मतदान हुआ है।

उन्होंने यह भी बताया कि जिले के किसी भी मतदान केंद्र से मतदान सम्बंधित कोई गंभीर शिकायत प्राप्त नहीं हुआ है। जिले में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। एनआईसी कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे, डिप्टी कलेक्टर रंजना आहूजा एवं दीपक निकुंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एजेंसी देना है

छत्तीसगढ़ प्रदेश की सांध्यकालीन सर्वाधिक प्रसारित लोकप्रिय व विश्वसनीय अखबार दैनिक हाईवे चैनल की एजेंसी धर्म नगरी राजिम में देना है। विज्ञापन, प्रसार व समाचार प्रेषण में रुचि रखने वाले व्यक्ति तत्काल संपर्क करें।

हाईवे चैनल

प्रबंधक
मो. 7000480650

# सनराइज में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**खरोरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। खरोरा क्षेत्र के सकरी ग्राम में स्थित प्रसिद्ध विद्यालय सनराइज इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव का आयोजन 10 फरवरी 2025 दिन में सोमवार को किया गया। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। इस वर्ष वार्षिक उत्सव का आयोजन थीम *ज्मंथनज्* के तहत किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य विचारों कलाओं और उत्सवों का मंथन था। यह शिक्षा और संस्कृति का मंथन था। नृत्य व प्रहसन के माध्यम से बच्चों ने अपनी संस्कृति की झलक दिखलाने का प्रयास किया। पंथी, सुआ, बारहमासी नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक छठा बिखेरी गयी।भारत के विभिन्न राज्यों के लोकगीतों को प्रदर्शित कर भारतीय संस्कृति की अनूठी कलाओं को परिलक्षित किया गया। आर्मी सॉन्ग के माध्यम से बॉर्डर पर लड़ रहे देश के जवानों के संघर्ष को बताने का प्रयास किया। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य के तहत छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से जेंडर इक्वालिटी व महिला उत्थान को प्रोत्साहित किया।



कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात आचार्य शिक्षण संस्थान के स्कूल डेवलपमेंट कमेटी की सदस्य श्रीमती किरणलता ने विद्यालय के विकास व उपलब्धियों से अवगत कराया तत्पश्चात प्राचार्य श्री भिम्मा सिंह वह मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सुधीर बांधे ने विद्यालय के विकास के बारे में बताते हुए बच्चों का अपने सुवचनों से उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 38वीं बटालियन के लेफ्टिनेंट कमांडिंग ऑफिसर ज्ञानचंद उपस्थित रहे। गेस्ट ऑफ़ ऑनर के रूप में श्री मुकेश शाह (शिक्षाविद्, वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक तथा पूर्व अध्यक्ष व प्रमुख सलाहकार, छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन), मनीष डागा (शिक्षाविद्, डागा हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक, प्रमुख सलाहकार, छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन), विजय चोपड़ा (शिक्षाविद्, वर्धमान इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक, प्रमुख सलाहकार, छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन), विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनीता कुंती लकड़ा (नोडल प्राचार्य, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोसरंगी), मुकेश मोटवानी (छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के सदस्य), सत्यदेव वर्मा (शिक्षाविद्, प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भैंसा), रोहित वर्मा (न्यूज़ रिपोर्टर) उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे 38 बटालियन, के लेफ्टिनेंट कमांडिंग ऑफिसर ज्ञानचंद ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि किस प्रकार मेहनत से सफलता प्राप्त की जा सकती है साथ ही हमारे बीच उपस्थित विशिष्ट अतिथि श्री विजय चोपड़ा जी ने अपने व्याख्यान में कहानी के माध्यम से बच्चों व पालकों को समझाने का प्रयास किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के साथ-साथ पालकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पालकों और शिक्षकों के कोलाबोरेशन से ही बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाया जा सकता है। सत्यदेव वर्मा ने अपने वक्तव्य में अहिल्याबाई के उदाहरण के द्वारा महिला उत्थान तथा न्याय व सामाजिकता की प्रेरणा दी।

आचार्य शिक्षण संस्थान के सचिव रणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष जयवीर, सदस्य श्रीमती चमेली व ममता, स्कूल के समस्त शिक्षक, आया व ड्राइवर स्टाफ ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# साहेब बंदगी साहेब के अनुगूंज से शुरू हुआ कबीर पंथी मेला बंगोली में

**खरोरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। पंथ श्री गुरु बालापीर घासीदास साहेब 310वां स्मृति दिवस पर 10, 11, 12 फरवरी तीन दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन कबीर पंथी माघी पुन्नी मेला की शुरुआत कुम्भमेला के भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर शोक व्यक्त किया गया और मृतकों को श्रद्धांजलि देकर हुई।



बाद में साहेब बंदगी साहेब की अनुगूंज से पूरा गांव गूंज गया। सत्यनाम - सत्यनाम- सत्यनाम बोल, जय करुणामय सत्यनाम बोल और लहर-लहर लहराए सत्यनाम का झंडा जैसे भजन गाते हुए कलश यात्रा पूरे गाँव का भ्रमण किया।बाद में निशान (कबीर पंथी ध्वज)चढ़ाकर महंत नरोत्तम दास साहेब द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर महंत नीलकंठ दास बैरागी, महंत ओमप्रकाश, धर्मेन्द्र बैरागी, विष्णु नायक, विनोद निर्मलकर, ललिता बैरागी, प्रतिभा बैरागी, संगीता बैरागी, वंदना बैरागी, निर्झर बैरागी,सोनम,संतोषी, तनु, चांदनी, टिकेश्वरी, हेमकुमारी,बिमला, लखेश्वरी,लता, त्रिवेणी,रुक्मिणी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।रात में भजन संध्या का आयोजन किया गया, इस दौरान नव नियुक्त सत्संग समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष खिलेश साहू (ईलदा), उपाध्यक्ष द्वय गुहा राम साहू (नहरडीह)और विनोद निर्मलकर (बंगोली),कोषाध्यक्ष कमल साहू (बीठीया),सचिव सुरेंद्र साहू (सेमरिया),सह सचिव संतराम साहू आदि का चंदन लगाकर सम्मान किया गया।समारोह के दूसरे दिन गुरु महिमा और पुनो महात्म्य का पाठ किया गया और देर रात तक बीठीया ,नहरडीह , परसकोल,कुशमूँद ,टांडा गाँव से आए भजन मंडलियों द्वारा भजन गायन एवं प्रवचन किया गया।इस अवसर पर महंत नरोत्तम दास साहेब ने वर्तमान दौर में कबीर साहेब के संदेशों की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए पंथ श्री गुरु बालापीर साहेब के जीवन दर्शन पर विस्तार पूर्वक अपनी बात रखी।अंत में आगंतुकों के प्रति धर्मेन्द्र बैरागी और निर्झर बैरागी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में उपस्थित लोगों ने शासन-प्रशासन से बंगोली को पर्यटन स्थल घोषित कर विकास सुनिश्चित करने की अपील की है। यह जानकारी प्रेस के लिए जारी बयान में समिति के सह सचिव धर्मेन्द्र ने दी है।+

# सरपंच का 845 वोटर करेंगे फैसला




**जी जामगांव,** 12 फरवरी (देशबंधु)। कौड़िया स्टेट राजमाता स्व. विष्णुप्रिया देवी का पुण्यतिथि मनाया गया। ग्राम पंचायत गनेशपुर में त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के महापर्व में कुल वोटर 845 कुल वार्ड 10 के नई उमंग लेकर युवा ही नही बुजुर्ग मतदाता भी अपने गाँव के विकास और मूलभूत सुविधा की बात करते हुए युवा शिक्षित नई पीढ़ी को सरपंच पद के उम्मीदवार मैदान में खड़ा हुआ है। गंगाप्रसाद मिश्रा एवम शेषनारायण साहू दोनों युवा, शिक्षित, ऊर्जावान है, युवा वोटर का मानना है कि 5 वर्ष के लिए सरपंच चुनेंगे जो पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं का सम्मान, युवाओं को पुस्तकालय, बुजुर्गों को हरियाली युक्त गार्डन, निर्माण कराने वाले को अवसर मिलेगा। ग्राम पंचायत गनेशपुर में कुल 845 मतदाता कुल 10 वार्डो में विभक्त है ,जिसमे से 4 वार्ड निर्विरोध पंच चुने गए है बाकी 6 वार्डो में टक्कर है। वार्ड क्रमांक 3 से श्री मति लक्ष्मी नगारची,वार्ड 6 टेकराम नारंग, वार्ड 7 धर्मेंद्र कुर्रे ,वार्ड 8 श्री मति रेखा निषाद निर्विरोध चुनी गई है।

# श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का हुआ समापन



**डोंगरगांव,** 12 फरवरी (देशबन्धु। समीपस्थ ग्राम दर्री के शिवनाथ तट स्थित पावन धाम ब्रम्हचारी आश्रम में चल रहे ग्यारह दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का समापन, यज्ञ की पूर्णाहुति गौपूजन विसर्जन एवं भव्य शोभा यात्रा के साथ हुआ, इसी के साथ वहां चल रहे अखंड राम नाम संकीर्तन का भी विसर्जन हुआ उक्त यज्ञीक आयोजन के तहत श्री राम कथा का भी सम्मान हुआ ।अंतिम दिवस की कथा में कथा वाचक मानस काग जी महाराज ने सीता स्वयंवर की कथा का स विस्तार वर्णन किया ,एवं मानस के इस अध्याय के गूढ़ रहस्यों को बताया। आयोजित धार्मिक आयोजन में छत्तीस गढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मन्दिरों एवं यज्ञ आदि के दर्शन कर संतों का आशीर्वाद लिया एवं कथा के मंच से धर्म सभा को संबोधित किया उनके साथ विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश सचिव चंद्रशेखर वर्मा भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे श्री वर्मा ने भी सभा को संबोधित कर हिंदुत्व को जगाया उक्त ग्यारह दिवसीय धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों से श्रद्धालु जनों ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्ह चारी ने आयोजन में योगदान देकर ।आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रद्धालुओं को साधु वाद ज्ञापित ।करते ।हुए आभार व्यक्त किया है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी पहुंचे

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 78.52 प्रतिशत औसत मतदान हुआ



**बिलाईगढ़,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में प्रखर चंद्राकर एसडीएम सारंगढ़ ने बरमकेला एवं सरिया नगर पंचायत के मतदान केन्द्र के कार्यों का, वहीं बिलाईगढ़ एसडीएम वर्षा बंसल ने नगर पंचायत पवनी, बिलाईगढ़, भटगांव, सरसीवा में मतदान कार्य को पूरा कराया। जिले के छह नगर पंचायत में आयोजित नगर पालिका निर्वाचन में 15438 महिलाओं और 14638 पुरुषों ने मतदान में भाग लिया, जबकि इन 6 नगर पंचायत में तृतीय लिंग मतदाता नहीं है। 19930 महिला मतदाता है, वही 18376 पुरुष मतदाता है। जिले का औसत मतदान 78.52 प्रतिशत रहा। मतदान प्रतिशत सरिया में 95.91 सर्वाधिक रहा, वही सबसे कम मतदान भटगांव में 69.48 प्रतिशत किया गया। जिले के नगर पंचायत सरिया में 93.91 प्रतिशत, बरमकेला में 86.12 प्रतिशत, सरसीवा में 71.60 प्रतिशत, भटगांव में 69.48 प्रतिशत, बिलाईगढ़ में 80.59 प्रतिशत और पवनी में 79.53 प्रतिशत मतदान किया गया।

# मोतियाबिंद मरीजों का नि:शुल्क ईलाज



**जी जामगांव** 12 फरवरी (देशबंधु)।प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जी जामगांव (नेत्र विभाग ) से आज देशबंधु से चर्चा करते हुए डॉ. आरके सोनी ने बताया कि जिला धमतरी स्वास्थ्य केन्द्र में प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को मोतियाबिंद मरीज को चेकअप के लिए ले जाते है, पश्चात उपयुक्त पाए जाने पर ऑपरेशन किया जाता है। आज नेत्र जांच के लिए 11 लोगों को एम्बुलेंस में बैठाकर ले जाया गया जो नि: शुल्क है, आज शामिल हुए मरीज का नाम गनेशिया बाई साहू, रमौतीन साहू, मनकी साहू, सुकलुराम साहू, बिसौहा राम ध्रुव, कामिन बाई साहू, बिसाहिन बाई कुर्रे, पार्वती साहू, सूरजा बाई गोस्वामी, राधाबाई साहू,गनेशिया बाई देवांगन शामिल रही।

# माघी पूर्णिमा पर्व पर चितावर में लगा मेला



**सिमगा,** 12 फरवरी। समीपस्थ ग्राम कामता स्थित चितावर देव मंदिर में भूफोड़ शिवलिंग की क्षेत्र में अलग ही मान्यता है जहां श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। यह एक पिकनीक स्पाट भी है। यहां प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चितावर देव के दर्शन एवं पूजन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे ।मान्यता है कि चितावर देव में जो भी सच्चे मन से अपनी मनोकामना लेकर आते थे । वह मनोकामना पूर्ण होती है ।इसी मानयता के आधार पर यहां मेले का आयोजन ग्राम वासियों के द्वारा किया जाता है।

# खरोरा नगर पंचायत में लगभग 80 प्रतिशत मतदान

**खरोरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु। नगर पंचायत खरोरा मंगलवार को चुनाव त्यौहार का माहौल था।स्थानीय चुनाव के कारण वोट डालने नागरिकों का उत्साह छलक रहा था। प्रात: 8 बजे से ही सभी 3 मतदान केंद्रों में नागरिकों के वोट डालनेका सिलसिला प्रारंभ हो गया। नगर पंचायत खरोरा चुनाव 2025 का मतदान संपन्न हुआ।



सुबह 8 बजे से सभी तीन मतदान केंद्रों में बनाए गए 15 बुथो पर खरोरा नगर की लगभग 7800 मतदाताओं में लगभग 6059 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। करिया दामा प्राथमिक शाला आदर्श मतदान केंद्र के रूप में सजा धजा था, यूं लग रहा था जैसे मतदान केंद्र नही किसी विवाह का रिसेप्शन हो! शानदार महाराजा गेट, फूलों और तोरण से सजा प्रवेश द्वार बड़ा मनोरम लग रहा था। वैसे तीनों मतदान केंद्रों में व्यवस्थाएं सुचारू थी बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। शांतिपूर्ण रूप से मतदान अंतिम समय तक चलता रहा, दोपहर 12 बजे के आसपास 44 फीसदी मतदान हो चुका था ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा था की शाम तक 80त्न मतदान होंगे और ठीक वैसे ही हुआ। इस बार मतदाताओं ने भारी उत्साह में मतदान किया गांव के बाहर काम करने वाले लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे हुए थे, यह एक स्वच्छ प्रजातंत्र का संदेश भी है।

तीन स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए गए थे हाई स्कूल खरोरा, मिडिल स्कूल खरोरा और पीएम श्री प्राथमिक शाला करिया दामा खरोरा जहां वार्ड बार मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

पुलिस की चौकसी ने मतदान प्रक्रिया को और चौकस कर दिया था कहीं किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ और ना ही ईवीएम मशीनों की खराबी की कोई खबर आई और इस तरह बहुत ही खुशनुमा माहौल में नगर पंचायत खरोरा का मतदान संपन्न हो गया और इसके साथ ही प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में लॉक हो गई जो 15 फरवरी को खुलेंगे और परिणाम सामने आएगा, सारे ईवीएम मशीन सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रख दी गई है और कड़ी सुरक्षा तैनात कर दी गई है।

# कौड़िया स्टेट राजमाता स्व. विष्णुप्रिया देवी का पुण्यतिथि मनाया गया

**पिथौरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। अंचल को कौड़िया स्टेट के नाम से जाना जाता है,जिसको स्व. राजमाता विष्णुप्रिया देवी व राजा रणजीत सिंह ने बसाया है।आज भी पिथौरा अंचल में उनका नाम पहचान कायम है।पिथौरा नगर में अभी वर्तमान विरासत में राजमहल,जगन्नाथ मन्दिर व बुढ़ानशाह स्मृति भवन या कहें आदिवासी गोंडवाना भवन परिसर बागबाहरा रोड आज भी सुरक्षित व संरक्षित है ।इन सभी जगहों का संचालन समाज करता है।राजमाता ने ब्रिटिश सरकार के समय जनसुविधा स्वास्थ्य संबंध समस्या को देखते हुए सन् 1924 को नगर में 02 बिस्तर का अस्पताल खुलवाया जिसका देखरेख पहले स्वयं व बाद में ब्रिटिश सरकार कर रही थी।राजमाता ने अस्पताल परिसर की जमीन को बाद में शासन को दान में दे दिया इसलिए कि इसका संचालन आगे सरकार बहुत अच्छे से करें।देश आजाद होने के बाद भारत सरकार ने पूर्ण रूप से अस्पताल को विकास और उन्नति के लिए अधिकृत कर लिया।उस समय भारत देश में मध्य प्रांत फिर मध्य प्रदेश अब छत्तीसगढ़ के नाम से जानते हैं।अब इस अस्पताल को आज हम रानी विष्णुप्रिया देवी सरकारी अस्पताल के नाम से जानते है।उसी तरह बहुत से ऐसे जगह हैं जैसे शीतला समाज मन्दिर,रणजीत कृषि विद्यालय,कन्या शाला,बुनियादी स्कूल,सभी धार्मिक स्थल,राजाबाड़ा सहित और भी जगह राज परिवार के थे।राजपरिवार में राजमाता का मठ ग्राम राजा सैवैया में हैं।राजमाता व सभी देवों को प्रणाम करते हुए पुण्यतिथि के अवसर पर श्रधांजलि दिया गया।इस अवसर पर आदिवासी महासंघ कौड़िया अध्यक्ष जनक राम ठाकुर,कार्यकारी अध्यक्ष मनराखन ठाकुर,उपाध्यक्ष जाम सिंह दीवान, भूषण सिंह सूर्यवंशी, अध्यक्ष अमात्य गोंड समाज, दिनेश रावल,विश्राम ठाकुर, रूपसिंह ध्रुव, श्रवन कुमार ठाकुर, परिमान कश्यप, नरोत्तम ठाकुर,सचिव श्याम नेताम,तुलसी दीवान,जगबंधु कौंध, ननक ठाकुर,दिनेश कालसा, सियाराम, भूषण, सहित समाज जन उपस्थित थे।



## निधन

### राजकुमारी यादव



**भाटापारा,** 12 फरवरी। शक्तिवार्ड निवासी श्रीमती राजकुमारी यादव का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे नगर के पत्रकार राजेश यादव की माता थी। अंतिम यात्रा कल सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने शैलेंद्र यदु

**डोंगरगांव,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के महासचिव शैलेंद्र यदु को प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है श्री यदु पूर्व में संगठन के राजनांदगांव जिला अध्यक्ष के रूप में भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं साथ ही साथ प्रदेश संगठन में महासचिव के पद पर भी जिम्मेदारी निभा चके है श्री यदु लगातार अविभाजित राजनांदगांव जिले में सक्रियता के साथ कार्य करते रहे।



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया किश्री यदु द्वारा संघके प्रति समर्पित सहयोग को ध्यान मे रखते हुए संजय शर्मा ने उन्हे प्रदेश उपाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी दी है। वे वेतन पुनरीक्षित,संविलियन संघर्ष के दौरान संघ में अहम भूमिका निभाई है,,आगे पदोन्नति,सेवा अवधि की गणना,वेतन विसंगति जैसे मुद्दो कए लेकर उनके नेतृत्व में संघर्ष करेंगे,,,बधाई देने वालो में जिला पदाधिकारी गोपी वर्मा जिला अध्यक्ष जीवन वर्मा जिला सचिव हंस कुमार मेश्राम जिला कोषाध्यक्ष जिला प्रवक्ता मनोज वर्मा जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र साहू जिला उपाध्यक्ष बृजेश वर्मा चंद्रिका यादव ईश्वर मांडवी महेश ठाकुर महेश वीक जिला महामंत्री रतिराम करना मुझे राजेश साहू संदीप साहू जिला महासचिव मोहित वर्मा सुरेश साहू आईटी सेल पंचशील सहारे राजकुमारी जैन ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश हिरवानी डोंगरगांव दिनेश कुरैटी छुरिया मनीष पसीने डोंगरगढ़ अनिल शर्मा और किशन देशमुख माधव साहू ने शैलेंद्र यदु को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष ब्यक्त किया है।

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया



**राजनांदगांव,** 12 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर जिले के सभी मतदाताओं, राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों, प्रबुद्धजन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने सभी मतदान दलों एवं मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों, सुरक्षा प्रबंध में लगे पुलिस के जवानों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी के साझा प्रयासों और सहयोग से ही जिले में शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न हो सका है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य सभी वर्गों की सराहनीय सहभागिता रही।

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण रूप से मतदान

## सभी वर्गों के मतदाताओं में मतदान करने दिखा खासा उत्साह

**बिलाईगढ़,** 11 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़ भटगांव सरसीवा पवनी सरिया बरमकेला के सभी 90 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण रूप से मतदान सम्पन्न हुआ। सबेरे से ही मतदान को लेकर सभी वर्गों के मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। युवा, दिव्यांगजन व वरिष्ठजन सहित सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। सभी नगरीय निकायों में प्रात: 8 बजे मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस दौरान लोगों ने कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया और लोकतंत्र की मजबूती में अपनी सहभागिता निभाई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में नगरीय निकायों के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए पेयजल, छाया, बैरिकेटिंग, स्वास्थ्य आदि की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाईड एवं मतदान संगवारियों ने भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया।



**मतदान केन्द्र में की गई व्हीलचेयर की व्यवस्था**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। दिव्यांगजनों के लिए व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, जिसका सभी दिव्यांगजनों ने उपयोग करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया और जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधा की सराहना की।

# 40 भाजपा पार्षदों के साथ, 50 हजार से अधिक वोटों से मधुसूदन जीतेंगे : खूबचंद पारख



**राजनांदगांव,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने दो दिनों पहले हुए नगर निगम चुनाव पर अपनी त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज सभी वार्डो में भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल से वे मतदाताओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भाजपा के पक्ष में लोगों में जुनून की आंधी चल रही थी, अधिकांश मतदाता नगर निगम की खस्ताहालत करने के लिए कांग्रेस को दोष देते हुए भाजपा को विकास के लिए मतदान कर रहे थे। इस बार सभी वार्डो में भाजपा के पंडालों में भारी भीड़ और भाजपा के प्रति उत्साह को देखते हुए उनका दावा है कि भाजपा के 40 पार्षद तथा महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव 50000 से अधिक वोटो से विजय होंगे। श्री पारख ने कहा कि एक ओर जहां भाजपा संगठन ने एकजुटता के साथ कार्ययोजना बना कर पुराने एवं नए मंडल अध्यक्षों को तालमेल बना कर चुनाव लड़ा और चुनाव अभियान में तालमेल भी दिखाई दिया, वहीं इसके विपरीत कांग्रेस का चुनाव अभियान बिखरा बिखरा सा था। खूबचंद पारख ने कहा कि सभी भाजपा नेताओ के सामूहिक प्रयास और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की पार्टी के प्रति निष्ठा के कारण ही इस बार जीत का अंतर इतिहास रचेगा।

# नागर मोथा रोके मधुमेह और त्वचा रोग



**भाटापारा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नागर मोथा। एकमात्र ऐसा खरपतवार है जिसमें अत्यधिक वृद्धि की ताकत होती है। इसके ही दम पर यह फसलोत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। प्रारंभिक अनुसंधान में इसमें कई ऐसे औषधिय तत्वों का होना पाया गया है, जिसकी मदद से त्वचा रोग और मधुमेह को काबू में रखा जा सकता है।

कृषि वानिकी वैज्ञानिकों का ध्यान पहली बार एक ऐसे खरपतवार ने आकर्षित किया है, जिसे नागर मोथा के नाम से जाना जाता है। अत्यधिक बढ़वार और खतरनाक नागर मोथा को नियंत्रित तरीके से उगाने का प्रयास इसलिए संभव होने जा रहा है क्योंकि इसमें ऐसे मेडिशनल प्रॉपर्टीज मिले हैं, जो किसानों की आय बढ़ा सकते हैं।

**इसलिए खतरनाक**

नागर मोथा। नटग्रास या मूथा घास जैसे नाम से ही पहचाना जाता है। अपने प्रदेश के हर गांव में मिल जाता है यह खरपतवार। खतरनाक इसलिए क्योंकि सबसे तेज होती हैं इसकी बढ़वार। यह क्षमता कई फसलों के उत्पादन को बेतरह प्रभावित करने वाली मानी गई है।

### बढ़ाती है मिट्टी की उर्वरता

बचाव के उपाय केवल खरपतवारनाशक के दवाओं का छिड़काव ही है। इसके बावजूद कंद नष्ट नहीं होते, जिसकी वजह से यह फिर से तैयार हो जाते हैं।

**कृषि वानिकी में अहम**

नागर मोथा का कंद मिट्टी में जैविक तत्वों की मात्रा बढ़ाता हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। मिट्टी में होने वाले अपघटन को तीव्रता से रोकता है। सूखारोधी गुण का होना अहम है क्योंकि अल्प वर्षा वाले क्षेत्र की मिट्टी में नमी की मानक मात्रा बनाए रखने में मदद करता है यह गुण। इसके अलावा नागर मोथा पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

**मिले यह मेडिशनल प्रॉपर्टीज**

आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा प्रजातियों के लिए जरूरी एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल एवं एंटी इन्फ्लेमेंटरी जैसे मेडिशनल प्रॉपर्टीज अहम हैं। यह प्रॉपर्टीज नागर मोथा के कंद में होने का खुलासा इस प्रारंभिक अनुसंधान में हुआ है। इन तत्वों की मदद से अपच और दस्त जैसी समस्या दूर की जा सकती है। साथ ही फंगस और जलन जैसी दिक्कत से छुटकारा पाया जा सकता है।

**अनुसंधान व प्रबंधन रणनीति आवश्यक**

नागरमोथा को पूरी तरह से हानिकारक खरपतवार के रूप में देखने की बजाय, इसके व्यावसायिक और औषधीय महत्व को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान और प्रबंधन रणनीतियां विकसित करनी चाहिए। यदि इसे नियंत्रित रूप से उगाया जाए, तो यह किसानों के लिए एक लाभदायक फसल साबित हो सकता है।

**अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# माघ पूर्णिमा : देवपुर के ऐतिहासिक डोंगापथरा मेला में शामिल हुए पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा



**धमतरी,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत देवपुर में स्थित ऐतिहासिक डोंगापथरा मंदिर में आयोजित पुन्नी मेला में शामिल होकर पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुरमुख सिंह होरा ने पूजा अर्चना की एवं क्षेत्रवासियों के लिए खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू, जिला पंचायत प्रत्याशी घमेश्वरी साहू, विशाल शर्मा, मेला समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, रामकुमार कौशल, कृष्णा मरकाम, स्वतंत्र कौशल, हरीश चंद्राकर, धनु जांगड़े सहित आसपास गांव से आए श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

# बड़े शहर के प्राइवेट स्कूलों में 6वीं से 12वीं तक निशुल्क शिक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 14 फरवरी

**बिलाईगढ़,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत यह योजना ग्रामीणों क्षेत्रों में अध्ययनरत एसटी एसी वर्ग के स्कूली बच्चों के लिए है जो रायपुर बिलासपुर जैसे बड़े शहर के प्राइवेट स्कूलों में छठवीं से बारहवीं तक निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अपने स्कूल में विद्यार्थियों को 14 फरवरी 2025 तक आवेदन जमा करना होगा। जिला स्तर पर 23.03.2025 को दिन रविवार, समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित किया जायेगा, परीक्षा केन्द्र की सूचना पृथक से दी जायेगी।

**प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए योग्यता**

इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए न्यूनतम और अनिवार्य योग्यता में राज्य अंतर्गत छात्र, छात्रा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का मूल निवासी हो (सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर से जारी निवास प्रमाण पत्र के आधार पर) उसी जिले में आवेदन स्वीकार्य योग्य होगा। विद्यार्थी छ.ग. राज्य में मान्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाति स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक हो। विद्यार्थी छ.ग. में संचालित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा 5वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत् हो। कक्षा 4थी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। पिता या पालक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रू. 2.50 लाख से अधिक न हो। आय प्रमाण पत्र एवं निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए। योजना अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णत: ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों से किया जायेगा, अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थी योजना का लाभ लेने हेतु पात्र नहीं होंगे।

# भौतिकशास्त्र विभाग की प्रायोगिक परीक्षा 14 को

**भाटापारा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 14/02/2025 को बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष प्रात: 08.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक एवं बी.एस.सी. तृतीय वर्ष प्रात: 10.00 बजे से 03.00 बजे तक आयोजित है।

अत: निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

उपरोक्त जानकारी भौतिकशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विकास गुलहरे एवं डॉ. दीपक कुमार यादव, सहायक प्राध्यापक द्वारा दी गई।

# अनुग्रह राशि प्रदान किया




**खरोरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखना निवासी श्री दिनेश साहू सचिव ग्राम पंचायत भूमिया के दिनांक 03.02.2025 को आकस्मिक निधन होने पर स्वर्गीय दिनेश साहू जी के पिता श्री सियाराम साहू और माता जी को जनपद पंचायत सचिव संघ तिल्दा जिला रायपुर द्वारा अनुग्रह राशि 25000 /- रूपये और मुख्यकार्यपाल अधिकारी श्री विवेक गोस्वामी जनपद पंचायत तिल्दा के तरफ से वरिष्ठ करोरापन अधिकारी श्री लेमन वर्मा द्वारा नगद 25000 कुल 50000 राशि सहयोग प्रदान किया गया। जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष तिल्दा भरत वर्मा, विष्णु देवांगन ,कोमल प्रसाद साहू,सुनील शार्मा, खेशराम साहू, राजकुमार साहू,भीखम कन्नौजे ,हबीराम साहू, ललित चंद्राकर आदि सचिव साथी उपस्थित रहे। पंचायत सचिव संघ तिल्दा नेवरा जिला रायपुर द्वारा गहरी शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दिया गया।

# प्रेक्षक ग्रीष्मी चांद ने नगरीय निकायों के मतदान कार्यो की समीक्षा की



**बिलाईगढ़,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक ग्रीष्मी चांद की अध्यक्षता में और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व प्रत्याशियों की उपस्थिति में

नगर पंचायत पवनी, बिलाईगढ़, भटगांव, सरसीवा, सरिया और बरमकेला में हुए मतदान कार्य का समीक्षा किया गया। इस दौरान सामान्य परीक्षक ने सभी आंकड़ों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष जानकारी दी और किसी प्रकार की कोई असुविधा, शिकायत यदि कोई हो तो उसकी मांग की गई। इस प्रकार कोई शिकायत प्रस्तुत नहीं किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर एस के टंडन, एसडीएम सारंगढ़ प्रखर चंद्राकर, एसडीएम बिलाईगढ़ वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर मधु गबेल, लाइजनिंग सह खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा, तहसीलदार आयुष तिवारी, कोमल साहू, शनि राम पैकरा, कमलेश सिदार, देवराज सिदार आदि उपस्थित थे।

# गरियाबंद जिला सर्वाधिक मतदान के मामले में प्रदेश में रहे द्वितीय स्थान पर, कुल 84.66 प्रतिशत हुआ मतदान



गरियाबंद , 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय अंतर्गत मंगलवार को जिले के 6 नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। मतदान के लिए मतदाताओं में अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। इसके परिणाम स्वरूप जिले में कुल 84.66 प्रतिशत मतदान हुआ। गरियाबंद जिला सर्वाधिक मतदान के मामले में प्रदेष में द्वितीय स्थान पर रहे। जिले के नगरीय निकायों के कुल 34 हजार 885 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

पहली बार नगर पंचायत के रूप में अस्तित्व में आए नगर पंचायत कोपरा और देवभोग नगर पंचायत मतदान के मामले बाकी चार निकाय से आगे रहे। कोपरा में सर्वाधिक 88.87 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार देवभोग अंतर्गत 88.69 प्रतिशत हुआ। इसके अलावा नगर पंचायत फिंगेश्वर में 86.08, राजिम में 84.53, नगर पालिका गरियाबंद में 82.28 एवं नगर पंचायत छुरा में 79.53 प्रतिशत मतदान हुआ। सभी निकायों की मतगणना 15 फरवरी को होगी।

**पुरूषो की तुलना में मतदान के मामले में महिला इस बार पीछे रही**

चुनाव में महतारी वंदन योजना और पीएम आवास योजना का जबर्दस्त प्रभाव दिखा। भाजपा ने शुरू से ही इसे अपने प्रचार का अहम हिस्सा बनाया था। जिसके चलते जिले के सभी निकायों में महिला मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर मतदान किया। महिलाओं ने चर्चा में भी इन योजना का लाभ मिलने की बात कही। हालाकि सभी निकाय में महिला मतदाताओं ने उत्साह तो दिखाया लेकिन इस बार मतदान करने के मामले में जिले के सभी 6 निकाय में पुरुषों से पीछे रही। जिले में कुल 85.44 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया तो इसकी तुलना 83.93 प्रतिशत महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका अंतर 1.51 प्रतिशत है।

इसके पहले मतदान दिवस में सुबह से ही लोगों में मतदान के लिए अच्छा खासा उत्साह रहा, जो मतदान समाप्ति तक बना रहा। जिले में युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों एवं महिलाओं ने भी प्राथमिकता के साथ वोट दिया। प्रशासन द्वारा विकसित की गई सुविधाओं के चलते मतदान के लिए बुजुर्गों में विशेष जोश और जुनून दिखा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदान कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुआ। मतदान में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, दिव्यांजनों सहित सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री को जमा किया गया। स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखकर सील कर दिया गया है।

नगरपालिका परिषद गरियाबंद में कुल 82.28 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 82.72 प्रतिशत पुरुष, 81.90 प्रतिशत महिला ने मतदान किया। इसी प्रकार नगर पंचायत छुरा में कुल 79.53 प्रतिशत मतदान हुए। जिसमें 80.03 प्रतिशत पुरुष और 79.03 प्रतिशत महिला, नगर पंचायत राजिम में कुल 84.53 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 84.49 प्रतिशत पुरुष, 84.19 प्रतिशत महिला, नगर पंचायत फिगेश्वर में कुल 86.08 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 87.65 प्रतिशत पुरुष, 84.65 प्रतिशत महिला हुआ। नगर पंचायत कोपरा में कुल 88.87 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 90.38 प्रतिशत पुरुष और 87.42 प्रतिशत महिला द्वद्व मतदान किया। इसी प्रकार नगर पंचायत देवभोग में कुल 88.69 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 89.21 प्रतिशत पुरुष तथा 88.20 प्रतिशत महिला ने मतदान किया।

**कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने किया मतदान**

गरियाबंद ङ्क नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत मंगलवार सुबह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने भी मतदान किया। उन्होंने गरियाबंद के सिविल लाइन स्थित सांस्कृतिक भवन में बने मतदान केंद्र क्रमांक - 6 में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने नगरीय निकायों के सभी मतदाताओं से आज अवश्य मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने मतदान केन्द्र का अवलोकन कर वहां प्रशासनिक व्यवस्था एवं मतदाताओं के लिए की गई सुविधाओं का भी जायजा लिया।

# नगरीय निकाय चुनाव संपन्न होने के उपरांत प्रत्याशी एवं समर्थक लगा रहे है जीत हार के कयास

**सिमगा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है जिसका परिणाम 2 दिवस के पश्चात 15 फरवरी को आना है । लेकिन चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों की बैचेनी को साफ तौर पर देखा जा सकता है ।

प्रत्याशी एवं समर्थक चौक चौराहों में बैठ कर केवल कयास ही लगा रहे हैं। अध्यक्ष पद के एक निर्दलीय प्रत्याशी के परिणाम के पूर्व ही जीत की चर्चा जोरों पर कि वे इस चुनाव में बाजी मार ली है । परंतु भाजपा - कांग्रेस सहित 5 और निर्दलीय प्रत्याशियों की सांसे अटकी हुई है ।

वहीं 15 वार्डो में पार्षद पद हेतु अपना अपना भाग्य आजमा रहे 47 प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर दिखाई दे रही है । कोई पार्षद पद का प्रत्याशी खुलकर नहीं कह पा रहा है कि मेरी जीत तय है । इस चुनाव में विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 3 , वार्ड क्रमांक 5 एवं वार्ड क्रमांक 12 में रोचक मुकाबला देखने मिला क्योंकि इन वार्डों में ही प्रत्याशियों ने मतदाताओं को लुभावने के बेइंतहां खर्च किए हैं। मतदान के दौरान वार्ड 09 एवं वार्ड 14 में ईवीएम मशीन खराब हो गया था जिसे तत्परता पूर्वक निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुधार कर व्यवस्थित किया गया ।

### निकाय चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न




**खरोरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव चुनाव अधिकारियों के कुशलता पूर्वक कार्य से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया 7 मतदान अधिकारी पीठासीन श्रीमती रेणु ठाकुर ने कहा कि चुनाव सामग्री सेजबहार से प्राप्त किया यहां किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई 7 मतदान अधिकारी दीपा साहू ने बताया कि हमारी ड्यूटी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में लगी थी यहां रहने खाने की अच्छी व्यवस्था थी 7 अधिकारी प्रवीण कुमार सोनवानी व धीरेंद्र कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि कलेक्टर के द्वारा सारी उचित व्यवस्थाएं की गई थी एवं मतदाताओं ने भी उत्साह पूर्वक इस चुनाव में

# परिवार की परंपरा बना मतदान बुजुर्ग दंपति ने पेश की मिसाल



**गरियाबंद,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। लोकतंत्र के इस महापर्व में 74 वर्षीय दयानिधि तिवारी और उनकी 68 वर्षीय पत्नी श्यामकली तिवारी ने पूरे परिवार के साथ मतदान कर मिसाल पेश की। मतदान केंद्र पर पहुंचे इस बुजुर्ग दंपति को देख लोग प्रेरित हुए।

श्यामकली तिवारी ने बताया कि उनके पति हमेशा मतदान को प्राथमिकता देते हैं। नौकरी के समय भी पहले मतदान करते, फिर कोई और काम। इस परंपरा को परिवार ने आज भी कायम रखा है। उनकी बहू वर्षा ने उन्हें मतदान के लिए तैयार किया और पूरा परिवार मतदान केंद्र पहुंचा। उन्होंने कहा कि मतदान सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि देश के भविष्य की नींव रखने का जरिया है। अगर वोट नहीं करेंगे, तो अच्छे नेता कैसे चुनेंगे ? लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर वोट की कीमत होती है। बुजुर्ग दंपति का यह समर्पण बताता है कि लोकतंत्र की शक्ति उम्र से नहीं, बल्कि जागरूकता और कर्तव्यनिष्ठा से मापी जाती है। उनके उत्साह को देखकर कई मतदाता प्रेरित हुए और मतदान के महत्व को और गहराई से समझ सके।

# शिव महापुराण कथा के समापन पर हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग





**बागबाहरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नगर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का समापन आज बुधवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मुख्य कथावाचक पंडित शेषाचार्य महाराज जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी श्रद्धालु भक्तों को रुद्राक्ष, बेलपत्ती एवं प्रसाद देकर आशीर्वाद प्रदान किया।

एक सप्ताह तक चले शिव महापुराण कथा में रोजाना हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।इस कथा का मुख्य आयोजक डॉ एल के डड़सेना एवं उनकी पत्नी श्रीमती मीना डड़सेना रही है। इसके अलावा नगर के विभिन्न जजमानों का उन्हें भरपूर सहयोग मिलता रहा।

अंचल के प्रसिद्ध पहाड़ावाली खल्लारी देवी माँ एवं चंडी देवी माँ की पावन धरा बागबाहरा के हृदय स्थल मेन रोड सिनेमा हॉल के बाजू में प्रसिद्ध पंडित शेषाचार्य महाराज जी के द्वारा श्री शिव महापुराण कथा का संगीतमय भव्य प्रवचन श्रद्धालुओं को श्रवण कराया।

### श्रद्धालु भक्तों के भक्ति भाव से एक सप्ताह तक यह स्थल धार्मिक कार्यक्रम से सराबोर रहा संगीतमय कथा में श्रद्धालु भक्त गण रोज खुशी से झूम उठते थे

इस दौरान कथा स्थल पंडाल में श्रद्धालु भक्तगण बड़ी संख्या में मौजूद थे। मुख्य कथावाचक पंडित शेषाचार्य महाराज जी वर्तमान में वे 23 वर्ष के हैं। वे 17 वर्ष की उम्र से अध्यात्म एवं सत्संग के मार्ग में चलकर समाज में अलख जगाने का कार्य कर रहे हैं। वे मूलत: महासमुंद जिले के सरायपाली विकासखंड के निवासी हैं। जो 15 वर्ष की उम्र में अपने घर वृंदावन में पंडित अनिरुद्ध आचार्य जी के सानिध्य में उन्होंने प्रवचन करना सीखा। तथा धर्म की जागरूकता एवं समाज में सद्भाव के उद्देश्य से कथा वाचन का कार्य प्रारम्भ किया। भारत की संस्कृति रामकृष्ण की परंपरा को आगे ले जाना इनका मुख्य उद्देश्य है। पाश्चात्य संस्कृति के चकाचौंध को छोड़कर उन्होंने समाज से आग्रह किया है कि सनातन धर्म से जुड़े जो अनादिकाल से चली आ रही है। सभी युवा वर्ग के लोग एवं धर्म के लोग सनातन धर्म से जुड़े। ताकि बड़े बुजुर्गों का सम्मान हो सके। भारत में वृद्धाआश्रम वाली संस्कृति को समाप्त किया जा सके।

कुंभ पर अपने विचार व्यक्त करते हुए यह परंपरा नहीं एक संस्कृति एवं धर्म है। जो प्राचीन काल से चली आ रही है। जिसे सभी वर्ग के लोग एकत्र होकर एक स्थान पर सभी भेदभाव भूल कर एक हो जाते हैं। 12 वर्ष के 12 कुंभ होने के बाद एक महाकुंभ आता है। जो इस समय वर्तमान में प्रयागराज उत्तरप्रदेश में चल रहा है वह महाकुंभ है। जो 144 वर्ष बाद आता है।